अस्तित्व की तलाश में स्त्री – 'एक यात्रान्त' कहानी में पति–पत्नी एक समान उद्देश्य को लक्ष्य बनाकर जीवन की यात्रा प्रांरभ करते है इन दोनों के बीच भौतिकता दीवार बन जाती है पति–पत्नी के अंधे पन की चाहत अस्तित्व के प्रति उपेक्षा का भाव दर्शाता है, पत्नी अतीत में लौट–लौटकर अपने साझे संकल्प का स्मरण करती है। और अपेक्षा करती है कही पति की आंखो में वह साक्षा अपनन्व झलक जाए। किन्तु निराशा ही हाथ लगती हैं। वह मन ही मन सोचती है "तुम तब ही बड़े बन सकें हो जब तुमने सामने वाले को बहुत छोटा बहुत घृणित और बहुत दयनीय करार कर लिया है। ..... तब से अब तक मैं इस तुम्हारे साथ जुड़ने की शर्तें ही समझतो रही थी और स्वीकारती रही थी.... किन्तु इस उघड़े जाते लगाव की नंगी झलकियां इस समय कितनी क्रूर लग रही है।"[5] 'किसके पक्ष में' कहानी का नायिका बेला आज की आधुनिक नारी का वह चेहरा है जो दाम्पत्य के नाम पर अपने अस्तित्व को खोना नही चाहती, पति के नाम पर किसी भी पुरूष की सत्ता को स्वीकार नहीं कर सकती। बेला में पारम्परिक एवं आधुनिक दोनों ही प्रकार के व्यक्तित्व का संगम है। वह मानती है "यदि पुरूष ताकतवर है, समर्थ है तो वह अपना आपा छोड़ देगी पूरी तरह सुरक्षा उसे भी चाहिए। उसे भी अच्छा लगता है, धूप सेकना। नही तो दाम्पत्य में अनिवार्य मान ली गई, गिलगिली दासता को वह समर्पित नहीं होगी, कभी नहीं।"[6] 'गलत होना परतंत्र' कहानी भी स्त्री के अस्तित्व की कहानी है अस्तित्व खोजती नारी मातृत्व के लिए बाध्य हो जाती है। वह अपने भीतर की कला को निकालना चाहती है पर पति अजीत तथा घर की जिम्मेदारी बाधा डालती है। यह बात अलग है कि वह जिस अस्त्वि की तलाश में संतान की उपेक्षा करती रही, न तो वह किसी मुकाम तक पहुंच पायी और न ही संतान के प्रति कर्त्तव्यों का निर्वाह कर पायी। अंततः उसका अस्तित्व उपेक्षित ही रहा। 'मेरे लिए नही' की प्रीति अपनी शर्तों पर जीने वाली सबल व सक्षम आधुनिक लड़की है। रिष्ते में बंधकर अपने अस्तित्व को दूसरों के खातिर हीन बनना उसे स्वीकार्य नहीं है। आज की स्त्री पति एवं परिवार के नाम पर या मर्यादा के नाम पर अपनी इक्छाओं एवं आवश्यकताओं की बलि नहीं देना चाहती। अपनी इक्छाओं की पूर्ति के लिए वह बाहर जाती है और पैरों पर खड़ा होना चाहती है आत्म निर्भर बनना चाहती है। वह मात्र 'घर' नाम की सुरक्षा से संतुष्ट नहीं है। 'ढलान पर' की चाऊ में पति की उपेक्षा के कारण क्षोभ व आक्रोश है वह कहती है मैं उनके वंश का जुआ उठाने वाला बैल नहीं हूँ। आज की स्त्री नरक समान विवाहिक जीवन जीने के लिए बाध्य नहीं है। 'उसी जंगल में' कहानी में पति बदचलन, आवारा है, पत्नी से मारपीट करता रहता है। पति के घर में अपनी कोई सार्थकता न समझकर पत्नि गर्भावस्था में ही पति का घर छोड़ अपने भाई भाभी के यहाँ जाकर नौकरी करती है। 'सदियों से' कहानी में मिन्नी के तनाव और अंतर द्वन्द्व का चित्रण किया गया है। नारी की यह व्यथा, पीड़ा एवं दुख आज का नहीं है तो सदियों से वह भोग रही है। इस दृष्टि से कहानी के कथ्य का सामान्यीकरण हो जाता है। क्योंकि इसमें पुरूष शासित समाज में एक पत्नी की मजबूरी और विवशता का सूक्ष्म अंकन हुआ है। यहाँ लेखिका ने प्रतिपादित किया है कि पुरूष प्रधान संस्कृति के कारण ही स्त्री को विवश रहना पड़ता है। 'अभी तो' कहानी की वृंदा निसंतानता के अभिशाप को झेलती, कुढ़ती और घुटती रह जाती है। इस व्यथा में भी वह अपने अस्तित्व के प्रति जागरूकता की है। अपने अस्तित्व व अधिकारों के प्रति सजग स्त्री, पुरूष को कभी भी पंसद नहीं आती।

परम्पारिक स्त्री – राजी सेठ आधुनिकता की दौड़ में शामिल होकर स्त्री को पुरूष का विरोधी व प्रतिरक्षा प्रमाणित करने के मोह में नही पड़ती। प्रभाकर श्रोत्रिय कहते है – "पुरूष स्पर्धी आधुनिक स्त्री की तरह राजी अपने लेखन में न तो स्त्री होने से इंकार करती है और न उसे नष्ट करती है, बल्कि अपने नैसर्गिक रूप में उसे आने देती है। उसकी शक्ति और संभावना उसके और अनुभव, उसकी नियति और उत्कटता का वह सृनात्मक उपयोग करती है।"[7] राजी सेठ की कहानियों में स्त्री परम्परिक एवं प्रकृतिस्थ रूप में ही अधिक नजर आती है। ये नारी पात्र कही भी अपने अस्तित्व के प्रति हठी नही दिखाई देती। सत्य है कि स्त्रियों पुरूष द्वारा शोषित होती रही

है, उसी प्रकार यह भी सत्य है कि पुरूष द्वारा संरक्षित भी होतो रही है। सम्मान व गौरव भी प्राप्त करती रही है। आज भी स्त्री, पुरूष की छत्रछाया में सरंक्षण तलाशती है चाहे पिता के रूप में हो या भाई के रूप में, पति या पुत्र के रूप में हो सुरक्षा के लिए उसे मजबूत अवलंब नजर आता है। 'समांतर चलते हुए' कहानी की स्त्री पात्र, पुरूष के साहचर्य में ही अपने आपको सुरक्षित महसूस करती है। स्त्री के लिए पति, सुरक्षा प्रदान करने वाला संरक्षक माना जाता है यही करण है कि 'उन दोनों के बीच' कहानी में नायिका की माँ जो विधवा तथा कैंसर से पीड़ित है। बेटी को पति के संरक्षण में सौप देना चाहती है। 'अंध मोड़ से आगे' कहानी में काम संबंधों का तुलनात्मक अनुभव उभरता हैं जहॉ नायिका पति सुरक्षित तथा बाद में अपने बॉस के साथ शादी कर लेती है वह दैहिक संबंधों की तुलना करती है वह पुनः सुरजीत को पाना चाहती है उसे भी संरक्षण की चिंता महसूस होती है वह बॉस के द्वारा स्वयं को ठगा महसूस करती है। 'अनावृत कौन' कहानी की नायिका परम्परिक सोच वाली स्त्री है वह अपने परिवार के सुख–दुख में हमेशा साथ देती है उसे आधुनिकता कहे जाने वाली सोसायटी पसंद नहीं। 'अपने दायरे' की नायिका गौतम के रूप में अपना शरीर नही सौप पाती। 'तीसरी हथेली' की नायिका भी अपने प्रेमी की विवशता को समझते हुए स्वतः अलग हो जाती है। आधुनिक स्त्री की तरह अधिकारों की तथा प्रेम की दुहाई नही देती। 'अपने विरूद्ध' की नायिका अपने लेखक रूप को मरने देती है पर पति से बगावत नही करती। 'सदियो से' की मिन्नी के भीतर एक पारम्परिक संस्कारशील स्त्री बसती है इसलिए पति नरेश के प्रति अपनी जवाब देही एवं नैतिक जिम्मेदारी को महसूस करती है। 'विकल्प' की नील भी पारम्परिक स्त्री है पति अश्विन का व्यवहार उसके बिल्कुल पसंद नही है। दिल्ली दर्शन के समय पति अपने ही देश की कमियां ढूढंता ह। नीलू आहत होती है पर कहने में असमर्थ होती है। 'स्त्री' की कमली ठेठ गॉव की मानसिकता वाली स्त्री है वह समझती है कि पति सिर्फ देह को समझता है मन को नही। वह स्त्री होने की नियति को मानकर पति की इच्छा की पूर्ति करती हरती है। 'अभी तो' की वृंदा भी पति के इच्छा के समक्ष नतमस्तक है राजी सेठ की कहानियों में स्त्री की ऐसी छवि मिलती है। जो घर परिवार से जुड़ी है। अस्तित्व के प्रति सचेत अवष्य है किन्तु दुराग्राही नही है। मर्यादा का उल्लखंन नहीं करती।

विद्रोही स्त्री – मनुष्य जब घुटन महसूस करता है तो वह विरोध के रूप में परिवर्तन क लिए आमादा हो जाता है। डॉ. नरेद्र मोहन के अनुसार – "मनुष्य जब दासता की मनोवृत्ति से उबरने के लिए पाखंड को उजाड़ने के लिए अन्यायपूर्ण और आततायी स्थिति के विरूद्ध लड़ने के लिए प्रयत्नशील होता है और समानता की मनोभूमि पर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर संघर्षरत् होता है, तभी विद्रोह की नीव पड़ी।"[8] राजी सेठ की कहानियों में विद्रोह नही बल्कि विद्रोह का स्वर अवश्य महसूस होता है यह विद्रोह पुरूष के विरूद्ध मोर्चा खोलने वाला नही है। अपने विरूद्ध की रूचि अपने रचनाओ के प्रति श्याम की उपेक्षा से व्यथित है परेशान होकर रूचि अपनी रचनाओ को आग के हवाले कर देती है। 'अंधे मोड़ से आगे' की नायिका विद्रोही भी है। पति की उपेक्षा तथा बॉस का निष्ठारहित कामप्रेरित प्रेम उसे विद्रोह की अवस्था में पहुँचा देता है। 'किसके पक्ष में' की नायिका भी विद्रोही की स्थिति में आ जाती है। 'ढलान पर' कहानी की नायिका चारू प्रेम विवाह करती है। पति की व्यस्वता के कारण खुद को उपेक्षित महसूस करती है तथा ऐसी स्थिति में बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती है वह विद्रोह जता देती है चारू अपनी खुशियों और उमंगो को दम तोड़ता नहीं देखना चाहती। 'दूसरे देशकाल' में स्त्री के दोनों रूप राजी सेठ ने चित्रित किए है। 'अकारण तो नहीं' की दीपाली पति की नपुंसकता और सास के व्यंग्य बाणो से व्यथित है दीपाली खुलकर प्रतिवाद तो नही करती लेकिन अपना विरोध पति सुधाकर को जता देती है। इस प्रकार राजी सेठ की कुछ कहानियो में नारी अपनी परम्परागत छवि से अलग नजर आती है।

संतुलन साधती स्त्री – राजी सेठ संतुलन एवं समायोजन में विश्वास रखने वाली लेखिका है उनका यही गुण उनके कहानियो के नारी पात्रो में पाया जाता है परम्परागत एवं आधुनिक विद्रोही नारियों के अतिरिक्त स्त्रियों का ऐसा भी वर्ग है

जो इन विचारधाराओं के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। 'किस्सा बृजेश्वरी जी का' की बृजरानी पति की नौकरी छुट जाने पर परिवार में संतुलन बनाए हुए। 'अभी तो' कहानी की वृंदा बच्चे कीर खातिर विमल से भाषा के नाम पर अधिक जद्दोजहद न करते हुए अपने ही आदर्शो एवं उसूलों से समझौता कर लेती है। 'सहकर्मी' की डॉली बिनव्याही मातृत्व को निभा रही है। अपनी यथा स्थिति स्वीकार करते हुए हालात से समझौता कर लेती है 'दलदल' कहानी की आरती का पति अमर आर्मी में हादसे का शिकार होकर पैर गवॉ बैठता ह। पति अमर को संभालने के साथ–साथ सास–ननद की जिम्मेदारी वह नौकरी करके स्वयं करती है इस प्रकार वह समझौता करती है। इस प्रकार परिवार की जिम्मेदारी वहन करती हुई सभी पात्र अपनी भावनाओं एवं आवश्यकताओं के बीच सामाजिकता का निर्वाह करती है। द्वन्दग्रस्त मनः स्थिति से जूझती स्त्रियों का भी कहानी में चित्रित किया गया है जो आधुनिक नारी को चित्रण, दाम्पत्य सुख, वृद्ध की व्यथा, अपंगता का अभिशाप, विभाजन का दंश, संत्रास, तनाव आदि चिंतन के विविध आयामों चित्रण किया गया हैं। "राजी सेठ की कहानियो में उपेक्षित पिछड़ी पीढ़ी का भी न्याय देने का प्रयास दृष्टिगत होता है। उपेक्षित वृद्ध आज हमारे लिए चिंता एवं चिंतन का विषय बनते जा रहे हैं। राजी सेठ ने उनकी पीड़ा, व्यथा और अकेलेपन को अभिव्यक्ति प्रदान करते हुए उनकी मर्माहत् संवेदनाओं की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया है। समाज का एक और उपेक्षित वर्ग, जो हमारी दया का पात्र तो बनता है किंतु समवेदना तथा सहानुभूति का नही, वह है किसी न किसी कारणवश अपाहिज हो चुके लोंगो का वर्ग"[9] राजी सेठ ने इस व्यथा की अनुभूति कराया है। रामेश दवे लिखते है – "जब अनुभव संवेदन, रागात्मक सौन्दर्यतत्व आर विचार एक साथ गुंफित होते है तो जो कहानी जन्म लेती है, न केवल अकेला ठोस अनुभव होती है, न भावुकता से अद्भुत संवेदन, न रोमांच जगाती, रागात्मकता और न किसी धारा में बहता विचार। वह एक संर्जक का अपनों ही कल्प होता है और अपना ही विकल्प। यदि ऐसी कहानी में पाठक की अनुभूतियां और उसका आस्वाद तत्व कही न कही कथाकार में विलीन होता है। तो लगता है कहानी ने एक कथाकार की काया से पृथक होकर पर काया में प्रवेश कर लिया है।"[10]

संदर्भ :–

1. समकालीन साहित्य चिंतन – डॉ. रामदरश मिश्र/डॉ. महीप सिंह, पृ.136
2. राजी सेठ : संवेदना का कथा दर्शन – रमेश दवे, पृ. 184
3. अतीत होती सदी और स्त्री का भविष्य सं. राजेन्द्र यादव/अर्चना वर्मा, पृ.286
4. यह कहानी नही – राजी सेठ, पृ.35
5. अंधे मोड़ से आगे – राजी सेठ, पृ.58
6. पूर्ववत, पृ.88
7. राजी सेठ : संवेदना का कथा दर्शन – रमेश दवे पृ. 112
8. समकालीन साहित्य चिंतन – डॉ. रामदरश मिश्र/डॉ. महीप सिंह, पृ.56
9. राजी सेठ का कथा साहित्य : चिंतन एवं शिल्प – डॉ.सरोज शुक्ला
10. राजी सेठ, संवेदना का कथा दर्शन, रमेश दवे पृ.2

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

यशपाल का क्रांतिकारी जीवन

शोधार्थी तनुजा बन्सोड़
हिन्दी एवं भाषा विज्ञान विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

यशपाल जी हिन्दी के ऐसे कथाकार है जो अपने रचनाकर्म से पूर्व काफी समय तक क्रांतिकारी आन्दोलन से जुड़े रहे; उस क्रांतिकारी आन्दोलन से जिसका उद्देश्य साम्राज्यवादी पूंजीवादी व्यवस्था का उन्मूलन और समाजवादी सिद्धांतों के अनुसार एक बेहतर समाज की रचना करना रहा है। स्वभावतः उनका कथा लेखन भी एक हद तक इसी उद्देष्य की पूर्ति के लिए समर्पित रहा। उनके साहित्यकार बनने का श्रेय पूर्णतः उनके क्रांतिकारी जवीन को ही जाता है। यही कारण है कि उनकी लेखनी में वास्तविकता, विविधता, सजीवता देखने को मिलती है।

यशपाल ने बाल्यावस्था में अपनी आँखों से कुछ ऐसी घटनाएँ देखी जो उन्हें भीतर तक छू गई। इन घटनाओं को देखकर उनका हृदय अंग्रेजों के प्रति तीव्र घृणा से भर उठा। वे अंग्रेज और भारतीय के बीच जो दूरी देखते उससे तिलमिला उठते। अंग्रेजों का आतंक ऐसा की बड़े–बूढ़े, बच्चे–स्त्रियाँ सब सुनते ही थर–थर कापते थे। उनका कथन है – "मैंने अंग्रेजों को सड़क पर सर्वसाधारण जनता से सलामी लेते देखा है, इससे अपना अपमान अनुभव किया है और उसके प्रति विरोध अनुभव किया है।"

लगभग चार या पाँच वर्श की आयु में यशपाल अपनी माँ के साथ अपने संबंधी के यहाँ ठहरे थे। उस समय के अपने कटु अनुभव के बारे में वे कहते है कि – "सबसे पुरानी स्मृति लगभग चार या पाँच वर्ष की आयु की है। मेरे कुछ संबंधी उत्तरप्रदेश (तब युक्त प्रान्त) के गंज डडुआरा कस्बे में कपास ओटने के एक कारखाने के मैनेजर थे। न जाने किस प्रसंग में मैं अपनी माँ के साथ इनके यहाँ आकर ठहरा हुआ था। कारखाना स्टेशन के समीप ही था। उस जमाने में रेल्वे में अंग्रेंजों या यूरेशियनों में काम करने वाले अंग्रेंजों के दो–चार बंगले थे। आस–पास इन लोगों का खूब आतंक था। इनमें से एक बंगले में मुर्गियाँ पाली हुई थी। एक संध्या मैं सड़क पर से गुजरते हुए इन मुर्गियों से छेड़खानी कर रहा था। बंगले में रहने वाली मेम ने मेरी इस हरकत पर मुझे फटकार दिया। शायद 'गधा' या 'उल्लू' ऐसी ही कोई गाली भी दी। मैंने मेम को गाली से ही प्रत्युत्तर दिया। उसने मारने की धमकी दी तो मैंने भी धमकी से जवाब दिया और भागकर कारखाने में आ छिपा।

मेरी इस हरकत को शिकायत जाने किन शब्दों में हमारे संबंधी मैनेजर साहब के यहाँ पहुँची। यह खूब याद है कि इन्होंने क्रोध और आंशका से नेत्र लाल करके वह शिकायत मेरी माँ से की। घर में ऐसा वातावरण छा गया कि मैंने कोई ऐसी हरकत कर दी है जिससे घर या कारखाने के लोगो पर भयंकर संकट पड़ सकता है। मेरी माँ ने एक छड़ी लेकर मुझे खूब पीटा। उस मार से मैं जमीन पर लोट–पोट गया। इस घटना के परिणाम से मेरे मन में अंग्रेजों के प्रति कैसी भावना उत्पन्न हुई होगी, यह अनुमान कठिन नहीं।"[2]

इस स्थिति की प्रतिक्रिया में यशपाल के हृदय मे अंग्रेजों के प्रति गहरी घृणा प्रवेश कर गई। वह वस्तु स्थिति समझ चुके थे कि अंग्रेज महिला को अपनी जाति के शासन की शक्ति का अहंकार था और उस अहंकार में ही उसने उन्हें भारतीय समझ कर गाली देने का साहस किया था। यशपाल की दृष्टि में यह उनका व्यक्तिगत अपमान न होकर भारतीयता का अपमान था जो उनकी सहन करने की क्षमता से परे था।

ऐसे ही लगभग छः वर्ष की अवस्था में यशपाल का अपनी माँ के साथ नैनीताल जाना हुआ। वहाँ वे अपने एक संबंधी के यहाँ ठहरे हुए थे। वहाँ की एक घटना के बारे में वे कहते है कि – "काशीपुर में कस्बे से कुछ ही दूर सुहावने जंगल में एक पक्का तालाब 'द्रोण–सागर' है। सागर के किनारे एक मंदिर भी बना हुआ था।

एक दिन दोपहर के समय हमारे घर की स्त्रियाँ सैर के लिये इस तालाब पर गई थी। बिल्कुल एकान्त देखकर उन्हें तालाब में नहा लेने की इच्छा हुई। वे नहा ही रहो थी कि अचानक दो–तीन अंग्रेजों को आता देखकर, एक–दूसरे से लिपटकर, भयभीत होकर रोने चिल्लाने लगी और फिर उसी अवस्था में अपने कपड़े उठाकर भाग निकली।"[3] ऐसे यशपाल जी ने अनेक घटनाओं में देखा कि ब्रिटिश सरकार और भारतीय जनता का परस्पर संबंध बाघ और बकरी जैसा था। बचपन में ही उन्होंने भूख से तड़पती जनता के निराशा और कायरता भरे स्वरों को सुना था। मुख्यतः निम्न मध्य वर्ग तो जैसे दो पाटों के बीच घुन की तरह पीस रहा था और उसकी पुकार को सुनने वाला कोई न था।

जब यशपाल हाईस्कूल में अध्ययनरत थे तभी स्वतंत्रता की आवाज चारों ओर गूंजने लगी थी। उसी समय गाँधीजी ने असहयोग आन्दोलन शुरू कर दिया था। उनके आव्हान पर सरकारी अस्पतालों, सरकारी स्कूलों, सरकारी संस्थाओं में कार्यरत भारतीयों ने कार्य करना बंद कर दिया था। जनता ने सरकार के विरोध में जगह–जगह पर निजी स्कूल खोल किए, पंचायतें स्थापित कर दी और निजी अस्पतालों में बीमारों की व्यवस्था कर दी गई। लाहौर में लाला लाजपतराय और भाई परमानंद के प्रबंधत्व में नेशनल कॉलेज की स्थापना की गई जिसका एक मात्र उद्देश्य देश को आजादी के युद्ध में भाग लेने योग्य युवकों को उनके अनुकूल वातावरण तैयार करना था। इसी कॉलेज से यशपाल के क्रांतिकारी जीवन का प्रारंभ हुआ। यहाँ किताबी शिक्षा तो नाममात्र की दी जाती थी किन्तु देश को विदेशी दासता से मुक्त करने की शिक्षा अधिक दी जाती थी। यहीं पर भगतसिंह, सुखदेव, भवगतीचरण बोहरा जैसे शहीदों ने भी शिक्षा ग्रहण की है। यद्यपि यशपाल सक्रिय रूप से क्रांति में हिस्सा लेना चाहते थे किन्तु पारिवारिक आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने पहले अध्ययन कार्य पूर्ण किया।

एक दिन यशपाल, भगतसिंह के साथ रावी नदी पर नौका विहार करने गए और उसी दिन दोनों साथियों ने राष्ट्र के हित के लिए जीवन अर्पित करने की प्रतिज्ञा कर ली और जीवन पर्यन्त इस प्रतिज्ञा को निभाया भी।

अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात् सभी साथी "नौजवान भारत सभा" और "सशस्त्र क्रांति" के गुप्त संगठन के सक्रिय सदस्य बन गए और लगातार दो वर्शों तक बम और पिस्तौल चलाना सीखते रहे।

साइमन कमीशन के विरोध में हुए प्रदर्शन में लाला लाजपतराय ने भी भाग लिया था। प्रदर्शन में डी.एस.पी. साण्डर्स की लाठी के वार से लालाजी की मृत्यु हो गई। इस मृत्यु का बदला यशपाल और अन्य साथियों ने साण्डर्स को गोली मारकर लिया। ये सभी लोग इसके बाद फरार हो गए। फरारी में बम बनाने और संगठन का कार्य करने में लगे रहे। भगवती भाई और यशपाल ने वाइसराय लार्ड इरविन की स्पेशन ट्रेन के नीचे बम विस्फोट करने के लिए और लाहौर की बोस्टर्न जेल से सरदार भगतसिंह आदि को छुड़ाने के लिए बम बनाने का कार्य किया। और बम तैयार होने पर वाइसराय की ट्रेन के नीचे बम विस्फोट किया किन्तु इस कार्य में वे सफल नहीं हो सके क्योंकि योजना के अनुसार पूरी ट्रेन को तहस–नहस हो जाना चाहिए था परन्तु गाड़ी के दो–तीन डिब्बे और कुछ आदमियों को ही चोट पहुँची। इन सबसे क्रांतिकारियों को जनता की ओर से बहुत प्रशंसा मिली किन्तु गाँधीजी और अन्य कार्यकर्त्ताओं ने इस घटना की निंदा की और इस कार्य को जघन्य अपराध बताया।

कुछ समय पश्चात् दिल्ली में पुनः एक बम फैक्ट्री का निर्माण किया गया। यषपाल, प्रकाशवती, विमल आदि मिलकर बम बनाने में लगे रहते। पिक्रीक एसिड से हाथ इतने झुलस जाते थे कि वे खिचड़ी बनाने लायक भी न रह पाते थे इसलिए वे लोग होटल में खाना खा लेते थे। इन सब बातों से यशपाल के साथी उनसे नाराज रहने लगे। उनके अनुसार यशपाल में कायरता और विलासिता आ गई थी और वे खतरे से बचना चाहते थे। इसलिए साथियों ने उन्हें मार देने का निश्चय किया। इसके पश्चात् यशपाल ने फिर से एक छोटा सा संगठन बनाकर दल के सामने

अपने आरोपों का खण्डन करके पुनः अपना स्थान प्राप्त किया।

अब तक कुछ कार्यकर्ता गिरफ्तार हो गए थे और कुछ मतभेदों के कारण तितर–बितर हो गए। इधर पुलिस आजाद और यशपाल को गिरफ्तार करने के लिए सरगर्मी से तलाश कर रही थी। दल ने यशपाल को रूस भेजने का निर्णय लिया लेकिन अचानक चन्द्रशेखर आजाद के शहोद हो जाने के कारण यह निर्णय स्थगित करना पड़ा। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू को फाँसी पर लटका दिया गया। यशपाल की मनः स्थिति और भी खराब हो गई। अंततः कानपुर में यशपाल को सर्वसम्मति से 'कमाण्डर इन चीफ' चुना गया। पार्टी के कार्य को विस्तृत बनाने के लिए यशपाल इलाहाबाद पहुँचे। जिस घर में वे इलाहाबाद में ठहरे थे दूसरे दिन सुबह पाँच बजे पुलिस ने उस घर को घेर लिया। कुछ देर तक दोनों ओर से गोलाबारी हुई लेकिन गोलियाँ खत्म हो जाने पर यशपाल ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और पुलिस ने यशपाल को हवालात में बंद कर दिया। इसके पष्चात् ब्रिटिश सरकार ने उन पर मुकदमा चलाया। मुकदमा चलाने के पूर्व सरकार ने उन्हें माफी मांगने के लिए तरह–तरह के प्रलोभन देने का प्रयास किया किन्तु यशपाल अपने विचारों से थोड़े भी ना बदले और उन्होंने जेल में रहना स्वीकार किया। जेल में पढ़ने–लिखने, पत्र–व्यवहार आदि की थोड़ी बहुत सुविधाएँ दी गई थी इसलिए जेल में वे साहित्य सर्जना करने लगे।

सन् 1937 में कांग्रेसी मंत्रीमंडल ने सरकार की बागडोर अपने हाथों में ले ली थी। कांग्रेस ने चुनाव में जनता के सम्मुख जो अपना घोषणा पत्र जारी किया था उसमें समस्त राजनैतिक कैदियों की रिहाई की बात भी की गई थी किन्तु यशपाल की रिहाई में गवर्नर अडंगे डाल रहे थे। अंततः अनेक कठिनाईयों के पश्चात् "2 मार्च सन् 1938 को यशपाल की जेल से रिहाई कर दी गई।"[4] जेल से छुटने के बाद अस्वस्थता के कारण वे भुवाली सैनीटोरियम में रहे। स्वास्थ्य लाभ लेने के पश्चात् वे लखनऊ चले गए और स्थाई रूप से वहीं बस गए।

सन्दर्भ ग्रंथ :–

1. सिंहावलोकन, संस्करण 2007 भाग–1 पृ.26
2. वहीं पृ.27
3. वहीं पृ.27
4. इन्टरनेट

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

रामस्वरूप चतुर्वेदी : सहित्यिक सरोकार

इन्दू कुमारी विश्वकर्मा
शोध छात्र, हिन्दी विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी समकालीन आलोचकों में से एक हैं जिन्होंने समकालीन साहित्य की आलोचनायें लिखी चतुर्वेदी जी के साहित्यिक सरोकार विशेषतयः आलोचना जगत से है। इसके साथ–साथ 'हिंदी अनुशीलन', 'नई कविता' पत्रिका का संपादन भी किया है। रामस्वरूप चतुर्वेदी द्वारा प्रस्तुत 'हिंदी साहित्य एवं 'संवेदना का विकास' तथा भाषा संवेदना और सर्जन सुविख्यात आलोचना कृति है।

सैद्धांतिक और व्यावहारिक, भाषा शास्त्र तथा विचारों के साहित्य में विशेष रुचि रखते हुए 'आधुनिक काव्य भाषा', 'काव्य भाषा पर तीन निबंध', 'मध्य कालीन काव्य भाषा' इत्यादि विषयों पर अपनी लेखनी चलायी है। भाषा और संवेदना की अद्वैतता पर विचार करते हुए उन्होंने लिखा है कि–''भाषा के सामान्य प्रयोग में बात और जिस भाषा में वह बात कही जा रही है उनके बीच अंतर हो सकता है पर कविता की भाषा में यही अधिकतम सर्जनात्मक भाषा में यह अंतर नहीं रह जाता। बात और भाषा में अभेद रहता है। प्राचनी भारतीय साहित्य शास्त्रियों ने अविधा और व्यंजना का जो रूप माना है, उसमें स्थिति इसके कुछ विपरीत है। वहाँ बात और भाषा में व्यंजना शब्द शक्ति के अंतर्गत सीधा संबंध नहीं रह जाता। वस्तुतः ऐसा मानना व्यंजना और सर्जनात्मकता के चमत्कारी पक्ष पर अधिक बल देना है। परंतु जब हम 'बात' और 'भाषा' के 'अभेद' और 'अद्वैत' की बात कहते हैं तब हम तनाव पर उतना ही बल देते हैं जितना कि अभेद पर। अनुभव और अर्थ का यह अद्वैत समझना कविता और सर्जनात्कता की प्रक्रिया को संभवतः अधिक गहरे और प्रकृत रूप में समझना ह। यही भाषा और संवेदना का अद्वैत है, जहाँ दोनों एक नहीं पर अलग–अलग होकर भी एक हो जाते हैं।''[1]

भाषा और अनुभूति के अद्वैत को केंद्र में रखकर समीक्षा के क्षेत्र में सक्रिय डॉ. चतुर्वेदी यह मानते हैं कि भाषा और संवेदना की स्थिति संश्लेष्णात्मक है। भाषा और संवेदना के विकास स्तरों को भाषा के विकास स्तरों के साथ पहचाना जा सकता है। उनकी मान्यताा है कि चित्तवृत्तियों का संश्लेष ही संवेदन है। इनकी आलोचना 'भाषा', 'संवेदना' और 'सर्जन' तीनों को संश्लेषणात्मक मानती हैं सर्जनात्मक भाषा के संबंध में चतुर्वेदी जी का मानना है कि भाषा में सर्जनात्मक क्षमता जितनी अधिक होगी कलाकृति उतनी ही अधिक शुद्ध और प्रामाणिक होगी–''भाषा जितनी सर्जनात्मक होगी कलाकृति उतनी ही शुद्ध और प्रमाणिक होगी और यदि कला सचमुच कला है तो उसके सामाजिक असामाजिक होने का प्रश्न नहीं उठता।''[2]

रामस्वरूप चतुर्वेदी मुख्यतः काव्य भाषा की सर्जनात्मकता को केंद्र में रखकर समीक्षा कार्य में प्रवृत्त हुए हैं, 'हिंदी नवलेखन', 'भाषा और संवेदना', 'अज्ञेय और आधुनिक रचना की समस्यायें', 'हिंदी साहित्य की अधुनातम प्रवृत्तियाँ', 'कामायनी का पुनर्मूल्यांकन', 'हिंदी काव्य भाषा', हिंदी गद्य विन्यास और विकास आदि आप की महत्त्वपूर्ण समीक्षा कृतियाँ हैं। रामस्वरूप चतुर्वेदी साहित्य में संवेदना को विशेष महत्त्व देते हैं। संवेदना का बदलाव साहित्यिक युगों के बदलाव का साक्षी होता है इसलिए चतुर्वेदी जी साहित्य के विकास के

[1] कामायनी का पुनर्मुल्यांकन–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 21
[2] सर्जन और भाषिक संरचना–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 15

साथ–साथ संवेदना के विकास को रेखांकित करना इतिहास कार के कर्म का आवश्यक अंग मानते हैं।

चतुर्वेदी जी की स्थापना है कि सर्जन भाषिक सरंचना है। वे कहते हैं कि–''किसी विचार या अनुभव को किसी अन्य व्यक्तित्त्व में संक्रमित करना, जिससे उसका सिर्फ नया विकास संभव हो, सर्जन प्रक्रिया का आरंभिक चरण है। स्पष्ट ही यह संक्रमण किसी न किसी स्तर पर भाषा में होगी।''[3] कवि जिन अनुभूतियों को व्यक्त करना चाहता है, उसके पूर्व रूप यह किसी न किसी भाषा में ही सोचता है। अर्थात् काव्य सृजन के पूर्व उसका संवेदन उसे किसी भाषा में ही उपलब्ध होता है। वे कहते हैं–''भाषा का आधारभूत रूप वह है जो रचनाकार समाज से स्वीकार करता है और उसी के अनुकूल संवेदना निखरती है। जिसे वह फिर अपनी काव्य भाषा में व्यक्त कर देता है। यह काव्य भाषा कवि के व्यक्तित्त्व के अनुकूल रूपाकार ग्रहण करती है।''[4] इसलिए काव्य भाषा की संरचना क विश्लेषण के द्वारा कवि के व्यक्तित्त्व को समझा जा सकता है। इसलिए आप काव्य भाषा में अर्थ के संधान को समीक्षा की केंद्रीय समीक्षा मानते हैं। शब्द संरचना से गुजरते हुए अर्थ प्रवाह की ओर जाना एक कठिन काम है। चतुर्वेदी जी एक समीक्षक के रूप में यही कार्य करते रहे हैं। चतुर्वेदी जी ने सबसे अधिक विचार अज्ञेय की कविताओं पर किया है। वे मानते हैं कि व्यक्तित्त्व की स्वाधीनता और सर्जनशीलता की सुरक्षा उनकी कवि दृष्टि के केन्द्र में है, कविता के माध्यम से कवि व्यक्तित्त्व की तलाश में निश्चय ही चतुर्वेदी जी को भाषिक विश्लेषण पर अधिक ध्यान देना पड़ा है। उन्होंने शब्द चयन, छंद, ध्वनि समूह, बिंब–विधान, प्रतीक योजना, लय, कथनभंगिमा, वाक्य वक्रता, पद विन्यास आदि के विश्लेषण पर विशेष बल दिया है किंतु वे अंततः यहीं तक रुक नहीं गये हैं। 'मुक्तिबोध' की समीक्षा करते हुए वे कहते हैं–''यहां 'गरबीलो गरीबी' का प्रयोग बरबस ध्यान खींचता है और भारतीय जिंदगी तथा समाज की एक बहुत बड़ी शक्ति को उजागर करता है। 'नई कविता' इस सारे के सारे जीवन और 'गरबीली गरीबी' का काव्य है। चतुर्वेदी जी के अनुसार संस्कृति और कविता का गहरा अंतस्संबंध है। कविता का दायित्त्व है कि वह संस्कृति की रक्षा करे, इसी प्रकार संस्कृति का धर्म है कि वह कविता को विचारधारा, राजनीतिक संचार साधन और यांत्रिकता के खतरों से बचाये।''[5] इधर चतुर्वेदी जी ने आचार्य रामचन्द्र शुक्ल पर भी नये संदर्भ में विचार किया है। आपकी मान्यता है कि आज के बदले हुए परिवेश में आचार्य शुक्ल का 'विरुद्धों के सामंजस्य' का सिद्धांत अधिक प्रासंगिक हो गया है। इसे भारतीय साहित्य की जातीय विशेषता मानी जानी चाहिए।

डॉ. चतुर्वेदी ने काव्य भाषा का स्वरूप नामक निबंध में साहित्यिक भाषा को परिभाषित करते हुए कहा है कि–''साहित्यिक भाषा मूलतः बोलचाल की ही वह भाषा है जो विभिन्न रचनाकारों की सृजन प्रक्रिया में समाहित होकर अपने स्वरूप को परिवर्तित कर लेती है। कवि विशेष के अनुभव की अद्वितीयता से संपृक्त होने पर उसकी अर्थक्षमता में कई प्रकार के अंतर उत्पन्न हो जाते हैं। स्वयं बोलचाल की भाषा के अपने कई रूप और स्तर रहते हैं।''[6]

''बोलचाल की भाषा वहीं साहित्य में आती है, जहाँ अपने श्रम से जीवन का सौन्दर्य गढ़ने वाले लोगों का जीवन साहित्य का विषय बनता है।...भाषा की रचनात्मक भूमिका समग्र कला की जनवादी भूमिका का अंग है। कला की जनवादो भूमिका या रचनात्मक भूमिका है मनुष्य जीवन को मनुष्य शोषण से मुक्त करने में। भाषा इस कार्य में कला की सर्वाधिक सहातया करती है।''[7]

डॉ. चतुर्वेदी काव्य भाषा के तत्वों के संबंध में विचार करते हुए प्रतीक, भाव–चित्र अथवा बिंब

[3] सर्जन और भाषिक संरचना–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 15

[4] भाषा–संवेदना और सर्जन–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 72

[5] प्रसाद, निराल, अज्ञेय–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 89

[6] भाषा संवेदना और सर्जन–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 20

[7] आलोचना के बहाने–खगेन्द्र ठाकुर, पृ 43

को परिभाषित किया है। इन्होने बिंब, भावचित्र और प्रतीक को काव्य भाषा की निर्माण प्रक्रिया का विशिष्ट तत्व माना है। ''प्रतीक और भाव–चित्र अथवा बिंब काव्य भाषा का निर्माण प्रक्रिया के विशिष्ट तत्व हैं, ये दोनों ही विभावन मूलतः पश्चिमी समीक्षा के हैं। भारतीय साहित्य चिंतन का अलंकार विधान प्रस्तुत और अप्रस्तुत को प्रायः साथ–साथ ले चलने के कारण रचना शिल्प या रचना–कौशल का अंग तो है, पर काव्य भाषा के विकास में पर्यवसित नहीं हो पाता। प्रतीक और बिंब अप्रस्तुत होते हुए भी भाषिक प्रक्रिया में प्रस्तुत के स्थानापन्न हो जाते हैं, अतः भाषा के अत्यन्त संवेदनशील स्तर पर रूपांतरित हो जाते हैं, भाषा हो जाते हैं, जबकि अलंकार अपने नाम से भी और अपनी स्थिति में अतिरिक्त सजावट के रूप में देखे जा सकते हैं। रचना प्रक्रिया का अभिन्न अंग नहीं बन पाते।''[8] चतुर्वेदी जी इसे और अधिक गहराई से उदाहरण देकर समझाने का प्रयास करते हुए बताते हैं कि प्रतीक किसी सूक्ष्म भाव की अभिव्यक्ति के लिए अपेक्षया स्थूल तत्व का चुनाव है। जैसे सूर्य ज्ञान का प्रतीक है, अँधेरा विभ्रम का प्रतीक है, कमल स्निग्धता का और मंगल का प्रतीक है। प्रतीक कालांतर में भाषा की सामान्य शब्दावली की तरह बहुप्रचलित और स्वीकृत हो जाते हैं। जैसे कि उपर्युक्त प्रतीक हो गये हैं, फिर कविता के विकास क्रम में नये प्रतीक बनते हैं और क्रमशः स्वीकृत होकर रूढ़ बन जाते हैं। प्रतीक विधान का यह रूप काव्य भाषा के विकास का एक स्तर हैं। अगला और अधिक विकसित स्तर बिंब प्रक्रिया का ह। बिंब का भाव चित्र की प्रक्रिया अधिक संश्लिष्ट होती है। वह कई तत्वों से निर्मित होने के कारण स्थिर न होकर गतिशील होता है और इसका प्रतीक की तरह पूर्व स्वीकृति अर्थ नहीं होता। इसलिए कविता में अर्थ को स्वायत्त तथा विकासशील बनाये रखने का मुख्यदायित्त्व बिंब पर होता है।...संश्लिष्ट गठन होने के कारण बिंब में उसके विभिन्न तत्वों के बीच संपर्क और टकराहट से एक द्वंद्वात्मक प्रक्रिया परिचालित होती है जो अर्थ को विकसनशील बनाती है। इस तरह बिंब प्रधानता और अनिवार्यतः एक अर्थ संश्लेष है और इसलिए रचना में काव्य भाषा या कि काव्य बनने की मुख्य प्रक्रिया है।''[9]

डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी साहित्य में संवेदना को विशेष महत्त्व देते हैं, इनका मानना हैं कि भाषा और संवेदना की स्थिति संश्लेषणात्मक है। दोनों का विकास युगपत होता है, संवेदना के विकास स्तर को संवेदना के विकास स्तर के साथ पहचाना जा सकता है। चतुर्वेदी जी की मान्यता है कि चित्रवृत्तियों का संश्लेष ही संवेदन है। रचनाकार किसी युग विशेष की संवेदना को समझकर फिर उसे अपनी रचना में प्रतिबिम्बित करता है। जब संवेदना का बदलाव होता है तो साहित्यिक युग में भी परिवर्तन हो जाता है। मानवोय संवेदना को सर्जनात्मक अभिव्यक्ति देने के कारण मानव जीवन में भाषा का अत्यधिक महत्त्व है।

आलोचक रामस्वरूप चतुर्वेदी जहाँ भाषा, संवेदना, और अनुभूति के विषय में अपने अभिमतों की व्याख्या की वहीं साथ ही साथ हिन्दी साहित्य की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पक्षों पर भी प्रकाश डालते हैं। वे हिन्दी साहित्य में आधुनिकता को समझने और व्याख्या करने का प्रयास करते हैं, वे हिन्दी कविता में 'आधुनिकता का प्रवेश 'अज्ञेय' द्वारा सम्पदित 'तारसप्तक' (1943 ई.) के प्रकाशन के साथ मानते हैं, आधुनिकता को परिभाषित करते हुए चतुर्वेदी जी कहते हैं कि–''आधुनिकता का प्रश्न अपने आप में बहुत उलझा हुआ है। फिर भी इतना तो कहा जा सकता है कि आधुनिकता एक जड़ स्थिति न होकर विकास की स्थिति है। उसकी प्रकृति सदैव गत्यात्मक रहती है। नवीन परिस्थितियों के संदर्भ में अपने आप का संस्कार करना ही आधुनिकता है। संस्कार करने की यह स्वचेतन प्रक्रिया आरोपित न होकर सहज स्वाभाविक होती है ...आधुनिकता संस्कृति की ग्रहण शीलता तथा विकासोन्मुखता की परिचायक दृष्टि है, इसलिए वह समूची जीवन व्यवस्था को प्रभावित करती है, उसके किसी

[8] काव्य भाषा पर तीन निबंध–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 86

[9] काव्य भाषा पर तीन निबंध–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ 86, 87

खण्ड विशेष को नहीं।..... कुल मिलाकर आधुनिकता एक भविव्योमुखी दृष्टि है, वर्तमान के सन्दर्भ में।''[10]

''आधुनिक रचना के तत्वों–स्वचेतना, बौद्धिकता गैर रोमांटिकवृत्ति और भाषिक सर्जनात्मकता के सामाजिक–सांस्कृतिक आधार का विश्लेषण भी चतुर्वेदी जी ने किया हैं उनके अनुसार उन्नीसवीं सदी में विज्ञान के विकास ने परम्परागत धार्मिक आस्था को विघटित कर दिया था। बीसवीं सदी में दो महायुद्धों ने मानवीय संवेदना को झकझोर कर रख दिया। परम्परागत् सारे नैतिक–सांस्कृतिक मूल्य विघटित हो गये। यंत्र के सामने मनुष्य अपने को बौना समझने लगा है। मृत्यु की विभीषिका ने उसे अपेन अस्तित्त्व के प्रति अधिक चिन्तातुर कर दिया। ईश्वर के प्रति आस्था समाप्त हो गयी। अभी तक नैतिक मूल्यों का श्रोत ईश्वर था। अब मनुष्य स्वयं में नैतिक मूल्यों के श्रोत का अनुसंधान करने लगा। विज्ञान ने हमारी जीवन दृष्टि को अधिक बौद्धिक बना दिया। धर्म और ईश्वर के स्थान पर 'व्यापक मानवतावाद' की प्रतिष्ठा हुई। बौद्धिक चेतना के जाग्रत होने से 'गैररामैटिकवृत्ति' विकसित हुई। इस वृत्ति ने अप्रतीत और प्रकृति के सम्मोहन को समाप्त कर दिया। फलस्वरूप 'तटस्थ निर्वैयक्तिक' दृष्टि विकसित हुई। रचनाकार के सामने 'मानव' और प्रकृति' के साथ ही 'प्रविधि' से भी सामंजस्य स्थापित करने की समस्या उत्पन्न हुई। यन्त्रों के असुंतलित विकास ने मनुष्यों को पदार्थ बना दिया। मनुष्य की स्वतंत्रता दो स्तरों पर सीमित होने की स्थिति में आ गई।

राजनीतिक स्तर पर फासिज्म ने उसे निर्मूल करने की कोशिश की और वैज्ञानिक स्तर पर यांत्रिकता ने। चतुर्वेदी जी के अनुसार स्वातंत्र्य की चेतना अज्ञेय के व्यक्तित्त्व आर जीवन दृष्टि का केन्द्रीय तत्व है। नयी कविता और नवलेखन की पूरी परम्परा इस समस्या से जूझती रही है। राजनीतिक परिवेश को दृष्टि में रखकर विचार करने पर प्रजातंत्र की मौलिक मान्यताएँ स्वातंत्र्य चेतना के अनुकूल है। फासिज्म, टोटेलिटेरियनिज्म, अधिनायक बाद तथा एक प्रान्तीय राज्य प्रणालियाँ इसके प्रतिकूल हैं। 'अज्ञेय' साम्यवादी विचार धारा का समर्थन इसलिए नहीं कर पाते कि 'स्वातंत्र्य के विभावन' की सीधी टकराहट साम्यवादी विचार धारा से होती है। बौद्धिकता को चतुर्वेदी जी आज के परिवेश में एक अनिवार्यता मानते हैं। वे कहते हैं। आज का मानव जिस परिवेश में प्रतिष्ठित है, उसकी समस्याएँ प्रमुख रूप से बौद्धिक है। 'आवेग', 'आवेश', 'उत्साह' तथा 'दया' सम्भवतः वर्तमान सन्दर्भ में अनावश्यक से हो चले हैं। लोकतंत्र की आधार शिला तर्क–पद्धति है। भावुकता, फासिज्म, टोटेलिटेरियनिज्म, अधिनम्यकवाद अथवा एकतंत्रीय राज्य प्रणालियों के अधिक अनुकूल हैं, प्रजातंत्र की मौलिक मान्यताओं से विकसित 'नयी कविता' हैं, प्रजातंत्र की मौलिक मान्यताओं से विकसित 'नयी कविता' को इसलिए मूलतः बौद्धिक रहना है। बौद्धिकता गैर रोमैंटिक प्रवृत्ति को विकसित करती है।

भाषा और अनुभूति के अद्वैत को सर्जनात्मकता की चरम निष्पत्ति मानने वाले डॉ. चतुर्वेदी अपने विवेचन क्रम में भाषिक विश्लेषण की सीमाओं में ही उलझकर नहीं रह जाते। इनसे सरोकार साहित्य के विभिन्न पक्षों से है। वे काव्य–भाषा के जटिल विकास–क्रम–सन्दर्भ–प्रतीक–भाव– चित्र, मितकथन–अमूर्तन को निरन्तर ध्यान में रखते हुए भाषिक विश्लेषण द्वारा भाषा में निहित केन्द्रीय सन्दर्भ तक पहुँचने की पूरी कोशिश करते हैं, उन्होंने 'निराला' प्रसाद 'अज्ञेय' मुक्तिबोध की समीक्षा करते हुए उनकी काव्य–भाषा की विशेषताओं को निर्दिष्ट करने के साथ उनकी रचनाओं मे अंतर्निहित समकालीन राष्ट्रीय सन्दर्भो, व्यक्तिगत जीवन–संदर्भ, व्यापक मानवीय मूल्यों एवं सांस्कृतिक टकराहटों तथा सृजन की केन्द्रीय प्रेरक संवेदना को भी स्पष्ट किया है। यह अवश्य है कि सर्जनात्मक विकास की चरम निष्पत्ति को समीक्षा के केन्द्र में रखने के कारण डॉ. चतुर्वेदो की समीक्षा–भूमि कुछ संकुचित हो गयी है। समीक्षा भूमि का यह संकोच गद्य रचनाओं के मूल्यांकन में साफ लक्षित होता है। चतुर्वेदी जी ने उपन्यास की समीक्षा में काव्य–भाषा की तरह कथा भाषा का

[10] हिन्दी नवलेखन– डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ. 13

प्रश्न उठाया हैं वे कहते हैं–''वर्णन की परंपरित स्थूल भाषा और नयी कविता की अमूर्त और विरूपीकृत भाषा को एक रचना–विधान में कैसे संघटित किया जाय, जिससे दोनो के बीच न जोड़ दिखाई दे और न दरार ही, यही आधुनिक उपन्यास की मूल समस्या है।''[11]

अपनी नवीनतम प्रकाशित पुस्तक कविता का पक्ष (1994 ई.) में डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी दो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठाये हैं। एक है राजनीति और विचारधारा के सर्वग्राही चरित से कवि की रक्षा और दूसरा है सांस्कृतिक प्रदूषण जो अमेरिकी राजनीतिक सांस्कृतिक साम्राज्यवाद के फैलाव के साथ हमारी संस्कृति को बुरी तरह प्रदूषित कर रहा है– को दूर करने का दायित्त्व व कविता का है। अर्थात् माध्यम के संयुक्त मोर्चे से कविता की रक्षा भी करती है दूसरी ओर सांस्कृतिक साम्राज्यवाद के फैलाव से उत्पन्न सांस्कृतिक प्रदूषण से अपनी संस्कृति को मुक्त रखने में कविता को जो भूमिका निभानी है उसके प्रति उसे जागरुक भी करना है। निश्चय ही य दोनों प्रश्न आज के परिवेश में विशेष रूप से विचारणीय हैं। आज के परिवेश में कविता का पक्ष प्रस्तुत करके डॉ. चतुर्वेदी ने एक सजग समीक्षक के दायित्त्व का निर्वाह किया है।

इस प्रकार डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी ने साहित्य के सभी पक्षों पर विचार कर उसके सन्दर्भ में अपने मतों की अभिव्यक्ति की है। जो भाषा, संवेदना, भाव, अनुभूति, विम्ब इत्यादि के साथ–साथ साहित्य के सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं सामाजिक सभी के साथ अपने सरोकार स्थापित किये हैं, यहाँ तक की ऐतिहासिक पक्षों को ध्यान में रखकर आपने आधुनिक काल, वर्तमानकाल, नवलखन युवालेखन को भी परिभाषित किया है।

रामस्वरूप चतुर्वेदी वर्तमान समय को यांत्रिक तीव्रता को साहित्य के प्रति समस्या के रूप में व्यक्त करते हैं जिसके कारण इन्होंने साहित्य के कुछ नये दायित्त्वों की आवश्यकता महसूस की। चतुर्वेदी जी आधुनिक रचना की समस्या को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि– ''कविता यदि यथार्थ का संश्लिष्टतर होता अनुभव है तो समकालीन यांत्रिकी ने गति को इतना बढ़ा दिया है कि गति ही प्रधान है और अनुभव पिछड़ गया है। तेजी से बदलते दृश्यों की यांत्रिक कला सिनेमा या उसका विकसित रूप दूरदर्शन समकालीन जीवन के केन्द्र में आ गया है। अनुभव से सह वर्तित्व का मूल मानवीय गुण आज यंत्र की पूर्वापरता से हारता दिखता है। गति को विज्ञान के अंतर्गत समीकरण में बांधना उतना मुश्किल नहीं जितना कि उसे कविता में रचना।''[12]

डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी का कहना है कि दायित्त्व के संदर्भ में रचनाकार के समक्ष नयी एवं बुनियादी समस्याएँ उत्पन्न हो गयी हैं। अबतक जो कवि मनोविकारों से उलझता रहा है आज उसके सामने उग्रता काल की तीव्र गति को मानवीय व्यक्तित्त्व में व्यवस्थित करेन की समकालीन संस्कृति की बुनियादी चिंता बन गई है।

इस प्रकार डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी ने साहित्य के नये दायित्त्व को अपने चिंतन का विषय बनाया है। संचार साधनों के कारण पशुवत और मूक हुए आदमियों को फिर से मानव या इंसान बनाने की क्षमता वे साहित्य में पाते हैं– ''संचार साधन के मारे इन आदमियों के लिए इंसान होना मयस्सर कर सकना साहित्य के लिए नया, कठिन पर निश्चय ही उसके योग्य दायित्त्व है।''

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. साहित्य के नय दायित्व–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, 1992 ई.

2. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी,

[11] हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास– डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ. 319

[12] साहित्य के नये दायित्त्व–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ. 15, 16

लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, प्रथम सं. 1986 ई.

3. हिन्दी नवलेखन–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, 1960

4. काव्य भाषा पर तीन निबंध–डॉ रामस्वरूप चतुर्वेदी, सपांदक डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र, चतुर्थ संस्करण 2008 ई.

5. प्रसाद निराला अज्ञेय–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, छठवां संस्करण 2009 ई.

6. भाषा संवेदना और सर्जन–डॉ रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन इलाहाबाद, 1996 ई.

7. सर्जन और भाषिक संरचना–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, प्रतिभा प्रकाशन इलाहाबाद, 1980 ई.

8. कामायनी का पुनर्मूल्यांकन–डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोक भारती प्रकाशन इलाहाबाद, 1993 ई.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

संगीत–लेख–पत्रिका
''शास्त्रीय रागों पर आधारित फिल्मी भजन एवं निहित भक्ति भाव''

श्रीमति संगीता राय
शोध छात्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

शोध सार– ईश्वर की उपासना करना ही भक्ति कहलाती हैं, संगीत और भक्ति का संबंध अटूट हैं व्यक्ति जब अपने मनोभावों को गाकर व्यक्त करता हैं तब उसे ऐसा लगता है कि वह ईश्वर के अधिक निकट है शास्त्रीय रागों पर आधारित भजन जब फिल्मों में गाये जाते हैं तब जनसाधारण को अधिक आनंद की अनुभूति होती हैं।

आराधना, सेवा, विभाग, विश्वास, उपचार, आश्रय लेना, आश्रित होना, आराध्य देवता का नाम जपना तथा उसका बारंबार स्मरण और ध्यान करना, अतः ऐसा कहा जाता है कि भक्ति किसी साधक के अपने आराध्य देव के प्रति निरंतर पूज्य भाव, स्मृति एवं प्रीति रखने का भाव ही भक्ति ही है। भक्ति में क्रिया, ज्ञान एवं भाव तीनों ही अमूर्त रूप से अतंरनिर्हित रहते हैं। अतः भक्ति सबसे स्वतंत्र होते हुये भी सकल गुणों की भंडार है।

''भक्ति स्वतंत्र सकल गुण खानि।''

भक्ति स्वयं सर्वसमर्थ अहैतुकी कृपा से दिया हुआ वह दिव्य साधन हैं, जिसे धारण कर लेने पर भक्त भी भगवन्त गुणों से सम्पन्न हो उठता हैं। कबीर ने परमात्मा को मित्र, पिता और पति आदि रूपो में देखा हैं। कबीरदास जी कहते हैं–

''हरि मोरे पिउ, में राम की बहुरिया''
और कभी कहते है ''हरि जननी मैं बालक तोरा''।

उनकी उलट बासियों में उनका भगवान के साथ जो मधुर प्रगाढ़ संबंध था उसकी बहुत सुंदर व्यंजना हुई है। सरलता, साधु स्वभाव, निश्छल संत जीवन के कारण ही कबीर आज तक भारतीय जन समुदाय मे लोगों के कंठहार बने रहे है। संत शिरोमणि कबीर का नाम उनकी सरलता और साधुता के लिए संसार में सदा अमर रहेगा। ख्याल गायन में प्रस्तुत इनकी प्रमुख रचनाएं।

राग रामकलीः झपताल (मध्यताल)

स्थाई – अब बली तब बली भुव बली राला,
जाके मदद पीर मौन दीन ख्वाजा,

अंतरा – देगा अली की ते गा अली की,
जाके द्वारन पर गाय गुनि साजा,

संचारी – राम रहिम जो ना भाव दूजा,
कहत कबीरा उनका पसारा।

आभोग – जौ दॉद माने परे जो जरब में।
ग्वाली शास्त्र कुरान निरखे सताजा।।

राग दरबारी कान्हड़ा, एकताल

स्थाई – घूँघट के पट खोल रे तोहे राम मिलेंगें।
अंतरा – घटघट रमता राम रमैया कटुक वचन मत बोल रे।

रंग महल में दीप बरत है आसन से मत डोल रे।
कहत कबीर सुनो भाई साधो अनहत बाजत ढोल रे।

भारतीय संगीत में निहित भक्ति को महत्व अनेक युगों के भक्तों एवं उनकी रचनाओं की देन है। भारतीय संगीत के विविध रूपों यथा सामगान, धुवागान, गीतिगान, जातिगान, प्रबंध गान ध्रुपद, धमार, गायन से लेकर ख्याल गायन में भक्ति प्रधान रचनाएं निरंतर प्रचलित रही हैं।

प्रबंध गान के पश्चात् ध्रुपदगान शैली प्रचार में आई, जिसमें संस्कृत–श्लोकां को गाकर हमारे ऋषि–मुनि भगवान की आराधना करते थे।

गीत का यह प्रकार मध्यकाल से लेकर आज तक प्रचलित है। इसमें स्वर, लय और सहित्य इन तीनों अंगों का समुचित संयोग अपेक्षित रहता है। ध्रुपद गायन शैली का आविष्कार ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर द्वारा हुआ है।

इसमें स्थायी, अंतरा, संचारी और आभोग – ये चार भाग होते हैं ध्रुपद की विभिन्न शैलियों को वाणी कहा जाता था। ये चार वाणियां थी गोबर हार, डागुर, खण्डार और नौहार, ध्रुपद का विषय विष्णु, शिव, राम कृष्ण आदि की भक्ति और चरित्र–चित्रण भी रहा है। तानसेन, बैजू, रामदास, स्वामी, हरिदास, गोविंद स्वामी आदि अनेक महान् ध्रुपद–गायको की रचनाएं भक्ति भावना से ओतप्रोत है। ध्रुपद गायक धमार गायन में भी प्रवीण होते थे। धमार शैली बहुत कुछ ध्रुपद के समान होती है। इसे धमार गायकी 'होरी' भी कहत है। धमार के गीत प्रायः श्रृंगारिक होते है। जिसमें राधाकृष्ण के परस्पर होली खेलने का वर्णन होता है।

फिल्मों के विकास में भारतीय शास्त्रीय संगीत का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हिंदी फिल्मों में रागों पर आधारित भजनों के द्वारा ईश्वर भक्ति का मार्ग मिलता है। मानव जाति के अंतकरणः विशिष्ट भावनाओं के लिए ईश्वर उपासना से आनंद की प्राप्ति होती है। जब ईश्वर भक्ति में लीन भक्त भगवान के गुणगान स्वर और ताल के माध्यम से करता है तब वह ईश्वर की उपासना करने में सफल होता है।

भारतीय फिल्म संगीत सन् 1931 से बोलती अर्थात् सवाक् फिल्मों का युग आरंभ हुआ। प्रथम भारतीय सवाक् हिन्दी चित्रपट 'आलम आरा' थी जिसके संवाद, गीत आदि हिन्दुस्तानी में बोले गये थे। फिर फिल्म जगत में बहुत सी ऐसी फिल्में बनी जिसमें भगवान की आराधना, सुमरन स्तुति, गुणगान किया जाता था। सन् 1952 में फिल्म बैजू बावरा आई जिसमें भजन 'मन तडपत हरि दर्शन को आज' राग मालकौस में गाया गया है। इसका गायन मुहम्मद रफी द्वारा और इसका संगीत नौशाद द्वारा दिया गया है।

मन तडपत हरिदर्शन को
हरि ओम्..... हरिओम्.....हरिओम
मन तडपत हरि दर्शन को आज, मोरे तुम बिन बिगरे सगरे काज।
बिनती करत हूँ, रखियों लाज! मन तड़पत हरिदर्शन को आज।।
तुम्हारे द्वार का मैं हूँ जोगी, हमरी ओर नजर कब होगी।
सुनो मोरे व्याकुल मन का बाज! मन तड़पत हरि–दर्शन को आज ।।
बिन गुरू ज्ञान कहॉ से पांऊ, दीजो दान, हरि गुन गांऊ ।
सब गुनिजन पै तुम्हरा राज! मन तड़पत हरि दर्शन को आज।।

राग– मालकौंस
ताल –तीनताल

भावना का विस्तार ही भजन का लक्ष्य हैं। संगीत के माध्यम से जब भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया जाता हैं तो संपूर्ण वातावरण में सात्विक गुण की वृद्धि होने लगती हैं और मानव की चेतना ऊर्ध्वमुखी होकर परमात्मा में विलीन होने लगते है। यही भक्तिपरक गान का लक्ष्य है।

भजन

भजन मे शास्त्रीय संगीत की तरह बंधन नहीं रहता। जिन गीतों में ईश्वर का गुणगान या उनसे प्रार्थना की जाती है, उन्हें भजन और जिन कविताओं को स्वर–ताल बद्ध करके गाते हैं, उन्हें गीत कहते हैं। राग–ताल नियमों से स्वतंत्र, आकर्षक रचनायें, भावानुकूल शब्दों द्वारा गीत रचना आदि इनकी विशेषताएं होती हैं। अधिकतर ये दादरा और कहरवा ताल में होते है। इनमें और चित्रपट गीतों में मुख्य अंतर यह है कि इनकी तुलना में चित्रपट गीतों की रचना बहुत चलती–फिरती और शब्द सस्ते ढंग के होते हैं।

हृदय की समस्त वृत्तियों को अपने जीवन काल के पुनीत चरणों में समर्पित करना ही भक्ति हैं दो हृदयों के एकीकरण को भक्ति कह सकते है। किंतु भक्ति में एकरूपता एक रसता होते हुये भी भक्त कि भगवान के प्रति श्रद्धेय तथा पूज्यनीय भावना होती है यही कारण है कि भक्ति में गंभीरता और तन्मयता होती है। भक्ति में इस तन्मयता को बनाये रखना एकमात्र साधन हैं। संगीत में एक सुनियोजित श्रृंखलाबद्ध लय होती हैं। स्वरों में एक गति होती हैं जिससे आवधित रस प्रभाव संभव हो पाता है इससे हृदय की तल्लीनता विशेष सहायता मिलती है। इन्हीं गुण

के कारण संगीत को सभी ने भक्ति का श्रेष्ठतम उपादम्य माना है। विश्व की विभिन्न जातियों के विभिन्न धर्मों में संगीत को उपासना का प्रधान अंग माना जाता है। बिना संगीत देवताओं को कल्पना ही निराधार हैं जैसे–भोले बाबा शंकर द्वारा डमरू घोष के साथ ताडंव नृत्य और पार्वती जी लास्य नृत्य तो जग प्रसिद्ध है ही देवर श्री नारद के एक तारे की झनकार अभी तक झनकृत्य हैं विद्या की अधिष्ठात्री मॉ सरस्वती की कल्पना तो उनकी वीणा के बिना अधूरी है। बंशी के जादूगर कृष्ण कन्हैया की तान कभी कोई भूल नहीं पाया जब अपने आराध्य को संगीतमय देखा तो भूला भक्त तो कैसे इस जादूभरे संगीत को छोड़कर अपने भगवान को मन मोहने के लिए किसी अन्य वस्तु का सहारा लेता, आज के यांत्रिक युग में भी जबकि व्यक्ति की व्यस्त दिनचया तक ने एक यंत्र का रूप ले लिया है। हमें भक्ति और संगीत के सुगम बद्ध एवं सुघटित रूप के दर्शन होते रहते है। आज भी व्रज के रास कृष्ण भक्ति के साथ–साथ संगीत के तीनों अंगो गायन, वादन तथा नृत्य के दर्शन होते है। पडित डी.वी. पलुस्कर द्वारा गाये गये अनेक पद जा भक्ति के साथ पूर्ण शास्त्रीय संगीत में निबद्ध है। किसका मन नही मोह लेते पंडित ओमकारनाथ ठाकुर द्वारा 'मैया मोरी मै नहीं माखन खायो' तथा मीरा का गिरधर आगे नाचूगी पद आलाप तानों द्वारा भावनाओं को गाकर साकार रूप प्रदानकर देते है इस प्रकार हमारी भारतीय संस्कृति में भक्तों और संगीत का पारंपरिक संबंध चिरकालिक सनातन और साश्वत हो गया है।

शास्त्रीय संगीत को फिल्म संगीत में इतना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ हैं कि फिल्म संगीत अथवा शास्त्रीय संगीत की एक अलग शाखा बना सकते है। शास्त्रीय रागों का प्रयोग फिल्म गीतों में मुख्य रूप दो प्रकार से हुआ है। प्रथम गीत किसी राग विशेष पर आधारित हो या उसमें स्वर बद्ध हो किंतु शास्त्रीय गायकी कि भांति उसमें अल्प तान आदि अभिन्न अंग न हो तथा बंदिश सीधी व सरल हो किसी साधारण श्रोताओं वर्ग गीतों का संबंध रागों स करता ही नही। इस श्रेणी के गीतों में कदाचित सबसे अधिक गीत भैरवी राग में गाये गये जैसे फिल्म अमर प्रेम बड़ा नटखट है रे कृष्ण कन्हैया राग भैरवी में गाया है शास्त्रीय संगीत में रागों की कमी नही इसका फिल्मी संगीतकारों ने पूरा लाभ उठाया है। कदाचित इसी कारण स यदि एक और सरल रागों में गीत प्रस्तुत किये गये है। तो दूसरी और कठिन व कम प्रचलित और रागों में भी बड़ी ही आकर्षण तथा कर्ण प्रिय रचनायें प्रस्तुत की हुई है। फिल्मी गीतों में मधुवन में भी राधिका नाचे रे, फिल्म कोहिनूर जैसे त्रिवट और चतुरंग अंगो स गाये गये गीतो के अनेक उदाहरण प्रस्तुत है। फिल्मी शास्त्रीय गीतों अनेक भारतीय वाद्यों का विशेष उपयोग भी बड़ी ही कुशलता व सुंदरता से किया जाता है। इस प्रकार शास्त्रीय रागों पर आधारित फिल्म भजन का संबंध गहरा हैं अतः फिल्म संगीत निर्देशक को इस ओर ध्यान देना चाहिये और सभी जनता शास्त्रीय संगीत को स्थान प्राप्त करेगी।

संदर्भ :–

1. सत्यवती शर्मा, ख्याल गायन शैली विकसित आयाम, पृ.सं. 105

2. डॉ राजीव जैन, उत्तर भारतीय शास्त्रीय गायन शैलियों में निहित भक्तिभाव, संगीत पत्रिका पृ.सं. 60,

3. डॉ. लक्ष्मीनारायण गग, फिल्मी भजन अंक, संगीत कार्यालय हाथरस उ0प्र0 संस्करण 2001, पृ.सं. 05,

4. डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, भक्ति संगीत अंक वर्ष 36, अंक 01 जनवरी 1970 पृ.सं. 37,

5. डॉ. लक्ष्मीनारायण गर्ग, फिल्मी शास्त्रीय गीत अंक वर्ष 36 अंक जनवरी 1973 पृ.सं.11,

6. संगीत लेख इंटरनेट के माध्यम से ज्ञानभक्ति कोश द्वारा,

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

आर्थिक विकास और उद्यमिता

अभिलाष पाण्डेय
शोध छात्र अर्थशास्त्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

किसी भी देश के आर्थिक विकास और उद्यमिता के मध्य घनिष्ट संबंध पाया जाता है। मानव सभ्यता इस बात का प्रमाण है कि प्राचीन काल से अब तक जो आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन हुए हैं, वह उद्यमिता विकास की देन है। पश्चिमी देशों, यू.एस.आर, और एशिया में जापान के आर्थिक विकास में उद्यमिता एक महत्वपूर्ण घटक रहा है। अब यह भारत जैसे देश में भी तेजी से महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। अल्प विकसित देशों में गरीबी, पिछड़ापन, बैरोजगारी, प्राकृतिक संसाधनों का अल्प या अपूर्ण विदोहन, अशिक्षा, परम्परागत सामाजिक जीवन रुढ़िवादिता आदि विशेषताएं पाई जाती है। ऐसे सामाजिक परिवेश मे जहां परिववववर्तन की इच्छा का अभाव होता है, सामाजिक व आर्थिक परिवर्तन सहज नहीं होता है। जब तक देशवासियों और समाज के लोगों के दृष्टिकोण की इच्छा जागृत नहीं होती है, तब तक सामाजिक व आर्थिक विकास और परिवर्तन की संभावनाएं नहीं होती है। मेंयर एण्ड वाल्डविन के अनुसार ''विकास की प्रकिया स्वतः प्राकृतिक रुप से घटित नहीं होती है। जब आर्थिक दशाएं अनुकूल रुप में होती है, तब एक उत्प्रेरक या अभिकर्ता की आवश्यकताएं होती है। और इसके लिये उद्यमीय कियाएं आवश्यक होती है। उद्यमी, सामाजिक परिवेश का अध्ययन और विश्लषण कर यह जानने में सफल होता है कि लोगों में परिवर्तन की इच्छा है अथवा नहीं ? यदि परिवर्तन की इच्छा पाई जाती है तो उद्यमी भावी परिवर्तन की रुपरेखा और उसके कियान्वयन की योजना तैयार करता है। उद्यमी इस संपूर्ण योजना मे निहित जोखिम का अनुमान और विश्लेषण कर, व्यावसायिक इकाई के संगठन और इसकी स्थापना की रुपरेखा तैयार करता है। इससे देश में उपलब्ध प्राकृतिक मानवीय संसाधनों के विदोहन का मार्ग प्रशस्त होता हैं। इस प्रकार कुशल उद्यमी, उत्पादन के विभिन्न साधनों को संगठित और समन्वित कर, उनका मानव समाज और राष्ट के हित में विदोहन संभव बनाते है। विश्व के किसी भी क्षेत्र में व्याप्त निर्धनता समस्त संसार की समृद्धि के लिये खतरनाक हो सकती है। यही कारण है कि अब विकसित देश भी अल्पविकसित देशों के पिछड़ेपन को दूर करने के कठिन कार्य में रुचि लेकर कुछ सीमा तक इनके औद्योगीकरण में सहयोग प्रदान करने लगे है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के एक प्रकाशन के अनुसार ''अल्पविकसित राष्ट्रो से आशय उन देशों से है, जिनमें प्रति व्यक्ति वास्तविक आयु संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया एवं पश्चिमी यूरोप के देशों की प्रति व्यक्ति आय की तुलना में कम है। प्रति व्यक्ति आय की कमी और निम्न जीवन स्तर होने का प्रमुख कारण औद्योगिक पिछडेपन के परिणाम स्वरूप औद्योगिक विकास की दन निम्न होना है। प्रो. जेकब बाइनर ने लिखा है कि ''एक अल्प विकसित देश राष्ट्र है, जिसमें अधिक पूंजी अथवा अधिक श्रम–शक्ति अथवा उपलब्ध प्राकृतिक साधनों अथवा इन सभी के उपयोग के लिए उत्तम सम्भावनाएं मौजूद होती है। जिससे कि वह देश की वर्तमान जनसंख्या के जीवन स्तर को ऊंचा किया जा सके और यदि उस देश की प्रति व्यक्ति आय पहले ही पर्याप्त ऊंची है, तो सहन–सहन के विद्यमान स्तर में कमी किए बिना और अधिक जनसंख्या का निर्वाह किया जा सकें।

प्रो. वाइनर ने जीवन स्तर में वृद्धि अथवा वर्तमान जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए पूंजी श्रम व अन्य साधनों के उत्तम उपयोग की संभावनाओं पर बल दिया हैं ये संभावनाएं कुशल उद्यमियों की पूर्ति से ही साकार हो सकती है। अनेक विद्वानों ने आर्थिक विकास के लिए तकनीकी स्तर को भी महत्वपूर्ण माना है। अल्पविकसित राष्ट्रों में निम्न तकनीकी स्तर के कारण ही विकास की सीमा इतनी कम होती है कि उससे यथार्थ में उत्पादन एवं बचत के वर्तमान स्तर को ही बनाए रखा जा सकता है। फलस्वरूप

प्रति श्रमिक औसत पारिश्रमिक उस राशि की तुलना में बहुत कम होता है। जो उसे उस देशों में प्राप्त होता है। जब उन्नत प्रौद्योगिकी अथवा संपूर्ण ज्ञात तकनीक का उपयोग उत्पादन में किया गया होता।''

किसी भी देश में उद्यमिता विकास कार्यकमों का कुशल संचालन होने से उत्पादन एवं बचत दोनों में ही वृद्धि होती है। इससे उद्योग से जुडे हुये लोगों की आय में भी वृद्धि होती है, यह वृद्धि उद्यमिता विकास के परिणामस्वरूप तकनीकी ज्ञान के अपनाएं जाने से संभव होता है। रेगनर नर्क्से, विकास के लिये पूंजी अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी ही चाहिए, किन्तु इससे विकास तभी संभव हो सकेगा जब पूंजी के साथ–साथ मानवीय गुणों तथा अनुकूल सामाजिक एवं राजनैतिक दशाओं की पूर्ति भी हो सके। श्री नर्क्से के शब्दों में विकास के लिये पूंजी यद्यपि एक आवश्यक शर्त है, किंतु पर्याप्त शर्त नहीं है।

मानवीय गुणों सामाजिक मनोवृत्तियों, सामाजिक दशाओं तथा ऐतिहासिक घटनाचक से आर्थिक विकास का घन्ष्टि संबंध होता है। स्पष्ट है कि नर्क्से महोदय ने पूंजी को मानवीय तत्व की अपेक्षा कम महत्वपूर्ण माना है, क्योंकि पूंजी स्तर में वृद्धि आर्थिक विकास की प्रकिया प्रारंभ होने के परिणाम स्वरुप ही हो सकती है। आर्थिक विकास की प्रकिया प्रारंभ कर देना मात्र ही प्र्याप्त नहीं होता, जब तक कि उद्यमिता विकास के लिये सुनियोजित प्रयास न किये जावें। उद्यमिता विकास के लिये सुनियोजित प्रयास कुशल उद्यमियों की पूर्ति पर ही निर्भर होता है।

मैकलॉयड ने आर्थिक विकास के लिये पूंजी की अपेक्षा साहस को अधिक महत्व प्रदान किया है। मैकलॉयड के अनुसार अर्द्ध विकसित उस देश अथवा प्रदेश को कहा जावेगा, जिसमें उत्पादन के अन्य साधनों की तुलना में साहस का अनुपात अपेक्षाकुत कम होता है, किंतु साथ ही उत्पादन कार्यों में पूंजी के और अधिक लाभदायक विनियोग की उत्तम संभावनाएं विद्यमान है। उत्पादन कार्यों में पूंजी का अधिक लाभदायक विनियोग कुशल मानवीय गुणों, अर्थात कुशल उद्यमियों पर अवलंबित होता हैं। भारतीय योजना में इसे इस प्रकार स्पष्ट किया गया है– ''एक अल्प विकसित अर्थव्यवस्था वह होगी, जिसमे न्यूनाधिक रुप से एक और अपयुक्त या अल्पप्रयुक्त मानव श्शक्ति तथा दूसरी और अशोषित अथवा अप्रयुक्त प्राकृतिक साधनों का सह आस्तित्व दिखयी देता है। कुशल उद्यमी प्राकृतिक व मानवीय संसाधनों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर औद्योगीकरण की दिशा में उपयोगी बनाने के लिये साहस एवं उद्यम की आवश्यकता होती है। कुशल उद्यमी औद्योगिक अवसरों की खोज कर उसमें निहित जोखिम को वहन करने की इच्छा–शक्ति के साथ, एक संगठनकर्ता एवं प्रबंधकर्ता के रुप में कार्य करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. खान. एम. ए. इन्टरप्रिन्योरियल डेव्हलमेंट प्रोग्राम्स इन इण्डिया, पृ. 39
2. दि. इकॉनामिक टाइम्स, अगस्त 30, 1983
3. हैण्ड बुक ऑफ स्टैटिस्टिक्स, 1989, स्मॉल स्केल इंडस्ट्री इन इण्डिया, पृ. 41
4. लुइस, डब्लू. ए. : दि थ्योरी ऑफ इकॉनामिक ग्रोथ, पृ. 52
5. मिश्र, डी. एन. इन्टरप्रिन्योरशिप डेव्हलमेंट एण्ड प्लॉनिंग इन इण्डिया, पृ. 24

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ENTREPRENEURSHIP AND SMALL BUSINESS

Sudhanshu Gupta
Research Scholar, RDVV, Jabalpur

वर्ष 2000 में ही बिहार से पृथक होकर अस्तित्व में आये झारखंड राज्य में क्षेत्रीय दल 'झारखण्ड मुक्तिमोर्चा' का वहां की सत्ता में निर्णायक दखल है. जबकि उत्तराखंड में न तो आन्दोलनकारी उक्रांद अपना अस्तित्व बचा सका है और न ही अन्य किसी क्षेत्रीय शक्ति का उभार हुआ है. सत्ता बारी बारी दो प्रमुख राष्ट्रीय दलों में बंटी रही है, उक्रांद कांग्रेस और भाजपा की सरकारों में भागीदार बनने के बाद आपसी कलह और क्षेत्रीय मुद्दों पर जनता का प्रतिनिधित्व कर पाने में असफल होने के चलते शून्य हो गया. क्षेत्रीय हितों के लिए आन्दोलन के फलस्वरूप अस्तित्व में आये राज्य की राजनीति क्षेत्रीय मुद्दों के उचित प्रतिनिधित्व के अभाव में राष्ट्रीय मुद्दों पर ही सिमटने को विवश हुई है. जबकि पर्वतीय क्षेत्र में आधारभूत ढाँचे, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, रोज़गार, पलायन के अतिरिक्त अनेक बांध परियोजनाओं के चलते पलायन और भूकंप, भूस्खलन बहुल क्षेत्र पहाड़ पर अस्तित्व बचाने का संकट है.

सन्दर्भ –

1 : http://www.country-data.com/cgi-bin/query/r-6037.html
2 : https://www.hindi.nyoooz.com/news/dehradun/uttarakhand-foundation-day-regional-parties-on-margins-in-the-state_150544/
3 : https://www.livehindustan.com/uttarakhand-election/party-uttarakhand-kranti-dal-1

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

दलित चेतना के विविध आयाम का साहित्यक अध्ययन

डॉ0 रामलाल साकेत
हिन्दी विभाग, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

सारांश :– दलित साहित्य के प्रतिष्ठित रचनाकार मोहनदास नैमिशराय का कहना है – ''दलित कविता एक सामाजिक आन्दोलन का सामाजिक प्रतिफलन है। अन्य काव्यधाराओं और साहित्यिक परम्पराओं की अपेक्षा उसका सीधा संबंध जीवन की जमीन में है।''[1]

हजारों साल के ऐतिहासिक परिदृश्य में दलितों ने जो सामाजिक उत्पीड़ना सहा है, विषमाताएँ झेली है, भेदभाव और शोषण ने उसके मस्तिष्क पर जो गहरी रेखाएँ खींची है, ऐसी वर्ण व्यवस्था से उपजी विषमताओं और विसंगतियों को दृष्टि में रखकर ही दलित साहित्य का विश्लेषण करके, सौन्दर्यशास्त्र और साहित्यिक मूल्यांकन के अध्ययन की दिशा में आगें बढ़ सकते है। साहित्य सृजन दलित जीवन के यथार्थ को प्रतिबिम्बित करने के साथ ही उसे पहचानने का भी एक साधन है। साहित्य और कला के प्रति यह दृष्टिकोण सामाजिक व्यवस्था में साहित्य के महत्व का उचित मूल्यांकन भी है। दलित साहित्य में दलित जीवन का यथार्थवादी चित्रण यथार्थ की मात्र नकल नहीं है, बल्कि साधारण परिस्थितियों में साधारण चरित्रों का वास्तविक पुनर्सृजन है। इस कार्य में दर्शन और कलात्मक पांडित्यपूर्ण प्रदर्शन की आवश्यकता कतई नहीं है – पाठक की चेतना और अनुभूति को प्रभावित करने वाले गहन संवेदना से ही यह संभव है।

प्रविधि :– इस शोध पत्र में **दलित चेतना के विविध आयाम का साहित्यक अध्ययन नामक** विषय पर द्वितीय शोध सामग्री का संकलन किया गया है। इसके साथ–साथ विद्वानों का मार्गदर्शन, पत्र–पत्रिकाओं के माध्यम से शोध पत्र का निर्माण किया गया है।

शोध पत्र का उद्देश्य :– दलित साहित्य में मानवीय मूल्यों का अध्ययन करना।

- सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक मूल्यों का अध्ययन करना।
- दलित साहित्य में मूल्य चेतना का अध्ययन करना।

समाज की स्वतंत्र सत्ता नहीं है, समाज केवल व्यक्तियों से मिलकर ही बनता है। व्यक्तियों के आपसी मेल–मिलाप तथा संबंध को समाज कहते है। समाज में रहकर व्यक्ति उन्नति कर सकता है।

'धरती धन न अपना' में दलितों के सामाजिक अन्याय का यथार्थ चित्र है, जहॉ शोषितों द्वारा सही जाने वाली – अनेक विषमताओं का चित्रण है। पुरातन काल से समाज में चला आ रहा वर्ग संघर्ष, 'घोड़ेवाहा' गॉव में भी उसी रूप में व्याप्त है। उच्च जाति के लोग स्वभाव से अहंकारी है। हर भू–स्वामी का अपना चमार होता है। धन के अभाव में ये चौधरियों की ज्यादतियों को सहने के लिए विवश है। चमारों के साथ गाली–गलौज करना, उन्हें पीटना उनके लिए मामूली बात है। मानवता नाम की चीज से वे बिल्कुल अनजान है। काली की चाची के इन शब्दों से उनकी सामाजिक स्थिति का आभास होता है, ''तू चौधरियों के लड़कों के साथ कबड्डी क्यों खेलने गया था। उसने तो एड़ी मार दी। गरीब की चाहे जान चली जाये। चमार घूरकर भी देख ले तो चौधरियों को ताव आ जाता है। आप चाहे चमार को जान से भी मार दे तो कोई पूछने वाला नहीं है।''[2]

उपयोगिता :– इस उपन्यास में एक तरफ काली चौधरियों के अन्याय को हनीं सहता, दूसरी तरफ मंगू चमार जैसे लोग उनके दरवाजों पर कुत्तों की तरह पड़े रहते है और उनका जूठन चाटते है। दलितों का अपना कोई अस्तित्व नहीं है। उनकी स्त्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

काली अपनी सामाजिक नियति से अनजान है। उसके ज्ञानों के साथ प्रगाढ़ प्रेम संबंधों का अन्त अत्यन्त दुःखद होता है। उनका अपना समाज उनके मन को कुचल देता है। ज्ञानों को जहर देकर मार दिया जाता है।

दलितों से सहानुभूति रखते हुए लेखक ने उस समाज के अमानवीय पक्षों को उघाड़ा है। काली और ज्ञानी का दुखान्त चौधरियों के कारण नहीं, वरन् दलित समाज के अपने सांस्कृतिक ढॉचे के कारण है।

'नरक कुण्ड में वास– में लेखक भूमिहीन और दलित व्यक्ति की समाज में क्या स्थिति है, उसका विविध आयामों से चित्रण करता है। काली की नियति

व्यक्ति की नहीं, सर्वहारा व्यक्ति की है। जिसे न गॉव सम्मान का जीवन दे रहें है। और न शहर, वह नरक दर नरक महक रहा है। काली और उसे साथी गंदे वातावरण में रहने और काम करने के लिए विवश है। करने को तो ये सभी आजाद देश के नागरिक हैं, लेकिन इन्हें क्या मिला? लेकिन लगता है। आजादी सेठो, अफसरों और बड़े–बड़े चौधरियों की कोठियों और हवेलियों में ही फॅसकर रह गयी है। उसे छोटी–छोटी गलियों और कच्चे मकानों का रास्ता नहीं मिला,,, साले कितना बड़ा धोखा है।[3]

समाधान :– डॉ. देवेन्द्र चौबे अपने आलेख 'दलित का अर्थ' में कहते हैं – ''इस (भारतीय) संस्कृति में ऐसी कई अवधारणाऍ है, जो मनुष्य के बीच भेद करती है। उस अवस्था को अपना आदर्श रूप मानती है, जिसमें दमन के खिलाफ विद्रोह और प्रतिशोध अपना सामाजिक अपराध (की तरह) माना जाता है। दलित समाज का साहित्य वर्चस्व की संस्कृति से जुड़े इन सारे सवालों को उठाता है, और उनसे संवाद करते हुए टकराने की कोशिश करता है।''[4]

डॉ. सी.वी. भारती – दलित साहित्य की सौन्दर्य दृ"ट में होता है। उत्पीड़न, पीड़ा व उसके विस्तार का निरपेक्ष आकलन, धार्मिक पाखंडों व निहित स्वार्थवश निर्मित शोषण के उपादानों के प्रति घृणा एक सजग मानवीय अस्मिता, समत्व बोध, सामाजिक अन्यायके प्रति प्रतिकार का सामर्थ्य सामाजिक परिवर्तनों के प्रति अडिग आस्था व परम्परागत घृणित व्यवस्थाओं के विच्छेदन की सफलता का विश्वास। आगे वे कहते है, ''दलित साहित्य के सौन्दर्य में काल्पनिक रोमांटिक रंगीनियॉ नहीं, अपितु घटनाओं का खुदरापन अपने यथार्थ रूप में प्रस्फुटित होता है।[5]

इसी प्रकार 'कभी न छोड़े खेत' में गॉव में एक खेतिहर मजदूरों और नीच जाति के लोगों का भी है जो अपने अस्तित्व के लिए जाटों पर निर्भर है। ये न केवल दिन–रात मेहनत मशक्कत करते हैं अपितु जाटों की गालियॉ, घुड़कियॉ भी बर्दाशत करते है, इनके लिए झूठी गवाहियॉ देते है। बल्कि उनके लिए जेल भी जाते है। इनकी औरतों को जाटों की भोग्या भी बनना पड़ता है। यदि वे इन्कार कर दे ंतो उन्हें लालच या डर से काबू में लाने की कोशिश की जाती है, क्योकि सभी समझते है कि, ''गरीब आदमी का हक उसके यौवन की तरह लम्बे समय तक नहीं रहता।''[6]

निष्कर्ष रूप में यह कहा जा सकता है, कि आज भी समाज में दलितों को बराबरी का अधिकार नहीं है। आज भी दलित को आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, शैक्षणिक हर क्षेत्र में स्थिति अत्यन्त दयनीय है। दलितों के साथ छुआछूत का व्यवहार किया जाता है। उनकी नारियों का शारीरिक और मानसिक दोनों तरह का शोषण किया जाता है। समाज में इन्हें ऊपर उठाने की बडी–बडी दलीलें दी जाती है। लेकिन अन्दर से उच्च वर्ग सदैव यही चाहता है, कि यह वर्ग हमेशा ही कमजोर और आर्थिक रूप से पिछड़ा ही रहे, ताकि उच्च वर्ग निम्न वर्ग से अपना काम चलाता रहे।

'दलित विशेषण' वस्तुतः समाज के सबसे निचले स्तर के सम्पूर्ण उपेक्षित जन–समूह पर लागू होता है। संविधान के अन्तर्गत परिगणित जातियों को अनुसूचित जाति की संज्ञा दी गयी, परन्तु इस सूची के बनाने के कई दशक पूर्व अछूत समझी जाने वाली जातियों को 'हरिजन' शब्द से सम्बोधित किया गया। 'हरिजन' ' ाब्द का प्रयोग महात्म गॉधी ने सहानुभूति दर्शाने के लिए नहीं बल्कि अछूत समझी जाने वाली अनेक जातियों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए किया था।

गॉधी जी ने अछूतों को हरिजन कहकर पुकारा है, उनके अनुसार, ''अछूतों का जन्म समाज के ऊॅचे वर्गो की तरह है। ऊॅचे वर्गो ने ही उन्हें यह निम्नतम स्थान दिया है, न कि ईश्वर ने बताया है। यह समाज की गिरी और दलित भावना का परिणाम है। न कि ईश्वर की कृति है या किसी विधान की देन है।''[7]

प्रबुद्ध लोगों ने 'हरिजन' के बदले 'दलित' शब्द का प्रयोग करना आरंभ कर दिया। समाज के दबे, कुचले, असहाय, अकिंचन लोगों को दलित की संज्ञा दी गयी।

आर्थिक रूप से दलित प्राचीन काल से समाज का उत्कर्ष मनुष्य के आर्थिक जीवन की सम्पन्नता और समुन्नति पर निर्भर करता रहा है। आर्थिक विपन्नता से ग्रस्त समाज विकास की ओर अग्रसर नहीं हो सकता। आर्थिक विपन्नता समाज को खोखला एवं जर्जर बना देती है और ऐसे समाज में व्यक्ति का जीवन बद से बदतर हो जाता है।

जगदीशचन्द्र ने धरती धन न अपना शीर्षक के माध्यम से काफी हद तक दलित वर्ग की नियति को भी इंगित किया है। पुरातन काल से समाज में चला आ रहा वर्ग संघर्ष, 'छोड़ेवाहा' गॉव में भी उसी रूप में व्याप्त है। चौधरियों और चमारों का रिश्ता शोषक और शोषित का रिश्ता है। इसलिए चमार (दलित) दारिद्रय से पूर्ण नारकीय जीवन जीने को विवश है। आर्थिक रूप से चमार इतनी बुरी हालत में है, कि जब काली छह

साल बाद अपने गॉव वापिस आता है तो गॉव को पहले जैसी हालत में देखकर सोचता है कि वापिस शहर चला जाय। लेखक ने गॉव की तस्वीर इस प्रकार खींची–गोबर की तेज बदबू ने उसे चमादड़ (हरिजनों की बस्ती) के निकट ही होने का संकेत दिया, कुछ ही देर में चमादड़ीके बाहर कुँए पर पहुँच गया। कुँए के गिर्द गन्दे पानी और कीचड की छपड़ी बनी हुई थी। वह कुछ क्षणों के लिए रूक गया और सामने छोटे–छोटे कच्चे मकानों को देखने लगा।''[8]

डॉ. धर्मवीर भारती ने कविता में आर्थिक विपन्नताओं का जो चित्र उकेरा है, वह उल्लेखनीय है –

शोषण की अमर वेल, दमन की महागाथा,

यातना का पिरामिड, उत्पीड़न की गंगोत्री,

ऋणों के पहाड़, ब्याज के सागर,

निरक्षरों के मस्तिष्क, महाजनों की बही,

रुक्को रे अँगूठों की छाप उटपटॉग

जोड़ घटा, गुणा–भाग, देना सब एक[9]

तमाम आर्थिक, अवसादों, विभिन्नताओं के बावजूद दलित रचनाकार अपने समाज को अज्ञानता, दरिद्रता, हीनता से लड़ने की अदम्य इच्छा रखते हुए साहित्य सृजन करता है। उसके अनुभव ही उसकी अभिव्यक्ति हैं और जीवन के कठोरतम क्षणों में सृजित शब्द उसके लिए महत्पूर्ण है। मानवीय सरोकरों सें जुड़े तमाम विचार उसे मान्य है, वे विचार जो मनुष्य को सम्मान से जीना सिखाते है।

शहरों में गरीबों और दलितों की गॉव से भी बदतर हालत हैं। गॉव में कम से कम रोटी तो नसीब होती है, शहर में वह भी मुमकिन नहीं। 'नरक कुंड में वास' नामक उपन्यास का अगला हिस्सा है। इसमें 'धरती धन न अपना' उनन्यास की कहानी को ही आगें बढाया गया है। इस उपन्यास में दलित जीवन की आर्थिक स्थिति की भयावह तस्वीर दिखाई देती है। जब काली गॉव छोड़कर शहर जाता है। तो उसे वहॉ पर दो वक्त की रोटी भी कमाने के लिए रेढ़े में बैल की जगह लगना पड़ता है। काली को छिब्बू नामक पात्र शहर की परिस्थितियों से परिचित कराता है और अपनी और काली की स्थिति का उसे आभास दिलाता है। ''मेहनत मसक्कत करके आदमी दो टैम की रोटी तो कमा ही लेता है। लेकिल मेहनत के हिसाब से मजदूरी नहीं मिलती। गरजमंद को झुकना ही पड़ता है।''[10]

निष्कर्ष :–

कान्ति मोहन अपने निष्कर्षो से यह सिद्ध करने का प्रयास करे हैं कि दलित समस्या सामाजिक एवं धार्मिक नहीं, आर्थिक है। उनका कहना है –''अछूत प्रथा भूमि पर व्यक्तिगत स्वामित्व के संबंध स्थापित होने के बाद ही अस्तित्व में आई होगी। सामाजिक ऊँच–नीच का भय अभिन्न रूप से आर्थिक ऊँच–नीच के भाव से जुड़ा है। और आर्थिक ऊँच–नीच के भाव के मूल में भूमि का स्वामित्व और भूमिहीनता है।

कान्ति मोहन केक इन निष्कर्षो के पीछे एक सोच और दृष्टि है, जो दलित समस्याओं के उन बिन्दुओं को लगातार अनदेखा करती रही है जो सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था के द्वारा निर्मित हुए है। दलितों को सम्पत्ति जमा करने के अधिकार से वंचित किया गया। आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए। दंड, विधान में दोहरे नियम रखे गए वर्ण व्यवस्था एवं सामन्ती व्यवस्था, बेगार–प्रथा के तहत दलितों की आर्थिक विपन्नता निम्न से निम्नतर होती चली गयी।[11]

सन्दर्भ :–

1. मोहनदास नैमिशराय, दलित साहित्य का समाजशास्त्र, पृ. 25
2. जगदीशचन्द्र, धरती न धन न अपना, पृ. 141
3. जगदीशचन्द्र – नरक कुण्ड में वास, पृ. 155
4. डॉ. देवेन्द्र चौबे – साहित्य में पवित्रता ओर उत्कृष्टता का सवाल, राष्ट्रीय सहारा 30 अगस्त 1998, पृ. 14
5. डॉ. सी. वी. भारती – दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र, हंस 11, अंक 1, 1996, पृष्ठ 70, 72
6. जगदीश चन्द्र – गभी न छोड़े खेत, पृ. 57
7. डॉ. वीरेन्द्र नाथ सिंह – भारतीय सामाजिक चिंतन, पृष्ठ 120
8. जगदीशचन्द्र – धरती धन न अपना, पृ. 10–11
9. डॉ. धर्मवीर – हीरामन, शेष साहित्य प्रकाशन, शाहदरा दिल्ली, पृ. 55
10. जगदीश चन्द्र – नरक कुंड में वास, पृ. 115
11. कान्ती मोहन – प्रेमचन्द्र और अछूत समस्या, जनसुलभ साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ 5

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

बैंक से ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की समस्याएँ

नरेन्द्र कुमार वासनिक
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)

प्रस्तावना : प्रदेश के कृषको एवं ग्रामीणजनों को सहकारिता के माध्यम से साख प्रदान करने हेतु सन् 1957 में मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक का गठन किया गया था। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक एक शेड्यूल बैंक है जो प्रदेश की अल्पकालीन सहकारी साख संरचना की सर्वोच्च कड़ी है। पूर्व में बैंक का प्रधान कार्यालय जबलपुर में स्थित था, परन्तु सुविधा कि दृष्टि से इसका मुख्यालय 7 अप्रैल 1975 को राजधानी भोपाल में स्थानांतरित किया गया। प्रदेश में भीर्श बैंक की 10 संभागीय/उपसंभागीय शाखाएँ हैं। प्रदेश में कृषि एवं अकृषि ऋणों की साख पूर्ति सहकारी साख संस्थाओं के माध्यम से सम्पादित की जा रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में सहकारी बैंकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सहकारी संस्थाओं की संगठनात्मक संरचना निम्नानुसार त्रि–स्तरीय होती है–

1. राज्य स्तर पर – मध्य–प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक)
2. जिला स्तर पर – जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक
3. ग्राम स्तर पर – प्राथमिक साख समितियॉ।

राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंकों की संघीय संस्था है तथा इसके ऊपर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक और प्राथमिक सहकारी समितियों के माध्यम से आम ग्रामीण और कृषकों में साख आपूर्ति की व्यवस्था करने का उत्तरदायित्व है। प्रदेश में कृषि उत्पादन और ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शीर्ष बैंक अमानत संकलन के अतिरिक्त उच्च वित्तदायी संस्थाओं के ऋणार्जन भी करता है। इन वित्तीय संस्थाओं का उपयोग मुख्यतः 38 जिला सहकारी बैंकों की 835 शाखाओं एवं 5,873 प्राथमिक सहकारी समितियों के माध्यम से 72 लाख कृषक सदस्यों को अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण सुविधा उपलब्ध कराने में होता है। इनमें कुल जमा रकम लगभग 3,500 करोड़ रूपये है तथा 7 लाख खातेदार है। बैंक द्वारा राज्य स्तरीय सहकारी संस्थाओं एवं अशासकीय निगमों को भी उनके व्यावसायिक कार्यकलापों के लिए साख सुविधा प्रदान की जाती है। शीर्ष बैंक द्वारा विगत वर्षो में अपनी गतिविधियों को व्यापक बनाते हुये प्रदेश के सहकारिता के क्षेत्र में भाक्कर कारखानें, सोयाबीन सयंत्रों की स्थापना एवं संचालन हेतु शीर्षस्थ संस्थाएँ जैसे– तिलहन संघ, लघु वनोपज संघ, उपभोक्ता संघ, दुग्ध महासंघ, हाथ करधा एवं बुनकर संघ, भूमि विकास बैंक, म. प्र. बीज निगम आदि को भी साख सुविधाएँ प्रदान की जा रही है।

भारतीय कृषकों की अनेक समस्याएँ हैं। जिनमें से प्रमुख समस्या कृषि वित्त है, जो वर्षों से कृषकों के साथ जुड़ी हुई है। सरकार ने समय–समय पर कृषि नीति बनायी, बजट में भी कृषि के लिए प्रॉवधान किया, लेकिन इस समस्या का समाधान आज तक कोई भी सरकार नहीं कर पायी है। शोध के दौरान बैंक से ऋण प्राप्त करने वाले कृषक–वर्ग को कृषि वित्त से सम्बंधित आने वाली समस्याओं को निम्नानुसार अनुभव किया गया है –

1. ऊँची ब्याज दर – वर्ष 1994 से पूर्व में जिला सहकारी बैंक द्वारा अंतिम हितग्राही से वसूली जाने वाली ब्याज दर रिजर्व बैंक/नाबार्ड द्वारा निर्धारित की जाती थी, परन्तु वर्ष 1994 से जिला सहकारी बैंकों को ब्याज दर निर्धारण की छूट प्रदान कर दी गई। परिणामतः जिला सहकारी बैंक अपनी ब्याज दर निर्धारित कर रहे हैं। साथ ही ऋण के एक निश्चित अनुपात में ऋणी से अंशपूँजी में भी धनराशि लगानी पड़ती है, जिससे ऋण की लागत अपेक्षाकृत अधिक होती है। दूसरी ओर व्यावसायिक/ग्रामीण बैंकों द्वारा कम ब्याज दर पर बिना अंशपूँजी प्राप्त किये ऋण वितरित किया जाता है। परिणामस्वरूप जिला सहकारी बैंक ऋण वितरण में उत्तरोत्तर वृद्धि नहीं कर पा रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, कृषकों को कई वर्षों से कृषि के लिए वित्त प्रदान कर रही है, लेकिन वर्तमान में जो ऋण प्रदान कर रही है, उसकी ब्याज दर अधिक है। सर्वेक्षण प्रश्नावली के दौरान 81 प्रतिशत कृषकों ने बैंक की ब्याज दर को अधिक बताया हैं।

2. ऋण वितरण नीति – कृषि सम्बंधी कार्यों के लिए कृषकों को अल्पकालीन व मध्यकालीन कृषि साख का अनुमान नाबार्ड द्वारा स्वीकृत फसल ऋण प्रणाली के अनुसार जिले में गठित तकनीकी समूह द्वारा लगाया जाता है। ऋण सीमा का निर्धारण वर्तमान में जिस प्रकार किया जाता है, उससे कृषकों को ऋण सम्बंधी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती। अल्पकालीन ऋणों की अधिकतम सीमा 1,00,000 रूपये हैं, जिसमें 50,000 रूपये नकद तथा भोश वस्तु ऋण होता है। कृषकों की शिकायत है कि वस्तु ऋण के रूप में दी

जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता ठीक नहीं होती। यदि कृषकों को ऋण लेना है तो बैंक द्वारा इस हेतु मार्जिन मनी, अमानत के तौर पर जमा कराई जाती है। कृशकों को इस राशि की व्यवस्था अन्य साधनों से ऋण लेकर करनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा कृषि कार्यों के लिए जो ऋण दिये जाते हैं, सर्वेक्षित प्रश्नावली से ज्ञात होता है कि कृषकों द्वारा इन ऋणों का उपयोग कृषि कार्य में न करके अनुत्पादक कार्यों में व्यय कर दिया जाता है, जिससे ऋण वितरण का उद्देश्य भी पूरा नहीं होता है और इनकी वसूली भी समय पर नहीं हो पाती है जिससे बैंक को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

3. फसल बीमा के प्रचलित स्वरूप की समस्या – बैंक/समितियों के माध्यम से जो कृषक ऋण लेते हैं, उसमें फसल बीमा अनिवार्य होता है। अध्ययन से ज्ञात हो पाया है कि प्रचलित प्रणाली के तहत् कृषकों को नाममात्र का फायदा मिलता है क्योंकि पूरी तहसील के कृषकों की फसल नष्ट हो जाने पर इसका लाभ मिलता है। इसमें व्यक्तिगत कृषक की फसल का कीटनाशक व प्राकृतिक आपदा के कारण नष्ट हो जाती है तो व्यक्तिगत रूप से इसकी क्षतिपूर्ति नहीं हो पाती है और कृषकों को इस प्रणाली का सही लाभ नहीं मिलता है, जबकि फसल बीमा की राशि व्यक्तिगत रूप से ही ली जाती है।

4. ऋण राशि का दुरूपयोग – जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा अल्पकालीन मध्यकालीन व दीर्घकालीन ऋण कृषि कार्य हेतु प्रदान किये जाते हैं। कई प्रकरणों में देखा गया है कि किसान द्वारा उन ऋणों का कृषि कार्यों में उपयोग न करते हुए अनुत्पादक कार्यों में व्यय कर दिये जाते है, जिससे कि जहॉ एक ओर इन ऋणों के वितरण का उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता है, वहीं दूसरी ओर इन ऋणों की अदायगी समय पर नहीं हो पाती है, परिणामस्वरूप बैंक को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

5. उचित मार्गदर्शन का अभाव – बैंक/समितियों द्वारा कृषकों को कृषि वित्त हेतु ऋण प्रदान किया जाता है, लेकिन इसके साथ उनके लिए ऋण के उपयोग के लिए उचित मार्गदर्शन का अभाव है, जिसके कारण कभीं–कभीं कृषक ऋण का सही उपयोग नहीं कर पाते हैं।

6. कृषकों की निरक्षरता एवं अज्ञानता – भारत की अधिकांश जनता गांवों में रहती है एवं उसका बहुत बड़ा भाग निरक्षरता की श्रेणी में आता है, जिसके कारण निरक्षर किसान बैंक की कल्याणकारी योजनाओं से अनभिज्ञ रहते हैं। परिणामस्वरूप बैंक ऋण योजनाओं का सही समय पर उपयोग नहीं कर पाते है। यदि सही समय पर ऋण प्राप्त कर भी लेते है तो उसका कुशल प्रबंध नहीं कर पाते। सर्वेक्षित कृशको में अशिक्षित एवं प्राथमिक तक शिक्षा प्राप्त करने वाले कृषक 44 प्रतिशत है। अज्ञानता की वजह से ऋणों की समय पर अदायगी नहीं कर पाते हैं जिससे बैंक को भी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

7. उत्पादित फसल का उचित मूल्य नहीं– कृषकों की सबसे बड़ी समस्या उनकी कृषि उपज का सही मूल्य नहीं मिलना है, जिसके कारण इन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को व्यापारी अच्छी तरह से शॉपकर इन्हें कृषि उपज का उचित मूल्य न देकर कम मूल्य पर खरीद लेते है।

8. बिजली की समस्या – बिजली की परेशानी, आज कृषकों की सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसका सही एवं पर्याप्त मात्रा में न मिलने के कारण कृषकों को अतिरिक्त कृषि उत्पादन लागत उठानी पड़ रही है। इससे कृषि उत्पादन कम हो रहा है साथ ही कृषको की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो रही है।

9. उचित नेतृत्व का अभाव – बैंक/समितियों में संचालक मंडल होता है, जो कृषक सदस्यों में से चुना जाता है। सर्वेक्षित कृशकों के मतानुसार बैंक समितियों में कई वर्षों से वही संचालक चुने जा रहे है जो पहले भी संचालक थे जिसके कारण नये नेतृत्व को अवसर नही नहीं मिल पाता है। जो पुराने संचालक होते हैं वे बैंक के माध्यम से किसी राजनैतिक दल के रूप में राजनीति करने लग जाते है और सहकारिता के सिद्धांतों एवं उद्धेश्यों को भूल जाते है।

बैंक ऋणों की वसूली की स्थिति

किसी भी वित्तीय संस्था के लिए ऋणों की वसूली रीढ़ की हड्ड़ी के समान है। जब तक सहकारी संस्थाओं द्वारा ऋण की वसूली नहीं होती है, तब तक संस्थाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नहीं हो सकती। ऋण वसूली की स्थिति जितनी मजबूत होती है वह संस्था भी उतनी ही अधिक सशक्त एवं सक्षम होती है।

साख की आवश्यकता की सतत् पूर्ति बनाये रखने के लिए ऋणों की वसूली समयानुसार होना आवश्यक है। ऋणों की सामयिक वसूली वित्तदायी संस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण कार्य है, क्योंकि ऋणों की वसूली एक निर्धारित स्तर से कम होने का प्रतिकूल प्रभाव संस्था की समुचित अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।

वर्तमान में सहकारी संस्थाओं की कृषि उत्पादन कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भागीदारी है। कृषि साख उपलब्ध कराने में जिले की प्रमुख इकाई के रूप में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अपनी प्रमाणिकता सिद्ध कर चुकी है। कृषि साख की आवश्यकता की लगातार पूर्ति बनाये रखने के उद्दे" य से राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा रियायती दर पर साख प्राप्त करना अनिवार्य है जिसमें से प्रमुख रूप से मौसमी अनुशासन की पूर्ति, अकालातीत आवरण एवं वसूली का न्यूनतम प्रतिशत बनाये रखना आवश्यक है। सहकारी संस्थाओं के कार्यकलापों में गुणात्मक सुझार लाने तथा ग्रामीण कृषको को नियमित साख प्रदान करने के लिए अत्यन्त आवश्यक है कि सहकारी ऋणों की सामयिक रूप से नियमित वसूली होती रहें।

ऋणों की अदायगी हेतु देय तिथि का निर्धारण –

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा द्वारा अल्पकालीन व मध्यकालीन ऋणों की देय तिथि का निर्धारण एवं अल्पकालीन ऋणों के अन्तर्गत खरीफ एवं रबी की फसल हेतु वितरित ऋणों की देय तिथि का निर्धारण निम्न तालिका द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है

तालिका
ऋणों की अदायगी हेतु देय तिथि का निर्धारण

क्र.	फसल	सदस्य से समिति स्तर पर	समिति से बैंक स्तर पर
1	खरीफ फसल हेतु	15 मार्च	मार्च माह का अंतिम भुक्रवार
2	रबी फसल हेतु	15 जून	जून माह का अंतिम भुक्रवार
3	गन्ना एवं सन्तरा हेतु 12 माह ड्यू डेट होती है।		

स्त्रोतः– जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा 'बैंक की ऋण नीति' वर्श 2009–10

सदस्यों को प्रत्येक फसल हेतु नगद ऋण एक बार ही दिया जा सकेगा, जिसकी अदायगी तिथि इन्हीं तिथियों में से सदस्यों द्वारा अधिक मात्रा में उत्पादन की जाने वाली प्रमुख फसल के लिए ऋण अदायगी की अवधि 15 माह की होगी, उपरोक्त निर्धारित देय तिथि ही मध्यकालीन कृषि ऋण हेतु देय तिथि रहेगी। खरीफ फसल में सोयाबीन हेतु जो ऋण सदस्यों को वितरित किया जायेगा, उस ऋण की अदायगी सोयाबीन की फसल से सदस्यों को करनी होगी। जो सदस्य किसी एक फसल से दोनों फसल का ऋण चुकाएगें उन्हें रबी फसल का नगद ऋण खरीफ के नगद ऋण के साथ वितरित किया जा सकेगा, किन्तु ऐसे ऋण की ड्यू डेट स्वीकृत साख सीमा के अनुसार होगी अर्थात् खरीफ फसल ऋण सीमा के लिए मार्च एवं रबी फसल ऋण के लिए सीमा जून माह होगीं।

कृषि से सम्बंधित उपकरण एवं अन्य कार्यो जैसे–कुआॅ, थ्रेशर, पम्प सेट आदि के लिए दिये गये ऋण की देय तिथि उपरोक्तानुसार खरीफ/रबी की फसल के साथ की जावेगी किन्तु देय तिथि निर्धारण के समय इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि विनियोजन का लाभ कृषक को कब से प्रारम्भ होना चालू हुआ हैं? उसी के अनुरूप ही अदायगी तिथि का निर्धारण किया जायेगा।

वर्तमान में सहकारी समितियों में जो स्थिति प्रचलित है, उसके अनुसार समितियों को ऋण वितरण करने के पश्चात् अपने ऋणों की वसूली करने में बहुत अधिक प्रयास करना पड़ता है एवं वसूली में पूरे स्टॉफ को लगातार छः माह तक संघर्ष करना पड़ता है। इसके बावजूद भी ठीक से वसूली नहीं हो पाती है। वर्तमान में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा की यह स्थिति है कि बैंक द्वारा पिछले पॉच वर्शो में औसतन 52.57 प्रतिशत तक ही वसूली हो पाई है। इस प्रकार कालातीत ऋणों की बकाया राशि में निरन्तर वृद्धि होते जाना चिन्ता का विषय है। इससे संस्था की ऋण अदायगी क्षमता तथा ऋण असंतुलन बढ़ता चला जा रहा है। ऋणों की वसूली की वर्तमान पद्धति का परीक्षण करने पर पाया गया है कि प्राथमिक समितियॉ एक सुव्यवस्थित कार्यक्रम के तहत् वसूली कार्यक्रम नहीं चला पा रही है। अतः प्राथमिक सहकारी समिति एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को एक सुव्यवस्थित वसूली समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर ही वसूली की जानी चाहिए।

ऋणों की वसूली से सम्बंधित समस्याऍ–

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के ऋणों की वसूली से सम्बंधित समस्याऍ निम्नांकित हैं–

1. ऋणों की वसूली पर्याप्त न होना – वर्तमान में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, छिन्दवाड़ा के ऋणों की वसूली स्थिति काफी चिंताजनक है। बैंक के विगत पॉच वर्शों के समंको का अध्ययन करने से ज्ञात होता है कि बैंक के ऋणों की वसूली औसतन 52.57 प्रतिशत तक ही सीमित रही है, जिससे कालातीत ऋणों में लगातार

वृद्धि हो रही है और बैंक के सामने अपने कारोबार को संचालित करने में संकट पैदा होता जा रहा है।

वसूली के विभिन्न स्तरों में व्यवधान के कारण अपेक्षित वसूली नहीं हो पाने से समितियॉ, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, अपेक्स बैंक को देय राशियों का भुगतान समय पर नहीं कर पाती है, जिससे ओव्हरड्यू की राशि के लिये एवं वसूली योग्य ब्याज के लिये प्रॉवधान करना पड़ता है, जिससे बैंक की हानि बढ़ जाती है और बैंकिंग रेग्युलेशन की धारा 11(1) का पालन करने में असमर्थ हो गई है।

2. कालातीत ऋणों में वृद्धि– किसानों को वितरित किये गये ऋणों की अदायगी तिथि पर ऋणों की वसूली नहीं हो पाती है तो वह ऋण कालातीत ऋणों की श्रेणी में आ जाता है। यह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक व प्राथमिक साख समितियों के लिए ज्वलंत समस्या ही है कि बैंक के कालातीत ऋणों की राशि बढ़ती ही जा रही है। वर्ष 2005–06 में यह राशि 2750.51 लाख रूपये थी जो 2009–10 में बढ़कर 11905.95 लाख रूपये हो गई है। कालातीत ऋण की वजह से जिला सहकारी बैंक, सहकारी समितियों एवं सदस्यों को हानि वहन करनी होती है। सदस्यों को दण्ड़स्वरूप 3 प्रतिशत ब्याज देना पड़ता है। जहॉ संस्था का वैधानिक कार्यवाही करने से दावा फीस और अवार्ड़ फीस पर व्यय होता है, वहीं जप्ती व नीलामी में सदस्यों की वस्तुऍ घाटे में बिक जाती है।

3. ऋण वसूली की कागजी खानापूर्ति – कागजी लेन–देन की तकनीक ने सहकारिता को काफी क्षति पहुॅचाई है। कृशक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक व प्राथमिक कृषि साख समितियों के माध्यम से ऋण लेते है, जिसे निर्धारित समयावधि में नहीं चुका पाते है तो उससे बकाया ऋण राशि से कुछ अधिक राशि के ऋण हेतु आवेदन–पत्र ले लिये जाते हैं और इसे स्वीकृति दे दी जाती है। स्वीकृत राशि में से सबसे पहले पूर्व के बकाया ऋण की राशि जमा कर ली जाती है। इस प्रकार बैंक/संस्था द्वारा ऋण वसूली की कागजी खानापूर्ति की जाती है।

4. बैंक के संचालक मण्ड़ल का अपेक्षित सहयोग – जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के संचालक मण्ड़ल के सदस्य विभिन्न राजनैतिक दलों से जुड़े होते है एवं अपनी रानैतिक प्रभुत्ता को बनाये रखने के लिये विभिन्न लोगों को ऋण वितरित करवाते है। जिस तरह से ऋण वितरण में सक्रिय भूमिका निभाते है, उतनी सक्रियता ऋणों की वसूली में नहीं दिखाते हैं, बल्कि कई प्रकरणों में वसूली की कार्यवाही में हस्तक्षेप करते हुए वसूली को प्रभावित करते हैं। बैंक के अन्य विकास कार्यों में जिस प्रकार का सहयोग अपेक्षित है, वह भी नही मिल पाता है। संचालक मण्ड़ल की विभिन्न बैठकों में भाग लेकर मात्र औपचारिकताऍ ही पूरी करते हैं।

5. उचित समय पर सम्पर्क नहीं – बैंक के अधिकांश ड़िफाल्टर सदस्यों से फसल आने के समय सम्पर्क नहीं किया जाता है, जिसके कारण कृषक सदस्य फसल को बाजार में बेचकर साहूकारों का चुकारा तथा शादी–ब्याह, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च कर ड़ालता है। अतः संस्था/बैंक की अपेक्षित वसूली नहीं हो पाती है।

6. वसूली हेतु वैधानिक कार्यवाही – कृषकों द्वारा ऋण अदायगी तिथि पर ऋणों की अदायगी नहीं की जाती है तो वह ऋण कालातीत ऋण की श्रेणी में आ जाता है। भारतीय सहकारिता अधिनियम 1960 की धारा 84 व 85 के तहत ऋणों की वसूली के लिये वैधानिक कार्यवाही की जाती है, परन्तु यह देखा गया है कि संस्थाओं एवं शाखाओं में कर्मचारियों की उदासीनता एवं लाफरवाही के कारण निर्धारित समयावधि में प्रकरण दर्ज नहीं किये जाते है एवं कई वर्षों तक लंबित पड़े रहते है, जिससे वसूली सही समय पर नहीं होती है, परिणामस्वरूप बैंक को वित्तीय कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

References :

1. World Bank, *India Sustaining Reform Reducing Poverty* (New Delhi, 2003)
2. Rakesh Mohan, "Agricultural Credit in India", *Economic and Political Weekly*,
3. March 18, 2006Government of India, *Economic Survey* 2004-05 (Delhi, 2005)
4. Union Budget- 2008-09, Speech of the Finance Minister, *Business Standered,*
March 1, 2008

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय स्टेट बैंक एवं इलाहाबाद बैंक द्वारा लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योगों में ऋण का अध्ययन

डॉ. नमिता सोनी, सहायक प्राध्यापक
श्री गुरू तेगबहादुर खालसा महाविद्यालय जबलपुर म.प्र.
प्रो. नन्दिनी भारिल्ल
स्वशासी मानकुंवरबाई महिला महाविद्यालय जबलपुर म.प्र.

प्रस्तावना : सरकार की आर्थिक उदारीकरण नीतियों के तहत् वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को लागू करने के बाद वाणिज्यिक बैंकों के लिए यह अनिवार्य हो गया कि वे अपनी लाभप्रदता को बढ़ाएं जिससे कि आगे चलकर वे अपने आपको आत्मनिर्भर बना सकें। इसके अतिरिक्त भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विवेकपूर्ण लेखा विधि एवं पूंजी पर्याप्तता मानदंड लागू करने के बाद बैंकों के लिए यह भी आवश्यक हो गया कि वे बैंक के ऋण पोर्टफोलियो में आस्तियों की गुणवत्ता को बनाए रखें। समय के साथ ही बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों को ध्यान में रखकर ऋण पोर्टफोलियो को कवर करते हुए नीतियाँ बनायी व वर्तमान ऋण नीति को संशोधित कर अब उसे अद्यतन किया गया है। जिसका अनुपालन परिचालनात्मक मैनुअल/अनुदेशों के माध्यम से किया जा सकता है।[1]

उद्देश्य : आधुनिक औद्योगिक कांति के पूर्व राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में लघु एवं कुटीर उद्योगों का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान था। देश इन उद्योगों के लिये विश्व विख्यात था। ये राष्ट्रीय आय और रोजगार के प्रमुख स्त्रोत थे। और विदेशी व्यापार मे इसका स्थान बहुत उंचा था। ब्रिटिश काल में अनेक कारणों से इसका तेजी से पतन हुआ लेकिन यह पूरी तरह से नष्ट नहीं हुये अपितु शनैः शनैः चलते व बढ़ते रहे। द्वितीय विश्व युद्ध के काल में इनमें तेजी से विस्तार हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से राष्ट्रीय सरकार इनकी संवृद्धि के लिये तरह तरह से कदम उठा रही है। फलस्वरूप देश की वर्तमान अर्थव्यवस्था में इनका स्थान फिर से उंचा व महत्वपूर्ण हो गया है। जैसे रोजगार में लगे लोगों की दृष्टि से खेती के बाद लघु एवं कुटीर उद्योगों का ही स्थान आता है। छटवीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार इसमें लगे लोगों की संख्या 1980 मे 236 लाख थी इसमें से कोई 133 लाख लोग परंपरागत उद्योगों तथा खादी उद्योग, हाथकरघा उद्योग में लगे हुये थे। सातवीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार लघु एवं ग्रामीण उद्योग में लगे लोगों की संख्या केवल 1984–85 में 315 लाख थी। यह कुल औद्योगिक रोजगार का लगभग 80 प्रतिशत थी।

ऋण वितरण प्रक्रिया –

प्रत्येक देश के आर्थिक जीवन में बैंक का महत्वपूर्ण स्थान है। देश के आर्थिक विकास को गतिमान करने हेतु बैंकों की प्रभावी भूमिका होती है। सामान्यतया बैंक लोगों की बचतों को जमा के रूप में स्वीकार करते हैं, और बचतों को प्रोत्साहित करते हैं। जनसामान्य की बचत से साख का सृजन कर बचत के विनियोगों में परिवर्तित करने का कार्य बैंकों द्वारा किया जाता है। बैंकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में ऋण सुविधा प्रदान की जाती है। राष्ट्रीयकरण से पूर्व वाणिज्यिक बैंकों का कार्य कुछ क्षेत्र में उधार देने तक ही सीमित था, राष्ट्रीयकरण के पश्चात् उसमें क्रमशः विस्तार होता जा रहा है और बैंक व्यवस्था विकास प्रेरित बनती जा रही है। बैंकों के राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य देश का सुनियोजित विकास करने हेतु प्राथमिकता वाले क्षेत्रों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए ऋण उपलब्ध कराना था, इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु बैंकों ने अपनी स्वीकृत नीति में परिवर्तन करके उक्त क्षेत्रों को अधिक ऋण सुविधा उपलब्ध कराई है।

ऋण स्वीकृति प्रक्रिया – ऋण प्रस्तावों की प्रोसेसिंग, स्वीकृति, संवितरण करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी : स्वीकृति पूर्व–

- ✓ उधारकर्ता से निर्धारित प्रारूप पर ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करना।
- ✓ वर्तमान बैंकरों की हैसियत के बारे में सूचना प्राप्त करना (नये खातों के लिए विशेषतः) स्वीकृति से पहले अथवा कम से कम संवितरण से पहले।
- ✓ फर्म/कंपनी/निदेशकों/साझेदारों आदि से आस्तियों एवं देयताओं की विवरणी प्राप्त करना एवं आयकर रिटर्न, संपत्ति कर रिटर्न, बिक्री कर रिटर्न आदि के साक्ष्यों को सत्यापित करना।

- ✓ ऋणों के क्रियाकलाप के क्षेत्र में पूर्ववर्ती ज्ञान एवं अनुभव, ईमानदारी, स्थायित्व आदि के बारे में उधारकर्ता की प्रारंभिक जाँच करना।
- ✓ ऋणी द्वारा प्रस्तुत की गई वित्तीय विवरणी एवं अन्य सूचना की छानबीन करके प्रस्ताव की संभाव्यता तकनीकी वित्तीय एवं आर्थिक क्षमता को सुनिश्चित करना।
- ✓ यह सुनिश्चित करना कि क्या प्रस्ताव बैंक की उधारी नीतियों के अंतर्गत है।
- ✓ पार्टी से चर्चा करके अतिरिक्त जानकारी हासिल करना।

मूल्यांकन – पार्टी से प्राप्त किये गए सभी ऋण प्रस्तावों का शाखा स्तर पर उधारकर्ता की ऋण योग्यता पर विचार करते हुए उसके व्यावसायिक अनुभव एवं क्रियाकलाप, उधारकर्ता के वित्तीय अनुपात, ऋण की आवश्यकता तथा ऋण देने के औचित्य को देखते हुए मूल्यांकन करना चाहिए।

उद्देश्य एवं प्रकार –

बैंक द्वारा ऋण प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का संतुलित आर्थिक विकास होता है जिसके अंतर्गत निम्न उद्देश्यों हेतु ऋण प्रदान किए जाते हैं –

- ✓ व्यापार एवं उद्योगों की स्थापना व प्रोत्साहन हेतु।
- ✓ कृषि विकास एवं कृषि आधारित अन्य व्यवसायों की वृद्धि हेतु।
- ✓ सूक्ष्म, लघु, कुटीर एवं वृहत् उद्योगों के विकास हेतु ऋण प्रदान किए जाते हैं।
- ✓ ऋण कार्यों से संबंधित मुख्य मापदंडों की विस्तृत रूपरेखा तैयार करना।
- ✓ अग्रिम प्रस्तावों का उचित रूप से मूल्यांकन करना व निपटाना।
- ✓ प्रस्तावों को शीघ्रता से निपटाने और प्रभावी रूप से विनियोजन।
- ✓ उत्पादकता बढ़ाने हेतु निधियों के प्रवाह को बनाये रखना।
- ✓ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु।
- ✓ आर्थिक विकास के क्षेत्र, परिवहन, संचार शिक्षा, गृह निर्माण आदि के लिए।
- ✓ अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं व अल्पसंख्यक समुदायों के उन्नयन हेतु विविध योजनाओं में ऋण प्रदान किए जाते हैं।[2]

ऋणों के प्रकार –

इलाहाबाद बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा जबलपुर जिले के विकास हेतु भिन्न–भिन्न योजनांतर्गत विभिन्न प्रकार के ऋण प्रदान किए जाते हैं जो निम्न प्रकार के होते हैं–

1. **अल्पकालीन ऋण** – अल्पकालीन ऋण वह ऋण है जो कृषकों को मौसमी लागत को पूरा करने के लिए प्रदान किये जाते हैं। अन्य शब्दों में अल्पकालीन ऋण ऐसे वार्षिक आगतों को खरीदने के लिए प्रदान किए जाते हैं जिनकी एक वर्ष की अवधि के अंदर पूरी अदायगी की जाती है। अल्पकालीन ऋण एक वर्ष की अवधि में परिपक्व हो जाते हैं, परंतु इनकी भुगतान की अवधि 15 माह की होती है।
2. **मध्यकालीन ऋण** – मध्यकालीन ऋण स्थायी परिसम्पत्तियों के सृजन के लिए प्रदान किया जाता है। कृषकों को फार्म औजार खरीदने, कुआँ गहरा करने, भूमि सुधार, कुओं पर मोटर लगाने व बाड़ लगाने आदि कार्यों के लिए मध्यकालीन ऋण दिया जाता है। मध्यकालीन ऋण की अवधि एक से अधिक वर्ष की होती है परंतु अधिकतम 5 वर्ष की होती है। मध्यकालीन ऋणों का भुगतान दो या दो से अधिक मौसमों में किश्तों के रूप में किया जाता है।
3. **दीर्घकालीन ऋण** – दीर्घकालीन ऋण कृषकों को स्थायी परिसंपत्तियों के सृजन के लिए दिया जाता है। इसे भूमि क्रय करने खाद्यान्न संग्रहण के लिए, गोदाम बनवाने, पशुपालन हेतु पशुशाला भवन का निर्माण करने, कुआँ बनवाने एवं फार्म पर बिजली लगाने आदि कार्यों के लिए स्वीकृत किया जाता है। इन कार्यों में पूँजी निवेश से कृषकों को आय अनेक वर्षों तक प्राप्त होती रहती है, जिससे ऋण का भुगतान लंबे समय में ही हो पाता है। दीर्घकालीन ऋण के भुगतान की अवधि सामान्यतः 5 से 20 वर्ष की होती है।

सारिणी क्रं. 1
जबलपुर जिले में लघु उद्योगों की संख्या व नियोजित व्यक्ति

वर्ष	संख्या	नियोजित व्यक्ति	नियोजन लाख रू.
2008–09	642	1267	176.55
2009–10	587	1079	228.98
2010–12	29	273	228.09
2011–12	65	383	218.09
2012–13	72	373	209.59
स्त्रोत – जिला सांख्यिकी पुस्तिका 2013 से संग्रहित			

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बैंक द्वारा विशेष व्यवसाय मानकर ऋण प्रदान किया जाता है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण प्रदान हेतु रखा गया है। इस क्षेत्र में ऋण देना बैंकों के लिए भी लाभप्रद व्यवसाय है। यह इकाईयां आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों का देश के विनिर्माण आमद में रोजगार एवं निर्यात में महत्वपूर्ण योगदान है। इस क्षेत्र का योगदान 2006–07 में विनिमय आमद्र का लगभग 45 प्रतिशत तथा देश के कुल निर्यात का लगभग 42 प्रतिशत है जिसमें समूचे देश की अनुमानित 2600 लाख उद्यम इकाईयों से अधिक में लगभग 5944 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त है। इस क्षेत्र की इकाईयों के अंतर्गत 6000 उत्पादों से अधिक का निर्माण होता है। इसमें 22 प्रतिशत खाद्य उत्पाद, 12 प्रतिशत रसायन, 16 प्रतिशत धातु, आधारित उद्योग, 8 प्रतिशत धातु उत्पाद, 6 प्रतिशत रबर एवं प्लास्टिक उत्पाद, 6 प्रतिशत इलेक्ट्रिकल्स एवं मशीनरी पार्ट्स तथा 30 प्रतिशत अन्य आदि आते हैं। इस क्षेत्र का योगदान कुल घरेलू उत्पादन में 2007–08 में 8 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस क्षेत्र में रोजगारों की संख्या 2004–05 में 282.75 लाख थी एवं उद्यम इकाईयों की संख्या 2004–05 में 118.59 लाख से बढ़कर 2008–09 में 285.16 लाख दर्ज की गई। ये सभी उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि देश में जैसे जैसे तेज गति से संख्या बढ़ रही है उसी तरह लघु प्रक्रम के क्षेत्र में भी निरंतर प्रगति हो रही है।[3]

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ऋण –

ऋण का स्त्रोत पूर्व में साहूकार/महाजन होते थे जो अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते थे। सहकारी संस्थाएं, संस्थागत वित्त का सर्वप्रथम एवं सबसे पुराना स्त्रोत बनी जो वित्तपोषण के क्षेत्र में 1904 में प्रविष्ट हुई। 1955 में इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया के रूपान्तरण के पश्चात् अस्तित्व में आई भारतीय स्टेट बैंक, बैंकों में प्रथम थी जिसने ग्रामीण वित्त के क्षेत्र में प्रवेश किया। शहरी एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बैंकों की भूमिका, 1968 में प्रारंभ सामाजिक बैंकिंग की अवधारणा के साथ प्रभावी रूप से शुरू हुई।

सामाजिक नियंत्रण प्रारंभ होने से पूर्व बैंकें लघु उद्योग इकाईयों, व्यवसाय (Small Scale Industries/Business-Now termed SME) एवं कृषि वित्त की ओर बहुत कम ध्यान देती थी। अर्थव्यवस्था के इन क्षेत्रों को उपेक्षित किये जाने के प्रमुख कारण थे – बैंकों को दी जाने वाली प्रतिभूति की अनुपलब्धता। ये क्षेत्र असंगठित थे और लोग अशिक्षित थे। बैंकों की ग्रामीण शाखों नहीं थी और बैंक के कर्मचारी शहरी क्षेत्रों के होने के कारण उनका रवैया व्यावसायिक था और ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रूझान का अभाव था।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को वित्तपोषण बढ़ाने का अगला कदम था जुलाई 1969 में 14 मुख्य बैंकों का राष्ट्रीयकरण। बैंकिंग कंपनी अधिनियम 1970 की प्रस्तावना में स्पष्ट रूप से उल्लेखित मुख्य उद्देश्य था – अर्थव्यवस्था की ऊंचाई को नियंत्रित करना और प्रगतिबद्ध रूप से प्राप्त करना और अर्थव्यवस्था के विकास की आवश्यकता को राष्ट्रीय नीति और उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में पूर्ण करना और उससे संबंधित प्रकरणों पर ध्यान देना।

संदर्भ ग्रंथ :

1. परांजपे अरविन्द, सबनानी प्रहलाद : बैंकिंग अपडेट, बेस्ट फ्रेन्ड पब्लिकेशन इन्दौर म.प्र., वर्ष 2013 पेज नं. 220
2. सिन्हा, डॉ. वी.सी. : भारतीय बैंकिंग प्रणाली, एसबीपीडी पब्लिशिंग हाऊस, आगरा, 2011 पृ. 119
3. 152 योजना, 15 अक्टूबर 2000 पृ. 15
4. 152 योजना, 15 अक्टूबर 2000 पृ. 38
5. योजना दिल्ली, म.प्र.सन्देश (पाक्षिक पत्रिका) भोपाल, लघु उद्योग समाचार पत्रिका, नई दिल्ली, उद्योग व्यापार पत्रिका, नई दिल्ली।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

बजट का अर्थ एवं उसके प्रकार

कैलाश कुमार गोन्हेरे
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

प्रस्तावना : "बजटन" उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ही किया जाता है। 'बजट' प्रबन्धन का एक उपयोगी तरीका है, जिससे भावी क्रियाओं की योजना बनाई जाती है। एक उत्पादक, उत्पादन, क्रय, विक्रय एवं व्यय आदि की योजना बनाकर समस्त क्रिया कलापों का निर्धारण करता है, साथ ही साथ उस समय के लिए आवश्यक पूँजी, श्रम, भवन, सामग्री, मशीन आदि का भी अनुमान लगाकर उपयुक्त व्यवस्था की जाती है ताकि वह कठिनाईयों पर विजय पा सके तथा व्यवसाय की अनिश्चितताओं को दूर करके व्यावसायिक लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को प्राप्त कर सके।

जॉन जी. ग्लोवर तथा **कोलमन एल. मेज** (John G. Glover and Coleman L. Maze) ने बजट के उद्देश्य बताते हुए लिखा है कि बजट का प्रमुख उद्देश्य विधिवत् नियोजन तथा कम्पनी की क्रियाओं को समय–समय पर नियन्त्रित करने में मदद देना होता है। यह मुख्यतः संदेशवाहन का श्रेष्ठ साधन है तथा बजट के ही माध्यम से प्रबन्ध व प्रशासन अपनी नीतियों को काम करने वालों तक पहुँचाने में सफल होता है।

फ्लोयड एच. रोलेन्ड तथा **रॉबर्ट ई. नोडल** ने बजट के निम्नलिखित उद्देश्य बताएँ हैं –

1. व्यावसायिक नियोजन का स्पष्टीकरण
2. विभिन्न विभागों की क्रियाओं में समन्वय की व्यवस्था
3. कार्यक्षमता का मापन और नियन्त्रण की व्यवस्था
4. व्यावसायिक अर्थ प्रबन्धन में सहायता तथा
5. व्यवसाय की योजना से सम्बन्धित पक्षों को आवश्यक सूचना पहुँचाना।

व्यावसायिक बजट तथा बजटिंग : किसी भी व्यावसायिक संस्था की लाभदायकता व शोध्यक्षमता बनाये रखने के लिए उसके प्रबन्ध को भावी वित्तीय आवश्यकताओं के सम्बन्ध में योजना बनानी चाहिए। भावी वित्तीय आवश्यकताओं के सम्बन्ध में योजना बनाने की विधि को बजटिंग (Budgeting) कहते हैं और योजना को औपचारिक ढंग से लिखित रूप में प्रस्तुत करने का 'बजट' कहते हैं। व्यावसायिक परिस्थितियों के सम्बन्ध में बजटिंग का अर्थ बजट–योजना व तैयारी, बजटरी नियन्त्रण व अन्य
सम्बन्धित विधियों से होता है। बजटिंग वास्तव में एक प्रबन्धकीय विधि है और एक व्यावसायिक बजट ऐसी लिखित योजना है, जिसमें भविष्य की एक निश्चित अवधि के सम्बन्ध में व्यवसाय संचालन के सभी पहलुओं को शामिल किया जाता है। यह किसी संस्था के उच्चस्तरीय प्रबन्ध द्वारा भविष्य के सम्बन्ध में अपनाई गई नीति, योजना, उद्देश्य और गंतव्य का औपचारिक कथन मात्र है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि बजट एक औजार है जिसके आधार पर प्रबन्ध एक निश्चित अवधि के लिए अपने क्रियाकलापों का नियोजन करता है। इसके अन्तर्गत विक्रय, उत्पादन और समस्त परिव्ययों, उपरिव्ययों सहित विधि खर्चों का पूर्वानुमान शामिल होता है। साथ ही उस अवधि के लिये वांछित कार्यशील पूँजी, भवन, मशीन, सामग्री तथा श्रम आदि को भी ध्यान में रखा जाता है।

परिभाषा :

"बजट एक अनुमान होता है जो किसी विशिष्ट भावी अवधि के लिए पहले से बनाया जाता है।"

– क्लेरेन्स एल. वान सिकिल

"बजट एक तैयार माल है। वे भविष्य के क्रियाकरण और सम्भावित परिणामों के औपाचारिक कार्यक्रम हैं। बजटन पहले से सोचने तथा नियोजन का परिणाम है।"

– हेरी एल. वायली

"बजट एक प्रबन्धकीय क्रिया है। व्यावसायिक बजट एक निश्चित अवधि के लिए व्यवसाय के समस्त क्रिया–कलापों से सम्बद्ध योजना होती है। समूचे उद्योग अथवा उसके प्रत्येक विभाग के लिए उच्च–स्तरीय प्रबन्ध के द्वारा निर्धारित नीतियों, योजनाओं, उद्देश्यों और लक्ष्यों का औपचारिक रूप बजट होता है। एक निश्चित अवधि के लिए प्रबन्ध के मार्गदर्शन हेतु बनाई गई योजनाओं व नीतियों के औपचारिक लेखे को बजटन कहते हैं।"

– ग्लेन ए वेल्च्य

बजट के प्रकार एवं उनका वर्गीकरण

विभिन्न आधारों पर बजट विभिन्न प्रकार के हो सकते हैं। बजटों का वर्गीकरण निम्नानुसार किया जा सकता है :

(अ) समय के आधार पर

दीर्घकालीन बजट – ये बजट मुख्य रूप से संस्था की दीर्घकालीन नीतियों एवं उद्देश्यों से सम्बन्धित होते हैं तथा इनमें दीर्घकालीन अवधि अर्थात् 5 से 10 वर्ष की योजनाओं के लिये वर्णन किया जाता है। सामान्यतः इन बजटों के अन्तर्गत भौतिक सम्पत्तियों अर्थात् स्थायी विनियोग से सम्बन्धित यथा भूमि, भवन, मशीन, यन्त्र आदि के बजट आते हैं। इन बजट में यह भी विचार किया जाता है कि कौन–कौन से यन्त्र घिसकर बेकार हो गए हैं तथा कौन–कौन से यन्त्र अनुपयोगी अथवा अप्रचलित हो गये हैं तथा कौन–कौन से यन्त्र अभी भी उपयोगी हैं। अनुपयोगी एवं अप्रचलित यन्त्रों को हटाकर नवीन संयन्त्रों की स्थापना पर होने वाले व्ययों तथा भवन में विस्तार आदि के सम्बन्ध में कितना व्यय होगा आदि तथ्यों पर इस बजट में विचार किया जाता है। इस बजट में यह भी विचार किया जाता है कि उपर्युक्त व्ययों की व्यवस्था लाभ के पुनर्विनियोजन (Ploughing back of profit) द्वारा की जावेगी या पूँजी की मात्रा को बढ़ाकर की जावेगी ?

1. **अल्पकालीन बजट** – ये बजट सामान्यतः एक या दो वर्ष की अवधि के होते हैं जिसमें व्यवसाय की अल्पकालीन आवश्यकताओं के सम्बन्ध में योजना रहती है।

2. **चालू बजट** – ये बजट अल्पकालीन बजटों का ही एक रूप होते हैं। इनकी अवधि एक माह या इससे अधिक होती है। ये बजट अल्पकालीन बजट के अनुसार आवश्यक समायोजन करके बनाये जाते हैं। कुछ व्यावसायिक संस्थाएँ मासिक बजट बनाती हैं। कुछ संस्थाएँ सम्पूर्ण वर्ष के 52 सप्ताहों को 4–4 सप्ताहों की 13 अवधियों में बाँट देती हैं तथा बजट बनाती हैं। ऐसे बजट को "तेरह अवधियों का बजट" भी कहा जाता है। चूँकि प्रत्येक माह में एक समान दिन नहीं होते अतः इस विधि से सभी अवधियों में समानता आ जाती है।

(ब) लोचता के आधार पर

1. **स्थिर या स्थैतिक बजट** – इस प्रकार के बजट में व्यावसायिक संस्था अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य स्थिर एवं ठोस रखती है तथा उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन करना उचित नहीं समझा जाता। ये बजट सामान्यतः बजट अवधि से 3 माह पूर्व तैयार किये जाते हैं। इस प्रकार के बजट में बजट एवं वास्तविक आँकड़ों की तुलना करीब 12 माह के अन्तर से ही हो पाती है जिसके बीच अनेक घटनाओं के घटित होने से यह तुलना कार्य व्यर्थ हो जाता है। स्थिर वस्तुतः सैद्धान्तिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यह बजट केवल उसी स्थिति में बनाना चाहिये जबकि विक्रय एवं लागत के सम्बन्ध में किये जाने वाले अनुमान पूर्ण शुद्धता से निर्धारित किया जाना सम्भव हो।

2. **लोचपूर्ण बजट** – वर्तमान समय में व्यवसाय की परिस्थितियाँ कुछ ऐसी हो गई जिसके अन्तर्गत स्थिर बजट बनाना उपयुक्त नहीं रहता। अतः लोचपूर्ण बजट बनाया जाता है। लोचपूर्ण बजट वह बजट होता है जिससे व्यवसाय के विभिन्न क्रियाशील स्तरों (Activity levels) पर लागत, विक्रय एवं लाभों की स्थिति दर्शायी जा सके तथा इन विभिन्न क्रियाशील के स्तरों पर विक्रय एवं उत्पादन मात्रा मापी जा सके। लोचपूर्ण बजट के द्वारा किसी भी क्रियाशीलता के स्तर के लिए बजट अनुमान प्रस्तुत किया जाता है।

यदि संस्था में प्रमाप लागत लेखांकन प्रणाली की व्यवस्था हो तो लोचपूर्ण बजट से अधिक लाभ प्राप्त किये जा सकते हैं तथा लागत नियन्त्रण तकनीकों को अपनाया जाना सरल हो जाता है।

लोचपूर्ण बजट का निर्माण :

लोचपूर्ण बजट चूँकि उत्पादन के विभिन्न स्तरों से सम्बन्धित होता है अतः उत्पादन के विभिन्न स्तरों पर उत्पादन क्या होगी तथा इस स्तर पर विक्रय में कितना लाभ प्राप्त होगा, यह लोचपूर्ण बजट में प्रदर्शित किया जाता है। लोचपूर्ण बनाते समय सम्पूर्ण लागत को स्थिर, समपरिवर्तनीय एवं परिवर्तनीय लागत में बाँट दिया जाता है एवं विभिन्न उत्पादन स्तरों पर लागत का प्रदर्शन किया जाता है।

(स) सीमा के आधार पर

1. **पूर्ण बजट** – जब व्यावसायिक संस्था अपने सम्पूर्ण व्यवसाय या उद्योग के प्रत्येक अंग के लिए बजट बनाती है एवं इस बजट में उद्योग या व्यवसाय के किसी अंग को छोड़ा नहीं जाता है, तब इसे पूर्ण बजट कहा जाता है।

2. **आंशिक बजट** – जब व्यवसाय या उद्योग के सम्पूर्ण अंगों के लिए बजट न बनाकर उसके केवल कुछ अंगों के लिए बजट बनाया जाता है तब इसे आंशिक बजट कहा जाता है। आंशिक बजट का निर्माण सामान्यतः उस समय किया जाता है जबकि उत्पादन के कुछ अंगों की कार्यक्षमता अनिश्चित होती है।

(द) क्रियाओं के आधार पर

1. **मास्टर बजट** – यह बजट सभी विभागीय क्रियाओं के आधार पर बनाये गये विभिन्न बजटों के सारांश के रूप में होता है। आई.सी.डब्ल्यू.ए. इंग्लैंड के अनुसार "मास्टर बजट के अन्तर्गत विभिन्न सहायक क्रियात्मक बजटों का सारांश होता है।"

विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत सहायक बजटों के आधार पर निर्मित मास्टर बजट, बजट अधिकारी द्वारा बनाया जाता है तथा बजट समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाता है। बजट समिति के अनुमोदन के बाद यह अन्तिम अनुमोदन के लिए संचालक मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। अन्तिम अनुमोदन प्राप्त हो जाने के बाद यह उच्च प्रबन्धकों को नियन्त्रण हेतु सौंप दिया जाता है तथा प्रत्येक क्रियात्मक विभाग को इसके सहायक बजटों की एक प्रति लिखित रूप में भेजी जाती है, जो विभागाध्यक्षों को उसके विभाग के सम्बन्ध में किये जाने वाले व्ययों के लिए अधिकृत करती है। मास्टर बजट में बजट अवधि से सम्बन्धित समस्त व्यावसायिक क्रियाओं का समावेश होता है। सामान्यतः मास्टर बजट में निम्न क्रियाओं से सम्बन्धित तथ्यों के अलावा लेखा–अनुपात (Accounting Raios) भी सम्मिलित किये जाते हैं। सामान्यतः मास्टर बजट में निम्नलिखित सूचनाएँ सम्मिलित की जाती हैं – (1) विक्रय, (2) उत्पादन, (3) लागत – (अ) प्रत्यक्ष सामग्री, (ब) प्रत्यक्ष श्रम, (स) प्रत्यक्ष व्यय, (द) कारखाना उपरिव्यय, (य) प्रशासन एवं कार्यालय उपरिव्यय, (र) विक्रय एवं वितरण उपरिव्यय, (ल) सकल विक्रय, (4) लाभ, (5) लेखा अनुपात और (6) लाभ नियोजन।

2. **सहायक बजट** – सहायक बजटों को कार्यकारी बजट भी कहा जाता है। **केलर** तथा **फरेरा** के अनुसार **"कार्यकारी बजट एक कम्पनी की किसी बजट अवधि की क्रियाओं की समन्वित योजना है।"** यह बजट आगामी अवधि के लिए व्यवसाय–गृह द्वारा नियोजित क्रियाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। कार्यकारी बजट दो रूपों में बनाए जाते हैं –

- **कार्यक्रम बजट** – जिसमें बजट अवधि में पूर्ण किये जाने वाले कार्यक्रमों की योजना रहती है, तथा
- उत्तरदायित्व बजट जिसमें संस्था के विभिन्न कार्यों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के उत्तरदायित्व निर्धारण की योजना होती है।

सहायक बजटों में निम्न प्रकार के बजटों का समावेश होता है –

(अ) विक्रय बजट

विक्रय बजट दो प्रकार के बनाये जाते हैं –

1. **प्रामाणिक या दीर्घकालीन बजट** – जो मुख्यतः एक वर्ष की अवधि के होते हैं, तथा
2. **अल्पकालीन बजट** – जो एक वर्ष से कम की अवधि के होते हैं।

विक्रय बजट का विश्लेषण उत्पादित वस्तुओं के आधार पर, भौगोलिक आधार पर, विक्रेता तथा एजेन्टों के आधार पर, ग्राहकों के आधार पर किया जाता है। विक्रय की मात्रा वास्तव में उत्पादन पर आधारित होती है तथा विक्रय की प्राप्त रोकड़ राशि से ही अनुमान लगाना पड़ता है, जिसके आधार पर अन्य योजनाएँ समायोजित की जाती हैं। विक्रय बजट में विक्रय की राशि तथा विक्रय व्ययों का पूर्ण विवरण रहता है। विक्रय बजट बनाते समय पिछले परिणाम, बाजार तथा लाभ का विश्लेषण किया जाता है तथा निष्कर्ष निकाले जाते हैं।

(ब) उत्पादन बजट

उत्पादन बजट मुख्यतः बिक्री की मात्रा पर आधारित होता है। विक्रय के परिणाम के अनुसार उत्पादन करना अधिक अच्छा रहता है। पिछले विश्वसनीय आँकड़ों के आधार पर श्रम, सामग्री, व्यय आदि को ठीक से समायोजित करना चाहिए तथा पिछले आनुपातिक आँकड़ों को प्राप्त करके उसका वर्गीकरण भी करना चाहिये। उत्पादन कार्य में भूमि, भवन, यन्त्र, मशीन आदि की क्षमता को भी ध्यान में रखना आवश्यक होता है।

(स) लागत बजट

लागत बजट के अन्तर्गत दो प्रकार के बजट आते हैं –

1. **उत्पादन लागत बजट** – जब उत्पादन बजट बन जाता है तब निर्धारित उत्पादन की लागत को ज्ञात करने के लिए उत्पादन लागत बजट बनाया जाता है जो निर्धारित उत्पादन की अनुमानित लागत को प्रदर्शित करता है। इस बजट को विभिन्न प्रकार के उत्पादों के अनुसार, विभागों के अनुसार या अवधि के अनुसार वर्गीकृत किया जा सकता है। इस बजट के अन्तर्गत प्रत्यक्ष सामग्री, प्रत्यक्ष श्रम, उत्पाद के विभिन्न व्यय तथा कारखाना के प्लाण्ट के सम्बन्ध में अलग–अलग बजट बनाये जाते हैं।
2. **अन्य लागत बजट** :

अन्य लागत बजटों में निम्न बजटों का समावेश किया जाता है –

(अ) विक्रय एवं वितरण लागत बजट :

विक्रय एवं वितरण लागत बजट के अन्तर्गत विक्रय एवं वितरण से सम्बन्धित विविध व्ययों का समावेश किया जाता है। विक्रय एवं वितरण व्यय बजट विक्रय बजट के आधार पर ही बनाया जाता है। बाजार

में प्रतियोगिता की स्थिति, वस्तु के उपभोक्ताओं की माँग तथा बाजार की दशाओं आदि के आधार पर ही विक्रय बजट बनाया जाता है तथा इस निर्धारित विक्रय मात्रा को प्राप्त करने के लिए किये जाने वाले विविध व्ययों का ब्यौरा ही विक्रय एवं वितरण बजट में रहता है।

विक्रय एवं वितरण व्यय बजट बनाने के लिए विक्रय प्रबन्धक ही उत्तरदायी होता है जो विज्ञापन प्रबन्धक, वितरण प्रबन्धक, विक्रय कार्यालय प्रबन्धक आदि की सहायता एवं सहयोग से बजट बनाता है तथा बजट अधिकारी के समक्ष इसे प्रस्तुत करता है।

विक्रय एवं वितरण व्यय बजट के अन्तर्गत सम्पूर्ण व्ययों को निम्न 4 भागों में विभाजित करके दिखाया जाता है–

(अ) प्रत्यक्ष विक्रय व्यय, (ब) वितरण व्यय,
(स) विक्रय कार्यालय व्यय तथा
(द) विज्ञापन व्यय।

(ब) प्रशासन लागत बजट :

इस बजट के अन्तर्गत प्रशासनिक व्यय आते हैं। कितने प्रशासनिक व्यय स्थायी होंगे कितने व्यय अस्थायी होंगे तथा किस समय कितने व्यय होंगे आदि तथ्यों पर विस्तृत विचार इसमें किया जाता है। उत्पादन के घटने–चढ़ने पर व्ययों के घटने और बढ़ने की क्या प्रवृत्ति होती है, आदि सब समस्याएँ भी इस बजट में आती हैं।

उद्योग के अन्तर्गत प्रशासनिक व्यय बहुत महत्व रखते हैं। प्रशासनिक व्यय की मात्रा का लागत पर बहुत प्रभाव पड़ता है। अतः इस सम्बन्ध में बजट बना लेना लाभप्रद ही रहता है।

(स) शोध एवं विकास बजट :

वर्तमान वैज्ञानिक युग में उत्पादन के नवीन से नवीन उपाय खोजना आवश्यक है, क्योंकि इनसे उत्पादन लागत कम होती है तथा प्रतिस्पर्धा का अधिक अच्छी प्रकार सामना किया जा सकता है। यही कारण है कि उत्पादन शोध एवं विकास की सम्भावना पर विचार करके शोध एवं विकास बजट बनाया करते हैं। इस बजट में निम्न बातें सम्मिलित की जाती हैं –

- अनुसन्धान या शोध की किस्म,
- अनुसन्धान के लिए आवश्यक सामग्री,
- अनुसन्धान हेतु व्यक्तियों की योग्यता,
- अनुसन्धान पर होने वाला व्यय और,
- अनुसन्धान से होने वाला लाभ।

अनुसन्धान में यद्यपि अधिक व्यय होते हैं तथापि जब अनुसन्धान में सफलता प्राप्त हो जाती है तो व्यवसाय के विकास में बहुत सहायता मिलती है। इसके परिणामस्वरूप उत्पादन क्षमता में जो मात्रात्मक एवं गुणात्मक वृद्धि होती है वह उस पर होने वाले व्यय की तुलना में काफी अधिक लाभप्रद होती है।

(द) वित्तीय व्यय बजट :

व्यवसाय में कुछ ऐसे व्यय होते हैं जो वस्तु की लागत से सम्बन्धित नहीं होते हैं। इसलिए इनका लेखा लागत लेखांकन में नहीं किया जाता है। इन व्ययों के कुछ उदाहरण हैं – कर की छूट, अप्राप्त ऋण आदि। ये तथ्य प्रमुख लेखापाल से ज्ञात करके इनका पृथक से बजट भी बनाया जा सकता है।

(इ) वित्तीय बजट :

वित्तीय बजट के अन्तर्गत व्यवसाय की वित्तीय आवश्यकताएँ, आय आदि से सम्बन्धित समस्याओं का समावेश किया जाता है। दूसरे शब्दों में, इस बजट का उद्देश्य कार्यशील पूँजी का अनुमान लगाना होता है जो वास्तव में पूर्व अनुमानित स्थिति–विवरण तथा लाभ–हानि लेखा के रूप में होता है। यह बजट चूँकि व्यवसाय के वित्तीय पहलुओं को प्रस्तुत करता है और यह बतलाता है कि दैनिक उपयोग के लिए पर्याप्त रोकड़ है या नहीं ? इसलिए इसका सम्बन्ध प्रायः सभी विभागों से रहता है। वित्तीय बजट के निर्माण के समय अनेक विभागों से सम्बन्धित सूचनाओं की आवश्यकता होती है जो विभिन्न बजटों से प्राप्त होती है।

(फ) अनुपूरक बजट :

बजट की राशि एक बार निर्धारित कर देने के बाद जब उस राशि से काम नहीं चलता तो व्यय के लिए अतिरिक्त राशि अर्थात् पूरक राशि की जरूरत होती है। पूरक राशि की आवश्यकता की पूर्ति के लिए जो बजट बनाये जाते हैं उसे अनुपूरक बजट कहा जाता है। अनुपूरक बजट इसलिए आवश्यक होता है कि–

1. मूल/पुराने बजट की राशि अपर्याप्त होने पर अनुपूरक बजट द्वारा अतिरिक्त राशि की आवश्यकता को पूरा किया जा सकता है जिससे उत्पादन कार्य नहीं रूकता।
2. अनुपूरक बजट के पास करने के पूर्व उनका विस्तृत विश्लेषण किया जाता है, इससे अपव्यय नहीं हो पाते हैं।
3. बिना अनुपूरक बजट के कुछ विभागाध्यक्षों के पास व्यय का अधिकार नहीं होता है, फलतः विभागों पर कड़ा नियन्त्रण रहता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ :

1. Agrawal, J.K., Agrawal, R.K. Sharma, Dr. M.L. Management Accounting, Rameshchand Book Depot, Jaipur, Eleventh edition.
2. Agyris, Chris, Human Problems with Budget, Havard Business Review, Jan.-Feb. 1953, Page : 97-110.
3. Anthony, Robert B., The Trouble With Profit Maximization, Havard Business Review, 38, Nov.-Dec. 1960, Page 126-34.
4. C. Jensen, Micheal, Corporate Budgeting is Broken – Let's Fix it, Havard Business Review, November 2001.
5. Gupta, Dr. S.P., Management Accounting, Sahitya Bhawan Publication, Agra, Ninth edition.
6. Forseman and Co., 1988, Page : 78.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना – एक मूल्यांकन

डॉ. उपमा श्रीवास्तव
सहा. प्राध्यापक (गेस्ट फैकल्टी), शा. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय रीवा (म.प्र.)

सारांश : देश के आर्थिक ग्रामीण विकास हेतु भारत सरकार द्वारा अनेक कार्यक्रमों का निर्माण कर उसे क्रियान्वित किया गया। ये योजनाएं कुछ हद तक तो अपने उद्देश्यों में सफल रहे हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वागीण विकास करने में असफल सिद्ध हुये है। यह अनुभव किया गया कि देश की अधिकांश ग्रामीण बसावट सड़क संपर्कता से वंचित है, यही वह प्रमुख कारण है, जिसके कारण ग्रामीणजनों को अपनी बुनियादी आवश्यकताओं के साथ–साथ सामाजिक, आर्थिक एवं विकास के नये–नये अवसरों सुविधाओं तक पहुँच से वंचित रहना पड़ता है। अतः ग्रामीण निवासियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 25 दिसम्बर 2000 को ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' का शुभारम्भ किया गया। ताकि देश की संपर्क विहीन बसावटों को बारहमासी सड़क उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार तथा आदि के सुअवसर प्रदान कर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। यह योजना अपने प्रारम्भ वर्ष 2000–01 से अब तक (मार्च 2012 तक) ग्यारह चरणों में क्रियांवित की जा चुकी है, अपने जिन उद्देश्यों को लेकर इस योजना को प्रारम्भ किया गया, काफी हद तक यह इसमें सफल रही है।

शोध अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों एवं सूचनाओं के अवलोकन एवं विश्लेषण से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि यह योजना ग्रामीण आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, लेकिन इसके मार्ग में अभी भी बाधाएं एवं समस्यायें हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु जो सुझाव प्रस्तुत किए गए है, यदि उन्हें भारत सरकार, राज्य सरकार जनप्रतिनिधि, स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा अमल में लाया जाए तो इन समस्याओं को काफी हद तक कम कर योजना को अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया जा सकता है।

संकेत शब्द : सड़क संपर्कता, बसावट, बारहमासी सड़क।

प्रस्तावना : ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' भारत सरकार द्वारा संचालित भारतीय ग्रामीण विकास से संबंधित योजना है, जो शत प्रतिशत केन्द्र द्वारा पोषित है। भारत सरकार का उद्देश्य सम्पूर्ण भारत के ग्रामों तथा उसके निवासियों को सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक विकास की धारा में सम्मिलित करना है, अपने इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये भारत सरकार ने भारत के प्रत्येक राज्य में यह योजना संचालित की है। मध्यप्रदेश में भी इस योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' के क्रियान्वयन एवं संचालन के लिये योजना के निर्देशानुसार म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की स्थापना की गयी, जिसका मुख्यालय विंध्याचल भवन भोपाल में है।

मध्यप्रदेश में ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' के क्रियान्वयन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के ऐसे सभी ग्रामीण बसावट जिनकी आबादी 500 या उससे अधिक (पहाड़ी इलाकों में 250 या उससे अधिक) हो, बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है, ताकि उन ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को भी वे सभी सुविधायें (शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासनिक) प्राप्त हो सकें जो शहरी क्षेत्रों के निवासियों को प्राप्त होती है।

अपने जिन उद्देश्यों को लेकर इस योजना को प्रारम्भ किया गया है, यह इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, परन्तु इस विस्तृत एवं बहुआयामी योजना के प्रभाव एवं उपलब्धियों, उसके कार्यान्वयन का विश्लेषण या आधारित मूल्यांकन से सम्बन्धित तथ्यपरक एवं क्रमबद्ध अध्ययन कर इस कार्य के वास्तविक प्रभाव को मालूम करना प्रस्तुत अध्ययन का अभीष्ट है।

विषय का औचित्य : चूंकि देश के अर्थव्यवस्था के बहुमुखी विकास में ग्रामीण क्षेत्रों का आर्थिक विकास एक महत्वपूर्ण घटक है ग्रामीण अर्थव्यस्था तथा ग्रामीणों का विकास करके ही भारत की अर्थव्यवस्था का समुचित विकास सम्भव है। यह योजना ग्रामीण आर्थिक विकास से संबंधित है अतः इसकी इसी महत्वपूर्णता को ध्यान में रखकर इसे अध्ययन का विषय बनाया गया।

शोध प्रविधि : प्रस्तुत अध्ययन में तथ्यों व निष्कर्षो का प्रतिपादन मुख्यतः द्वितीयक समंको के आधार पर ही किया गया है, लेकिन योजना के प्रभावों का मूल्यांकन एवं उससे संबंधित समस्याओं को जानने हेतु प्रत्यक्ष एवं

व्यक्तिगत अनुसंधान भी प्रश्नावलियों व अनुसूचियों के माध्यम से स्थापित किये गये है।

उपकल्पना :

1. योजना का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।
2. ग्रामीण आर्थिक विकास में योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

सामान्यतः अनुभव किया जाता है कि ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' को जिन आधारभूत उद्देश्यों को लेकर प्रारम्भ किया गया था, उन्हें प्राप्त करने में काफी सीमा तक इस योजना ने सफलता पायी है, लेकिन जितनी सफलता एवं कार्यकुशलता की अपेक्षा की गयी थी उसे पूर्ण रूप से प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयां है, उन्हीं का अध्ययन कर उनकी समस्याओं का समाधान कर इस योजना की भूमिका को और अधिक उपयोगी बनाया जा सकता है तथा प्रदेश एवं देश की अर्थ व्यवस्था के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

मध्यप्रदेश में ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' के क्रियान्वयन का उद्देश्य मध्यप्रदेश के ऐसे सभी ग्रामीण बसावट जिनकी आबादी 500 या उससे अधिक (पहाड़ी इलाकों में 250 या उससे अधिक) हो, बारहमासी सड़क संपर्क उपलब्ध कराना है, ताकि उन ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को भी वे सभी सुविधायें (शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासनिक) प्राप्त हो सकें जो भाहरी क्षेत्रों के निवासियों को प्राप्त होती है।

म.प्र. में ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' के निर्धारित प्रारंम्भिक लक्ष्य या उद्देश्य निम्नलिखित है :–

(1) 500 आबादी (आदिवासी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में 250 या उससे अधिक आबादी वाली बसावटों को 2009 तक सड़क सम्पर्क प्रदान करना।
(2) 'राज्य में 7832 ग्राम बसावटों को 27562 कि.मी. लम्बाई की नवीन सड़कों का निर्माण कर सम्पर्कता प्रदान करना।
(3) 18627 कि.मी. से अधिक लम्बाई की सड़कों का उन्नयन।

उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति तथा योजना के क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की स्थापना की गयी, जिसका उद्देश्य निम्नलिखित है –

1. म.प्र. के ग्रामों को सड़कों से जोड़ने से संबंधित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन करना।
2. उद्देश्य की प्राप्ति के लिये विदेशी सहायता सहित अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था करना।
3. ग्रामीण सड़कों से संबंधित प्रशिक्षण एवं भाोध की व्यवस्था करना एवं इस हेतु राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तर एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण एवं शोध संस्थाओं से समन्वय करना।
4. ग्रामीण सड़कों के निर्माण से संबंधित नीतिगत निर्णयों हेतु राज्य स्तर पर शीर्ष संस्था के रूप में कार्य करना।

योजना का क्षेत्र : म.प्र. में ''प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना'' के क्रियान्वयन का क्षेत्र सम्पूर्ण मध्यप्रदेश है। इस योजना के क्षेत्र के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के उन सभी ग्रामीण बसावटों को सम्मिलित किया जायेगा जिनकी आबादी 500 या उससे अधिक (पहाड़ी क्षेत्रों में 250 या उससे अधिक है) तथा वे सड़क सम्पर्क से नहीं जुड़े हैं।

म.प्र. के ग्रामों की उनकी आबादी के अनुसार विवरण निम्न सारणी द्वारा स्पष्ट है –

म.प्र. में बसावटो की संख्या
(दिसम्बर 2000)

क्रम संख्या	आबादी सीमा	बसावटों की संख्या
1	1000 या उससे अधिक	14366
2	500 से 999 तक	16277
3	250 से 499 तक	12141
4	250 से कम	9333
	योग कुल ग्राम	52117

स्रोतः आर्थिक एवं सांख्यकी संचालनालय एवं राजस्व विभाग–बल्लभ भवन भोपाल (म.प्र.)

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि म.प्र. में कुल बसावटों की संख्या 52117 है तथा 500 से 999 तक आबादी के बसावट सबसे अधिक 16277 है तथा 250 से कम आबादी वाले बसावट सबसे कम 9333 हैं।

भौतिक प्रगति :

स्वीकृत सड़कों की लम्बाई तथा कुल पूर्ण सड़कों की लम्बाई
(मार्च 2012 तक)

क्रमांक	वर्ष	स्वीकृत सड़कों की लम्बाई (किमी.) में	कुल पूर्ण सड़कों की लम्बाई
1	2000-01	1726.60	1734.05
2	2001-02	4048.40	4029.03
3	2003-04	2897.10	2803.66
4	2004-05	3584.00	3465.63
5	2005-06	2698.73	2606.00
6	2006-07	5652.60	9395.00
7	2007-08	4934.90	4245.00
8	2008-09	15017.41	10787.00
9	2009-10	418.47	130.82
10	2010-11	45.75	45.75
11	2011-12	1662.89	16.35
	कुल योग	43386.85	39247.49

स्रोत – म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण विन्धयांचल भवन भोपाल।

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि इस योजना के अन्तर्गत मार्च 2012 तक कुल 43386.85 किमी. सड़के स्वीकृत की गयी है, जिसमें से 39247.49 किमी. सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सबसे अधिक स्वीकृति 2008–09 में किया गया जिसकी लम्बाई 15017.41 किमी. हैं।

लाभान्वित बसावटे : म.प्र. में ''प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना'' के अन्तर्गत विभिन्न वर्षो में लाभान्वित बसवटों की संख्या निम्न सारणी के अनुसार स्पष्ट है –

सारणी क्रमांक
लाभान्वित बसावटे_(अप्रैल 2012 तक)

क्रम सं.	वर्ष	लाभान्वित बसावटों की संख्या
1	2000.01	622
2	2001.02	1369
3	2003.04	956
4	2004.05	1178
5	2005.06	868
6	2006.07	3069
7	2007.08	1247
8	2008.09	3576
9	2009.10	170
10	2010.11	23
11	2011.12	581
	कुल योग	13659

स्रोत : म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा प्रकाशित



ग्रामोण आर्थिक विकास में भूमिका : म.प्र. में ग्रामीण आर्थिक विकास में योजना की भूमिका का मूल्यांकन करने हेतु विभिन्न जिलों मे स्थानीय व्यक्तियों से प्रत्यक्ष व्यक्तिगत संपर्क स्थापित कर जो सूचना एकत्र किए गए उसके आधार पर प्राप्त मूल निष्कर्ष निम्न है –

- ❖ कृषि उपज में वृद्धि एवं बाजार की उपलब्धता।
- ❖ शैक्षणिक सुविधाओं में वृद्धि।
- ❖ रोजगार के अवसरों में वृद्धि।
- ❖ स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि।
- ❖ परिवहन सुविधाओं में वृद्धि।
- ❖ आय स्तर में वृद्धि।
- ❖ ग्रामीण भूमि के मूल्य में वृद्धि।
- ❖ लघु एवं ग्रामीण उद्योगों को लाभ।
- ❖ महिलाओं का सशक्तिकरण।
- ❖ गाँव से पलायन में अंकुश।

समस्यायें :

1. भूमि अर्जन से संबंधित समस्यायें ।
2. बसावटों के चयन से संबंधित समस्यायें।
3. योजना तैयार करने से संबंधित समस्यायें।
4. योजना के क्रियान्वयन से संबंधित समस्यायें।
5. सड़कों मरम्मत एवं रखरखाव से सम्बन्धित समस्यायें।
6. लागत से संबंधित समस्यायें।
7. पर्यावरण से संबंधित समस्याय।
8. वित्तीय भुगतान से संबंधित समस्यायें।

सुझाव :

उपरोक्त समस्याओं के अवलोकन एवं विश्लेषण करने के पश्चात् योजना के प्रभावी संचालन हेतु निम्न सुझाव दिये जा सकते है –

- ❖ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु पर्याप्त संख्या में योग्य एवं दक्ष व्यक्तियों की नियुक्ति शीघ्र अतिशीघ्र किया जाना चाहिये।
- ❖ तकनीकी, प्रबंधन, लेखा तथा पर्यवेक्षण की योग्यता रखने वाले नवयुवकों एवं नवयुवतियों की नियुक्ति कर युवाओं की प्रतिभा, योग्यता, ऊर्जा एवं उत्साह का उपयोग योजना का प्रभावशाली क्रियान्वयन किया जा सकता है।
- ❖ भूमि के बदले में प्रदान किये जाने वाले मुआवजे का वैधानिक रूप से स्पष्ट व्यवस्था की जानी चाहिये, ताकि इससे संबंधित विवादों का शीघ्र समाधान कर कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके।
- ❖ विभाग के कार्मिकों एवं अधिकारियों के नियमित समय सारणी के अनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिये। राष्ट्रीय सड़क विकास एजेन्सी के द्वारा जो प्रशिक्षण की व्यवस्था है, वह पर्याप्त नहीं है, अतः राज्य सरकार से अनुरोध किया जाता है कि इस हेतु अलग से स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक निधि से प्रशिक्षण की व्यवस्था आयोजित किये जायें।
- ❖ बसावटों की पात्रता का निर्धारण जनगणना 2011 के आधार पर किया जाये, ताकि सभी पात्र बसावटों को योजना का लाभ प्राप्त हो।

- ठेकेदारों को कार्य स्वीकृत करने से पहले यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि उनकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ है तथा निर्माण कार्य के लिये आव" यक मशीनरी एवं प्लांट अच्छी हालत में हैं, तथा पर्यावरण सुरक्षा के मापदण्ड के अनुसार हैं।

निष्कर्ष : शोधार्थी द्वारा म.प्र. में योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति के संबंध जो शोध अध्ययन किया गया है, उसके आधार पर यह निष्कर्ष निकलता है कि यह योजना म.प्र. के ग्रामीण आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त करने में असफल रही हैं। अभी भी योजना के मार्ग में अनेक बाधायें एवं समस्यायें है। शोध अध्ययन के दौरान योजना के जो समस्यायें एवं कमियां उभर कर आयी उनके समाधान हेतु सुझाव भी प्रस्तुत किए गए है।

शोध अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों एवं सूचनाओं के अवलोकन एवं विश्लेषण से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि यह योजना ग्रामीण आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, लेकिन इसके मार्ग में अभी भी बाधाएं एवं समस्यायें हैं। इन समस्याओं के समाधान हेतु जो सुझाव प्रस्तुत किए गए है, अमल में लाया जाए तो इन समस्याओं को काफी हद तक कम कर योजना को अधिक प्रभावी एवं सफल बनाया जा सकता है।

संदर्भ :

1. आर्थिक विकास एवं नियोजन नेशनल पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली।
2. वार्षिक रिपोर्ट (2010–11) ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार।
3. आर्थिक समीक्षा (वार्षिक–2008) वित्त मंत्रालय भारत सरकार।
4. भारतीय कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रतिवेदन 2008
5. www.pmgsy.nic.in
6. www.mprrda.com
7. Indian Journal of commerce & management studies (January 2012)

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

स्वामी विवेकानन्द का सामाजिक चिन्तन

डॉ. सीमा त्रिवेदी
अतिथि विद्वान, राजनीति विज्ञान, शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय, आष्टा

भूमिका : स्वामी विवेकानन्द ने देखा कि देश की समृद्ध संस्कृति तथा आध्यात्मिक परम्परा की जकड़ तो भारतीय जनमानस पर प्रबल और सुदृढ़ थी, किन्तु देश में गरीबी, निर्धनता, दारिद्रा तथा इसके कारण उत्पन्न सामाजिक बुराइयाँ एवम् निर्बलता भी व्यापक रूप से विद्यमान थी।[1] उनके विचार में जनमानस में आत्मविश्वास जगाने की आवश्यकता थी। इसके साथ ही अस्त–व्यस्त हो रहे सामाजिक ढॉचे को दुरूस्त करने के लिए बुराईयों को दूर करने की आवश्यकता थी। विवेकानन्द के जन्मकाल से ही हिन्दुओं में सुधार का आन्दोलन प्रारम्भ हो गया था। अतः तत्कालीन समय का स्वामी जी पर गहरा प्रभाव पड़ा। स्वामी विवेकानन्द ने अपने समाज की अवनति का प्रमुख कारण आम जनता का दारिद्रय माना था। वे कहते थे कि पुरोहित और विदेशी नेताओं ने सैकड़ों साल उनकों पैरों तले कुचला है और इसका यह परिणाम हो गया कि हम भी इन्सान है। यह बात भारत के गरीब लोग भूल ही गए।[2] स्वामी विवेकानन्द के सामाजिक चिन्तन में वसुदैव कुटुम्बकम् की भावना और समूची मानव जाति का विकास निहित है, वे मानव जाति की धर्म आधारित संकीर्णता को लाँघ कर पारम्परिक एकता एवम् शांतिप्राप्ति के जीवन के हिमायती रहे। उन्होंने भारत भूमि को दर्शन आध्यात्मिकता नीतिशास्त्र इत्यादि का ऐसा पुण्यधाम बताया जो पशुत्व के विरूद्ध विश्राम स्थल है। उनके अनुसार भारत वह देश है जो धर्म को व्यवहारिक एवं सच्चा रूप प्राप्त हुआ। भारत में मानव अन्तःकरण का विस्तार इतना अधिक हुआ कि उसमें संपूर्ण मानव जाति समा गई तथा प्रकृति को भी स्थान मिल गया।

प्रविधि : इस शोध पत्र **स्वामी विवेकानन्द का सामाजिक चिन्तन** नामक शोध पत्र में द्वितीय शोध सामाग्री संकलन का प्रयोग किया गया है। इसके साथ–साथ विद्वानों का मार्गदर्शन, पत्र–पत्रिकाओं आदि का भी अध्ययन किया गया है।

शब्द कुन्जी :– भारत, वत्स, रूढ़िवाद, राष्ट्रीयता, नीतिशास्त्र।

उद्देश्य :–

- सामाजिक चिन्तन का अध्ययन करना।
- सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक मूल्यों का अध्ययन करना।
- आध्यात्मिक मूल्यों का अध्ययन करना।

स्वामी विवेकानन्द समाज के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को शिक्षित करना चाहते थे। उनके विचार में सामाजिक सुधारों के लिए लोगों को शिक्षा दिलाना अत्यंत आवश्यक है। वह प्राथमिक कार्य है और उसकी पूर्णता तक हमें प्रतीक्षा करनी होगी। विगत शतक में सामाजिक सुधार के लिए जो आन्दोलन खड़े हुए है। उनमें से अधिकांश केवल शोभा देने वाले सिद्ध हुए है। यह आन्दोलन पहले दो उच्च वर्णों से ही सम्बन्धित थे और अन्य वर्णों से कभी उनका सम्बन्ध आया ही नहीं। सुधार के बारे में प्रत्येक बात के मूल तक जाकर आपको सोचना चाहिए।[3]

उपयोगिता :–

वे भारत की ऊँच नीच के इतने आलोचक थे कि एक बार उन्होंने कहा था कि पहले पाखंडी पंडितों को अपने देश से निकाल दो, फिर देखों किस तरह अन्य देश आगे बढ़ रहे है, हम भी उसी प्रकार आगे बढ़ेगें। उन्होंने हिन्दू धर्म की ऐतिहासिक कारणों से उत्पन्न बुराईयों पर कड़ा प्रहार कर देश के विकास के लिए उसे अतिशीघ्र दूर करने की जरूरत बताई। उन्होंने हिन्दू धर्म की ऐतिहासिक कारणों से उत्पन्न बुराईयों पर कड़ा प्रहार कर देश के विकास के लिए उसे अतिशीघ्र दूर करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि धर्म का सही स्वरूप सार्वभौम, आध्यात्मिक, सर्जनात्मक एवम् कल्याणकारी है। किन्तु हिन्दू धर्म में उसके रूढ़िवादी, पाखंडी पंडितों एवम् पुरोहितों ने ढोंग, दम्भ एवम् संकीर्ण स्वार्थों के कारण इसे कलंकित कर दिया है। उनके अनुसार ये दोष धर्म का नहीं उसके पाखंडी प्रचारकों का है। इन बुराईयों को दूर करके सच्चे हिन्दू धर्म के मूल तत्वों की प्रतिष्ठा करना। स्वामी विवेकानन्द का मूल उद्देश्य था।

वे गरीबों और शोषितों के प्रति मानवीय भावनाओं का ध्यान रखने का आह्वान करते थे। "हे वत्स, दुःखी, गरीब, अज्ञानी लोगों के बारे में करूणा का भाव रखों हृदय इतना व्याकुल होने दो, मन और प्राण इतने पिघलने दो कि उसके कारण हृदय की गति थम

जाएगी और सर ऐसा चकराने लगेगा कि हम पागल तो नहीं हो जाएंगे, ऐसा आपको लगने लगेगा।"[4]

समाधान :–

स्वामी विवेकानन्द ने गेरूएँ वस्त्र धारण करने का कारण बताते हुए एक व्यक्ति से कहा था कि "यदि मैं साधारण मनुष्य की भाँति सुन्दर वस्त्रादि पहनकर भ्रमण करूं तो दरिद्र भिक्षुक मुझे धनवान जानकर मुझसे भिक्षा माँगेगे और मैं तो स्वयं एक दरिद्र हूँ। न तो मेरे पास पहनने के वस्त है न देने को पैसा, यदि मैं भी गेरूआ वस्त्र पहन लूँ तो मुझे भी वे अपनी तरह भिक्षुक समझ कर भिक्षा न माँगेगे। "इस महान देश भक्त की गेरूएँ वस्त्र और भिक्षुक की अवधारणा में राष्ट्रीय एकता, साहिष्णुता, सुधार, नवनिर्माण, सर्वधर्म समभाव और संतों की एकात्मता के भाव जीवनभर सन्निहित रहे और उनके विचारों में भी प्रतिबिम्बित होते हैं।

स्वामी विवेकानन्द में शारीरिक शक्ति, मानसिक शक्ति और इच्छा शक्ति का समावेश था। वे युवाओं में ऐसी ही शक्ति देखना चाहते थे। वास्तव में स्वामी विवेकानन्द के बारे में यह भी धारणा बना दी गयी की वे हिन्दू धर्म के प्रचारक और प्रणेता रहे, लेकिन उनके जीवन मूल्यों के आदर्श इतने महान रहे की वे सच्चे अर्थों में धर्म निरपेक्ष भारतीय ही रहे। शिकागों धर्म सभा में उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे राष्ट्र का सदस्य हूँ जिसने संसार के सभी धर्मों और सभी देशों के उत्पीड़ित शरणार्थियों को शरणस्थान दिया है। मुझे ऐसे धर्म का होने का गौरव है जिसने सहिष्णुता एवम् सभी धर्मों का सम्मान करने की शिक्षा दी है। हम सभी धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता ही नहीं दिखाते अपितु सभी धमों की सीखों को साम्य मन कर धारण भी करते हैं।

निष्कर्ष :–

यदि हम स्वामीजी के सामाजिक चिन्तन का निरूपण करना चाहे तो उसमें भारतीयों के गौरव और स्वाभिमान का बोध कराने की भावना है। स्वामी ऐसे राष्ट्र की रचना करना चाहते थे। जिसकी मांसपेशियाँ लोहे की और शिराएँ इस्पात की बनी हो और उसके अंदर वज्र के समान मस्तिष्क हो। वे अपने देशवासियों के अन्दर शक्ति पौरूप और ब्रह्मतेज का विकास करना चाहते थे। अब स्वामी जी नहीं है, लेकिन उनके विचार उस भारत में गूँज रहे है जहाँ भाईचारे के प्रतीक गेरूएँ वस्त्र पहनकर कथित स्वामी एकता और अखंडता को चुनौती पेश कर रहे हैं। ऐसे समय में उस महान देश भक्त सन्यासी को हम सब याद करते हैं। उन्होंने कहा था "हम इतने संन्यासी है जो केवल भ्रमण कर रहे है और तत्व मीमांसा के उपदेश दे रहे हैं– यह निरी मूर्खता है। भूखे पेट के लिए धर्म निरर्थक है। अपने अज्ञान के कारण ये निर्धन लोग जंगलियों की तरह जीवन जी रहे हैं। यदि हम में से कुछ निस्वार्थी संन्यासी, जो लोगों का भला करना चाहते हैं, गाँव–गाँव जाकर शिक्षा का प्रसार करें और उनके जीवन को सुधारने का प्रयत्न करें। क्या ये संभव हैं।" स्वामी विवेकानन्द के सपनों के भारत में मानवतावादी अपेक्षाऐं रही और उसकी स्थापना के लिए वे सदैव प्रयत्नशील रहें।

सन्दर्भ :–

1. समकालीन भारतीय दर्शन, ***बसंत कुमार लाल,*** मोतीलाल बनारसीदास पब्लिकेशन्स, दिल्ली, पृष्ठ 1
2. मेरा भारत, अमर भारत– ***स्वामी विवेकानन्द,*** रामकृष्ण मठ, पृष्ठ 21
3. भारत का पुनर्जागरण– ***स्वामी विवेकानन्द,*** रामकृष्ण मठ, पृष्ठ 29
4. स्वामी विवेकानन्द– ***रमेश पतंगे,*** विवेकानन्द केन्द्र प्रकाशन, जोधपुर, पृष्ठ 69

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

THE STATUS OF PRESENT CROPPING PATTERN IN RAISEN DISTRICT MADHYA PRADESH

Dr. SANSKRITI SAMAIYA

Department of General and Applied Geography
Dr. H. S. Gour University, Sagar (M.P.) 470 003 India

Agriculture is the largest employer of the persons and modifier of natural landscape. Man has been extracting goods and services of his utility from land through farming. The attributes of land resources influence the production of these products. In spite of several strides in agricultural development technology, farming is still heavily dependent technology; farming is still heavily dependent on natural conditions and provides livelihood for majority of humanity. Thus, as Found generalizes, the rural land use patterns can be seen to reflect an areas natural endowments, such as soil quality or climate, but also some of its tangible assets, such as economic structure, culture and inspirations of its people (Found 1971, ix).the history of the resource use shows that the increasing demand and capacity of people resource have stretching and their efficiency been has been improving (Zobler, 1962, P. Verma 1966). This is true in the case of agricultural resources also. Agriculture has been extended not only on new lands of marginal productivity but also many physical disturbances have come up with the use of modern technology. Modern agriculture is capable of defying the physical limits of cultivation. Thus agriculture can be taken as an index of capacity of resource utilization by the local people.

Cropping pattern means the proportion of area under various crops at a point of time. The present cropping patterns have been evolved by farmers after centuries of experience. Historically these cropping patterns were based on the principle of self sufficiency in all commodities in a village where the means of communication were very poor and dependence on marketing agencies was very much limited. It changed with the improvement in technology and economic factors. It gradually leads to the increasing use of modern technologies and commercialization of farming.

PRESENT CROPPING PATTERN

Total cropped area is 506.38 thousand hectares in 2005-06 in this district. The cropping pattern is dominated by foodgrains. More than three-fourths (81.39%) of the total cropped area is under these crops (Table 1). These are mainly grown for domestic consumption. In food grains major share is of pulses occupying 43.53 % of total cropped area. Remaining 37.87 % is under pulses. Total fruits and vegetables occupy 0.93 per cent of total cultivated area.

Table 1 : Raisen District: Area under Major Crops, 2005-06

Crops	Area		% Share		% Change
	1985-86	2005-06	1985-86	2005-06	
Wheat	165039	178044	36.27	35.09	7.88
Rice	6328	8299	1.39	1.64	31.15
Jowar	10725	1458	2.36	0.29	-86.41
Maize	2315	3400	0.51	0.67	46.87
Total Cereals & Millets	186019	192131	40.88	37.87	3.29
Gram	92800	133074	20.39	26.23	43.40
Tur	18506	22280	4.07	4.39	20.39
Total Pulses	179691	220844	39.49	43.53	22.90

Total Foodgrains	365711	412975	80.36	81.39	12.92
Sugarcane		1761	0.00	0.35	
Total Food Crops	367174	417676	80.68	82.32	13.75
Soyabean		70566		13.91	
Total Oilseed	64116	76044	14.09	14.99	18.60
Fodder Crops	23606	13599	5.19	2.68	-42.39
Total non-food crops	87908	89708	19.32	17.68	2.05
Gross cropped Area	455082	507384	100.00	100.00	11.49

Source: Department of Land Records & settlement, District Raisen.

Oilseeds occupy 14.99 % of total cropped area. This proportion is much lower than the state average. Total non- food crops occupy 17.68 per cent of GCA. This proportion is much lower than the state average of 24.0 %.

Commercialization of farming has set motion in this region also. It is evident from the direction of changes in area under different crops. Area under food grains is increasing because of increasing area under pulses.

Pulses occupied 39.49 % of gross cropped area in 1985-86 which reached to 43.53 % in 2005-06. Another point of view is that millets and rough grazing are loosing their significance.

DISTRIBUTION OF MAJOR CROPS

Wheat

Wheat is a rabi crop and is grown under a variety of soil and climatic conditions. It does not require high rainfall but the soil moisture should be sufficient for the unchecked plant growth. Wheat is the first ranking food grain and valuable forage crop in the district. It occupies 178044 hectares (35.09% of gross cropped area) in this district in 2005-06. This proportion is much higher by the state average of 20.69 %. But high yielding variety of wheat covers only 130007 hectares. The area of wheat cultivation has increased from 165039 in 1885-86 to 178044 hectares in 2005-06. Thus the growth of area under wheat is 7.88 %.

Table : 2

Raisen District: Tahsil wise Area under Cereals, 2005-06

Tahsil	Wheat		Rice		Jowar		Maize		Total Cereals	
	Area	%	Area	%	Area	%	Area	%	Area	%
Raisen	33565	42.12	788	0.99	440	0.55	912	1.14	35705	44.805
Gairatganj	22925	39.22	294	0.50	59	0.10	158	0.27	23439	40.104
Begamganj	21387	32.95	765	1.18	299	0.46	382	0.59	22985	35.409
Goharganj	32956	45.74	2205	3.06	83	0.12	1374	1.91	36618	50.817
Bareli	42896	39.65	3500	3.23	31	0.03	147	0.14	46574	43.045
Silwani	13253	23.04	627	1.09	312	0.54	403	0.70	15351	26.686
Udaipura	11062	16.62	120	0.18	234	0.35	24	0.04	11459	17.218
District	**178044**	**35.09**	**8299**	**1.64**	**1458**	**0.29**	**3400**	**0.67**	**192131**	**37.867**

Source: Department of Land Records & settlement, District Raisen.

Rice or Paddy (Oryza sativa)

Rice has the highest nutritive value per unit area (i.e. can support more people per unit area) of all the tropical cereals, can grow largely irrespective of the fertility of the soil, and is not normally associated with problems of soil erosion (Hodder, 1971). It grows well in low-lying areas of heavy clays or heavy loam, clayey loamy soils. Sandy soils are not suited due to the absence of clay pan leading to excessive seepage.

Rice is the cereal crop of the district through it is sown on 8299 hectares, which constitutes only 1.65 % of total cropped area in 2005-06. Area under rice has increased from 6328 hectares in 1985-86. Thus the growth of rice cropped area during this period is 31.15 %. Proportion of area under rice varies from 0.18 % of total cropped area in Udaipura tahsil to 3.23 % in Bareli tahsil. Concentration in rice cultivation is in two tahsils of the Narmada valley. These tahsils are Bareli and Goharganj where 68.7 % of total rice cropped area of district confined.

OTHER CEREALS AND MILLETS

Jowar ranks third in importance among cereals and is grown on 1458 hectares which constitutes only 0.29 % part of total cropped area in this district in 2005-06.It is pertinent to mention that jowar cropped area declined very rapidly after the introduction of soyabean in the district. For instance in 1985-86 total jowar cultivation area was 10725 hectares Thus the jowar cropped area declined by -86.41 % during last two decades. Its share in cropped area varies from 0.03 % in Bareli tahsil to 0.55 % in Raisen tahsil.

Maize covers only 0.67 % of total cropped area of the district. This is sown in 3400 hectares area in the district in 2005-06. It covered 2315 hectares of area in 1985-86. This crop is sown in combination with the soyabean.

PULSES

Pulses are cheap but good sources of vegetable proteins and are a good substitute of the animal protein. They are rich in carbohydrates and starch; besides, they also contain a small amount of fat. Pulses are major source of protein in the diet of vegetarian population in India. They are nutritious not only for human beings but for livestock too. They are leguminous crops and enhance soil fertility by fixing atmospheric nitrogen. Pulses as a group generally need less moisture and may survive when others are dying. They are grown in both kharif and rabi seasons. *Tur* (pigeonpea), *urd* (black gram), *moong* (green gram), *moth* (brown gram) are major kharif pulses and gram, peas, *teora, masoor* (lentil) and *urd* are rabi pulse crops.

All pulses are grown on 220844 hectares, constituting 43.53 % of total cropped area in 2005-06 in this district, which is almost double than the state average (22.08%). Area under pulses increased rapidly, by 22.90 %, from 179691 hectares in 1985-86 to 220844 hectares in 2005-06. Major pulses grown in the district are gram, urad, tur pea and lentil (Table 3). Moong-moth and kulthi are other minor pulses grown in the district.

The proportion of total pulses varies from 25.78 % in Goharganj tahsil to 72.07 % in Udaipura tahsil. The low proportion area under total pulses is the western and south-western part of the

Table : 3

Raisen District: Tahsil wise Area under Pulses, 2005-06

Tahsil	Gram		Lentile		Tur		Pea		Total Pulses	
	Area	%	Area	%	Area	%	Area	%	Area	%
Raisen	18082	22.7	3122	3.9	661	0.8	744	0.9	23710	29.8
Gairatganj	14829	25.4	5298	9.1	722	1.2	929	1.6	22567	38.6
Begamganj	13828	21.3	8393	12.9	1339	2.1	980	1.5	25307	39.0
Goharganj	13879	19.3	2457	3.4	578	0.8	771	1.1	18574	25.8

Bareli	27978	25.9	6321	5.8	7437	6.9	790	0.7	44910	41.5
Silwani	22529	39.2	7065	12.3	3007	5.2	2582	4.5	37811	65.7
Udaipura	21949	33.0	8919	13.4	8536	12.8	4955	7.5	47965	72.1
District	133074	26.2	41575	8.2	22280	4.4	11751	2.3	220844	43.5

Source: Department of Land Records & settlement, District Raisen.

district, which is constituted by Goharganj (25.78%) and Raisen (29.75%) tahsils. The central part of the district has moderate proportion of area under total pulses which is made up by Bareli (41.51%) and Gairatganj (38.61%) tahsils. Begamganj also has low proportion of pulse cropped area (38.99%). Contrary to it southeastern part of district has high proportion of total cropped area under pulse crops, which are 72.1 % of total cropped area in Udaipura and 65.7 % in Silwani tahsil in 2005-06.

Gram *(Cicer arietinum,* chick-pea)

Gram is the principal food pulse grown for cash returns in the district. Its consumption as a human food is, however, much less than other food cereals and food millets. Gram is a leguminous pulse used by all classes of people as a vegetable in green form and as a pulse in dry form.

Its flour mixed with wheat, jowar, or bajra is used by the poor class of people. It has high industrial importance also.

Gram thrives on well-drained sandy or medium loams. It can be raised on clay-loams also, provided good irrigation is given. On the whole, major bulk of the crop is matured without irrigation. Gram ranks second among crops of the district and is major pulse crop. It is sown on 133074 hectares in 2005-06, which constitutes 26.2% of total cropped area of the district. Area under gram increased phenomenally from 92800 hectares in 1985-86, recording growth of 43.40% during two decades.

Proportion of area under gram varies from 19.26 % in Goharganj tahsil to 39.16 % in Silwani tahsil. Along with Goharganj, Begamganj (21.30%) tahsil is another low gram cultivation area. Contrary to it Udaipura (33.98%) and Silwani (39.16%) have proportion of gram cropped are higher than the district average. These tahsils have more than 30 % of total cropped area under gram cultivation. Adjoining Bareli and Gairatganj tahsils have more than one-fourth of cropped area under this crop. Thus, gram cultivation is concentrated in the central and southeastern part of the district.

Lentile (Ervem lence - Masoor)

Lentile is second important pulse crop in the district which is sown on 41575 hectares area, constituting 8.19 % of total cropped area in the district in 2005-06. Lentile is widely sown in the district. Proportion of lentil cropped area varies from 3.41 % in Goharganj tahsil to 13.40 % in Udaipura tahsil in 2005-06. Its concentration is in the eastern and south eastern parts of the district where Udaipura (13.4 %), Begamganj (12.9%), Silwani (12.3%) and Gairatganj (9.1%) tahsils have higher proportion of area under this crop in 2005-06. The proportion of lentil cropped area low is in western and south-western parts of the district, constituted by Goharganj, Raisen and Bareli tahsils.

Tur

It is also known as 'arhar' and is an annual crop, which is sown in the kharif season and harvested in rabi season. It is grown on 22280 hectares, which is 4.37 % of total cropped area of the district in 2005-06. This proportion is much higher than the state average of 1.57 % in the same year. It was 18506 hectares area under the tur cultivation in 1985-86. Thus the growth is of 20.39 % during 1985-2006.

Its proportion varies from 0.80 % in Goharganj tahsil to 12.83 % in Udaipura tahsil in all tahsils total cropped area of the district. Udaipura (12.8%), Bareli (6.9%) and Silwani (5.2%) tahsils have higher proportion of area than the district average under this crop. Gairatganj and Begamganj tahsil have low proportion of this crop and it is negligible in Goharganj and Raisen tahsils.

Pea

Pea is one of the important pulse crops of rabi season in district. It covers 11751 hectares (2.32 % of total cropped area). Proportion of area under pea is varies from 0.73 % in Bareli tahsil to 7.45 % in Udaipura tahsil. Bareli and Raisen tahsils have low proportion of pea cropped area. Goharganj, Begamganj and Gairatganj tahsils have moderate proportion of this crop which is 1.07%, 1.51% and 1.59% of gross cropped area respectively. Proportion of pea crop cultivation area is high in southeastern part of the district. Silwani (4.49%) and Udaipura (7.45%) tahsils are located in this area.

OILSEEDS

Now a days oil derived are used both for edible and industrial purposes. Vegetable oils are increasingly used as lubricants, in soap making and in varnish and paint industry. The residue after the extraction of oil which forms oilcake, serves as a food for cattle or fertilizer for the soil. Oilseeds are an important item in the rural economy of India and constitute a valuable group of cash crops.

Table : 4

Raisen District: Tahsil-wise Area Oilseeds 2005-06

Tahsil	Soyabean		Sesame		Total Oilseeds	
	Area	%	Area	%	Area	%
Raisen	18035	22.6	69	0.1	18489	23.2
Gairatganj	9255	15.8	8	0.0	10039	17.2
Begamganj	8700	13.4	79	0.1	12003	18.5
Goharganj	15533	21.6	135	0.2	15737	21.8
Bareli	14242	13.2	46	0.0	14307	13.2
Silwani	1147	2.0	8	0.0	1663	2.9
Udaipura	3654	5.5	00	0.0	3806	5.7
District	**70566**	**13.9**	**345**	**0.1**	**76044**	**15.0**

Source: Department of Land Records & settlement, District Raisen.

All oilseeds cover 76,044 hectares in the district which is 14.99% of total cropped area in 2005-06. This proportion is much lower than the state average of 29.46 % in same year. Area under all oilseeds increased by 18.6 % during 1985-2006. Among oilseeds, soyabean (13.9% of total cropped area) is the first ranking oilseed. Others oilseed crops constitute only 1.0 % of total cropped area.

Soyabean

Soyabean is the first ranking oilseed crop in the district. It is sown on 70566 hectares in 2005-06, which is 13.9 % of total cropped area of the district. Thus it constitutes 92.79 % of total area under all oil seeds. Among tahsils, land under soyabean ranges from 1.99 % in Silwani tahsil to 22.63 % in Raisen tahsil. Concentration of soyabean is on the medium to deep black soil possessing high fertility. It occupies less undulating and more level land. Tahsils with high proportion of area under soyabean are located in the northern and southwestern part of the district. They are Raisen (22.63%) Goharganj (21.3%) and Gairatganj (15.8%). Begamganj (15.4) and Bareli (13.2%) also have high proportion under soyabbean. Silwani and Udaipura are poor in this respect.

Reference :

Chandravanshi, S.K. (1992): ***Determinates of Agricultural Productivity in Chhatisgarh Basin M.P.*** Unpub. Ph.D. Thesis of Dr. H.S. Gour Vishwavidyalaya Sagar (M.P.).

Chatterjee, Nandini, (1986):"Impact of Irrigation on Agriculture in Southern West Bengal", ***Geographical Review of India***, Vol-48, No-1, 72-81.

Govt. of M.P. (2001): ***Agriculture and Livestock Statistics 2000-01***. Bhopal, Directorate of Eco. and Statistics.

Kalwar, S.C. and Lakwani, R. (1990): "Irrigation and Cropping Characteristics in Saline and Alkaline Soils" Pp. 69-80 in Ram Kumar Gurjar, ed.,***Geographical Perspectives on Irrigation.*** Jaipur: Rawat Publication.

Mishra, B.N. (1990): "Water Management in Irrigated Area Agriculture of Dry Zone in India, Pp. 46-56 in Ram Kumar Gurjar, ed. ***Geographical Perspectives on Irrigation***. Jaipur: Rawat Publication.

Mishra, C.B. (1977): ***Changing Pattern of Resource Use in the Eastern Satpura Region***. Unpublished Ph.D. Thesis of University of Saugar. Sagar.

Misra V.C. and S.K. Sharma (1983) "Population Growth and Agricultural Changes in MP: Spatial analysis of their correlates" ***Nat. Geogr.*** XVIII. 2: 141-152.

Sharma, S.K. (1980): "Agricultural Productivity and Density of Rural Population in M.P., A Correlation" ***Geog. Rev. Ind***., *Kolkata* Vol. 42-1.Pp 21-30.

Sharma, S.K. (2003a) "Agricultural Innovations and their impact on Agricultural Productivity in Madhya Pradesh", ***The Deccan Geographer***, Vol. 41 No. 2, Pp 49-64.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

सर सैय्यद अहमद खा का प्रतिक्रियावादी एवं साम्प्रदायवादी स्वरूप

शबाना अंजुम
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

मुस्लिम साम्प्रदायवाद और पृथक्करण की भावना के जन्मदाता के रूप में :– मुस्लिम साम्प्रदायवाद और पृथक्करण की भावना को समझने के पूर्व राष्ट्रीयता, इस्लाम और मुसलमान के संबंध में कुछ बातों को समझ लेना जरूरी है कारण यह ह कि स्वतंत्र भारत में मुस्लिम साम्प्रदायवाद और पृथक्करण की विचारधारा को जिस प्रकार उदरित किया गया उससे न केवल हिन्दू और मुसलमानों में दूरियां बढ़ी हैं बल्कि यह खाई निरन्तर बढ़ती ही जा रही है, जिसे पाटना कभी–कभी असम्भव सा प्रतीत होता है। इसी संदर्भ में डॉ. इकबाल ने लिखा है कि –

राष्ट्रीयता का अर्थ यदि देशवासियों से प्रेम करने और देश की स्मिता पर प्राण न्यौछावार करने से है तो, ऐसी राष्ट्रीयता मुसलमान के ईमान का महत्वपूर्ण अंग है। राष्ट्रीयता इस्लाम से उस समय टकराती है ज बवह एक राजनैतिक दर्शन बन जातो है और इंसान से इंसान को जोड़ने का बुनियादी सिद्धान्त होने का दावा करती है और यह आह्वान करती है कि इस्लाम व्यक्तिगत विश्वास के परिपेक्ष्य में चला जाये और राष्ट्रीय जीवन में एक जीवनदायी अंश की भांति शेष न रहने पाये। तुर्की, ईरान औश्र दूसरे मुस्लिम देशो में राष्ट्रीयता कभी एक समस्या का रूप धारण नहीं करती। राष्ट्रीयता की समस्या मुसलमानों के केवल उन देशों में है, जहां वह अल्पसंख्यक हैं और जहां राष्ट्रीयता का अर्थ यह लिया जाता हैं कि वह अपनी पहचान को बिल्कुल मिटा दें, मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में इस्लाम राष्ट्रीयता से सामंजस्य स्थापित कर लेता है। क्योंकि व्यवहारिक रूप में वहां इस्लाम और राष्ट्रीयता एक ही हैं। जिन देशों में मुसलमान अल्पसंख्यक हैं, वहां उनकी यह कोशिश जायज होगी कि सांस्कृतिक आधार पर उन्हें स्वयं निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त हो।

प्रायः ऐसा देखने में आया है कि सामाजिक कियाऐं अपने विरोधाभास के बावजूद साथ–साथ चलती रहती है। जिनसे समाज, परिवार और व्यक्तिगत सिद्धान्तों की रचना होती है यदि इनमें सामंजस्य स्थापित न हो तो कभी–कभी टकराव की स्थिति पैदा हो जाती है। यही कारण है कि दुनिया के सभी धर्म सहनशीलता, प्रेम और आपसी भाईचारा और सद्भाव स्थापित करने पर जोर देते है। धर्म कभी भी इन्सान को इन्सान से युद्ध करने, द्वेष और हिंसा फैलाने की शिक्षा नहीं देता। वैचारिक मतभेदों को राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिये मूर्तरूप देना भी उसे पसन्द नहीं है, परन्तु मनुष्य अपने निजी स्वार्थ और भौतिक लाभ को धार्मिक सहिष्णुता पर कुर्बान करना पसंद नही करता जिससे टकराव की स्थिति निर्मित हो जाती है।

वस्तुतः मुसलमान इस्लाम को जीवन का आधार समझते हैं। कारण यह है इस्लाम का शाब्दिक अर्थ ''अमन और शांति'' है और वह प्राकृतिक धर्म होने का दावा भी करता है। सर्वधर्म जियो और जीनो दो का अर्थ भी वह जानते है।' कुरान में यह स्पष्ट आदेश दिया जाता है कि तुमको तुम्हारा धर्म प्यारा, हमको हमारा धर्म, यहां विवाद की कोई गुजांइश नहीं बनती। समान नागरिक आचार संहिता के अन्तर्गत इस्लनाम कभी भी किसी की धार्मिक भावनाओं और धार्मिक संस्कृति को नुकसान पहुंचाना भी गुनाह समझता है। यहां इस्लाम को साक्षी बनाकर भारत के मुस्लिम शासकों की धार्मिक नीमियों को उदाहरणार्थ प्रस्तुत किया जा सकता है, परन्तु हमे इतिहास को उसके पुराने संदभों में ही समझना होगा। समयानुसार परिस्थितियां निर्मित होती हैं और कभी–कभी आशाओं के विपरीत भी परिणाम निकलते है। परन्तु समझदार व्यक्ति उनसे भ्रमित नही होते क्योंकि आवश्यकतानुसार मनुष्य की भावना में परिवर्तन आता रहता है। ''हिरोशिमा'' और ''नागाशाकी'' पर द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका द्वारा गिराये गये एटम बम की तबाही को भूलकर ही जापान उन्नति के शिखर पर पहुंचा है।

सन् 1857 ई0 की क्रान्ति के असफल होने के पश्चात् विशेषकर भारतीय मुसलमानों पर

अंग्रेज सरकार ने अपना दमन चक तेज कर दिया और शहर के शहर, गांव के गांव वीरान कर दिये गये। पण्डित सुन्दर लाल लिखते है कि –

''शहंशाह बहादुर शाह की गिरफ्तारी के बाद बहादुर शाह के दो बेटे, मिर्जा मुगल और मिर्जा अख्तर सुलतान और एक पोता मिर्जा अबू–बकर हुमायुं के मकबरे में बाकी रह गये थे। मिर्जा इलाही बक्श ने ''हड़सन'' को खबर दी कि यह लोग अभी एक मकबरे में मौजूद है। परिणाम स्वरूप तीनों शहजादों को बन्दी बना लिया गया। शहजादों को रथों में सवार कराकर हड़सन अपने सवारों समेत शहर की और चल दिया। शहजादों के सिर काटकर शहंशाह बहादुर शाह के सामने लाये गये। सिरों को पेश करते हुए हड़सन ने बहादुर शाह से कहा – ''कम्पनी की और से आपकी भेंट, जो वर्षों से बंद थी।''

शहंशाह बहादुर शान ने जवान बेटों और जवान पोते के कटे हुए सिर देखे तो आश्चर्यचकित रह गये और अपनी सहनशीलता का परिचय देते हुए मुंह फेर लिया और कहा – 'अलहमदो लिल्लाह'' (अल्लाह का शुक है) तैमोर की औलाद ऐसे ही गौरवान्वित होकर बाप के सामने आया करती हैं।''

1857 ई0 की क्रान्ति की असफलता के पश्चात् अंग्रेज अफसरों ने हजारों मर्द, औरतों और बच्चों तक को गोलियों से उड़ा दिया। लाहौर छावनी और आसपास के क्षेत्रों में इतनी भयानक तबाही मचायी कि जिसे पढ़कर इन्सान का हृदय विलाप करने लगता है। मनुष्यों को जिन्दा जलाना, तोपों से उड़ा देना बहुत साधारण सी बात थी। मरने वाले क्रान्तिकारियों के घरों को लूटकर आग लगा दी जाती थी सारा उत्तरी भारत अंग्रेजी साम्राज्य क पैरों तले कुचला जा रहा था। इस आग और खुन की होली में मुसलमान बर्बाद हो रहे थे, उनके आंसू पोछने वाला भी कोई नही था, सबको अपनी–अपनी पड़ी हुई थी। सर सैय्यद अहमद खां ने ऐसी विषम परिस्थितियों में यह अच्छी तरह समझ लिया था कि इस क्रान्ति ने उत्तरी भारत के मुसलमानों को बुरी तरह से प्रताणित किया था और जब तक अंग्रेज सरकार का गुस्सा शांत नही हो जाता, तब तक किसी न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती थी। यही कारण था जिसने उन्हें ''असबाब बगावते हिन्द'' लिखने के लिये प्रेरित किया ताकि अंग्रेजों की मुस्लिम विरोधी मानसिकता को उग्र होने से रोका जा सके। परन्तु इसका अर्थ यह नहीं समझा जाना चाहिए कि सर सैय्यद अहमद खां किसी जाति या धर्म विशेष के विरोधी थे।

सर सैय्यद अहमद खां एक बड़ समाज सुधारक, लेखक और शिक्षा शास्त्री थे। उन्हें यह मालूम हो गया था कि भारतीयों के लिये आधुनिक विज्ञान और यूरोपीयन सहित्य को समझना बहुत जरूरी है। परन्तु वह यह भी जानते थे कि यह ज्ञान उन्हें देशी भाषा के माध्यम से दिया जाये, जिसके लिये उर्दू से बढ़कर कोई देशी भाषा नहीं थी। 1825 ई0 में सारे राजकाल की भाषा उर्दू ही थी। इसलिये सर सैय्यद अहमद खां यह चाहते थे कि शिक्षा का सारा ज्ञान उर्दू में ही दिया जाये। सरकार ने उनकी इस बात को काफी हद तक स्वीकार कर लिया था और सर सैय्यद अहमद खां का प्रभाव सरकार में काफी बढ़ गया था और यही वजह थी कि साम्प्रदायवादी शक्तियों ने अंग्रेजी सरकार में सर सैय्यद अहमद खां के इस बढ़ते हुए प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से ही उन पर साम्प्रदयिकता फैलाने का आरोप लगाना प्रारंभ किया। जैसे – अग्रेजी भाषा को सीखना, अंग्रेजी शिक्षा पद्धति को स्वीकार करना, हिन्दुओं और अंग्रेजों के साथ मेलजोल रखना इत्यादि। यह सभी बातें उन्हें स्वीकार्य न थीं, इसलिये मुसलमानों का एक वर्ग सर सैय्यद अहमद खां के सामाजिक आंदोलन के विरूद्ध आवाज उठा रहा था। उनके खिलाफ ''फतवे'' दिये जा रह थे। जिसका लाभ नियिचत रूप से साम्प्रदायिक शक्तियां उठा रही थीं।

''जाहिदे खुश्क ने मुझे काफिर जाना

काफिर यह समझा के मुसलनां हूं में''

(खुश्क मिजाज मुल्ला ने मुझे काफिर (नास्तिक) जाना और नास्तिक यह जाना कि मुसलमान हूं मैं)

सर सैय्यद अहमद खां के मन में ''भाषा'' को लकर कोई विरोध नहीं था, जिसकी झलक उनके भाषणों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है –

अब हिन्दुस्तान ही हम दोनों का वतन है। हिन्दुस्तान ही की हवा से हम दोनों जीते हैं। पवित्र गंगा, यमुना का पानी हम दोनों नीते हैं।

हिन्दुस्तान की जमीन की पैदावार हम दोनों खाते हैं। मरने और जीने में दोनों का साथ है। हिन्दुस्तान में रहते–रहते दोनों का खून एक हो गया, दोनों की रंगत एक सी हो गई। मुसलमानों ने हिन्दुओं की सैकड़ों आदतें ले लीं, यहां तक कि हम दोनों आपस में मिले और एक ऐसी भाषा ''उर्दू'' पैदा की, जो न हमारी भाषा थी और न उनकी।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संबंध में सर सैय्यद अहमद खां के विभन्न मत :– मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली ने कांग्रेस के संदर्भ में सर सैय्यद अहमद खां के विचारों को सर सैय्यद अहमद खां के जीवन पर आधारित विश्वविख्यात पुस्तक ''हयाते जावेद'' में प्रस्तुत किया है, कुछ अंशों का हिन्दी अनुवाद निम्नलिखित है –

सर सैय्यद अहमद खां के जीवन में कांग्रेस का विरोध करना एक ऐसी घटना है जिसका असर हिन्दुस्तान से लेकर इंग्लिस्तान तक आश्चर्यजनक रूप से और विभिन्न सम्प्रदाय क लोगों पर अनेक प्रकार से हुआ है। इसलिए हम इस घटना का विस्तृत विचरण के साथ उल्लेख कर रहे है। मई 1884 ई0 में बाबू सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने हिन्दुस्तान के विभिन्न अंचलो में इस उद्देश्य से भ्रमण किया था कि हिन्दुस्तान के शिक्षित लोगों तथा विभिन्न संस्थाआं का ध्यान इस और आकृष्ट किया जाये कि ब्रिटीश सरकार ने सिविल सर्विस के उम्मीदवारों की आयु जो 21 वर्ष से घटकर 19 वर्ष कर दी है, उसकी गवर्नमेन्ट से दरख्वास्त करं कि 21 वर्ष का नियम जो उपरोक्त परीक्षार्थियों के लिए पहले से निर्धारित था, वही अब फिर जारी किया जाये और तमाम हिन्दुस्तानी मिलकर एक फण्ड जो नेशनल फण्ड के नाम से जाना जावे, में राशि जमा करें जाकि जब कभी उनको भारत सरकार या ब्रिटीश सरकार में कोई दरख्वास्त या शिकायत पेश करने की जरूरत हा तो उस फण्ड की आमदनी में से खर्च किया करें।

इस समय उन्होंने अलीगढ़ में भी दौरा किया और जो सभा इस उद्देश्य के लिये अलीगढ़ में हुई थी, उसमें सर सैय्यद अहमद खां जो अन्जुमन के अध्यक्ष थे, वहां उपस्थित थे। यहां तक कि जो दरख्वास्त सिविल सर्विस की आयु बढ़ाने के लिये विलायत भेजी गई थी, उसके भेजने में सर सैय्यद अहमद खां भी शामिल थे। मेरा विचार है इसी सन् में बंगालियों ने कलकत्ता में एक संस्था स्थापित की, जिसका पहला नाम बंगाल नेशनल लीग रखा गया था और जिसका उद्देश्य संक्षेप में यह था कि गवर्नमेन्ट ने जिन अधिकारों को देने का हिन्दुस्तानियों से वादा किया है उनकी मांग की जाये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. असगर, अब्बास – सर सैय्यद की सहाफत, अन्जुमन तरक्की उर्दू हिन्द 1975

2. अग्रवाल, अर.सी. – भारतीय संविधान का विकास तथा राष्ट्रीय आन्दोलन, एस. चन्द्र एण्ड कम्पनी प्रा. लिमिटेड, रामनगर, नई दिल्ली, 1977

3. अहमद, सैय्यद तुफैल – मुसलमानों का रोशन मुस्तकबिल मकतवा, मकतब जामुल लिमिटेड

4. अवस्थी, लीला – भारतीय स्वधीनता संग्राम के नेता, हिन्दी प्रचारक पुस्तकालय, वाराणसी, 1971

5. गुप्त, मन्मथनाथ – राष्ट्रीय आन्दोलन का इतिहास, शिवकाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी प्राईवेट लिमिटेड, आगरा, 1962

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

महिला साख सहकारी सोसायटियों के स्वरूप

डॉ. ममता ए. त्रिपाठी
सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, श्री उमिया कन्या महाविद्यालय, इन्दौर

देश व प्रदेश में महिला साख सहकारी सोसायटियॉ दो स्वरूप में पाई जाती है :–

1. महिला साख सहकारी समिति

2. महिला नागरिक सहकारी बैंक

उपरोक्त दोनों स्वरूप की सहकारी सोसायटियॉ, बैंक व संस्थाएं तकनीकी तौर पर भी व उद्देश्य की दृष्टि से भी समान है। दोनों का ही पंजीयन पंजीयक सहकारी सोसायटियां, मध्यप्रदेश द्वारा किया जाता है व पंजीयन के पश्चात् दोनें ही सहकारी सोसायटी के नाम से संबोधित किये जाते है। दोनों का प्रबंध व नियमन मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के प्रावधानों के अनुसार होता है। दोनों का अंकेक्षण व प्रशासन सहकारिता विभाग द्वारा किया जाता है। दोनों प्रकार की सोसायटी में सदस्यों से होने वाले किसी भी विवाद का निपटारा समान रूप से सहकारी न्यायालय में होता है। ऋण वसूली की प्रक्रिया भी समान है। दोनों ही सहकारी संरचना में कडीबद्ध है। दोनों ही सहकारी आंदोलन का अंग है व सहकारी आंदोलन के सिद्धांतों के प्रति आस्था रखते है और उनका सम्मान करते है। दोनों ही गैर सदस्यों को ऋण नही देते है। दोनों सोसायटियां वास्तव में समान उद्देश्य के लिए कार्य करती है। दोनों का उद्देश्य अपने सदस्यों में बचत की भावना पैदा करनाव आवश्यकता होने पर उनको ऋण उपलब्ध कराना है।

कुछ ही समय पूर्व तक सांख्यिकीयों में दोनों प्रकार की सोसायटियों के समंक एक साथ दिये जाते थे। इनका पृथक्करण तो बहुत बाद में हुआ जब सहकारी बैंकों की बैंकिंग व्यवसाय में अहम् भुमिका उभर कर सामने आई तब यह आवश्यकता महसूस की गई कि सहकारी बैंकों को भी बैंकिंग कम्पनीज् एक्ट 1949 की परिधि में लाया जावे। सहकारी बैंक अन्य व्यवसायिक बैंक्स की तरह न तो कम्पनियां है, न ही ज्वाइंट स्टॉफ कम्पनियां है। अतः बैंकिंग कम्पनीज् एक्ट 1949 के नाम में परिवर्तन करते हुए बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट 1949 से पठनीय मान्य किया गया व 1 मार्च 1966 से यह अधिनियम प्रभावशाली किया गया व इसके पीछे कुछ प्रावधान सहकारी बैंकों पर लागू हुए। इसके लागू होने के पश्चात् ही नागरिक सहकारी बैंकों की पृथक पहचान स्थापित हो सकी।

इस अधिनियम के अनुसार एक प्राथमिक सहकारी समिति जिसकी प्रदत्त अंशपूंजी आरक्षित निधि एक लाख या अधिक है और उसका उद्देश्य बैंकिंग व्यवसाय करना है तो वह स्वतः नागरिक सहकारी बैंक की श्रेणी में आ जाती है। इसके प्रावधानानुसार नागरिक बैंक्स प्राथमिक सहकारी बैंक्स कहे जावेंगे व कृषि साख समिति से भिन्न सहकारी समिति के रूप में परिभाषित किये जावेंगे। उनकी अंशपूंजी व कोष एक–एक लाख रूपये से कम नहीं होंगे तथा उनके उपनियम में किसी अन्य सहकारी संस्था को सदस्य बनाने का प्रावधान नहीं होगा। इन बैंकों में वे प्राथमिक सहकारी समितियां भी शामिल हो गई थी जो इन प्रावधानों की पूर्ति करती थी एवं गैर सदस्यों से अमानत प्राप्त करती थी। ऐसी समिति में यह आवश्यक था कि प्राथमिक सहकारी बैंक के रूप में गठित हो जाने के तीन माह की समयावधि में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से बैंकिंग व्यवसाय करने हेतु लायसेंस प्रदाय करने का आवेदन करें।

सन् 1983 में नागरिक सहकारी बैंकों के संदर्भ में सलाह देने के लिए रिजर्व बैंक ने एक 'स्टेंडिंग एडवाइजरी कमेटी' का गठन किया। फरवरी 1984 में रिजर्व बैंक में एक स्वतंत्र 'नागरिक सहकारी बैंक विभाग' की स्थापना की। सन् 1991 में नये नागरिक सहकारी बैंकों को लायसेंस दिये जाने के संबंध में मराठे कमेटी का गठन किया। इसकी 1992 में प्रस्तुत रिपोर्ट को लगभग पूर्ण रूप से मान्य कर लिया गया व नये बैंकों के गठन हेतु प्रमाप बनाए गए।

साख सहकारी समिति व नागरिक सहकारी बैंकों में फर्क मात्र इतना है कि साख समितियां बैंकिंग व्यवसाय नहीं करती मगर बैंक करते है। इसलिए उनको रिजर्व बैंक से बैंकिंग लायसेंस लेना पडता है। यहां यह भी स्पष्ट करना उचित होगा कि एक सामान्य सहकारी बैंक/सोसायटी में व महिला बैंक/सोसायटी की कार्यप्रणाली में भी कोई अंतर नहीं है। सिवाय इसके कि महिला बैंक/सोसायटी में सदस्यता केवल महिलाओं को दी जाती है जबकि सामान्य सहकारी सोसायटी में सदस्यता महिला व पुरूषों दोनों के लिए

खुली रहती है। मगर यह महसूस किया गया कि एक महिला सहकारी बैंक या समिति महिलाओं की कठिनाई बेहतर ढंग से समझ सकती है व महिलाएं इन बैंकों/समितियों से सहजता व सरलता से व्यवहार कर सकती है। अतः इनका पृथक से गठन किया। हम यह भी कह सकते है कि महिला बैंक/समितियों के सामाजिक उद्देश्य सामान्य बैंक/समितियों की अपेक्षा अधिक व्यापक है।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति

कुमारी माया उसरेठे
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

प्रस्तावना : किसी भी राष्ट का विकास तभी संभव है जब वहां की महिला विकसित हों यही कारण है कि आज की बदलती परिस्थिति में भारतीय नारी प्रत्येक व्यावसायिक पाठयकम में पुरूषों के साथ प्रवेश ले रही। इनकी संकीर्ण धारणाओं में परिवर्तन आया है। पहले की अपेक्षा अब उनका व्यावसायिक दष्टिकाण अत्यंत स्पष्ट हो गया है। व्यावसायिक क्षेत्र में अब ऐसा कोई स्थान नहीं रह गया है जहां नारी का प्रवेश न हो। अब प्रत्येक क्षेत्र में स्त्रियां पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। यद्यपि कुछ दशकों पूर्व स्त्री की स्थिति कुछ विशेष व्यवसायों तक ही सीमित थी। उसका कार्यक्षेत्र घर परिवार तक ही सीमित था। लेकिन आज की शिक्षित स्त्री किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है।

प्रशिक्षित महिला ही अपने ज्ञान एवं कौशलों का उपयोग करके अपने व्यवसाय में अग्रणी हो सकते है व्यावसायिक क्षेत्र में पुरूषों के समकक्ष खडी हो सकती है तथा अपने परिवार की बढती हुई जिम्मेदरियों को भलीभांति निभा सकती है। इस प्रकार घर की आर्थिक स्थिति को नियंत्रित करके एंव राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देकर स्वयं भी आत्मसन्तुष्टि प्राप्त कर सकती है। महिला केवल घरेलू कार्यों पति–सेवा एवं बच्चों के लालन–पालन तक ही अपने को सीमित रखे। उसे भी आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्र में आगे आने का अधिकार है।

महिलाओं की स्थिति : हिन्दू समाज में नारी को ज्ञान, शक्ति और सम्पत्ति का प्रतीक माना जाता है। इनके रूप में सरस्वती, दुर्गा एवं लक्ष्मी की पूजा की जाती है। नारी को समाज ने पुरूष का आधा हिस्सा माना है और अर्द्धांगिनी के रूप में स्थान दिया है। किसी भी कर्तव्य की पूर्ति इसके बिना नहीं हो पाती है। नारी के वास्तविक महत्व की इस प्रकार व्याख्या की गयी है– "नारी परिवार की नींव हैं परिवार समुदाय की तथा समुदाय राष्ट्र की।" इससे स्पष्ट है कि नारो की राष्ट्र की नींव है। जिस देश में स्त्रियों का यथाचित सम्मान होगा वह राष्ट्र एक आदर्श राष्ट्र होगा। प्रारंभ में महिलाओं को काफी अधिकार और सम्मान प्राप्त थे लेकिन उत्तर/वैदिक काल तथा वैदिक काल के बाद समाज की मौलिक व्यवस्थाओं व्दारा रूढियों का रूप ग्रहण करने के फलस्वरूप वे अधिकार और सम्मान कम होते चले गये। पुरूष स्त्रियों के अधिकारों को छीनता गया। उनका शोषण करता गया जिससे उसकी स्थिति में गिरावट आती गई।

विभिन्न युगों में भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति

1. वैदिक युग : वैदिक काल में भारतीय समाज में नारी को पुरूषों के समान शिक्षा, धर्म, राजनीतिक और सम्पत्ति में आकिार प्राप्त थे। वैदिक साहित्य से पता चलता है कि उस समय का आदर्श, नारी पुरूष की प्रकृति है, रहा था, जिसके बिना उसका जीवन संभव न थी। पत्नी के रूप में उसकी स्थिति बहुत ऊँची थी। ऋग्वेद के मतानुसार नारी ही घर है। अथर्ववेद में कहा गया है कि "नववधु, तू जिस घर में जा रही है, वहां की तू साम्राज्ञी समझते हुये तेरे शासन में आनन्दित हैं।" यजुर्वेद से स्पष्ट होता है कि नारी को संध्या करने तथा उपनयन संस्कार के अधिकार प्राप्त थे। इस काल में महिला को शिक्षा एंव साहित्य के अध्ययन करने की पुरूषों के समान स्वतंत्रता थी। धर्म एवं अनुष्ठान के कार्य बिना नारी के पूरे नहीं किये जा सकते थे।

अतः वैदिक काल में महिलाओं को पुरूषों के बराबर अधिकर थे वे पुरूषों की तरह शिक्षा ग्रहण करती थीं उन्हें सम्पत्ति का और विधवाओं को पुनः विवाह कराने का अधिकार प्राप्त था।

2. उत्तर–वैदिक काल : वैदिक काल में महिलाओं को जो सम्मान एवं बराबर का दर्जा प्राप्त था, वह उत्तरोत्तर कम होता चला गया। उत्तर–वैदिक काल में धर्मसूत्रों में बाल–विवाह का निर्देश कराया गया, जिसके फलस्वरूप स्त्रियों को शिक्षा में बाधा पहुंची एंव शिक्षा का स्तर गिरता चला गया। उनके लिए वेदों का ज्ञान असंभव हो गया। उत्तर–वैदिक काल में महिलाओं को

धार्मिक एवं सामाजिक अधिकारों से वंचित करने के दो निम्नलिखित प्रमुख कारण थे :–

- कर्मकाण्ड जटिलता और पवित्रता की धारणामें वृध्दि, जिसकी वजह से यह विश्वास किया जाने लगा कि मंत्रों के उच्चारण में तनिक सी भूल भी अनिष्टाकारक होती है। इसलिए नारी वर्ग को उनके अध्ययन से अलग कर दिया गया।
- दूसरा कारण अन्तर्जातीय विवाह था। आर्यों ने अपने समुदाय में महिलाओं की कमी को पूरा करने के लिए अनार्यों से विवाह किया, जो विधि–विधान आदि से विपरीत थीं। इस कारण इनको धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र से दूर रखना उचित समझा गया। विवाह, स्त्रियों के लिए अनिवार्य कर दिया गया, विधव–विवाह पर निषेध जारी किया गया। बहुपध्त्नी–प्रथा का प्रचलन और बढा। इन सब प्रमाणों से पता चलता है कि उत्तर–वैदिक काल में अन्त में सैध्दांतिक रूप से महिलाओं के अधिकारों पर पाबन्दी लग गई थी, परंतु व्यावहारिक रूप से महिलाओं के अधिकारों का उपयोग करती रही थीं।

3. मध्यकालीन काल : 16वीं शताब्दी से 18वीं शताब्दी तक का समय मध्यकाल कहलाता है। इस युग में विशेषकर मुगल साम्राज्य की स्थापना के पश्चात् महिलाओं की स्थिति जितनी तीव्र गति से पतन की ओर अग्रसर हुई, वह हमारे सामाजिक इतिहास में कलंक के रूप में सदैव याद रहेगा। 11वीं शताब्दी के प्रारंभ से ही भारतीय समाज पर मुसलमानों का प्रभाव बढने से हमारी संस्कृति की रक्षा करना जरूरी हो गया था इसलिए ब्राह्मणों ने संस्कृति की रक्ष, महिलरओं के सतीत्व तथा रक्त की शुध्दता बनाए रखने के लिए महिलाओं संबंधी नियमों को कठोर बना दिया।

मध्यकाल तक महिलाओं की स्थिति में वास्तविक रूप से बिगाड आया इसी समय दहेज प्रमुख संस्था बनी व अनेक सामाजिक बुराईयों से स्त्रियों की सामाजिक स्थिति में गिरावट आई।

स्वतंत्रता से पूर्व महिलाओं की स्थिति

'स्वतंत्रता से पूर्व' से हमारा अभिप्राय 18वीं शताब्दी के अंतिम वर्षों से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति तक है, जब अंग्रेज लोग यहां शासन किया करतेम थे। इस काल में भारतीसयों व्दारा समय–समय पर समाज सुधार के अनेक प्रयास किये गये, लेकिन अंग्रेजी सरकार व्दारा इन सुधारों को विशेष एवं व्यावहारिक सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। महिलाओं का शोषित बना रहना ही उनके प्रशासन के हित में था, अतः महिलाओं की स्थिति में 20वीं शताब्दी के पूर्वाद्ध तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

स्वतंत्रता पूर्व महिलाओं की निम्न स्थिति के कारण

उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट होता है कि वैदिक काल के पश्चात् महिलाओं का सामाजिक स्तर निरंतर गिरता चला गया। महिलाओं के स्तर में इस अकल्पनीय गिरावट के निम्नलिखित कारण है:–

1. अशिक्षा : अशिक्षा से महिलाओं से महिलाओं का जीवन स्तर अपने परिवार तक सीमित हो गया। पति एवं परिवार द्वारा दिए गए धार्मिक उपदेश ही उनकी एकमात्र शिक्षा थी। इन रूढिवादी उपदेशों के प्रभाव से महिला अपना अस्तित्व भूलती गई। पुत्र एवं पति की सेवा करना ही उसका एकमात्र धर्म निर्धारित किया गया, जिसके फलस्वरूप सामाजिक व्यवस्था एकपक्षीय होक गई, जिसमें पुरूषों के अधिकार बढते चले गये व महिलाओं की स्थिति निध्म्नतम हो गई।

2. पुरूषों पर आर्थिक निर्भरता : उत्तर वैदिक काल के बाद से जब महिलाओं के सम्पत्ति संबंधी अधिकारों समाप्त हो गए, तो वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूर्णरूपेण पुरूषों पर आश्रित हो गई। इस स्थिति में महिलाओं का शोषण होने पर भी वे परिवार की सदस्यता नहीं छोड सकती थीं। अशिक्षा ने भी उन्हें इस स्थिति में सहयोग दिया, अशिक्षा के कारण उनका आर्थिक क्रिया करना संभव नहीं रहा, तो उन्हें पति की ओर ही आर्थिक सहयो के लिए समर्पण करना पडा। उसकी प्रभुता को स्वीकारा, जिनके कारण पुरूषों की प्रभुता उन पर अवश्यम्भावी थी। इस प्रभुता को हिन्दू परंपरा ने एक आदर्श रूप प्रदान किया। आदर्श पतिव्रता महिला सीता ने पति को देवता मानते हुए, मानने के कारण की

व्याख्या करते हुए कौशल्या को स्पष्ट किया कि "पिता परिमित धन देता है। भाई और पुत्र भी सीमित राशि प्रदान करते हैं। ऐस स्थिति में अपरिमित धन देने वाले पति की कौन स्त्री पूजा न करें।"

3. संयुक्त परिवार व्यवस्था : के.एम. पणिक्कर का कहना है कि संयुक्त परिवार प्रणाली के कारण भी महिलाओं की सामाजिक स्थिति निम्न है। संयुक्त परिवार प्रणाली में महिलाओं को सम्पत्ति संबंधी अधिकार प्रदान करके इसे सुरक्षित नहीं रखा जा सकता, इसीलिए यह जरूरी हो जाता है कि महिला को घर में दबाकर रखा जाएं।

4. बाल विवाह : बाल विवाह प्रथा का अत्यधिक प्रचलन महिलाओं की स्थिति के पतन में महत्वपूर्ण कार रहा है। छोटी उम्र में विवाह हो जाने के कारण महिलाओं की शिक्षा का स्तर निम्न रहा, फलस्वरूप अज्ञानता बढी, जिससे वह समाज की मौलिक स्थिति को समझकर समाज से अपने अधिकारों की मांग न कर सकी।

5. वैवाहिक कुरीतियाँ : अनेक वैवाहिक कुरीतियों, जैसे– अन्तर्विवाह, कुलीन–विवाह, दहेज–प्रथा, विधावा–विवाह पर नियंत्रण आदि ने भी समाज में महिलाओं की स्थिति गिराने में काफी योगदान दिया। इन प्रथाओं के कारण महिलाओं को समाज और परिवार में एक भार के रूप में समझा जाने लगा।

6. मुसलमानों के आक्रमण : मुसलमानों के आक्रमण ने भी भारतीय नारी के सामाजिक स्तर को प्रभावित किया। इन आक्रमणों के फलस्वरूप देश में महिलाओं का सामाजिक स्तर गिरता, यद्यपि इससे पहले ही महिलाओं को अधिकारों से वंचित किया जा चुका था, फिर भी महिलाओं की स्थिति इतनी निम्न नहीं थी। मुसलमानों में महिलाओं के अभाव के कारण वे यहां की स्त्रियों एवं विधवाओं से भी विवाह करने का पूरा प्रयत्न करने लगे, जिससे धर्म के ठेकेदारों ने समाज को अधिक कठोर बना दिया।

स्वतंत्रता के पश्चात् महिलाओं की स्थिति

भारतीय समाज में स्वतंत्रता के पश्चात् महिलाओं की सामाजिक स्थिति में उल्लेखनीय परिवर्तन हुये हैं। इसका प्रमुख कारण है कि स्त्रियों ने आज हिन्दू जीवन के परंपरागत सिध्दांतो को केवल अस्वीकार ही नहीं किया है, अपितु उसे एक चुनौती दी है। वह भी इस रूप में कि उन सिध्दांतों को परिवर्तित करके रहेंगी, जो उनकी सामाजिक स्थिति में सहयोगी सिध्द होते है। इसके परिणमस्वरूप आज महिलाओं की सामाजिक स्थिति में अनेक परिवर्तन हुए हैं और आगे होते रहेंगे। स्वतंत्रता के पश्चात् आज जो स्त्रियों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्रों में परिवर्तन देखने को मिलते हैं। इसके साथ ही शिक्षा के प्रसार तथा औद्योगीकरण ने उन्हें आर्थिक जीवन में प्रवेश करने अवसर दिये हैं।

1. महिलाओं में शिक्षा का पसार : महिलाएँ जिस तेजी के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति कर रहीं हैं, इसकी 50 वर्ष की कल्पना भी नहीं की गई थी। स्वतंत्रता से पूर्व जबकि न तो शिक्षा की समुचित सुविधाएं उपलब्ध थीं, न ही माता–पिता चाहते थे कि उनकी लडकीयां शिक्षा ग्रहण करें, इसके विपरीत स्वतत्रता प्राप्ति के पश्चात् इस क्षेत्र में व्यापक प्रगति हुई है सरकार की ओर से इस दिशा में व्यापक कदम उठाये गये।

2. आर्थिक जीवन में बढती हुई स्वतंत्रता :रूढिवादो लोग आज भी महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता के विरूध्द हैं। वे इसे अच्छा नहीं समझते, परंतु स्वतंत्रता प्राप्ति क पश्चात् शिक्षा, औद्योगिकीकरण और नवीन विचारधारा के कारण पुरूषों पर से महिलाओं की आर्थिक निर्भरता लगातार कम होती जा रही है निम्न वर्ग की बहुत सी महिलाएं स्वतंत्रता से पूर्व भी उद्योगों एवं अन्य कार्यों के द्वारा जीविका उपार्जित करती थीं, लेकिन उस समय मध्यम और उच्च वर्ग की स्त्रियों व्दारा कोई आर्थिक क्रिया करना उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा के विरूद्ध था। वर्तमान में बडी संख्या में मध्यम वर्ग की महिलाओं ने शिक्षा प्राप्त करके आर्थिक क्षेत्रों की ओर बढ़ना प्रारंभ कर दिया है। आजकल शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, समाज–कल्याण, मनारंजन, उद्योग और कार्यालयों में स्त्री कर्मचारियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है।

3. राजनीतिक चेतना में वृद्धि : आज राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति में जिस प्रकार उन्नति हो रही है और यह जिस तेजी से ऊंची उठ रही है, वह एक आश्चर्य का विषय है।

यहां एक ओर 1937 में 41 सुरक्षित सीटों पर सिर्फ 10 महिलाएं ही चुनाव में आगे आईं थीं, जबकि विधानसीभा में 1957 में 105 महिलाएं विधानसभा सदस्यों के रूप में निर्वाचित हुई। 1977 में आम चुनाव के पश्चात् लोकसभा एवं राज्यसभा में कुल मिलाकर 42 महिलाएं थीं।

4. सामाजिक जागरूकता : स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् महिलाओं के सामाजिक जीवन में काफी परिवर्तन हुए हैं। आज उन परिवारों में भी महिलाएं खुली हवा में श्वास ले रही हैं, जहां कुछ वर्ष पूर्व तक महिलाओं को पर्दे में रहना जरूरी था। मध्यकाल की उन रूढ़ियों के प्रति उदासीनता निरंतर तेजी से बढ रही है जिन्हें महिलाएं कभी अज्ञानता के वशीभूत होकर आदर्श माना करती थीं। हिन्दू महिलाओं व्दारा स्थापित संघों की संख्या तथा उनमें सदस्यों की संख्या निरंतर तीव्र गति से बढ रही है। आज महिलाएं इन प्रगतिशील संघों की सदस्य बनने में अपना हित महसूस करती हैं। के.एम. पणिक्कर के अनुसार, "कुछ मेघावी महिलाओं ने जो उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, वह भारत के लिए उतनी महत्व की बात नहीं हैं, जितनी कि यह बात कि कट्टरपंथी एवं पिछडे समझे जाने वाले ग्रामीण व्यक्तियों के विचारों में भी अब परिवर्तन होने लगा है।"

निष्कर्ष : मानव समाज में स्त्री पुरूष दोनों गाडी के दो पहियों के समान हैं, दोनों को विकास हेतु अधिकाधिक क्षेत्रों में लगभग समान रूप से अवसर भी प्राप्त है। शिक्षा ने महिलाओं को उनके अस्तित्व का बोध कराया है तथा उनकी भूमिका व कार्यो में परिवतन किया है। भारत के स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय संविधान में स्त्री शिक्षा को आधारभूत महत्व का विषय मानते हुये विभिन्न अनुच्छेदों में इस संदर्भ में प्रावधान लिए गए।

स्वतंत्रता के पश्चात् विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों के द्वारा महिलाओं के प्रति सम्मानजनक बनान का प्रयास किया गया। सरकारी कार्यक्रमों के द्वारा शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सक्षम बनाने का प्रयास किया गया।

संदर्भ सूची :

1 योगेश कानवा, सुरेन्द्र कटारिया "भारत में निर्धनता आर्थिक विकास एवं मीडिया" आर.बी.एस.ए. पब्लिशर्स जयपुर 2006

2 डॉ. आशुरानी "महिला विकास कार्यक्रम" इनाश्री पब्लिशर्स जयपुर 1999

3 जे.एन. कांसोटिया "उद्यमिता विकास केन्द्र" मध्यप्रदेश (सेडमेप) 2005–06

4 डॉ. राजकुमार "महिला एवं विकास", अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2003

5 Ambedkar B.R. (1996) : The Rise and fall of Hindu Women (21th ed.) Bheempatrika Publication, Jalandhar.

6 Malahy, R. (1996) "women Employment" in Role of Women in the Twenty First Century (ed.) Anmol Publication Pvt. Ltd. New Delhi.

7 Susan Harton (ed. 1996) Women and Industrialisation in Asia (Rowlkdge Studies, London).

8 Chattopathyay, Arundhati (2005) Women and Entrepreneurhsip, Yojana, Vol. 49, January 2005.

9 Desai, Vasant (1992) Dynamics of Entreprenurial Development and Management Principles, Project, Policies and Programmes, Himalaya Publishing House, Bombay.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय बैंकिंग विकास

श्रीमती प्रज्ञा दुबे
श्रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर म.प्र.

प्रस्तावना : किसी भी देश का विकास तभी है जब वहां पूंजी निवेश हो यह निवेश ही विकास रूपी रथ का क्षेत्र होता है। इस निवेश का तेजी और निरतरता से तभी कुशलतापूर्वक उपयोग हो सकता है जब निवेशकों की पैठ बाजार में हो। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की सबसे तीव्र गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

भारत में बैकिंग व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि दश में कुल आपूर्ति का लगभग 75 प्रतिशत भाग बैंक जमाओं के रूप में है, जो सकल घरेलू उत्पाद के 50 प्रतिशत भी अधिक है विकासशील देशों में यह अनुपात अधिक होता है अर्थव्यवस्था चाहे विकसित हो या विकासशील, बैंकों का स्थायी महत्व होता है। यदि बैंकिंग व्यवस्था एक बार असफल हो जाये तो देश आर्थिक विकास की दृष्टि से दशकों पीछे चला जायेगा।

विगत कुछ वर्षो से विश्वस्तरीय बैंकिंग एवं वित्तीय परिवेश में जटिलताओं में वृद्धि हो रही है। वित्तीय क्षेत्र में मुक्त बाजार पर चर्चा हो रही है। विगत दो दशकों में भारतीय आर्थिक एवं वित्तीय परिवेश में भी कांतिकारी परिवर्तन आये है। शाखा विस्तार जमाओं एवं ऋणों की मात्रा में वृद्धि के फलस्वरूप बैंकों की परिचालनगत प्रणालियों और संरचनाओं में भी वृहद स्वरूप में बदलाव आया है भारत सरकार की उदारीकरण की नीति के अनुरूप बंकिंग में विश्व व्यापारीकरण की प्रवृत्ति बढ़ रही है। विश्वस्तर की बैंकिंग प्रणाली के अनुरूप अपने आपको तैयार करने की आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में बैंकों के भी लिए प्रकियागत सुधार किया है। दूसरी तरफ देश के आर्थिक उत्थान की प्राथमिक एवं अग्रगामी आवश्यकताओं की पूर्ति करना भी भारतीय बैकिंग उद्योग का राष्ट्रीय उत्तरदायित्व है।

देश के सामाजिक और आर्थिक विकास के द्विआयामी उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए भी बैकों के लिए भी बैंकों ने अपनी परिचालनगत लाभप्रदता बढ़ायी है। इसके लिए दक्षता प्रभावशीलता और उत्पादकता में बढ़ोत्तरी के लिए अपनी प्रकियाओं में लचीलापन लाकर उन्हें परिष्कृत किया है।

बैंकिंग अवधारणा : बैंक शब्द का प्रयोग एक लंबे समय से किया जा रहा है इस शब्द की उत्पत्ति इटालियन भाषा के शब्द बैंकों का बदलता हुआ नाम अंग्रेजी भाषा में बैंक हो गया है। बैंकों का अभिप्राय बैच से है। एक अन्य धारणा के अनुसार बैंक शब्द की उत्पत्ति जर्मन भाषा के बैंक शब्द से हुई। जिसका तात्पर्य मिले जुले या शामिलाती शब्द का वास्तविक आशय एक ढेर होता है अर्थात् यह शब्द अनेक व्यक्तियों द्वारा एकत्र किये गये एक सामूहिक कोष को सूचित करता है परंतु यह असंदिग्ध रूप से कहा जा सकता है कि आधुनिक बैंकों का आरंभ यूरोप से हुआ और बाद में ये धीरे–धीरे सारी दुनियां में फैल गये।

बैंकिंग विकास : ब्रिटिश राज में भारत में आधुनिक बैकिंग की शुरूआत हुई। 19 वीं शताब्दी के आरंभ में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने 3 बैंकों की शुरूआत की –

1. बैंक ऑफ बंगाल 1809 में,
2. बैंक ऑफ बॉम्बे 1840 में,
3. बैंक ऑफ मद्रास 1843 में

लेकिन बाद में इन तीनों बैंकों का विलय एक नये बैंक इंपीरियल बैंक में कर दिया जिसे सन् 1955 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में परिवर्तित कर दिया गया। इलाहाबाद बैंक भारत का पहला खुद का बैंक था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सन् 1935 में स्थापित किया गया था और भारतीय रिजर्व बैंक का स्वाधीनता के पूर्व दिनों का समृद्धशाली इतिहास रहा है। भारत के लिए केन्द्रीय बैंकिंग संस्था का प्रश्न रॉयल कमीशन एवं विधान मंडल द्वारा हिल्टन–यंग कमीशन के समक्ष विचाराधीन था, जिन्होंने 1926 में यह सिफारिश की थी कि भारत के वित्तीय ढांचे को पूर्णरूप देने के लिये रिजर्व बैंक का गठन किया गया। 1914 में जारी चेंबरलेन कमीशन की रिपोर्ट में एक सदस्य जॉन मेनार्ड द्वारा प्रस्तुत व्यापक ज्ञापन भी था जिसमें

यह प्रस्ताव किया गया था कि तीन प्रेसीडेंसी बैंकों का एक केन्द्रीय बैंक में विलय कर देना चाहिए इसकी वजह से रिजर्व बैंक के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ, जिसकी शुरूआत 1927 में हुई थी।

सात वर्षो की अवधि के पश्चात् मार्च 1934 में यह अधिनियम बन पाया। इस तरह से रिजर्व बैंक की यात्रा 01 अप्रैल 1935 से प्रारंभ हुई। भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना पहले शेयर धारक बैंक के रूप में हुई थी। उसके बाद इसका राष्ट्रीयकरण 1949 में हुआ। राष्ट्र निर्माण में भारतीय रिजर्व बैंक का प्रयास राष्ट्र की नियति एवं निर्माण के साथ–साथ चलता रहा। वर्ष 1949 में बैंकिंग विनियमन अधिनियम बनाया गया जिसके अंतर्गत भारत में बैंक विनियमन का व्यापक एवं औपचारिक ढांचा तैयार किया गया था।

भारत की आजादी के पहले दो दशकों में बैंकिंग, शहरों और कस्बों में केन्द्रित थी। बड़े पैमान पर ग्रामीण क्षेत्र इस सुविधा से वंचित रह गये थे। इस कमी के चलते ग्रामीण बचत का दोहन नहीं हो पाया तथा ऋण संबंधी ग्रामीण आवश्यकताएं भी पूरी नहीं हो पाई। भारत ने 1962 में चीन के साथ लड़ाई लड़ी तथा इसके तुरंत बाद 1965 में पाकिस्तान केसाथ युद्ध हुआ। देश ने मानसून के तीन खराब वर्ष भी देखे देश की आर्थिक स्थिति बेहद खराब थी तथा 1966 में मुद्रा का अवमूल्यन भी करना पड़ा आर्थिक समस्याएं बढ़ रही थी तथा बढ़ती कीमतों आवश्यक वस्तुओं तथा सेवाओं की कमी मूल्य वृद्धि तथा बढ़ती बेरोजगारी में यह तथ्य परिलक्षित हो रहा था। इस परिदृश्य के मद्देनजर तत्कालीन केन्द्रीय वित मंत्री ने वाणिज्य बैंकों पर सामाजिक नियंत्रण की वकालत की थी।

भारतीय बैंकिंग विकास के इतिहास को निम्नलिखित दो भागों में बांटा गया है –

1. स्वतंत्रता के पूर्व बैंकिंग विकास

2. स्वतंत्रता के पश्चात् बैंकिंग विकास।

स्वतंत्रता के पूर्व बैकिंग विकास :

प्रथम अवधि (सन् 1806) – ब्रिटिश शासनकाल के पूर्व भारत में बैकिंग का कोई आर्थिक विकास नहीं हुआ था। बैकिंग कार्य प्रायः महाजनों एवं साहूकारों द्वारा संपन्न किया जाता था, परंतु ब्रिटिश शासन में इन महाजनों एवं साहूकारों के व्यवसाय में बहुत कमी हो गई थी इसका प्रमुख कारण यह था कि अंग्रेजी भाषा एवं ब्रिटिश बैकिंग का विकास होने लगा। 18वीं शताब्दी में ईस्ट इंडिया कंपनी ने बम्बई एवं कलकत्ता में कुछ एजेन्सी गृहों की स्थापना की थी। एजेन्सी गृह आधुनिक बैंको की भांति कार्य किया करते थे। इनके मुख्य कार्य ईस्ट इण्डिया कंपनी को सैनिक आवश्यकताओं के लिये रूपया उधार देना, कृषि उपज की बिक्री के लिये ऋण देना, कागजी मृद्रा का निर्गमन करना तथा रूपया निक्षेप के रूप में स्वीकार करना था। ये अपने बैंकिंग व्यवसाय के लिये अग्रेजी अधिकारियों एवं व्यक्तियों से निक्षेप स्वीकार किया करते थे। अपने द्वारा दिये ऋणों पर ये एजेन्सी गृह 10 से 12 प्रतिशत तक ब्याज लिया करते थे। इस प्रकार से सन् 1806 में से पूर्व भारत में बैंकों का कार्य इन एजेन्सी गृहों द्वारा ही किया जाता था।

दूसरी अवधि (सन् 1806 से 1860 तक) – सन् 1813 में ईस्ट इंडिया कंपनी के वाणिज्य अधिकार समाप्त हो गये। परिणामतः एजेन्सी ग्रहों का भी पतन आरंभ हो गया था। इसके बाद तीन प्रेसीडेन्सी बैंकों की स्थापना की गयी थी सन् 1806 में बैंक ऑफ बंगाल सन् 1840 में बैंक ऑफ बाम्बे तथा सन् 1843 में बैंक ऑफ मद्रास की स्थापना की गयी। ये तीनों बैंक निजी शेयर होल्डरों के बैंक थे। इनके अधिकांश शेयर विदेशियों के हाथ में थे, परंतु इन तीनों बैंकों की शेयर पूंजी में सरकार का भी कुछ हिस्सा था और इसी नाते सरकार इन बैंकों पर अपना नियन्त्रण रखती थी साधारणतः इन बैंकों के उच्च अधिकारी भारतीय सिविल सर्विस के सदस्य ही हुआ करते थे। सन् 1862 से पूर्व इन बैंकों को नोट जारी करने का भी अधिकार हुआ करता था परंतु इस वर्ष के बाद भारत सरकार ने यह अधिकार उनसे वापस करता था परंतु इस वर्ष के बाद भारत सरकार ने यह अधिकार उनसे वापस ले लिया था। सरकारी बैंक होने के नाते सरकार के द्वारा इनके कार्यो पर कुछ प्रतिबंध भी लगाये गये थे। सन् 1921 में इन तीनों बैंकों को मिलाकर इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना की गयी और 1 जुलाई 1955 को राष्ट्रीयकरण के उपरांत इसका नाम बदलकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रख दिया गया था।

तृतीय अवधि (सन् 1860 से 1913 तक) – सन् 1860 में भारत सरकार ने एक बैंकिंग कानून पास किया था। इसके अंतर्गत बैंकों का सीमित देयता के आधार पर गठन किया गया। इस कानून के कारण भारत में मिश्रित पूंजी वाले बैंकों की स्थापना में बहुत सहायता मिली। परिणामतः देश में अनेक मिश्रित पूंजी बैंक स्थापित हो गये थे।

इस अवधि में जिन महत्वपूर्ण बैंकों की स्थापना हुई वे इस प्रकार है –

बैंको का स्थापना वर्ष

बैंक का नाम	स्थापना वर्ष
इलाहाबाद बैंक	1865
एलाइन्स बैंक ऑफ शिमला	1881
दि पंजाब नेशनल बैंक	1894
पिपिल्स बैंक ऑफ इंडिया	1904

स्रोत : बैंकिंग चिंतन–अनुचिंतन आरबीआई

यद्यपि भारत में सन् 1900 तक बैंकिंग की विशेष प्रगति नहीं हो सकी परंतु 1906 के बैंकिंग का देश में बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ। स्वदेशी आंदोलन के दौरान लोगो ने अंग्रेजी बैंकों का बहिष्कार करके भारतीय बैंकों के साथ व्यवसाय करना आरंभ किया जिससे भारतीय बैंकों को बहुत प्रोत्साहन मिला। इस अवधि में स्थापित होने वाले बैंक थे –

1. दि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
2. दि बैंक ऑफ बड़ोदा
3. दि बैंक ऑफ इण्डिया
4. दि बैंक ऑफ मैसूर।

चौथी अवधि (सन् 1913 से 1939 तक) – इस अवधि को भारत में बैंकिंग संकट का काल माना गया। स्वदेशी आंदोलन के कारण देश में अनेक छोटे–छोटे बैंक किये गये जो अपने दैनिक कार्य में बैंकिंग के आधारभूत सिद्धांतों की अवहेलना की उस समय भारतीय मुद्रा बाजार ठीक ढंग से संगठित नहीं हुआ था और न ही मुद्रा एवं साख प्रणाली लोचपूर्ण थी। परिणामतः संकट के समय बैंक एक दूसरे से सहायता प्राप्त करने में असमर्थ थे।

ब्याज की दरें बढ़ने और बैंकों ने अधिक लाभ कमाने क प्रलोभन में अपने निक्षेपों के पीछे अपर्याप्त नकद–कोष रखने आरंभ कर दिये गये। इन अपर्याप्त नकद कोषों के कारण ही वे सकंट के समय निक्षेपधारियों की मांग को संतुष्ट करने में असमर्थ रहे।

पंचवी अवधि (सन् 1939 से 1946 तक) – यह अवधि भारतीय बैंकिंग के विस्तार की अवधि थी इस काल में बैंकिंग का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ। देश में प्रचलित मुद्रा स्फीति के कारण लोगों के पास अधिक धन आया। देश में प्रचलित मुद्रा स्फीति के कारण लोगों के पास अधिक धन आया। फलतः बैंको के निक्षेपों में महान वृद्धि हुई। जिसे संतुलित करने के लिए रिजर्व बैंक ने उदार साख नीति का अनुसरण किया।

पुराने बैंकों द्वारा नये–नये स्थानों पर शाखाओं व बैंकों की स्थापना, बैंकिंग का असंतुलित विकास, बैंकों की निवेश नीति में परिवर्तन, इस प्रकार से बैंकों को अधकाधिक मात्रा में जरूरतमंद व्यापारियों को ऋण देने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्वतंत्रता के पश्चात् बैंकिंग विकास –

स्वतंत्रता के समय : सन् 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ–साथ राष्ट्र के विभाजन का बैंकिंग व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ा। पंजाब तथा बंगाल का विभाजन होने के कारण वहां के बैंकों का भी शरणार्थियों के भांति भारत में शरण लेनी पड़ी थी, परिणाम स्वरूप बहुत से बैंक फेल हो गये जिससे जमाकर्ताओं को भारी क्षति हुई। जो बैंक विभाजन के आघात से बच गये उन्हें बहुत हानि उठानी पड़ी। उनकी बहुत सी पूंजी, परिसम्पत्ति पाकिस्तान में रह गई। फलस्वरूप भारतीय बैंकों को पाकिस्तान में स्थापित अपनी शाखाओं को बंद करना पड़ा इन बैंकों की अधिकांश शाखायें पाकिस्तान में रह गई जिसके फलस्वरूप उन्हें विशेष आर्थिक क्षति उठानी पड़ी।

विभाजन के प्रतिकूल प्रभावों से बैंकों को बचाने के लिये रिजर्व बैक ऑफ इंडिया ने एक नई योजना चालू की। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित बैंकों को स्वीकृत प्रतिभूतियों के आधार पर रिजर्व बैंक से ऋण लेने की सुविधा प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त शरणार्थी बैंकों के पुनर्वास के लिये भारत सरकार ने 1 करोड़ रू. की सहायता प्रदान की थी। इसके साथ ही एक सरकारी आदेश के अंतर्गत दिल्ली तथा पूर्वी पंजाब में स्थित बैंकों के विरूद्ध तीन महीने तक कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की जा सकती थी।

इस प्रकार इस योजना से कई शरणार्थी बैंकों को फेल होने से बचा लिया था। सन् 1947 से ही 30 बैंक असफल हुये। विभाजन के तुरंत बाद बैंकों की जमाराशियों में बहुत कमी हो गयी थी और इसके साथ ही साथ बैंकों से ऋणों की मांग बहुत बढ़ गई थी परंतु धीरे–धीरे उद्योगों तथा व्यापार के विकास के कारण बैंकों की जमा राशियों में वृद्धि होनी आरंभ हो गई थी।

तालिका

1950 तक देश में बैंकिंग संस्थाओं की असफलता व प्रदत्त पूंजी (वर्ष 1950 तक)

अवधि	असफल बैंकों की संख्या	प्रदत्त पूंजी (लाखों में)
1913–20	181	198.9
1921–30	143	557.1
1931–41	598	193.5
1941–46	285	54.4
1947–50	180	523.3

स्रोत : भारतीय बैंकिंग प्रणाली, टी.एन.जैन एवं पी.सी. माथुर, 1986

निष्कर्ष : स्वतंत्रता के पश्चात् भारत में कुल वाणिज्यिक बैंकों की संख्या 471 रह गई, जिसमें 93 अनुसूचित बैंक तथा 378 गैर अनुसूचित बैंक थे। स्वतंत्रता के पूर्व तक देश की बैकिंग अवस्था यथावत् ही बनी रही। उसमें कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुये। देश में बिलों के सीमित प्रयोग के कारण बिल बाजार का समुचित विकास नहीं हुआ। इसके अतिरिक्त बैकिंग संस्थाओं प्रभावी नियंत्रण एवं नियमन हेतु अलग से कोई बैंकिंग विधान पारित नहीं किया जा सका। इस प्रकार रिजर्व बैंक की स्थापना के बावजूद भारतीय बैंकिंग व्यवस्था में अनेक दोष बने रहे। देश में न केवल बैंकिंग विकास की गति धीमी थी। अपितु विकास भी दिशाहीन था।

संदर्भ :

1. दीपक अग्रवाल, मुद्रा बैंकिंग एवं लोक वित्त, हिमालया पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली
2. अग्रवाल, वी.पी. भारत में बैंकिंग विधि एवं व्यवहार, साहित्य भवन पब्लिकेशन, 2012–13
3. द्विवेदी, श्याममोहन, मिश्रा एच.एन. एवं जैन शैलेष कुमार, भारत में सेवा क्षेत्र अध्ययन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स नई दिल्ली 2007
4. भारत में बैकिंग प्रवृत्ति एवं प्रगति संबंधी रिर्पोट 2009–10 से 2011–12 भारतीय रिजर्व बैंक, मुंबई।
5. सिन्हा, पी.सी. भारत में अधिकोषण, एस. बी.पी.डी. पब्लिशिंग हाउस आगरा 2010
6. वार्ष्णेय पी.एन., बैंकिंग विधि एवं व्यवहार, सुलतान चन्द एण्ड सन्स नई दिल्ली 2009

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना

सुश्री प्रियंका तिवारी
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर म.प्र.

प्रस्तावना :– रोजगार गारंटी योजना लोगों को रोजगार देने की गारंटी तो दे रही है वहीं ग्रामीणों की सहूलियत के सार्वजनिक निर्माण भी इसके माध्यम से हो रहे हैं। आजादी से लेकर अभी तक कच्चे रास्ते से गुजरना लोगो के लिये मुश्किल भरा काम था, लेकिन रोजगार गारंटी के तहत कांक्रीट रोड बन जाने से भारी सहूलियते हुई है। इतनी विशाल जनसंख्या के लिए रोजगार उपलब्ध कराना न केवल एक चुनौती है वरन् एक कठिन कार्य है।

सिर्फ पूंजी पर नजर रखना और समाज की अनदेखी करना नैतिकता के साथ–साथ आर्थिक विकास की दृष्टि से भी गलत है। देश में जब से आर्थिक सुधार अपनायें गये है तभी से लगातार यह गलती दोहराई जाती रही है। यह कितनी बड़ी विडम्बना है कि देश में उद्योग, सेवा, परामर्श और बैंकिंग आदि के क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है, रोजगार के नये–नये अवसर सृजित हो रहे है फिर भी बेरोजगारी बढ़ती जा रही है।

विश्व–व्यापी वित्तीय संकट व आर्थिक मंदी के दौर में भी भारतीय अर्थव्यवस्था का बेहतर प्रदर्शन महागुणक की क्रियाशीलता की पुष्टि करता है। मनरेगा से प्राप्त आय के कारण कामगारों की क्रय शक्ति बढ़ी है।

देश के कई मजदूर संगठन कई वर्षों से रोजगार की गारण्टी हेतु कानून बनाने की मॉग करते रहे हैं। हमारे संविधान में सबको जीने का अधिकार है। जीने के लिए काम का होना जरूरी है इसलिए काम के अधिकार की भी मॉग होती रही हैं। लम्बे संघर्ष व विभिन्न विरोधों के बाद भारतीय संसद द्वारा ऐसा अधिनियम बनाया जा सका, जिसमें काम के अधिकार की गारण्टी हो। महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना 2005 ग्रामीण मजदूरों के सशक्तीकरण का मजबूत साधन है। रोजगार की गारण्टी के परिणामस्वरूप ग्रामीण संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ भी सकते हैं।

सन् 1952 में ग्रामीण सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरूवात की गई, इस कार्यक्रम का उद्देश्य था गरीबी व अशिक्षा को दूर करना साथ ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना प्रारंभ में लोगो को सूखा क्षेत्र मरुस्थल विकास आदि योजनाओं के अंतर्गत कार्य दिया जाता था। 1976 में इन्दिरा गॉधी सरकार ने अपने 20 सूत्रीय कार्यक्रम में गरीबी हटाने पर ध्यान केन्द्रित किया। 1980 के दशक से ही रोजगार पूरक योजनाओं का प्रारंभ हुआ, 1989 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, 2000 में प्रधानमन्त्री ग्रामीण रोजगार योजना, 2003 में स्वर्ण जयन्ती स्वरोजगार योजना, इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य सीमित अवधि या कार्यानुरूप रोजगार उपलब्ध करवाना।

ग्रामीण विकास की राष्ट्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी स्थान, गांव–गांव तक फैलता सड़कों का जाल और विकास की मुख्यधारा से जुड़ते दूर–दराज के गांव, शिक्षा, स्वास्थ्य का प्रसार, सड़क और बिजली उपलब्ध होने के कारण कम्प्यूटर, टी.व्ही, फोन आदि के माध्यम से वैश्विक गति से जुड़ते हमारे गांवों में निश्चित रूप से एक ऐसी सुबह का आगाज हो चुका है जिसकी किरणें चारों और उजाला फैलाने को आतुर हैं।

10 वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक भी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारो में कमी नहीं आई है। वहीं आज भी 60 प्रतिशत आबादी असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत है इन लोगों को सरकार द्वारा निर्धारित रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये एक ऐसी योजना की आवश्यकता महसूस की गई, जो व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध करवाने के साथ–साथ उन्हें इस बात का आश्वासन दे सके कि जब उन्हें रोजगार की आवश्यकता होगी हम सरकार से मांग सकते हैं और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये फरवरी 2005 में आंध्रप्रदेश के अनंतपुर जिले से प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इस योजना की शुरुवात की और आज यह योजना भारत के सम्पूर्ण जिलों में लागू है, यही इसके कुछ सकारात्मक एवं नकारात्मक तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं मेरे चुनाव का आधार इस योजना की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करना है।

हमारे देश में अकुशल श्रमिकों की अधिकता तथा कुशल तकनीकी एवं वैज्ञानिक कर्मचारियों की कमी के निवारण हेतु मानव श्रम शक्ति नियोजन अपना कर

मानवीय साधनों का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है।

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम 2005 लोकसभा में 23 अगस्त 2005 को ध्वनिमत से पारित हुआ। 02 फरवरी 2006 को यह देश के 200 जिलों में लागू किया गया, और फरवरी 2007 से इसमें 130 और नये जिले शामिल हो गये। 01 अप्रैल 2008 से इसे देश के सम्पूर्ण भारत में लागू किया गया है। 2 अक्टूबर 2009 को गॉधी जी की 14वीं जयंती पर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इसका नया नामकरण किया। अब नरेगा को राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के नाम पर महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा) के नाम से जाना जाता है।

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है, ऐतिहासिक इन अर्थों में कि देश ग्रामीण विकास के इतिहास में पहली बार रोजगार के हक को कानूनी और वैधानिक दर्जा मिल रहा है। क्रांतिकारी इन अर्थों में कि ग्रामीणों के रोजगार के हक को विधिक मान्यता प्रदान की गयी है। इस वचनबद्धता को स्पष्ट किया गया है कि मांगने पर उन्हें रोजगार मिलेगा और अगर ऐसा नहीं होता तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा। इतना ही नहीं इस अधिनियम में श्रमिकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए उनकी मांग पर रोजगार उनके निवास के 05 किमी. दूर कार्य उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में 10 प्रतिशत अतिरिक्त मजदूरी आने–जाने पर व्यय हेतु दी जायेगी। मनरेगा का मूल ''गारण्टी'' शब्द में समाहित है कि ग्रामवासियों को :–

1. रोजगार अधिकार स्वरूप प्राप्त होगा।
2. रोजगार निहितार्थ मांग पर उन्हें दिया जायेगा ।
3. इस दिशा में किसी भी कमी की स्थिति में शिकायत का हक है।
4. यदि अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी कर उन्हें उनके हक से वंचित किया जा रहा है तो वहां कानूनी कार्यवाही की व्यवस्था है।
5. इसमें सूचना का अधिकार योजना भी सम्मिलित है।

उपर्युक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है। कार्यक्रम के देशव्यापी होने के कारण इसमें कई तरह के समस्याओं का उत्पन्न होना स्वाभाविक है तथा मनरेगा के द्वारा बेरोजगारी समस्या का काफी स्तर तक हल हो सका है तथा व्यक्तियों के पलायन में कमी आयी है। कृषि, आत्मनिर्भरता, सड़क, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण आदि में भी सफलता मिली है। दूसरी ओर अन्य विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि भूमि संबंधी कार्य भी टिकाऊ हो सकते हैं, यदि वे उपयुक्त योजना, आकार द्वारा निर्मित किए जाएं।

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की आवश्यकता :–

भारत एक विकासशील देश है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् यह विकास की ओर अग्रसर हुआ है। यहां निर्धनता और रहन सहन के निम्न स्तर की समस्या पाई जाती है क्योंकि भारत की अधिकांश जनसंख्या गांवों में रहती है और ग्रामीण क्षेत्र अनेकानेक समस्याओं से ग्रसित हैं।

''मध्यप्रदेश में वर्ष 2004–05 में 38.3 प्रतिशत जनसंख्या (2.49 करोड़ लोग) गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। वहीं ग्रामीण जनसंख्या का 36.9 प्रतिशत भाग अर्थात् 33.77 लाख परिवारों के 1.75 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। प्रति व्यक्ति आय को देखें तो (वर्ष 1999–2000) के स्थिर मूल्य पर) जो वर्ष 1999–2000 में 12384 रूपया थी, से आठ वर्षो में मात्र 20.46 प्रतिशत (अर्थात् औसतन 2.55 प्रतिशत वार्षिक की दर से) बढ़ोत्तरी के साथ वर्ष 2008–09 में 14918 रूपया हो पायी है''।

ग्रामीण क्षेत्र में अज्ञानता व अशिक्षा भी पाई जाती है। लोगो को रोजगार व व्यवसाय से संबंधित सुविधायें भी उपलब्ध नहीं हैं। यहां कृषि में लोगो को वर्ष भर पूरा काम करने को भी नहीं मिलता है। इसीलिये ग्रामीण व्यक्ति ज्यादातर बेरोजगार रहते है। बेकारी के कारण भरपेट भोजन भी नहीं मिलता है एवं पहनने के लिये ठीक तरीके से वस्त्र भी नहीं मिलता हैं एवं रहने के लिये मकान आदि की समस्याओं से ग्रसित रहते है।

सरकार द्वारा ग्रामीण जनता की इन समस्याओं को देखकर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम का नियोजन कर क्रियान्वयन किया जिससे व्यक्तियों को कृषि कार्य के पश्चात् खाली समय में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराना, जिससे ग्रामीण व्यक्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का अधिनियम :–

लोकतंत्र का सार जनता की सहभागिता एवं नियंत्रण में निहित है। लोकतंत्र का आधार शासन में स्वरूप पंचायती राज व्यवस्था है। लोकतंत्र के अर्थ को स्पष्ट करते हुये गांधी जी ने कहा लोकतंत्र का अर्थ में यह समझता हूं कि इस तंत्र में नीचे से नीचे तथा

आदमी को आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिये।

गांधी जी ने अपने अंतिम लेख वसीयतनामा में लिखा है सच्ची लोकशाही केन्द्र में बैठे 10–20 आदमी नहीं चला सकते वह तो नीचे से गांव के हर आदमी द्वारा चलाई जानी चाहिये। पंचायती राज संस्थान लोकतंत्र की आधार शिला है। पंचायती राज में ग्रामीणजनों की सक्रिय भूमिका एवं सशक्तिकरण का सर्वप्रथम कदम है। विकास आज अर्द्ध–विकसित अथवा विकासशील देशों की एक प्रमुख प्रक्रिया है। भारत भी स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् विकास की ओर अग्रसर हुआ हैं। यहां निर्धनता और रहन–सहन के निम्न स्तर की समस्या पाई जाती है। ग्रामीण क्षेत्र अनेकानेक समस्याओं से ग्रस्त है। कृषि पिछड़ी हुई अवस्था में है और यहां प्रति एकड़ उत्पादन की मात्रा अन्य देश की तुलना में काफी कम है। ग्रामीण क्षेत्रो में अज्ञानता व अशिक्षा भी पायी जाती है। लोगो को रोजगार या व्यवसाय संबंधित सुविधायें उपलब्ध नहीं है। यहां कुटीर उधोगो को पुनः पनपने की आवश्यकता है ताकि लोगो को वर्ष भर काम मिल सके। यदि यह कहा जाये कि ग्रामीण क्षेत्रो में सभी लोगो को भरपेट भोजन प्राप्त नहीं होता, पूरे वस्त्र नही मिल पाते और रहने के लिए समुचित मकानो की व्यवस्था नही हैं तो इसमें किसी प्रकार की कोई अतिश्योक्ति नहीं है ।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का परिचय :–

भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम सितंबर माह 2005 में पारित किया गया था। इस अधिनियम के अंतर्गत प्रावधानित कार्यक्रम ग्रामीण रोजगारी के सृजन और सुदृढ़ ग्रामीण अधोसंरचना की स्थापना की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। योजना का उद्देश्य अकुशल मानव श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक वर्ष में सौ दिवसीय विधिमान सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराना है तथा गरीबी उन्मूलन की दिशा में अभिनव प्रयास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निर्माण एवं सृजन करना है ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाया जा सके। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 7 क के तहत् ग्राम सभा द्वारा तदर्थ समितियों के गठन का प्रावधान किया गया है। इसके साथ राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम मध्यप्रदेश की धारा 6,5,21 के अनुसार प्रत्येक ग्राम के अंतर्गत सतर्कता एवं मूल्यांकन समिति के कार्यों की मॉनीटरिंग गठित किये जाने का प्रावधान रखा गया है। उक्त प्रावधानों के अनुपालन में ग्राम स्तर पर समिति का गठन किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम मध्यप्रदेश में जिस तरह से अपना कार्य कर रही है उससे निश्चित ही गरीब परिवारो को सहारा मिला है । मजदूरो के पलायन जैसी घटनायें भी कम हो रही हैं। आजीविका की सुरक्षा और बुनियादी जरूरतों की पूर्ति से उनके जीवन में नयी आशा का संचार हो रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की आवश्यकता :–

भारत एक अर्धविकसित देश है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् यह विकास की ओर अग्रसर हुआ है। यहां निर्धनता और रहन सहन के निम्न स्तर की समस्या पाई जाती है क्योंकि भारत की अधिकांश जनसंख्या गांवों में रहती है और ग्रामीण क्षेत्र अनेकानेक समस्याओं से ग्रसित हैं। कृषि पिछड़ी हुई अवस्था में है और यहां उत्पादन की मात्रा अन्य देशों की तुलना में काफी कम है। ग्रामीण क्षेत्र में अज्ञानता व अशिक्षा भी पाई जाती है। लोगो को रोजगार व व्यवसाय से संबंधित सुविधायें भी उपलब्ध नहीं हैं। यहां कृषि में लोगो को वर्ष भर पूरा काम करने को भी नहीं मिलता है। इसीलिये ग्रामीण व्यक्ति ज्यादातर बेरोजगार रहते है। बेकारी के कारण भरपेट भोजन भी नहीं मिलता है एवं पहनने के लिये ठीक तरीके से वस्त्र भी नहीं मिलता हैं एवं रहने के लिये मकान आदि की समस्याओं से ग्रसित रहते है। सरकार द्वारा ग्रामीण जनता की इन समस्याओं को देखकर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम का नियोजन कर क्रियान्वयन किया जिससे व्यक्तियों को कृषि कार्य के पश्चात् खाली समय में 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराना। जिससे ग्रामीण व्यक्तियों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी विधेयक 2005 का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में गरीबों की आजीविका सुरक्षा की वृद्धि के लिये प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक परिवार में जिसका एक वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने को तैयार हो, को कम से कम 100 दिन का गारण्टी वेतन रोजगार उपलब्ध कराना है, कार्य का विभाजन परिवार के वयस्क सदस्यों के मध्य किया जा सकता है। इसी अधिनियम के तहत् वर्ष 2006–07 के बजट में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी स्कीम प्रारंभ की गई, इसके लिये 2007–08 के बजट में कुल 12,000 करोड़ रूपये की राशि आवंटित थी, चूंकि NREGA अधिनियम में रोजगार की कानूनन गारण्टी दी गई है। अतः आवश्यकतानुसार इसके लिये अधिक राशि उपलब्ध कराने के बात भी 2007–08 के बजट में

कही गई , 2009–10 के बजट में इसके तहत् 39100 करोड़ रूपये का आवंटन 2008–09 के बजट आवंटन की तुलना में 144 % अधिक ।

यहां मौलिक प्रश्न यह उपस्थित होता है कि रोजगार गारंटी योजना का क्या उद्देश्य है ? इस योजना की अवधारणा से जनता को क्या लाभ है। राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी योजना के निम्नलिखित उद्देश्य हैं–

1 रोजगार की सुनिश्चितता।

2 स्थाई परिसम्पत्तियों का सृजन।

3 आर्थिक एवं सामाजिक विकास करना। मजदूरों का पलायन रोकना।

4 पर्यावरण की सुरक्षा।

5 स्थानीय ग्रामीण निर्धन, अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना। ग्रामीण बेकारी को दूर करना।

6 लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना। ग्रामीण समुदाय का सर्वांगीण विकास करना।

''राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन गारंटी अधिनियम 2005 देश के ग्रामीण क्षेत्रों में गृहस्थियों की आजीविका की सुरक्षा को, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में, प्रत्येक ग्रहस्थियों को जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, कम से कम सौ दिनों का गारंटीकृत मजदूरी नियोजन उपलब्ध कराकर, वर्धित करने तथा उससे संयुक्त या उसके आनुसंगिक विषयों का उपबन्ध करने के लिए अधिनियम। भारत गणराज के छप्पनवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियम है''।

''महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के सफल क्रियान्वयन हेतु भारत शासन द्वारा अलग से महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से भारत शासन द्वारा राज्यों को राशि प्रदान की जायेगी''।

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से ''काम के अधिकार'' को बल मिला है निश्चित तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार अंसुतलन की स्थिति को बहुत हद तक महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के लागू हो जाने के बाद नियंत्रण में लाया गया है, लेकिन यह बात भी सच है कि हर व्यक्ति पूरे वर्ष रोजगार चाहता है और ना कि सिर्फ ग्रामीण बल्कि शहर में रहने वाले गरीब आदमी भी आर्थिक विषमता से उतना ही पीड़ित है। रोजगार की आवश्यकता सभी को है और महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण क्षेत्र में काफी उपयोगी है।

महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के उद्देश्य :–

''ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीण परिवारों के वयस्क व्यक्तियों को, जो अकुशल मानव श्रम करने हेतु तैयार है, एक वित्तीय वर्ष में एक परिवार को कम से कम 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराकर आजीविका सुनिश्चित करना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसम्पत्तियों का सृजन''।

यहां मौलिक प्रश्न यह उपस्थित होता है कि महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का क्या उद्देश्य है, इस योजना की अवधारणा से जनता को क्या लाभ है। महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के निम्नलिखित उद्देश्य है :–

स्थाई परिसम्पत्तियों का सृजन।

रोजगार की सुनिश्चितता।

मजदूरों का पलायन रोकना।

ग्रामीण महिलाओं को रोजगार गारंटी योजना में प्राथमिकता देना।

पर्यावरण की सुरक्षा।

स्थानीय ग्रामीण निर्धन, अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराना।

ग्रामीण बेकारी को दूर करना।

लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना।

ग्रामीण समुदाय का सर्वांगीण विकास करना।

निष्कर्ष : कार्यक्रम ने ग्रामीण श्रम भागीदारी की दर को बढ़ाया है। इसने श्रम बल में उन लोगों को भी आकर्षित किया है जो सक्रिय श्रमिक नहीं थे और आकर्षक और सुविधाजनक कार्य अवसरों तक उनकी पहुंच को सरल बनाया है। परंतु यह भी तर्क दिया जाता है कि योजना ने आवासीय श्रम बाजार के एक

बड़े समूह को हटा कर श्रमिकों की कमी उत्पन्न कर दी है ।

मनरेगा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी की दर और कार्य दिवस की संख्या में वृद्धि से ग्रामीण परिवारों की आमदनी बढ़ी हैं। जिसके फलस्वरूप ग्रामीण परिवारों की क्रय–शक्ति में वृद्धि हुई जिसका फलस्वरूप स्वास्थ्य के देखरेख की क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई है। इस योजना के अंतर्गत जल संरक्षण व सिंचाई संबंधी कार्यो के अच्छे परिणाम जिले है शुष्क व ऊष्म क्षेत्रों में इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा। मनरेगा के कारण पंचायती राज संस्थायें सक्रिय हो गई है। इस योजना की मुख्य समस्या भ्रष्टाचार है जिसे हर हाल में प्रत्येक स्तर पर रोकना होगा। इस हेतु सरकार को कुछ कठोर कदम उठाना होगा ।

संदर्भ :

1. पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण पुस्तिका,दिशा सोसायटी जबलपुर(म.प्र.)

2. दास.बी.सी. एवं नाथ.आर.के. (जुलाई,सितम्बर 2011):''ए स्टेडी ऑफ फाइनेंनशियल इनक्लूजन इन राजस्थान''.

3.करवाल, डॉ. प्रकाश.(1995.): ''गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की उपादेयता'' मध्य प्रदेश की रायगढ़ जिलें में क्रियान्वित जवाहर रोजगार योजना का विशेष अध्ययन) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के वाणिज्य संकाय (व्यावहारिक अर्थशास्त्र एवं व्यवसाय प्रबंध) के अंतर्गत डॉक्टर ऑफ फिलासकी उपाधि हेतु प्रस्तुत शोध – प्रबंध .

4.शर्मा, डॉ. रामरतन .आहुजा, डॉ. कन्हैया .जैन, डॉ. सुभाषचन्द्र. (2010) : ''जनसंख्या (मानवीय संसाधन) का विकास आर्थिक प्रगति के लिये बाधक'', भारत में मानव संसाधन विकास, जनरल ऑफ म.प्र. एकानामिक्स एसोसिएशन वाल्यूम, XXi ,

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Impact of Perceived Justice and Stress on Job Satisfaction and on Commitment of Artisan Cluster in Unorganized Sector

Naveen Sharma
Dr. Gangotri Mishra

Abstract : *Perceived justice defines that artisan's perception for the justice of the action. Perceived justice is a multi-dimensional concept comprising three dimensions: distributive, procedural, and interactional justice. The main objectives of the present study are to investigate the impact of the three dimensions of justice on artisan satisfaction and their commitment for the art, to investigate the impact of level of stress on artisan satisfaction and their commitment for the art and to examine to what extent justice theory can significantly explain how artisan evaluate their handling of their complaints. It was found from the study that honesty in work explanation of the work on casual account empathy for the work politeness and courtesy in the working conditions and finally the efforts of the workplace is very much required at the workplace for the artisians of chanderi Gwalior. This implies that the in order to ensure smooth running of the artisan the honesty, explanation (causal account), empathy, politeness and effort are very vital for delivering the satisfaction and commitment. Effort is closely associated with how hard the employer or the job giver tries to resolve the problem of the artisans. So the if you need to get the work done from the artisans of Chanderi efforts have to be put to make sure that the worker feel that the problems are heard and easily resolved.*

Keywords: *Distributive, Procedural, and Interactional Justice*

Introduction

Perceived justice defines that artisan's perception for the justice of the action. Perceived justice is a multi-dimensional concept comprising three dimensions: distributive, procedural, and interactional justice. Despite the recent advances concerning the effects of perceived justice on post-recovery satisfaction, there is still room to learn how a service provider's recovery efforts affect subsequent artisan's recovery satisfaction. There is still a need for solid empirical research regarding the impact of responses to a artisan's complaint.

The five elements of interactional justice identified for this study are: honesty, explanation (causal account), empathy, politeness and effort. Honesty is defined by Clemmer in 1988 as the accuracy of the information the service provider's personnel communicate to the customer (Tax, 1993). The measure was operationalzed in terms of beliefs about the truthfulness of communications. Politeness or courtesy in service delivery is defined as "a continuum of polite-rude behavior provided by service personnel" (Tax, 1993, p. 118). Behavior which is disrespectful, rude or annoying would be associated with a low score on courtesy or politeness aspect of interactional justice. Explanation aspect of interactional justice can be defined as "explanations for behaviors or occurrences" (Tax, 1993, p. 118). Explanations may be in the form of justifications or excuses (Tax, 1993). In this study, explanation aspect was viewed as the provision of a reasonable cause for the service problem. Empathy is defined as "showing understanding and concern for the problems experienced by the customer" (Tax, 1993, p. 119). Parasuraman et al., 1985 pointed to the importance of this aspect and investigated empathy as a component of service quality. In addition to showing concern, empathy reflects a considerate approach to deal with customer complaints (Tax, 1993). Effort is defined as "the amount of energy put into a behaviour or series of behaviors" (Tax, 1993, p. 119). Effort is closely associated with how hard the service provider tries to resolve a complaint.

The three indicators of procedural justice that were measured in the questionnaire include: timing, flexibility and accessibility. Timing can be defined as the interval or the period of time taken to resolve the complaint (Tax, 1993). This aspect is

somewhat related to the issues of responsiveness and reliability which have been linked to service quality and satisfaction (Parasuraman et al., 1985). A number of studies have cited the negative emotional states and resulting dissatisfaction caused by the perceived unfairness of waiting long in service situations (Blodgett et al., 1997). Time loss is seen as both annoying and expensive to the people working in diverse stream. Waiting appears to be especially frustrating when the workforce is angry and believes that the service provider has some control over the delay (Taylor, 1995). Flexibility refers to "whether or not procedures are adaptable to the particular circumstances facing the complainant) (Tax, 1993, p. 121). Flexibility is mentioned to be associated with positive reactions to service encounters (Bitner et al., 1990). Accessibility is defined as " the ease/difficulty of engaging the complaint process" (Tax, 1993, p. 121). Accessibility is particularly related to the ease of determining who to register the complaint with. It has been observed that failed service encounters can be even more disturbing when it is difficult to access the person in charge to resolve the problem (Bitner et al., 1990).

- सुरक्षा – महिलाओं के प्रति अपराध पर लगाम लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय संविधान में कानूनी प्रावधान है। फिर भी दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, बालविवाह, यौन शोषण, ऑनर किलिंग आदि के मामले भारत में आम हो गए हैं। पिछले एक दशक में महिलाओं के साथ अपराध के मामलों में दुगुने से ज्यादा की वृद्धि हुई है। इस दौरान देश में ऐसे 22 लाख 40 हजार मामले दर्ज हुए हैं। आँकड़ों के अनुसार महिलाएँ हर एक घंटे में 26 अपराध यानी हर दो मिनिट में एक अपराध का शिकार बनती है। इन अपराधों में घरेलू हिंसा के मामले सबसे ज्यादा हैं। प्रताड़ना के 4 लाख 70 हजार 556 मामले दर्ज हुए हैं। तीसरे स्थान पर अपहरण से जुड़े मामले हैं। इसके अलावा दहेज विरोधी कानून के तहत 66 हजार मामले भी सामने आये। आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2014 में महिलाओं के खिलाफ कुछ नई श्रेणियों में भी अपराधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें बलात्कार के प्रयास से जुड़े 4 हजार 234 मामले, आत्महत्या के लिए उकसाने से जुड़े 3734 मामले और घरेलू हिंसा से बचाव के 426 मामले शामिल हैं।

भारत में महिलाओं की आर्थिक स्थिति :–

वर्ष 2013 में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर किए गए सर्वेक्षण सूची में भारत को 128 देशों में 115 वाँ स्थान मिला है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपने देश की महिलाओं के लिए असीम संभावनाएँ पैदा की है, इसके बावजूद महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा सांस्कृतिक परंपराओं, लिंग–भेद व संसाधनों के अभाव में अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहा है। एक सर्वे के अनुसार जहाँ–जहाँ महिलाओं की व्यापार व कार्पोरेट जगत में अहम भागीदारी रही है, वहाँ करीब 53% अधिक लाभांश और करीब 24% अधिक बिक्री पाई गई है। लेकिन कुछेक महिलाओं को ऊँचे पद तथा सुदृढ़ स्थिति में देखकर हम उन अशिक्षित और शोषित महिलाओं को अनदेखा नहीं कर सकते जो आज भी अपने मौलिक अधिकारों तक के लिए संघर्षरत हैं। रोजगार तथा बेरोजगारी सर्वेक्षण 2011 में यह स्पष्ट होता है कि 15 से 59 वर्ष की आयु के बीच की शहरी महिलाओं में सबसे अधिक बेरोजगारी दर 15.7 फीसदी पाई गई है। जबकि इसी उम्र में पुरूषों की बेरोजगारी दर 9 फीसदी दर्ज की गई है। श्रमजीवी रोजगार में प्रवेश के लिए अधिक से अधिक संख्या में शहरी महिलाएँ तैयार है। लेकिन मौजूदा समय में पर्याप्त और योग्यता अनुसार अवसर खोजने में असमर्थ हैं।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (2012) की रिपोर्ट के अनुसार 131 देशों में भारत की शहरी महिला श्रमिक शक्ति दर 15 प्रतिशत के साथ दुनिया भर में नीचे से 11 वें स्थान पर है जो एक बेहद चिंताजनक आँकड़ा है। शहरी महिलाओं में बेरोजगारी दर सबसे अधिक पाई गई है। 5.7% बेरोजगारी दर के साथ स्नातक तथा उच्च डिग्रियाँ हासिल करने के बाद भी शहरी महिलाओं में बेरोजगारी का प्रतिशत सबसे अधिक है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन की 2011 की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 20% शहरी महिलाएँ घरेलू सहायिका, सफाई कर्मचारी, विक्रेता, फेरीवाली एवं सेल्सगर्ल के रूप में

कार्य करती हैं। वहीं 43% महिलाएँ स्वनियोजित कार्य करती हैं, जबकि इतनी ही महिलाएँ मासिक वेतन पर काम करती हैं। लगभग 46% मासिक वेतन पर काम करने वाली शहरी महिलाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं रोजगार लाभ तय नहीं हैं। जबकि 56% महिलाओं के पास लिखित में कोई जॉब कांट्रेक्ट नहीं है, अर्थात देश की जीडीपी में उनकी हिस्सेदारी का कोई हिसाब नहीं है।

महिलाओं के संरक्षण के लिए बनाये गये कुछ महत्वपूर्ण कानून

- समान वेतन अधिनियम (1976)
- मातृत्व लाभ आधिनियम (1961)
- न्यूनतम मजदूरी अधिनियम (1968)
- घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम (2005)
- संतान पालन अवकाश अधिनियम (2015)

महिला सशक्तिकरण के लिए संचालित विभिन्न योजनायें

- राष्ट्रीय महिला कोष (आर.एम.के.) 1992–1993
- महिला समृद्धि योजना (एम.एस.वाय.) 1993
- इन्दिरा महिला योजना (आई.एम.वाय.) 1995
- स्वशक्ति समूह
- स्टेप योजना
- स्वावलम्बन योजना
- स्वधार योजना
- महिला सशक्तिकरण राष्ट्रीय मिशन
- धनलक्ष्मी 2008
- उज्जवला 2007
- स्वरोजगार के लिए ग्रामीण युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम (टी.आर.वाय.एस.ई.एम.)
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना (पी.एम.आर.वाय.)
- महिला विकास कार्पोरेशन योजना (डब्ल्यू.डी.सी. एस)
- इन्दिरा महिला केन्द्र
- महिला समिति योजना
- खादी एवं ग्रामीण उद्योग कमीशन
- इन्दिरा प्रियदर्शिनी योजना
- एस.बी.आई. स्त्री शक्ति योजना
- सिडबी महिला उद्यम निधि महिला विकास निधि
- एन.जी.ओ. क्रेडिट स्कीम
- कृषि एवं ग्रामीण विकास योजना

निष्कर्ष – किसी भी देश की परम्परा और संस्कृति उस देश की महिलाओं से झलकती है। महिलायें समाज की रचनात्मक शक्ति होती हैं। आने वाले कल को सुधारने के लिए हमें आज की महिलाओं की स्थिति को सुधारना होगा, उन्हें न्याय देना होगा महिला आधिकारों के संरक्षण के लिए बनाये गये विभिन्न कानूनों को पूरी ईमानदारी व सक्रियता से लागू करना होगा। साथ ही साथ हमें घरेलू तथा सामाजिक स्तर पर जागरूकता लाना होगा। महिलाओं में अपार क्षमता निहित है इन्हें सबल और सशक्त कर हम देश को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक रूप से सुदृढ़ बना सकेंगे। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का यह कथन आज भी प्रासंगिक है कि –'' जब महिलायें आगे बढ़ती हैं, तो परिवार आगे बढ़ता है, समाज आगे बढ़ता है और राष्ट्र भी अग्रसर होता है।''

महिला सशक्तिकरण के लिए सुझाव

- सर्वप्रथम महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रयास करने होंगे। महिला संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं तथा सरकार को इस दिशा में प्रयास करने होंगे।
- शहरों के साथ–साथ गाँवों में भी महिलाओं का शोषण और उत्पीड़न को रोकने के लिए महिलाओं में शिक्षा का प्रसार करना होगा। उन्हें संगठित होकर अन्याय के विरूद्ध आवाज उठाने की प्रेरणा देनी होगी।
- विद्यालयों में छात्राओं को विशेष प्रशिक्षण (जूडो–कराटे), कानूनी अधिकारों की जानकारी, शोषण, उत्पीड़न संबंधी निर्देशों का सख्ती से पालन, महिला मामलों में पुलिस की पूरी सजगता एवं सक्रियता, महिलाओं के लिए पृथक थानों की व्यवस्था आदि आवश्यक है।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिला भागीदारी को और बढ़ावा दिया जाये।
- वर्तमान में लागू महिला संबंधी कानूनों में व्याप्त विसंगतियों को दूर किया जाये जिससे महिलाओं को राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक आदि सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान कानूनी और वास्तविक रूप में सभी मानव अधिकार प्राप्त हो सके।

संदर्भ सूची :–

- भारतीय ममता, मेरठ, उप्र– मासिक उद्यमिता समाचार पत्र दिसम्बर 2013
- डॉ. श्रीमती पटेल कमला –मासिक उद्यमिता समाचार पत्र अगस्त 2013
- दास गुरूचरन स्तंभकार व साहित्यकार :– दैनिक भास्कर, मंगलवार 24 सितम्बर 2013
- इण्डिया वूमेन्स इम्पॉवरमेन्ट – आई.एफ.ए. डी/ओ.ई, 2000, द रिपब्लिक ऑफ इण्डिया; तमिलनाडु
- नागराज, बी. (2013), इम्पॉवरमेन्ट ऑफ वूमेन्स इन इण्डियाः ए क्रिटिकल एनॉलिसिस. जनरल ऑफ ह्यूमिनिटीज एण्ड सोशल साइंस
- शुक्ला पश्यंती, (2016), भारत में महिलाओं की स्थिति
- कुमार, संगीता (2008), अर्थव्यवस्था में महिलाओं की स्थिति, योजना, एन.एस.एस.ओः रिपोर्ट–नम्बर, 409 एण्ड

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

CONTRIBUTION OF LOCAL PEOPLE IN THE CONSERVATION OF HERITAGE

Dr. Alpana Singh (HOD)
Dept. Of History, Mata Gujri College (Autonomous), Jabalpur

Local people are the real carriers of culture and traditions. They are the only ones who knew the importance of their cultural heritage and tourist places. They had learnt the historical or mythological stories related to tourist places nearby from their forefathers. Therefore their support can be very useful for the development of tourism at any place.

Successfully planning for tourism development requires the active support and involvement of the local community. It is important to plan tourism so that it does not compromise their quality of life. The issues that can be included are over-crowding their localities, undue changes in social values, increased demand that raises the price of consumer commodities, and degradation of the natural environment.

According to UNESCO, "the aim is not only to preserve increasingly numerous items of cultural property but also to safeguard complexes which go far beyond single large monuments or individual buildings. The idea of the heritage has now been broadened to include both the human and the natural environment, both architectural complexes and archaeological sites, not only the rural heritage and the countryside but also the urban, technical or industrial heritage, industrial design and street furniture.

Furthermore the preservation of the cultural heritage now covers the non-physical cultural heritage, which includes the sigh and symbols passed on by oral transmission, artistic and literary forms of expression, languages, ways of life, myths, beliefs and rituals value systems and traditional knowledge and know-how. "The deliberate act of keeping cultural heritage from the present for the future is known as preservation (American English) or conservation (British English) though these terms may have more specific or technical meaning in the same contexts in other dialect.

In Mahakaushal region various monuments are not protected. They are being continuously damaged by people. Even their stones, doors, decorative motifs and sculpture are taken out and sold. Here the contribution of local population is needed, to extend their help to local bodies, and voluntary agencies in the protection of historical heritage.

Participation of local People in the Conservation of Heritage

The most important aspect of conservation is the participation of local people. **Drake (1991**) defines local participation as 'the ability of local communities to influence the outcome of development projects that have an impact on them.'

Educational efforts should be made with the help of press to build public awareness.

The participation of local people can be increased by organizing workshops and meetings. All research and information collected from the local people can be synthesized. The skills of youth can be gained by involving them in the conservation. The ecotourism project team together with the community could develop an action plan for implementing solutions to identified problems. "Participation therefore plays a key role in the initiative, as it empowers people to play a role in the decision making process, where in many cases it is only those who are politically connected or affluent who are involved in the control and management of the enterprise." (Sproule 1996) Development initiatives have better results if being implemented according to the suggestions of local people. Krippendorf (1982) advocated that 'tourism policies should no longer concentrate on economic and technical necessities alone, but rather emphasise the demand for an unspoiled environment and consideration of the needs of the local people.' "This 'softer' approach places the natural and cultural resources at the

forefront of planning and development, instead of as an afterthought."[2] Therefore it becomes more important to adopt Alternative Tourism.

Alternative Tourism is a term that encompasses various applications, ('appropriate', 'eco-friendly', 'soft', 'responsible', 'controlled', and 'people to people' tourism). This responsible tourism saves displacing local people from traditional life- style and original culture. This more sensitive approach to tourism development strives to satisfy the needs of local people and tourists and the host country in a complementary way.

Presently, Mass tourism is not preferred for the fact that it dominates tourism of a region, its environment and its people. Tourism research in 1980s, argued for an alternative tourism to mass tourism. Thus, Alternative tourism is form of tourism that advocates an approach opposite to mass tourism. Dernoi (1981) illustrates the advantages of AT-

a) Families will acquire managerial skills.

b) AT will generate direct revenue for community members, thus benefitting the local community.

c) AT will also help to preserve local traditions.

d) AT is ideal for travelers who prefer close contacts with local people.

e) AT will promote intercultural understanding.

'Local people are the first to recognize the benefits of conserving their natural-resources-base, much more so than large developers who don't live in the area.' (**Mackinnon, 1995)** Therefore, it is important that the local people should be involved. "Such involvement can take the form of community representatives who speak for various elements of the population."[3]

Education plays a key role and local people should be allowed to develop their own educational programmes for tourists. This will inspire them to shape and design tourism according to their needs and desire. It should be seen that tourists must abide by the structured guidelines developed by local people.

Local people should be given responsibility by involving them in preparing management plans, which is also important from the point of view of both the community development and development of the country.

Planning is for the benefit of the people, and they should be involved in the planning and development of tourism in their areas. Tourism development should be aimed at to protect natural and socio-cultural resources and improve the welfare of local people, while enhancing monetary gains and market access.[4] Linking Communities, tourism and conservation, through this involvement, tourism development will reflect a consensus of what the people want. Also, if residents are involved in planning and development decisions and if they understand the benefits the tourism can bring –they will more likely support it.[5]

An important aspect of sustainable development is emphasizing community based tourism this approach to tourism focuses on community involvement in the planning and development process, and developing the types of tourism, which generate benefits to local communities. It applies techniques to ensure that most of the tourism goes to local residents and not to the outsiders.[6] Maximizing benefits to local residents typically results in tourism growth and their active participation in the conservation of local tourism resources.

The benefits accruing to local communities are also beneficial to the country, through the income and foreign exchange earned, employment generated and the support that local communities give to national tourism development and conservation policies is beneficial to the country.[7]

The Contribution of Local People in the Conservation of Heritage in Mahakaushal

The credit of development of cultural heritage of Jabalpur in earlier periods goes to Raja Gokul Das and Beohar Raghubir Singh. Raja Gokul Das loaned money to the Jabalpur Municipality in 1881 for the construction of Khandari water works to solve the problem of lack of water. To commemorate the completion of the water works a fountain was built in Lordganj. While sanctioning the loan, he asked for one favour from the government that the public should not be required to pay any water tax or additional tax on account of water works.[8] Raja Saheb also gave money for

the construction of Town Hall for public functions.[9] This building houses a big library. Raja Saheb helped in the construction of a female hospital in Miloniganj. It was inaugurated on 7th December 1896, by Lord Elgin, the Viceroy and Governor-General of India, and was named as Lady Elgin Hospital.[10] The municipal community built a Dharamshala in the memory of Raja Gokul Das. Sir H.Credock, Chief Commissioner opened it for public in 1911. Lord Lansdowne has conferred him the title of Raja in 1889.

Rajman Rajeshri Beohar Raghubeer Singh was the last jagirdar of Jabalpur to whose ancestors the estates were granted by descendents of Rani Durgavati or acts of nationalism, patriotism, and bravery in the battlefield. His ancestor Rajman Rajeshri Beohar Adhar Singh was Rani Durgavati's Prime Minister and Army Commander who attained martyrdom fighting against Mughal forces at the battle of Narrai**.** Due to very strong hold among the masses, the hereditary title "Beohar" and jagirdari was respected by the subsequent Marathas. The British later become hostile to the family because of their patriotism. In the memory of Beohar Raghubeer Singh 'Beohar Bagh' is named and for the noble cause of rehabilitation of Thugs' families who were called 'gurinds', the Beohar family allowed their place of land known as 'Gurandi' to Col. William Henry Sleeman, appointed commissioner of Jabalpur. Beohar Raghubeer Singh's diary is been published as 'Pracheen Smritiyan' which provides information about Jabalpur.

The era of literary activities had begun with Pt. Makhanlal Chaturvedi and Shri Madhav Rao Sapre. Seth Govind Das, grandson of Raja Gokul Das created enthusiasm in the youth for literary activities by opening Rashtriya Hindi Mandir and Sharda Bhavan Pustakalaya in 1915. Pt. Narbada Prasad, Pt. Dwarka Prasad Mishra were actively associated with the Hindi movement.

Pt. Dwarka Prasad Mishra was the president of Jabalpur Municipal Committee from 1932-36. After independence he became home minister. As a journalist he successfully edited 'Lokmat'. He was Minister of Education in 1955.He was Vice Chancellor of Sagar University from 1956-62 and became the Chief Minister of M.P. in 1963.

Sharad Narayan Khare had done valuable work on Pt. Dwarka Prasad Mishra under the guidance of Dr. Rajeev Dubey. Pt. Dwarka Prasad Mishra was a freedom fighter, poet, journalist writer and administrator. He had taken admission in Robertson College of Jabalpur in 1923 but left his studies to participate in freedom movement. He decided to take Sanskrit as one of the subject because according to him it will provide him ample time for the work of congress.[11] He was known as "Loh Purush' in the political scenario of Central Provinces. Seth Govindas met D. P. Mishra when Gandhiji started Non-cooperation Movement in which he was participating actively. Mishraji was nearly 20 years of age and wanted to participate in the struggle and he had already left his college for the sake of it.[12] Mishraji started staying at GokulDas Palace with Seth GovindDas. "I was always influenced by his disposition, ability, political expertise, administrative skills and traits. Even his opponents praised him for his intelligence."[13]

Literary meets were arranged with Babu Ramanuj lal Shrivastava, Subhadra Kumari Chouhan, the writer of immortal poem 'Jhansi ki Rani' and Keshav Prasad Pathak, the famous translator of 'Omar Khhayyam'.

Among the literary personalities were Pt. Kunjilal Dubey, who later became the speaker of M.P. Assembly, and the Finance Minister, Beohar Rajendra Singh a prolific writer, Pt. Matadeen Shukla, at one time editor of 'Madhuri', Pt. Kamta Prasad Guru and Shri Harishankar Parsai, progressive writer of satire.

Pt. Kunjilal Dubey was the first Vice Chancellor of Jabalpur University when it came into being in 1956. He was a speaker of M.P. Assembly and became Finance Minister. He was awarded 'Padma Shri' in 1964 and D.Litt. from Jabalpur University in 1965 and from Vikram University in 1967.

Pt. Lajjashankar Jha was bestowed the title of D. Litt., by the Jabalpur University in 1964. He was also awarded with Sahitya Vachaspati in 1968 by Hindi Sahitya Sammelan. The same year Jabalpur Corporation honoured him.

Shri Bhawani Prasad Tiwari was a poet,

writer and seven times Mayor of Jabalpur Corporation. He was honoured with the title of Padmashri and translated Gitanjali of Rabindra Nath Tagore in Hindi.

Dr. M.C. Choubey, an A.M.S., Medical Practitioner of Jabalpur had given great contribution in conservation of culture of Jabalpur in the form of literature. The important works are 'Jabalpur: The Past Revisited' and 'Tripuri'. The illustrations of Shri Vishnu Agnihotri, made the works immensely admirable.

Shri Ram Manohar Sinha is highly appreciated in painting. He was student of Nandlal Bose of Shanti Niketan. He illustrated the original manuscript of the constitution of India. Shri Vishnu Agnihotri, Shri Kamta Sagar and Shri Amritlal Vegad are also reputed artists.

Shri Amritlal Vegad did his studies from Shanti Niketan and was trined under able teachers like Nandlal Bose. He joined as teacher at Institute of Fine Arts in Jabalpur. He was awarded with Sahitya Akedemi Award in 2004 for his travelogue-'Saundarya ki Nadi Narmada'[14] He was also awarded Madhya Pradesh Rajya Sahitya Award for his various works. He is also a recipient of the Mahapandit Rahul Sankrityayan award in Hindi.[15] Vegad has accomplished the entire Narmada Parikrama (literally , circumambulation, walking along the entire river bank) commencing from his city Jabalpur right up till Bharuch in Gujarat and back, finally completing his parikrama by 1999.[16] His other two travelogues are "Amritasya Narmada", and "Teere Teere Narmada".

Dr. M.G. Dixit has traced the antiquity of Tripuri from the pre-historic times down to the Kalachuri period till about the 11th century A.D. This excavation conducted by the University of Sagar, has yielded several interesting objects described in detail which throw a considerable light on the social and economic conditions of ancient Mahakoshala.

Ram Kinkar Upadhyaya is a noted scholar on Indian scriptures and recipient of Padma Bhushan in 1999. He wrote about 84 books mainly on Ramcharitmanas. Padmakara Bhatt has been recognized as one of the greatest Hindi poets. His numerous poems in Brajbhasha, especially depicting relations of Radha and Krishna or those sung in the praise of Ganga, are well known for their melody and sweetness.

The history of Sagar will remain incomplete without mentioning the name of Dr. Hari Singh Gour, the scholar and barrister. His numerous contributions to the legal, political and religious thought of the country constitute an eloquent testimony to his profound learning and wide experience in various fields.[17] His dream of University of Sagar, is fulfilled in 1946. He was the Founder Vice Chancellor of this University. Since then this institution is been inspiring large number of students for learning and researches.

Pt. Ravi Shankar Shukla was the Chancellor of University of Sagar and the first Chief Minister of the Madhya Pradesh Government, not only supported the scheme of excavations but has also given his active support to the project of Tripuri by giving liberal grants through the Government to carry out the excavations, the first of that kind in Madhya Pradesh, and further to publish in a substantial form the results achieved therein.

Dr. R.P. Tripathi gave suggestions to institute Department of Archaeology at the University of Sagar which was accepted. He was Vice Chancellor of Sagar University in 1953-55 and supported wholeheartedly excavations at Tripuri.

Dr. Rajeev Dubey was awarded by MPCOST for his valuable work in the field of social science. He is a learned professor and known teacher of Rani Durgawati Vishwadyalaya. His notable contributions for the development of Mahakaushal region and conservation of its heritage can be seen in his efforts. He wrote many books and promoted researches on the region.

Among the few great man of Mahakoshala, there is always mention of Rajneesh (Osho). He has marked his times with his thoughts and vision. He taught in Jabalpur University for 9 years. His global intellectual impact can be seen by the number of disciples.

Maharishi Mahesh Yogi developed the Transcendental Meditation technique and was the leader and guru of a worldwide organization. He had trained nearly 40,000 TM teachers and taught the Transcendental Meditation technique to more than five million people and founded thousands of

teaching centre and hundreds of colleges, Universities and schools.

Shri Premnath, Arjun Rampal, Ashutosh Rana and Raghubeer Yadav are well known for their performances in cinema. Rajnikant Trivedi, Kulkarni Bandhu and K.K. Naikar are famous in the field of comedy. Jadugar Anand, as magician achieved success internationally. Smt. Sushila Bai Pohankar, Shri Ajay Pohankar and Adesh Shrivastava earned great fame in the field of music. In the field of photography Shashin and Rajnikant Yadav are acknowledged.

Local artists such as painters and sculptors had also contributed in the promotion of heritage. Numerous committees welcome the tourists and local public wholeheartedly in their well decorated pandals during Durga Pooja and Ganesh Utsav festivals. These members work hard 2-3 months prior to the festivals to decorate the *pandal* in an innovative and unique style each year. This healthy competition develops the spirit of better performance the next year. These committees also held Chal Samaroh (Grand procession of idols) in festive manner but peacefully. Some of these Samitis working from long time are NavJyoti Durga Mandal, and Nav Shakti Durga Mandal Gorakhpur.

Thus we can say that contribution of local people works in two ways in the conservation of heritage. They are the one who had preserved traditional art, craft, and cultural heritage. Secondly, they can be involved in the planning and management of tourism. Also local people become the main pillars, offering to tourists in a sustainable form, local products in which they have pride as things representing their locality, so developing and sharing emotions and happiness between tourists and themselves (local residents) making at the same time a contribution to the development of tourism of the local area concerned.

REFERENCES :

1. en/Wikipedia.org/ wiki/ cultural heritage
2. Badan B.S. & Harish Bhatt, Ecotourism, 2007, p.7
3. Badan B.S. & Harish Bhatt, Ecotourism, 2007, p.120
4. Gutirrez Eileen, Kristin Lamoureux, Seleni Metus, The George Washington University, 2005
5. Badan B.S.& Harish Bhatt, Tourism planning and development, Commonwealth publishers, 2007, p.10
6. Badan B.S. & Harish Bhatt, Tourism planning and development, Commonwealth publishers, 2007, p.8
7. Badan B.S. & Harish Bhatt, Tourism planning and development, Commonwealth publishers, 2007, p.8
8. Choubey M.C, Jabalpur, The Past Revisited, INTACH, 1993, p.5
9. Biography of Raja GokulDas, p.75
10. Biography of Raja GokulDas, p.83
11. Mera Jiya Hua Yug, Mishra D.P., Part1, p.51
12. Seth GovindDas, Ek Jansevi ka Vyaktitva, Mishra Abhinandan Granth, p.29-30
13. Seth GovindDas, Ek Jansevi ka Vyaktitva, Mishra Abhinandan Granth, p.29-30
14. Competition Science Vision, February, 2005, p.1561
15. Gaur Mahendra, Indian Affairs Annual, Volume 2, 2007, p.41
16. River of life and learning-Chat from Amrit lal Vegad by Parul Sharma Singh-The Hindu, 25 February 2011
17. Bajpai Prof. K.D., Sagar Through The Ages University of Sagar, 1964 p.24

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

तीव्र आधुनिक परिवर्तन एवं निम्न आर्थिक स्थिति का बाल अपचार (अपराध) पर प्रभाव

डॉ. मौसमी सिंह

प्रस्तुत शोध पत्र में तीव्र आधुनिक परिवर्तन एवं निम्न आर्थिक स्थिति का बाल अपचार पर होने वाले प्रभावों का अध्ययन किया गया है। वर्तमान परिवेश में पाश्चात संस्कृति के प्रभाववस तीव्रता से परिवर्तन हो रहे हैं। आधुनिक चकाचौंध में शामिल होने की ललक एवं सबकुछ शीघ्रता से पाने की जिज्ञासा बालकों को अपचार के ओर प्रेरित कर रही है।

प्रस्तावना : बाल अपचार का अर्थ समाज विरोधी व्यवहार का कोई प्रकार है। यह व्यक्तिगत तथा सामाजिक विघटन के कारण होने वाला प्रभाव है।

बाल अपचार में एक स्थान विशेष पर उस समय लागू कानून द्वारा निर्धारित एक निश्चित आयु के बालक द्वारा किये गये अनुचित कार्यो को सम्मिलित किया गया है।[13]

इन बच्चों में से ज्यादातर अभावग्रस्त वातावरण एवं जटिल सामाजिक परिस्थितियों में जीवन जीते है। जिससे उनके शारिरिक विकास के साथ–साथ सामाजिक उत्थान की प्रक्रिया में बांधा उत्पन्न होती है। प्रायः ऐसे बच्चे मानसिक रूप से उपेक्षित और असुरक्षा की भावना से ग्रसित होते है। जो समुचित देख रेख एवं संरक्षण के अभाव में निराशाजनक सामाजिक, पारिवारिक वातावरण में पलते है तथा अपचार की ओर उन्मुख होते है।

अनेक अनुसंधानों से यह सिद्ध हो चुका है कि 75 प्रतिशत से 95 प्रतिशत तक बाल अपचारी निर्धन परिवारों के थे।[14]

सन् 1991 में पकडे गये कुल बाल अपचारियों में से 60ण्4 प्रतिशत बाल अपचारी निर्धन वर्ग के थे।[15]

बाल अपचार का सीधा संबंध सामाजिक आयु से होता है, जिसमें भावनात्मक स्थिरता और प्रौढ़ता आदतें और दृष्टिकोण तथा समझ के प्रतिमान को सम्मिलित किया जाता है। यह जग जाहिर है कि उपेक्षित बालक जीने के साधन एवं सुविधाएँ तथा भावनात्मक सहारा और परिवेश न मिलने के कारण ही समाज विरोधी बन जाता है।

आधुनिक समाज संक्रमण और परिवर्तन की परिस्थिति से गुजर रहा है। जब समाज में तीव्रता से परिवर्तन आते है तो असमंजस्य की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इन तीव्र परिवर्तनों से बालक का मस्तिष्क बुरी तरह से प्रभावित होता है। फलस्वरूप वह अपचार की ओर प्रवृत्त होता है। वर्तमान में बाल अपचार के जो भी ऑकड़े प्राप्त हुये है उनके आधार पर यह कहा जा सकता है कि यह समस्या प्रतिदिन गंभीर रूप धारण करती जा रही है।

बाल अपचार जहां आज एक ज्वलंत समस्या के रूप में हमारे सामने खड़ा है वहीं हमारे समाज पर पड़ने वाला इसका प्रभाव भी कम सोचनीय नहीं है।

अध्ययन का उद्देश्य :

आधुनिक समय में वैज्ञानिक एवं तकनिकी प्रगति में जहॉ मानव की सुख–सुविधाओं में उत्तरोत्तर प्रगति की है वहीं औद्योगिक समाज को भी जटील बना दिया है। परिणाम स्वरूप समाज में कई प्रकार की सामाजिक समस्यायें उत्पन्न हो गई है। ऐसे बालक जो देश का कर्णधार है कुछ विशेष परिस्थितियों के चलते अपराधिक प्रर्वति की ओर अग्रसर होते हैं। ऐसे बालकों में सदविचार का संचार करना ही अध्ययन का उद्देश्य है।

1. परिवार की आर्थिक स्थिति का बाल अपराध से संबंध ज्ञात करना।
2. अपचारी बालकों की जीवन शैली पर आधुनिकता के प्रभाव का अध्ययन करना।

अध्ययन की परिकल्पना :

1. ऐसे बालक जो निम्न आर्थिक परिवेश में जीवनयापन कर रहे हैं उनमें सामान्य परिवार के बालकों की तुलना में अपराधी प्रर्वति अधिक पाई जाती है।
2. आधुनिकता की लालसा जैसे – अच्छा मनोरंजन, अच्छे कपड़े, बालाकों को अपचार की ओर प्रेरित करते हैं।

निर्दशन चयन :

प्रस्तुत शोध कार्य में तथ्य संकलन के उद्देश्य प्राप्ति हेतु उद्देश्य पूर्ण निदर्शन विधि का प्रयोग किया गया है।

शोध उपकरण :

प्रस्तुत शोध कार्य में तथ्य संकलन हेतु शोधकर्ता द्वारा स्वयं साक्षात्कार अनुसूचि का निर्माण किया गया हैं । अनुसूचि को दो भागों में वर्गित किया गया है। प्रथम भाग में सामान्य प्रश्नों को सम्मिलित किया गया है। जैसे बालक का नाम उम्र, परिवार का प्रकार आदि। तथा द्वितीय भाग में विशेष प्रश्नों को सम्मिलित किया गया है। जैसे परिवार की आमदनी, बालकों के कार्य करने की स्थिति, अर्जित आय का व्यय आदि।

सांख्यिकी तकनिकी :

प्राप्त तथयों को सांख्यिकी रूप से विशलेषित करने हेतु औसत तथा प्रतिशत विधी का उपयोग किया गया है।

तालिका क्रं–1
परिवार की मासिक आमदनी

क्रमांक	परिवार की मासिक आमदनी	संख्या	प्रतिशत
1	500 – 1000	17	34%
2	1000 – 2000	13	26%
3	2000 – 5000	10	20%
4	5000 – 10000	8	16%
5	10000 – अधिक आमदनी	2	4%
		50	**100**

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि लगभग 80 प्रतिशत बालक गरिबी रेखा से नीचे के परिवारों के हैं

तालिका क्रं–2
बालकों के कार्य करने की स्थिति

क्रमांक	कार्य का प्रकार	संख्या	प्रतिशत
1	कचरा बीनना	12	24%
2	मजदूरी	18	36%
3	होटलों में कार्य करना	11	22%
4	कुछ नहीं	9	18%
		50	100

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि लगभग 82 प्रतिशत बालक किसी न किसी कार्य में लगे हुये हैं।

तालिका क्रं–3
अर्जित आय को व्यय करने की स्थिति

क्रमांक	कार्य का प्रकार	संख्या	प्रतिशत
1	घर खर्च हेतु	15	30%
2	नशा	22	44%
3	मनोरंजन/खाना–पान/कपडे/खिलौने	9	18%
4	अन्य	4	8%
		50	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि लगभग 30 प्रतिशत बच्चे अपने परिवार में घर खर्च हेतु व्यय करते हैं। किन्तु लगभग 44 प्रतिशत बच्चे अपनी आय का अधिकांश भाग नशे पर व्यय करते है। लगभग 18 प्रतिशत मनोरंजन/खाना–पान/कपडे/खिलौने आदि पर व्यय करते है।

निष्कर्ष : तालिका क्रमांक 1 से स्पष्ट है कि बालग्रह में निवासरत अधिकांश बालकों की पारिवारिक स्थिति निम्न से भी निम्नतर है। तालिका क्रमांक 2 से स्पष्ट होता है कि बालकों का एक बडा हिस्सा आमदनी हेतु किसी न किसी कार्य में लगा हुआ है। तथा अर्जित आय का उपयोग आधुनिकता की वस्तुयें जैसे नशा,

मनोरंजन/खाना–पान/कपडे/खिलौने आदि पर व्यय करता हैं । अतः उपकल्पना क्रमांक 1 और 2 सार्थक पाई गयी।

परिशिष्ट

पुस्तके एवं शोध पत्र

1 बघेल डी. एच.ए अपराध शास्त्र, विवेक प्रकाशन, न्यू ए. जवाहर नगर, दिल्ली
2 बीसेज और बीसेज, मार्डन–मार्डन सोसाइटी
3 Burt Cyril, The Young Delinquent, London University, 1944 Press
4 बर्गेस, लाक एंड थामस "द फैमिली", वेननासाईड रीन हाल्ड कंपनी, न्यूयार्क, 1977
5 डॉ बघेल डी.एस.ए अपराध शास्त्रए विवेक प्रकाशन, दिल्ली, 1981
6 डॉ. प्रसाद बालेश्वर, भारत में श्रम संघवाद, उत्तरप्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ
7 रूथ नंदा एनशेन, द फैमिली इटझ फन्गशन एंड डिस्टीनी, हार्पर एंड ब्रदर्स न्यूयार्क, 1949
8 रविन्दनाथ मुखर्जी, सामाजिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी, सरस्वती सदन, दिल्ली तृतीय संस्करण, 1974
9 प्रो. एन.पी. परांजेप, अपराध शास्त्र एवं अपराधिक न्याय प्रशासन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 1971
10 शर्मा रामचन्द्र, अपराध शास्त्र सामाजिक विघटन एवं दंड शास्त्र, राजहंस प्रकाशन, 1975
11 महाजन एवं महाजन, अपराध शास्त्र, शिक्षा साहित्य प्रकाशन, 1991

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

सिवनी जिले में महिला उद्यमिता विकास का परिदृश्य

डॉ. गुंजा माहोरे
शासकीय स्वशासी स्नानकोत्तर महाविद्यालय, छिन्दवाड़ा

प्रस्तावना – इतिहास साक्षी है कि महिलाओं ने सैनिक, नर्सिंग, प्रशासक, राजनैतिक आदि के क्षेत्र में योगदान दिया है, किन्तु मध्यकाल में महिलाओं के साथ एक अबला नारी की तरह व्यवहार किया जाता रहा है। किन्तु आधुनिक काल में नवप्रवर्तन का युग है इसमें महिलाओं ने हौजरी वस्त्र से लेकर ब्यूटी पार्लर ओर हैल्थ क्लब में तक महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन कर रही है अतः यह कहना सत्य को प्रगट करने के समान है कि महिलाओं की महिला उद्यमिता के क्षेत्र में महती भूमिका है।

सिवनी जिले का परिचय – सन् 1833 से निर्मित कई अवधारणा से परिपूर्ण सिवनी जिला अनूठी परम्पराओं को समेटे हुए है। शिव मंदिर के नाम से सिवनी प्रसिद्धि प्राप्त कर चुका है, मध्यप्रदेश के शांति टापू के रूप में स्थापित है। प्रदेश में 24 वाँ स्थान रखता है, 1585 ग्राम है 8 विकासखण्ड है जिसमें महिलाओं की स्थिति अनेकता में एकता के रूप में स्थापित हैं।

अध्ययन की विधि – अध्ययन को सुगम एवं सारगर्भित बनाने के लिए प्रश्नावली एवं देव निर्देशन विधि का प्रयोग किया गया। 110 व्यवसायिक परिदृश्य का महिलाओं की भागीदारी के अध्ययन विषय को पूर्ण किया गया तथा प्राप्त निष्कर्ष आने वाले भविष्य में नयी संभावनाओं के केन्द्र विन्दु होंगे। इसी आशा ओर विश्वास के साथ।

आर्थिक विकास के प्रति बढ़ती जागरूकता बदलता सामाजिक परिवेश बदलती संस्कृति और आधुनिक सभ्यता ने संसार के विभिन्न समाजों को प्रभावित किया है, इससे भारतीय समाज भी अछूता नहीं है। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में विभिन्न आर्थिक, सामाजिक कार्य क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। महिलाएँ परम्पराओं से हटकर एक नवीन संस्कृति की रचना कर सकती हैं। यही कारण है कि उद्योग और व्यवसाय उद्यमिता के क्षेत्र में महिलाओं की निरन्तर बढती भागीदारी एवं सफलता से उद्यमिता के विकास को नयी दिशा मिली हैं।

अतः विकास के परिदृश्य के मापन के लिए यह आवश्यक है कि जिले में स्थापित उद्योगों में महिलाओं की स्थिति का आंकलन किया जावें। इसके लिए प्रस्तुत तालिका में महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों का आंकलन किया गया है।

तालिका क्रमांक – 1
सिवनी जिले के औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति

क्र.	वर्ष	सिवनी जिले में स्थापित उद्योगों की संख्या	महिला द्वारा संचालित उद्योगों की संख्या	महिला द्वारा संचालित उद्योग (प्रतिशत में)
1	2007-08	304	27	8.9
2	2008-09	389	45	11.6
3	2009-10	403	52	12.9
4	2010-11	403	77	19.1
5	2011-12	405	89	22.0

स्रोत – जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी

कार्ल पियर्सन का सहसंबंध गुणांक (सिवनी जिले में स्थापित उद्योगों की संख्या एवं महिला द्वारा संचालित उद्योगों की संख्या के मध्य) = + 0.765

अतः इस विश्लेषण से स्पष्ट है कि महिलाओं का प्रतिशत औद्योगिक संचालन में निरन्तर बढ़ा है। जो कि इस बात का प्रमाण है कि महिलाओं में निर्भीकता बढ़ी है, वे स्वयं प्रोत्साहित है, इससे महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में आगे आयी है, जो कि विकास की सार्थकता को स्पष्ट करता है। विगत 5 वर्षों के आँकड़ों का आंकलन करने के आधार पर यह कहा जाना उचित है कि आने वाला समय महिलाओं की भागीदारी को बढ़ायेगा।

जिले में महिला उद्यमिता विकास के चरण –

1. इस उद्योग की संचालिका मालिक के रूप में श्रीमति पुष्पा अग्रवाल है, जो कि औद्योगिक क्षेत्र सिवनी में सीमेन्ट के हर आकार के पाइप, टंकी एवं जालियाँ निर्माण करने का कार्य वर्ष 2008 से कर रही हैं।
2. इस उद्योग की संचालिका महिला उद्यमी मालिक के रूप में श्रीमति लक्ष्मी डहेरिया है। जो कि औद्योगिक प्रक्षेत्र लखनादौन में लक्ष्मी फ्लोर मील में मशीनों की सहायता से गेहूँ, दाल, दलिया आदि पीसने का कार्य वर्ष 2010 से कर रही हैं।
3. इस बांस उद्योग की संचालिका महिला उद्यमी मालिक के रूप में श्रीमति अनिता लोखंडे है। जो कि औद्योगिक प्रक्षेत्र केवलारी में बांस के द्वारा चटाई, टोकरी बच्चों के खिलौने आदि बनाने का कार्य 2006 से कर रही है।
4. इस मील की संचालिका मालिक के रूप में श्रीमति रेखा शर्मा है, जो कि औद्योगिक प्रक्षेत्र बरघाट में धान को मशीनों द्वारा पीसकर चाँवल का निर्माण कर रही हैं। इस मील की स्थापना वर्ष 2003 में हुई थी। इन्होंने ने 2.5 लाख रूपये स्वयं के तथा 2 लाख रूपये बैंक द्वारा ऋण प्राप्त कर अपना उद्योग प्रारंभ किया।
5. इस स्वसहायता समूह की संचालिका महिला उद्यमी मालिक के रूप में श्रीमति लीली बाई भीमटे है, जो कि 11 महिलाओं के समूह के साथ भोजन बनाकर टिफिन सर्विस सेवा कर रही हैं। इस स्वसहायता समूह की स्थापना वर्ष 2008 में हुई थी।
6. इस सिलाई सेंटर की संचालिका महिला उद्यमी मालिक के रूप में श्रीमति सीमा राय है। जो इस सिलाई सेंटर के माध्यम से लेडिज सलवार सूट, ब्लाउज, बच्चों के कपड़े, पेटीकोट आदि वस्त्रों का निर्माण वर्ष 2007 से कर रही हैं।
7. इस ब्यूटी पार्लर की संचालिका महिला उद्यमी मालिक के रूप में श्रीमति सरिता बघेल है। जो कि इस पार्लर के माध्यम से सौंदर्य प्रसाधन संबंधी सभी कार्य जैसे – थ्रेडिंग, मसाज, वैक्सीन, मेनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर कटिंग, दुल्हन मेकअप आदि कार्य वर्ष 2009 कर रही हैं। तथा सौंदर्य प्रसाधन संबंधी समानों का विक्रय भी करती हैं।

महिला उद्यमी का व्यक्तिगत विवरण – जिले के विकास के परिदृश्य का अध्ययन करने के लिए यह आवश्यक है कि महिला उद्यमी के व्यक्तिगत विवरण का अध्ययन किया जावे, इसके लिए देव निदर्शन के आधार पर चयनित महिला उद्यमी के संबंध में आयु, शैक्षणिक योग्यता, उद्यम स्थापना के पूर्व अनुभव का अध्ययन किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नानुसार है –

1) आयु के अनुसार – किसी भी उद्यमिता विकास में समस्त आयु समूह की महिलाओं का योगदान होता है, किन्तु जिले में 40 वर्ष से कम की महिलाएँ लगभग 68 प्रतिशत कार्यरत है, जो कि उद्यमिता के विकास में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से संलग्न है।

2) शैक्षणिक अर्हता के आधार पर – जिले में उद्यमिता के क्षेत्र में 6 प्रतिशत महिलाएँ अशिक्षित है। जो कि सहायक क्षेत्रों में सहयोग कर रही है, जबकि लगभग 94 प्रतिशत महिलाएँ शिक्षित है, जिसमें सर्वाधिक 24 प्रतिशत महिलाएँ स्नातक उपाधी की योग्यता रखती है, जो कि शैक्षणिक मापदण्ड में कम नहीं है।

3) अनुभव की प्रकृति के आधार पर – अध्ययन से प्राप्त जानकारी के अनुसयार लगभग 74.5 प्रतिशत महिलाएँ पारिवारिक संरचना से ही उद्यम स्थापित की है जिसमें उनके पति, भाई, रिस्तेदार आदि से आवश्यकतानुसार सहयोग प्राप्त हुआ है।

4) आय विश्लेषण के आधार पर स्थिति – आर्थिक दृष्टि से जिले के आंकलन करने पर यह ज्ञात हुआ कि जिला अधिक संपन्न नहीं है। 1लाख से कम आय वाली महिलाओं की संख्या लगभग 73.6 प्रतिशत है, मात्र 7.3 प्रतिशत महिलाएँ ऐसी है जिनकी वार्षिक आय 4 लाख से अधिक है।

निष्कर्ष – यह निष्कर्ष निकाला जाना न्यायोचित होगा, कि उद्यमिता के विकास की दृष्टि से महिलाएँ अलग–अलग क्षेत्रों में कार्यरत है, जिसकी पृष्ठभूमि का आंकलन विभिन्न चरणों के आधार पर किया गया। जिससे यह कहा जा सकता है कि उचित सरकारी नीति की आवश्यकता है, जिससे विकास की मंजिल को प्राप्त किया जा सकता है।

सुझाव –

1) सरकार की नीति के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के साथ आर्थिक रूप से संपन्न बनाया जाये।

2) वर्तमान में महिलाओं के शिक्षा का प्रतिशत तो बढ़ा है, तथा उनके परिवार का सहयोग महिला उद्यमियों को नयी दिशा प्रदान करेंगा।

संदर्भ ग्रंथ –

1) Anil kumar (2005) Women Entrepreneurship in Metropolitan Cities- Entrepreneurship & Employment, S.B. Verma (Deep & Deep Publication Pvt. Ltd. New Delhi) Page 5
2) Madhya Pradesh Human Development Report (2007), Oxford University Prees New Delhi Page 9
3) महिला उद्यमिता सर्वेक्षण (2010–2011)

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

शानी के साहित्य का यथार्थवादी कथा विन्यास

डॉ. परवीन बानो खॉन

काला जल :

शानी की सर्वाधिक प्रसिद्ध कृति है, काला जल जिसमें लेखक ने अल्पायु में ही अपने प्रतिभा संपन्न होने का परिचय दिया था। अपनी आसपास की परिस्थितियों घटनाओं को अपनी कहानियों में उकेरने वाले शानी ने काला जल में बस्तर में बसे हुए सामंती मुस्लिम परिवार की तीन पीढ़ियों की स्थिति, परिस्थिति , एवं दुर्गति को कथानक का आधार बनाया है। इसके साथ ही प्रतीक रूप में बस्तर के प्राकृतिक स्वरुप का भी अंकन किया है। जो हिन्दू–मुस्लिम संबंधों के तनाव और समन्वय को व्यक्त करते उपन्यासों में से सर्वश्रेष्ठ है। काला जल के इस काला पानी रुपी जीवन में मुस्लिम परिवार की व्यथा, उनकी मानसिकता, मुस्लिम परिवार की टूटन और त्रासदी का शानी ने यथार्थ चित्रण किया है। काला जल मुस्लिम मध्यमवर्गीय समाज का, तथा उसके आचार, विचार और व्यवहार की गहराईयों में हमें ले जाता है। यह उपन्यास स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता कालीन मुस्लिम समाज के चढ़ते–डूबते स्वरुप की गाथा है। काला जल मुस्लिम समाज के यथा स्थिति की एक अभिव्यक्ति है।

काला जल में कथा कहने की तकनिकी ही उनकी कुशलता की परिचायक है। शब –बरात की फातिया से प्रारंभ उपन्यास, फातिया की समाप्ति पर समाप्त होता है जिसमे खानदान के एक एक व्यक्ति का नाम लेकर फातिया पढ़ी जाती है और फातिया पढ़ने वाले के अंत में उससे जुडी समस्त घटनाएं जीवंत हो उठती हैं।

मोती तलाब के बंधे, सड़े दुर्गन्ध पूर्ण जल सम्पुर्ण उपन्यास में प्रस्तुत होता है, बंधे एवं जकड़े हुए जीवन की तरह। दो मुस्लिम परिवारों की तीन पीढ़ियों की व्यथा कथा में किसी महाकाव्य से कम नहीं जिसमें जीवन के विभिन्न रंग एवं भाव समाहित हैं। सम्पन्नता–निर्धनता, नैतिकता –अनैतिकता, स्वार्थपरता–निस्वार्थता, भीरुता–साहस, ईमानदारी–बेईमानी, सुख–दुःख अदि सभी के दर्शन होते हैं। इसके समस्त पात्र अपनी अलग छाप छोड़ते हैं।

आदिवासी क्षेत्र बस्तर में पुलिस के दरोगा करामत बेग का हिन्दू युवती बिट्टी

रोताइन से विवाह के समाज विरोधी कार्य से कथा प्रारंभ होती है। बिट्टी आगे चल कर बी दरोगन नाम से जानी जाती है। मिर्ज़ा की अकाल मृत्यु के बाद वह अपने बेटे रौशन की भावनाओं को न समझते हुए भी वह रज्जू मिया से विवाह कर लेती है। मर्यादा पसंद रौशन का विवाह छोटी फूफी से होता है। छोटी फूफी और उसकी भाभी जो बब्बन की माँ हैं का भारतीय गृहणी वाला रूप उभर कर आता है। जिसमें वे घटती–पिसती हुई परिवार संभालने में लगी हैं। रज्जू मिया का काम विकृत स्वरुप समाज के उन लोगों का प्रतिनिधित्व है जो छिपे रूप में अनैतिक कृत्यों से समाज को दूषित करते रहते हैं। वहीं बब्बन के अब्बा के किसी अन्य स्त्री से संबंध होने से परिवार की प्रतिष्ठा सम्पन्नता सुख–शांति तो नष्ट होती ही है बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव का विश्लेषण भी शानी ने किया है।

छोटी फूफी की बेटी सल्लो आपा का दुसाहस मर्यादा पर भरी पड़ता है जो उनकी अकाल मृत्यु का कारण भी है। लेखक ने उनकी मृत्यु पर रहस्य का झीना आवरण बनाये रखा है। सल्लो आपा का भाई मोहसिन बहार से आकर रहने वाले पी . सी . नायडू के साथ जगदलपुर जैसे मृत क्षेत्र में स्वतंत्रता की अलख जगाने का हर संभव प्रयास करता है। तन मन धन से देश पर समर्पित नायडू हार कर विक्षिप्त हो जाता है एवं मोहसिन स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात अवसरवादी नेताओं, अधिकारियों के हाँथो प्रताड़ित होता है। उसे संदेह की दृष्टि से देखे जाने की पीड़ा का अंत करने के लिए पाकिस्तान जाने को उत्सुक हो जाता है। जिसका प्रतिकार बब्बन करता है।

उपन्यास में बब्बन शानी की अपनी ही प्रतिकृति प्रतीत होता है, जो बौद्धिक है, पर समाज भीरु भी, उसमें साहस का सिरे से आभाव है।

दो परिवारों की कथा स्वतंत्रता संग्राम की राजनैतिक उठापटक से होती हुई, स्वतंत्रता के पश्चात ऐसे प्रश्न के समक्ष खड़ी होती है जो आज भी अनुत्तरित है। वह यह की सदा से भारत भूमि में रह रहे मुस्लिमों का अपना राष्ट्र कौन है? वे अपनी भूमि से अलगाए जाते हैं और पकिस्तान के लिए भी बाहरी हैं। इसी यथार्थ की पीड़ा को शानी अनावृत करते हुए विचारणीय ढंग से प्रस्तुत करते है।

दो परिवारों की कथा के साथ ही 1910 की एक ऐतिहासिक घटना सरकारी कर्मचारियों के विरुद्ध बस्तर के आदिवासियों का विद्रोह भी है।

शाल वनों के द्वीप

मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र बस्तर के घोर आदिजातीय अबुझमाड़ क्षेत्र एवं उसमें रहने वालीं मुरिया और मड़िया जनजातियों के सभ्यता से दूर अपनी प्रचलित परम्पराओं, मान्यताओं, आस्थाओं रीति –रिवाजों के साथ संघर्षपूर्ण जीवन को शानी ने अपनी कृति शाल वनों के द्वीप में केन्द्रित किया है, जो कि संस्मरण के निकट होते हुए भी हिंदी गद्य का पारंपरिक विचारों से हटकर नवीन संभावनाओं की ओर संकेत करती प्रतीत होती है। यह कृति शानी की लेखकीय प्रतिभा के एक नए पार्शव को सामने लाती है, जहाँ वे समाज शास्त्रीय तथ्यों के बीच से जीवन के हर्ष विषाद भरे चित्रों को उभारने का जोखिम उठाते हैं। इस प्रवत्ति के लेखन में विद्याओं की सीमाओं का हिलना तय है।

[1]: जानकी प्रसाद शर्मा, भारतीय साहित्य के निर्मात –शानी, साहित्य अकादमी, 2007, पृष्ठ 89

शानी जब अमेरिकी ...शास्त्रीय शोद्यार्थी एडवर्ड जे.जे.के. शोध सहायक के रूप में अबुझमाड़ के ओरछा गाँव में रह रहे थे तभी इन्होने इनके जीवन के विभिन्न पक्षों को निकटता से देखा महसूस किया। दूर से उनका स्वाभाविक, शाँत, सरल और स्वाभाविक लगने वाला जीवन कितनी कठिनाइयों और पीड़ाओं से भरा है। इसका जीवंत एवं संवेदनात्मक वर्णन उन्होंने श्साल वनों के द्वीपश में किया है। थोड़े से नमक के लिए साप्ताहिक बाज़ारों में चालीस, पैंतालिस मील की दूरी तय करना, जंगली जानवरों का जानलेवा आतंक, इलाज के आभाव में श्याज और श्हाईड्रोसिल आदि रोगों से तड़पते हुए दम तोड़ते लोग, खेती, शिकार, कंदमूल की खोज, बांस के टोकनी चटाई आदि बनाने में अथक परिश्रम के बाद भी भर पेट भोजन का आभाव, प्राकृतिक आपदायें, आदि देख शानी विचिलित हो कहते हैं ष्जीवन मृत्यु और कैसी होती है। " [2]

[2]:साल वनों के द्वीप–शानी पृष्ठ 37

इन मड़िया–गोंड़ जनजाति के अनंत संघर्षों को झेलते हुए जीवन, जीने की ललक को बनाये रखने के साधनों, समारोह, पर्व आदि उनमें जीवन के प्रति उमंग उत्पन्न करते हैं, एवं नई ऊर्जा, साहस और शक्ति का संचार करते हैं। इस सन्दर्भ में उन्होंने घोटुल प्रथा का विस्तार से उल्लेख किया है। काकसार पर्व का वर्णन भी सजीव है। इसके साथ उनकी संस्कृति के समस्त पक्षों का भी जीवंत चित्रण है जैसे देवी के प्रकोप को शांत करने के लिए पेन–लिस्कताल समारोह, डाही खेती , मेंडा खेत , एग दसीना, श्मोलाहिनाश प्रथा विवाह के लिए श्लम्हाड़े खटना आदि।

जनजातीय जीवन के साथ अबुझमाड़ के प्राकृतिक, नैसर्गिक वर्णन भी मनमोहक है। शानी ने बस्तर के लोगों की ही नहीं, वहां के नदी, पर्वत, झरने, और पेड़ पौधों की सांसों की आवाज़ को महसूस किया है। उन्होंने इस परिवेश के ठहरे हुए और अवसन्न जीवन के बीच अपनी अनेक कथा –रचनाओं की सामग्री खोजी है। " [3]

[3]: भारतीय साहित्य के निर्माता –शानी : जानकी प्रसाद शर्मा पृष्ठ –87

स्थानीय भाषा के शब्दों का सहजता से प्रयोग करते हुए शानी बाहरी दुनिया से अनभिज्ञ द्वीप के जीवन के समान ही इनका भी जीवन पाते हैं।

एक शहर में सपने बिकते हैं

फुटकर रचनाएँ जिनमे उनकी समीक्षात्मक दृष्टि, वैचारिकता, बौध्दिकता, संवेदनशीलता के साथ शानी के रचनात्मक सामर्थ का अनुमान होता है, वे लेख, संस्मरण, एवं निबन्ध एक शहर में सपने बिकते हैं पुस्तक में संकलित हैं। इसमें उनकी ग्यारह रचनाएँ चार उपशीर्षकों में संयोजित साहित्यकी संस्मरण, एकांकी और विविध। साहित्यकी के अंतर्गत श्आधुनिकता बनाम आधुनिकता में देशकाल एवं वातावरण के अनुसार आधुनिकता की वास्तविक पहचान बताते हुए पश्चिमीकरण से इसकी भिन्नता प्रकट करते हैं। जुनु में एक शाम में लोठार बुल्से, राजेंद्र यादव एवं शानी के बीच बातचीत है। जो उपन्यास के फिल्म बनने की प्रासंगिकता पर है। सौदाना बी के रोज़े में भारतीय मुस्लमान नमक शीर्षक से लेखक ने राही मासूम रज़ा के उपन्यास दिल एक सादा कागज़ की समीक्षा की है। एक कहानीकार का पुनर्जनम में मित्रों की शुभचिन्ता उनका महत्व के साथ एक लेखक का परिवार सामाजिकता एवं लेखन के मध्य सामंजस्य बैठाने की कठिनाई का वर्णन किया। गरेबाँ चाक करता है में शानी धर्मयुग में प्रकाशित श्री लक्ष्मीकांत वर्मा के लेख गैर जिम्मेवार पुस्तक समीक्षा के भिन्न रंगों साथ उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व एवं सार्थक रचनाओं के विषय में लिखा है।

तथा गर्दिश के दिन में आत्मकथात्मक रूप से अपने जीवन के अनेक उतार–चढ़ाव को रेखांकित किया है। एकाँकी शीर्षक में शानी ने दो एकांकी को स्थान दिया है। नाटक दर नाटक एकाँकी में स्त्री पुरुष के विवाहोत्तर प्रेम प्रसंगों पर आधारित है। तथा दूसरी

एकाँकी श्गुलाब में रफूश उनकी मार्मिक कहानी श्एक नाव के यात्री का नाट्य रूपांतरण है।

विविध के अंतर्गत सारे दुखिया जमुना पार में शानी दिल्ली के मजदूरों की बस्ती के बदले हुए नाम मयूर विहार में घर लेने पर माध्यम वर्गीय मानसिकता को पहुचने वाली आघात से समझौता का वर्णन करते हैं तथा अंतिम लेख एक शहर में सपने बिकते हैं शहर के स्वरुप, परिवर्तन, एवं उत्तम भविष्य के प्रति आस्थावान व्यकित की कथा है। उनके मन में गाँव से सपने लेकर शहर आए मजदूरों की भी चिंता कि कौन जाने वे वापस लौटते भी हैं या नहीं " [4]

[4]: एक शहर में सपने बिकते हैं, शानी पृष्ठ –97,

नैना कभी न दीठ

नैना कभी न दीठ में शानी के एक छोड़ सभी लेखन संकलित हैं जो नवभारत टाइम्स में किसी बहाने स्तम्भ के अंतर्गत मार्च 92 से अक्तूबर 92 के बीच छपे थे। जिसमे शानी ने तात्कालिकता एवं सामयिकता विषयों एवं ज्वलंत समस्याओं, को लेखन का आधार बनाया है। पुस्तक की प्रस्तावना में शानी खुद लिखते हैं कालम लिखते हुए मेरा यह बराबर और सचेत प्रयास था कि किसी भी बहाने मैं कहीं भी जा सकूँ। वह कोशिश भी शामिल थी कि कालम के तहत लिखे लेख सामयिकता और तात्कालिकता को छूते और समेटते हुए भी उन्हें फलाँग सकें। " [5]

[5]: पृष्ठ प•, नैना कभी न दीठ, शानी , इस संकलन का पहला लेख महाभारत का मुसलमान भारत के महान साहित्यकार राही मासूम रज़ा के मृत्युपरांत शोक में लिखा गया है। इस लेख में शानी ने भारतीय समाज में मुसलमान होने की नियति और स्थिति पर भी अपने विचार व्यक्त किये हैं। इस लेख में उन्होंने बड़ी ही प्रखरता से राही के जीवन का उनके लिखे साहित्य से तुलना की है। जैसे की डॉ. परमेश्वरी शर्मा के अनुसार सभी लेख महत्त्वपूर्ण हैं इनमें हिंदी के जाने–माने साहित्यकारों, साम्प्रदायिक दंगों, मन्दिर–मस्जिद–विवाद, भारत की संस्कृति, प्रकृति, साहित्यिक संघर्ष तथा अन्य अनेक पीड़ादायक घटनाओं से रू–ब–रू कराने का प्रयत्न हुआ है।

श्री जानकी प्रसाद शर्मा जी के अनुसार शानी ने सचेत भाव से उन घटना–स्थितियों को छुआ है जिनके जरिये अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक दोनों प्रकार की साम्प्रदायिकता को बेनक़ाब किया जा सके।" [6]

[6]: [99] गद्य रचनाएँ , भारतीय साहित्य के निर्माता शानी , जानकी प्रसाद शर्मा,

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Zora Neale Hurston: A New Voice in Feminism

Lokesh Yadav
Research Scholar (English)
School of Studies in Arts, Vikram University Ujjain

Having said that literature mirrors society and is also a mirror to society, a class of people especially writers have been fighting against the evils of caste, colour, creed, gender, language, culture, nationality etc. by raising their voices. Their voices against discrimination whether political, social or economical are imparted in literature by their effective use of language. All such agonies giving the birth to resistance in literature and in turn search for new voices as some of the writers think differently to come out of such pathetic conditions of pain and suffering. Janie, the protagonist of *Their Eyes Were Watching God* provokes self-realization which is inseparable from Zora's concomitant awareness of her cultural situation. The novel also celebrates the black woman's liberation from the legacy of degradation as Janie attains full strength with the utmost self-assurance by rejecting the community that has treated her poorly. Janie realized that suffering and sacrifice are necessary steps on the path toward self-discovery.

Janie, the protagonist of *Their Eyes Were Watching God* is Hurston's psychological self-portrait. Hurston reveals her insight into class and caste and demonstrate various socio-economic levels of blacks. Three moves of protagonist i.e. from rural west Florida, to the Negro city of Eatonville, to the Everglades and each move involves a different man, the last of whom gives Janie her reason for being. We first see Janie when at sixteen she is forced by her granny to marry an old farmer with sixty acres, thus prostituting her youth and beauty for Brother Logan Killicks's wealth and position in the community. Janie learns her first lesson that marriage is not meant for love. Then Joe Starks "a citified stylish dressed man", comes along, charms Janie, marries her, and takes her away with him to Eatonville. Joe rises from store owner to land owner and mayor, Janie grows increasingly disillusioned with her social status acquired at the cost of her husband's absence from her. Being an ambitious and having hunger for power, Joe treats Janie as an object rather than a person as a result happiness of their marriage deteriorates.

Thus when Joe dies Janie is ready for the remarkable Tea Cake, a genuine good-time man, comes along to teach her to fish, play checkers, pick beans, and make love. He takes her to Jacksonville to marry, then disappears with her secreted two hundred dollars, and fortunately falls in good company by staging a huge barbecue party and returns to Janie twenty-four hours later. Janie feels used only to discover Joe's honest acceptance; enjoyment is the basis of life

Their Eyes Were Watching God **is often classified as feminist as it is all about the story of a woman and above all it was the first major novel published by a black woman. The novel reflects the quest of a middle-aged woman for fulfillment in an oppressive society and asserts the view that racial liberation is possible only with the development of cultural awareness than rejecting the surrounding white culture. There is, of course no bitterness toward whites which reflects in the court trial of Janie after killing her husband Tea Cake where the white judge, the white lawyer and all-white jury are far more understanding than Janie's negro friends and acquaintances. In brief this is another good-will novel dramatizing the racial philosophy of Zora Neale Hurston.**

and money is useless unless you can enjoy spending it. Here Janie learns one more lesson from Tea Cake and prepare herself not to worry about money, manipulation, and selfishness.

After this episode Tea Cake takes Janie to the Everglades and earn a living in the groves. At this juncture Hurston shows a consciousness of racial oppression as a hurricane destroys the area and Tea Cake is forcibly recruited to dig grave-pits for the dead. Whereas whites are offered pine coffins, the blacks are thrown indiscriminately into ditches.Hurston probes into the psychology of race which creates guilt in her based on caste insecurity. Not only whites are treated superior in black community but also there lies the standard preference for mulattos. Janie is above all such discrimination. Her journey started with landowning farmer, Logan Killicks, marched with ambitious black man, Joe and summed up with Tea Cake. Logan and Joe are severely criticized whereas Tea Cake's disregard for money and position, regard for love, and unselfishness are praised, making *Their Eyes Were Watching God* **a novel of quest for life.**

In *The Natural (1952)***, the novelist Bernard Malamud writes: "we have two lives, the life we learn with and the life we live with after that. Suffering is what brings us toward happiness." This is certainly applicable to Janie's situation. She has grown, struggled, suffered and found her voice. Her quest requires experience of the world, of other people and places, but it is ultimately directed inward.**

Zora Neale Hurston establishes unusual perspective on gender difference. It raises immediate question in the minds of readers as it indicates space between the lives of men and women. In her novel *Their Eyes Were Watching God* **Zora Neale Hurston concerns about women as they are proud and defiant. Men seem passively to watch ships on horizon, filled with their dreams and hopes, and wait for them to arrive. The women also have dreams but they have to control their wills and chase their dreams. The unusual treatment in the novel is the utilization of female energy of 'acceptance' which resolved most of the issues of Janie, the protagonist of** *Their Eyes Were Watching God* **as reflected in her journey from Logan to Tea Cake. By accepting the circumstances and utilizing the inputs Janie underwent self-discovery and self-realization. Had Janie been fighting against the stream of male-dominance, race conflicts, discrimination etc. probably the novel would landed up somewhere else in the usual treatment. But it is the inbuilt hidden supra-rational element in Janie which she is not aware of throughout her journey, turned herself towards the absolute which is the power to realize the journey from known to unknown.**

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों का प्रभाव

डॉ. अमी राठौड़
सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर

प्रस्तावना : पृथ्वी के समस्त सजीवों में मानव ही वह प्राणी है जिसके पास बुद्धि तर्कना विचार सम्प्रेषण की क्षमता पायी जाती है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विचारों का आदान–प्रदान करता है। अपने विचारों, भावनाओं, उद्देश्यों, विश्वासो को दूसरे तक पहुंचाना ही संचार है। संचार मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते है :–

1– अन्तः वैयक्तिक संचार (एक व्यक्ति की दूसरे व्यक्ति के साथ विचार अभिव्यक्ति)

2– समूह संचार (एक पूरे समूह के साथ विचार अभिव्यक्ति)

3– जनसंचार (पूरे जन समूह के साथ विचार अभिव्यक्ति)

जनसंचार का सामान्य अर्थ है जिसका जन–जन में संचरण हो अर्थात जब कोई बात विचार, भाव, अनुभव अथवा संदेश जो जन–जन में यानि अधिसंख्य लोगों में किसी माध्यम विशेष से संचारित होता है वही जनसंचार है।

Mass media refers collectively to all media technologies, including the Internet, television, newspapers, and radio, which are used for mass communications, and to the organizations which control these technologies.[1][2]

वर्तमान समय में जनसंचार मात्र राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य तक ही सीमित नहीं रह गया है बल्कि सभी क्षेत्रों में जनसंचार का महत्व अद्वितीय है। विशेष रूप से शैक्षणिक क्षेत्र में जनसंचार एक सशक्त माध्यम बन गया है क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षा मात्र अध्यापकों के द्वारा दिये जाने वाले ज्ञान तक ही सीमित नहीं रह गयी है बल्कि अनेक संचार माध्यमों के द्वारा विद्यार्थी अपने ज्ञान का वर्धन करता है तथा नवीन जानकारी प्राप्त करता है। प्रमुख जनसंचार के साधनों जैसे रेडियों, टेलीविजन, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, इन्टरनेट आदि ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन को बहुत प्रभावित किया है।

उपरोक्त विचारों को ध्यान में रखते हुए शोधार्थियों ने जनसंचार माध्यमों का विद्यार्थियों के ज्ञान पर प्रभाव का अध्ययन किया। जिसमें जनसंचार के माध्यमों में टेलीविजन, रेडियों, समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं को लिया गया है क्योंकि इन्हीं के सम्पर्क मे अधिकांश विद्यार्थी रहते हैं।

शोध उद्देश्य :

1– माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का अध्ययन।

2– सरकारी एवं निजी विद्यालय के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का अध्ययन करना।

3– माध्यमिक स्तर के छात्रों एवं छात्राओं के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का अध्ययन करना।

4– सरकारी व निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव की तुलना करना।

5– माध्यमिक स्तर के छात्रों एवं छात्राओं के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव की तुलना करना।

शोध परिकल्पनायें :

1– सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं होता।

2– माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमो के प्रभाव मे सार्थक अन्तर नहीं होता।

शोध विधि :

प्रस्तुत शोध में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श :

प्रस्तुत शोध में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के आसीन्द तहसील क्षेत्र के दो सरकारी विद्यालयों के 30 छात्र व 30 छात्राओं व दो निजी विद्यालयों के 30 छात्र व 30 छात्राओं कुल 120 विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयन यादृच्छिक विधि के आधार पर किया गया।

शोध उपकरण :

प्रस्तुत शोध में स्वनिर्मित उपकरण 'जनसंचार प्रभाव प्रमापनी' का उपयोग किया गया ।

सांख्यिकीय प्रविधियां :

उपकरण द्वारा प्राप्त दत्तों के विश्लेषण हेतु मध्यमान, मानक विचलन व टी परीक्षण का प्रयोग किया गया है।

विश्लेषण एवं निष्कर्ष :

प्रस्तुत शोध में जनसंचार का अर्थ रेडियो, टेलीविजन, समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं से लिया गया है। ज्ञान पर प्रभाव देखने के लिए ज्ञान के निम्न क्षेत्र लिए गए हैं जिन्हें विषय विशेषज्ञों के सुझावों के आधार पर चयन किया गया ।

1– सामान्य ज्ञान

2– भाषा संबंधी ज्ञान

3– विषय विशेष संबंधी ज्ञान

4– प्रतियोगिता एवं प्रचलित पाठ्यक्रम संबंधी ज्ञान।

5– रोजगार एवं व्यवसाय संबंधी ज्ञान

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का पता लगाने के लिए समग्र न्यादर्श पर जनसंचार प्रभाव प्रमापनी प्रशासित की गई। क्षेत्रवार अंकन कर मानक विचलन एवं मध्यमान ज्ञात कर जनसंचार के माध्यमों का ज्ञान पर प्रभाव को मापा गया।

सारणी 1

माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का क्षेत्रवार विश्लेषण (N=120)

क्र. संख्या	क्षेत्र	मानक विचलन	मध्यमान
1	सामान्य ज्ञान	2.01	21.57
2	भाषा संबंधी ज्ञान	2.29	21.18
3	विषय विशेषज्ञ संबंधी ज्ञान	1.69	18.57
4	प्रतियोगिता एवं प्रचलित पाठ्यक्रमों सम्बन्धी ज्ञान	1.64	18.37
5	रोजगार एवं व्यवसाय संबंधी ज्ञान	1.39	12.78
	योग	5.92	92.43

सारणी 1 से स्पष्ट है कि समग्र न्यादर्श का मध्यमान 92.43 प्राप्त हुआ जो कि कट ऑफ पोईन्ट मध्यमान 70 से अधिक है। अतः माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियो के ज्ञान पर जनसंचार माध्यम का प्रभाव पड़ा है।

सारणी 1 से यह भी स्पष्ट है कि सर्वाधिक प्रभाव 'सामान्य ज्ञान' के क्षेत्र पर पड़ा है अर्थात टेलीविजन, रेडियों ने प्रसारित समाचार कार्यक्रम, वार्ताएं, नाटकों आदि के द्वारा विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि हुई है समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित सामग्री द्वारा भी विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान में वृद्धि हुई है।

मध्यमान के आधार पर यह भी स्पष्ट है कि भाषा संबंधी ज्ञान पर भी अधिक प्रभाव पड़ा है। इस क्षेत्र का मध्यमान 21.18 प्राप्त हुआ है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि छात्रों की भाषा में होने वाली उच्चारण

संबंधी, लेखा संबंधी, त्रुटियों का ज्ञान एवं उनमें सुधार हुआ है। नवीन शब्दों का अर्थ जानने एवं पर्यायवाची शब्दों के ज्ञान में सुधार हुआ है। पहेलियों को भरने से मुहावरों एवं लोकोक्तियों के ज्ञान में वृद्धि हुई है।

तृतीय प्रभावी क्षेत्र 'विषय विशेष संबंधी ज्ञान' रहा है। इस क्षेत्र में मध्यमान 18.57 रहा। इससे स्पष्ट है कि विद्यार्थियों को अंग्रेजी विषय के नवीन शब्दों का ज्ञान में वृद्धि हुई हैं। डिस्कवरी चैनल आदि देखने से छात्रों के भूगोल एवं विज्ञान विषय के ज्ञान में वृद्धि हुई हैं।

है। ऐतिहासिक धारावाहिकों को देखने से इतिहास विषय के ज्ञान में वृद्धि हुई है।

चतुर्थ एवं पंचम क्षेत्र में भी मध्यमान कट ऑफ पोईन्ट से अधिक रहा अर्थात प्रतियोगिता एवं अलग अलग संस्थानों में प्रचलित पाठ्यक्रमों की जानकारी में वृद्धि हुई है। रोजगार संबंधी ज्ञान भी बढ़ा है किन्तु छात्र माध्यमिक स्तर पर होने की वजह से रोजगार संबंधी ज्ञान पर ज्यादा ध्यान नहीं देते

सारणी–2

सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का क्षेत्रवार विश्लेषण व तुलनात्मक विश्लेषण

क्र. सं.	क्षेत्र	न्यादर्श				टी मूल्य	.05 स्तर पर सार्थकता
		सरकारी विद्यालय N=60	सरकारी विद्यालय N=60	निजी विद्यालय N=60	निजी विद्यालय N=60		
		मध्यमान	S. D.	मध्यमान	S. D.		
1	सामान्य ज्ञान	21.32	2.05	21.80	1.92	1.33	सार्थक अन्तर नहीं है।
2	भाषा संबंधी	21.12	2.17	21.17	2.32	0.12	सार्थक अन्तर नहीं है।
3	विषय संबंधी	18.52	1.72	18.62	1.65	0.32	सार्थक अन्तर नहीं है।
4	प्रतियोगिता भावना	18.22	1.28	18.55	1.92	1.12	सार्थक अन्तर नहीं है।
5	व्यवसाय/रोजगार	12.88	1.94	12.68	1.55	0.62	सार्थक अन्तर नहीं है।
	योग	92	5.23	92.92	8.40	0.86	सार्थक अन्तर नहीं है।

उपरोक्त सारणी द्वारा सरकारी विद्यालय के मध्यमान 92 व निजी विद्यालय के मध्यमान 92.92 के विश्लेषण द्वारा पता चलता है कि यह मध्यमान कट ऑफ पोईन्ट मध्यमान 70 से अधिक है। अतः माध्यमिक स्तर के सरकारी व निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों का प्रभाव पड़ा है।

सारणी 2 के अनुसार सरकारी एवं निजी विद्यालय के विद्यार्थियों की शिक्षा पर जनसंचार माध्यमों प्रभाव का तुलनात्मक विश्लेषण करने के लिए मध्यमान व मानक विचलन से टी मूल्य ज्ञात किया गया। टी मान 0.86 प्राप्त हुआ जो कि 0.05 स्तर के सारणीयन 1.98 से कम है। अतः सरकारी व निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है। परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

सारणी–3

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का क्षेत्रवार विश्लेषण व तुलनात्मक विश्लेषण

क्र. सं.	क्षेत्र	न्यादर्श				टी मूल्य	.05 स्तर पर सार्थकता
		छात्रा N=60	छात्रा N=60	छात्र N=60	छात्र N=60		
		मध्यमान	S. D.	मध्यमान	S. D.		
1	सामान्य ज्ञान	21.73	2.17	21.4	1.80	0.91	सार्थक अन्तर नहीं है।
2	भाषा संबंधी	21.27	2.30	21.08	2.28	0.44	सार्थक अन्तर नहीं है।
3	विषय संबंधी	18.32	1.71	18.82	1.63	1.64	सार्थक अन्तर नहीं है।
4	प्रतियोगिता भावना	18.35	1.65	18.42	1.63	0.22	सार्थक अन्तर नहीं है।
5	व्यवसाय/रोजगार	12.37	1.45	13.18	1.20	3.36	सार्थक अन्तर है।
	योग	91.95	6.03	92.9	5.77	0.88	सार्थक अन्तर नहीं है।

उपरोक्त सारणी द्वारा छात्राओं के मध्यमान 91.95 व छात्र के मध्यमान 92.9 के विश्लेषण द्वारा पता चलता है कि यह मध्यमान कट ऑफ पोईन्ट मध्यमान 70 से अधिक है। अतः माध्यमिक स्तर के छात्र व छात्राओं के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों का प्रभाव पड़ा है।

सारणी 3 के अनुसार छात्र व छात्राओं के ज्ञान पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव का तुलनात्मक विश्लेषण करने हेतु टी मूल्य ज्ञात किया। जिसका मान 0.88 प्राप्त हुआ जो कि .05 स्तर के सारणीमान 1.98 से कम है। अतः माध्यमिक स्तर के छात्र व छात्राओं की शिक्षा पर जनसंचार माध्यमों के प्रभाव में सार्थक अन्तर नहीं है। परिकल्पना सत्य सिद्ध होती है।

शैक्षिक निहितार्थ :

प्रस्तुत शोध के द्वारा जनसंचार के साधनों का विद्यार्थियों के ज्ञान पर पड़ने वाले प्रभावों परिणामों द्वारा स्पष्ट है कि जनसंचार के साधन विद्यार्थियों के विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान की वृद्धि करते हैं। अतः विद्यार्थियों को नवीनतम व विविध प्रकार की जानकारी इन माध्यमों द्वारा निरन्तर व सुसमय पर प्रदान की जानी चाहिए। सामान्य ज्ञान वृद्धि के लिए क्विज, समाचार द्वारा नवीनतम ज्ञान तथा विभिन्न प्रकार की घटनाओं की जानकारी जनसंचार माध्यमों द्वारा दी जानी चाहिए। भाषा संबंधी ज्ञान के विकास के लिए अंग्रेजी, हिन्दी व संस्कृत के नवीन शब्दों की जानकारी नियमित रूप से दी जानी चाहिए। इसके लिए विशेष कॉलम की व्यवस्था समाचार पत्र में की जानी चाहिए। विषय विशेष संबंधी ज्ञान की वृद्धि के लिए विषय विशेषज्ञों की वार्ता आयोजित करवायी जा सकती है साथ ही टेलीविजन द्वारा रोचक व आकर्षक कार्यक्रमों द्वारा भी विषय संबंधी ज्ञान दिया जा सकता है जैसे ऐतिहासिक धारावाहिक, वैज्ञानिक चमत्कार, खगोलीय घटनायें, भौगोलिक ज्ञान, आर्ट एण्ड क्राफ्ट आदि। प्रतियोगिता एवं संचालित पाठ्यक्रमों संबंधी ज्ञान वृद्धि के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की वार्ताएं, विज्ञापन के विशेष समाचार पत्र या पत्रिकाओं की व्यवस्था की जानी चाहिए। विद्यार्थियों के रोजगार एवं व्यवसाय संबंधी ज्ञान वृद्धि के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। उनके लिए केरियर व निर्देशन संबंधी वार्ताएं जो कि इस क्षेत्र के विशेषज्ञ हो उनके द्वारा रेडियो व टेलीविजन पर आयोजित करवानी चाहिए।

उपसंहार :

भविष्य में विद्यार्थियों के लिए किस–किस क्षेत्र में किस–किस प्रकार के रोजगार की संभावनाएं है उनका चयन वे किस प्रकार से कर सकते हैं उनके लिए

आवश्यक योग्यता कौन सी है इसके लिए भी प्रभावी कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाना चाहिए तथा इन कार्यक्रमों का समय विद्यार्थियों के अनुकूल निर्धारित होना चाहिए ताकि वह सुनकर या देखकर पर्याप्त लाभ उठा सकें। इन सभी प्रयासों द्वारा निश्चित ही विद्यार्थी जनसंचार माध्यमों से अपने लक्ष्य का निर्धारण कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करके भविष्य के सुनहरे स्वप्न को पूरा कर सकते हैं तथा अपने जीवन के सभी ऊँचे आयामों को प्राप्त कर सकते हैं।

संदभ साहित्य :

"Mass media", Oxford English Dictionary, online version November 2010

Potter, W. James (2008). *Arguing for a general framework for mass media scholarship*. SAGE. p. 32. ISBN 9781412964715. http://books.google.com/books

कपिल, एच.के. (1981) *''अनुसंधान विधियाँ''*, हर प्रसाद भार्गव पुस्तक प्रकाशन, आगरा

गेरेट हेनरी, ई., *''शिक्षा एवं मनोविज्ञान में सांख्यिकी हिन्दी अनुवाद''*, कल्याणी पब्लिशर्स, लुधियाना

इवेल, आर. एल. रास. सी. सी. एण्ड (1958) *''मेजरिंग ऐजूकेशनल अचीवमेन्ट''* लन्दन।

स्टेनले, जी. सी. मरशैल, जै. सी. एण्ड (1954) *''मेजरमेण्ट इन टू डे स्केल''* न्यूयार्क।

हेल्स, एल. डब्ल्यू (1971) *''क्लासरूम एण्ड इवेल्यूएशन इन ऐजूकेशन''* कैलीफोर्निया।

शर्मा रामकृष्ण शर्मा रामदत्त आगौरी अम्बालाल *''हिन्दी भाषा और साहित्य शिक्षण''* राजस्थान प्रकाशन, जयपुर।

भार्गव महेश डॉ. *''आधुनिक मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं मापन।*

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

मालवा का लोक नाट्य – माच

डॉ. देवकी यादव
हिन्दी विभाग

मालवा के लोक साहित्य में लोकनाट्य की परम्परा भी पुरातन काल से चली आ रही है। नाटकों के प्रादुर्भाव के प्रमाण तो वैदिक युग से ही प्राप्त होते हैं। नाटक तो पंचम वेद ही माना गया है। 'लोक नाटय' शब्द लोक और नाट्य दो शब्दों के सम्मिलन से बना है। लोक शब्द का विवेचन पूर्व अध्यायों में किया जा चुका है तथा नाट्य शब्द का अर्थ को" शानुसार नृत्य, नाटाकादि का अभिनय नृत्यकला, अभिनय कला अभिनेता की वेशभूशा तथा अभिनेता का घौतक है। लोकनाट्य की लोकप्रियता ओर महत्व का कारण है, उसकी कथावस्तु का लोक सम्प्रक्त स्वरूप और संगीतात्मकता। गीत संगीत और नृत्य रूपी तीन रस धाराओं से युक्त लोकनाटय सचमुच ही अनुपम ओर हदय को आंदोलित कर देने की क्षमता से परिपूर्ण होते हैं।

गुजरात का गरबा, महाराष्ट्र का तमाशा, बंगाल की जाना, उत्तरप्रदेश की नौटंकी अथवा राजस्थान के गवरी, लोकनाट्य के समान ही माच मालवा का प्रतिनिधित्व करता हैं।

मालवी का महत्व इसलिए भी है कि केवल इसी बोली में होने वाली गीति–नाटयों को सच्चे अर्थों में गीति–नाट्य कहा जा सकता है। वैसे, सैकड़ो, मालवी शब्द पंजाबी, मराठी, बुंदेलखण्डी, भोजपुरी, मैथिली और गढ़वाली में पाए जाते हैं, क्यों कि यह मधुर बोली है।

'माच' शब्द संस्कृत के मंच शब्द का अपभ्रंश है। मंच शब्द के अनेक तदभव रूप से सुनने को मिलते हैं, जैसे – माचन, माँचा, माँचली आदि। मँचान मकान बाँधते समय बनाया जाता है अथवा खेती में फसलों की रखवाली भी मचान बांधकर की जाती है। मांचा बड़े पंलग एवं छोटी मांचली छोटी खटिया के लिए प्रयुक्त भाब्द है। मंच से संबंधित उपरोक्त तीनों मालवी शब्दों का प्रछन्न किन्तु मूल भाव यह है कि जमीन से उपर उठे हुए उस कृत्रिम स्थान को माच कहेंगे, जहॉ पर बैठने की सुविधा हो सके। लकड़ी के तख्तों आदि के सहारे बनाया गया मंच यदि सजाकर किसी विशेष प्रदर्शन आदि के उपयोग में लाया जाये तो उसे रंगमंच की संज्ञा दी गई है। रंगमंच पर नाटकों का प्रदर्शन किया जाता है। भरतमुनि ने रंगमंच की सजावट किसी भी विशेष निर्देश भी दिए हैं। इस प्रकार नाटक, कथा रूपक एवं उनको प्रदर्शित करने के स्थान के लिए संस्कृत भाषा में अलग से दो शब्दो का प्रयोग हुआ है, किन्तु मालवी लोक नाटय एवं रंगमंच दोनों शब्दों कें भावो को प्रकट करने के लिए 'माच' शब्द मालवी में विशेष अर्थ सत्ता रखता है। मालवी में यह, शब्द मंच बाँधने और उस पर अभिनीत किए जाने वाले ख्याल दोनों ही अर्थ में प्रयुक्त होता है। वस्तुतः माच मंच पर अभिनीत किया जाने वाला मालवी लोक नाट्य है। माच बॉध कर उस पर अभिनीत किऐ जाने वाले खेलों लोक नाटकों के अर्थ में मॉच शब्द का प्रयोग किया जाता है। मंच शब्द से उत्पन्न होने वाला मांच रंगमंच की विशेषता एवं प्रयोजन को सूचित करता है।

भारतीय लोक नाट्यों की पुरातन परम्पराओं में हर प्रदेश के लोक नाट्यों को विभिन्न नामों से जाना जाता है। उत्तरप्रदेश का नौटंकी, राजस्थान का ख्याल, बंगाल की जात्रा, महाराष्ट्र की लावणी उसी प्रकार के लोक नाट्य को माच कहते हैं। माच शब्द मंच से बना है, वैसे यह मालवा का लोक नाट्य है। लोक नाट्य जितना अधिक जीवन के निकट पाया जाता है, उतना कोई भी साहित्य नहीं। प्राचीन परम्परा को लिए हुए लोक साहित्य और उसका प्रमुख अंग माच सहज स्वभाविकता एवं ईमानदारी का वह आईना है, जिसमें हम स्वयं को परिवार सहित साकार देख सकते हैं। मालवा का माच जन प्रचलित परम्परा को लिए चल रहा है। यह मनोरंजन के साथ जन–जीवन की सुन्दर स्वच्छ झाँकी को प्रस्तुत करता है।

मच साहित्य लोक जीवन का वह साहित्य है, जिसमें लोकसंस्कृति की धड़कने विद्यमान हैं। लोक जीवन की सांस्कृतिक अभिरूचियाँ उनमें प्रतिबिम्बत है। डॉ. शिवकुमार 'मधुर' के अनुसार मालव–प्रदेश के रीति रिवाज, टोने – टोटके, जादू – मंतर, प्रथाएँ, परम्पराएँ तथा आस्था विश्वास सभी कुछ माच रचनाओं में अभिव्यक्त है। माच प्रदर्शन के पूर्व किसी शुभ मुहूर्त में खम्बा गाड़ते हैं एवं गुरू या मुखिया के हाथों पूजा होती है। पूजन के समय ढ़ोल का सतत् बजते रहना अनिवार्य होता है। माच का रंगमंच बिल्कुल सरल व आडम्बर रहित होता है। मजबूत खम्बों के सहारे लगभग

पाँच–दस फुट उँचा मंच बनाया जाता है। मंच के उपर चार बल्लियों के सहारे सफेद चादर छत के रूप में लगा देते हैं। यह मंच तीनों तरफ से खुला रहता है। पृष्ठ भाग में कहीं–कहीं एक पर्दा टांग देते हैं। मंच के आगमन पर लगभग दो तीन फीट चौड़े लाल अथवा सफेद कपड़े की आडी पट्टी इस दृष्टि से बांध दी जाती है कि अभिनेता के पैर न दिखें मंच के एक कोने में वादक लोग ही बैठते हो, जिनमें ढ़ोलक, सारंगी और हारमोनियम वादक होते हैं। माच के दर्शको के लिए प्रेक्षागृह नहीं होता, दर्शक मंच के तीनों ओर बैठते हैं।

माच का दृश्य पूर्वरंग – सर्वप्रथम सभी कलाकार अपनी वेशभूशा में मंच पर आकर सामूहिक रूप स देवी–देवताओं का सुमिरन करते है, इसके बाद पात्र–परिचय के रूप में प्रत्येक कलाकार मंच पर आकर अपने गुरू को मिलाता है। प्रत्येक कलाकार का नाम चोबदार पुकारता है, तत्प" चात् भि" ती का प्रयोग होता है जो मशक से पानी छीटंता है व गीत के साथ स्वंय का परिचय देता है। इसके पश्चात् श्री गणेश व अन्य देवी देवताओं की स्तुति गायी जाती है। देवी का आगमन होता है ओर वह आर्शीवाद देती है अंत में गुरू की जय बोली जाती है। तत्पश्चात् मुख्य कथानक प्रारंभ होता है। पूर्वरंग का क्रम प्रत्येक खेल के आंरभ में एक सा होता है।

माच की कथावस्तु – माच की कथावस्तु में पौराणिक, ऐतिहासिक तत्व लोक कथानक होते हैं।

इनमें से ऐतिहासिक कथानकों में श्रृंगार परक वस्तु का महत्व अधिक है। माच की कुछ कथाएँ ऐसी भी हैं, जो विशुद्ध रूप से सामाजिक हैं, जिन कथाओं के आधार पर माच का निर्माण किया गया है। विषय एवं प्रवृत्तियों की दृष्टि से उनका निम्नलिखित वर्गीकरण होगा –

1. पौराणिक कथाओं पर आधारित

देवता एवं अवतार संबंधी	धर्म प्रधान चरित्र वाले महापुरूषों की कथाए	लौकिक महापुरूषों के दिव्य एवं विलक्षण कृत्यों की कथाऐ
शिव लीला	प्रहलाद लीला	बेताल पच्चीसी
कृष्ण लीला	राजा रिसालु	गेंदा परी
राम लीला	राजा हरिशचन्द्र	राजा विक्रमादित्य
इन्दर सभा		सिंहासन बत्तीसी
तेजाजी कथा		

2. लोक कथाओं पर आधारित

प्रेम कथाओं पर आधारित	किंवदंतियों पर आधारित नाम संप्रदाय के प्रभाव करने वाली गाथाएँ	लोक गीतों में प्रचलित एवं कल्पित ऐतिहासिक गाथाएँ
हीर रांझा	राजा गोपीचन्द	निहालदे – सुल्तान
ढोला मारूणी	राजा भरथरी	नागजी – दूलजी
मधु मालती		पूरण मल
नाग मती		

3. कल्पित प्रेम कथाएँ

सेठ सेठानी	जान – आलम	लाल सेठ
देवर भौजाई	कुंवर खेमसिंह आवलदे	चन्नन कुंवर
सुद बुद सांगला	कुंवर केसरी	मदन सेन
सूरज करण शशिकला	हीरा मोती	छल बेटा मोयना
चारण बणजारा		

माच का संगीत पक्ष –

माच विधा में संगीत का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसके अंतर्गत गेय रचना, भाव प्रदर्शन, कथा प्रवाह, गीत, नृत्य, और अभिनय का समावेश होता है। माच की रचना में संगीत पक्ष नाट्य को चौगुना मार्धुय कर देता है। गीत के माध्यम से कलाकार दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। माच शैली में भाव एवं रस की उत्पत्ति गाने वाले लोक गीतों की अपनी क्षमता होती हैं।

माच में संगीत का समाहार –

भारतीय मान्यता के अनुसार संगीत के अंतर्गत गीत, वाद्य एवं नृत्य गीतों का समावेश होता है। माच में गीत वाद्य एवं नृत्य की त्रिधारा का समन्वय अवश्य है, किन्तु कंठ द्वारा रागरागिनी अथवा अन्य निर्धारित पद्धति में गेय मौखिक संगीत ही माच की प्रधान वस्तु है और उसको अधिक प्रभावशाली बनाने में वाद्य संगीत का पूरा योग रहता है।

माच का गीत –

माच के अंतर्गत गीत ही माच का प्रधान तत्व होता है और वाद्य एवं नृत्य का समावेश में प्रस्तुति में निखार आता है। माच का गीत अपनी विशिष्ट शैली है। इसमें कलाकार के द्वारा संवाद किए जाते है। जब गेय संवाद प्रस्तुत होता है, तब साथी कलाकार उसे दोहराते है। इसे टेक झेलना कहते है। गीत में प्रस्तुत तानों का चलन कहा जाता है। माच के अंतर्गत गाए जाने वाली धुनें रंगत कहलाता है। इसके कई प्रकार होते है जेसे – रंगत खड़ी, रंगत इकेरी, रंगत दोहरी, रंगत हलूर, रंगत सिन्दु, आदि। कुछ रंगते शास्त्रीय गायन की रंगत के अंतर्गत कालिंगड़ा, जोगिया, आसावरी, मांड एवं भैरवी रागों का प्रयोग किया है। इन रंगतों की प्रस्तुति कर्णप्रिय होती है। गीतों की स्वर रचनाएँ तार सप्तकमें खुली आवाज से गुंजायमान होती हैं। ये रंगते अधिकतर वक्र चाल वाली तालों में निबद्ध होती हैं जैसे झूमरा, दीपचंदी एवं तीव्रा।

माच में प्रयुक्त वाद्य –

माच की गायन शैली को अत्यधिक प्रभावशाली बनाने के लिए वाद्य का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है, जो माच प्रस्तुति को चरम रूप में सुदृढ़ बनाता है। माच के प्रमुख वाद्य –ढ़ोलक, हारमोनियम एवं सारंगी होते है। ढ़ोलक की चाल ही माच के संगीत की पृष्ठभूमि को सशक्त बनाती है, उस समय गायक किसी गीत की टेक अथवा बोल कहता है और गाने में तीव्रता लाने की दृष्टि से ढ़ोलकिया ढोलक पर जैसे ही थाप मारता है, भावों को उत्कर्शता प्रदान करने के लिए गाने वाला बोल उठता है।

ढ़ोलक ताल फाड़क्के, ढ़ोलक सच्ची बाजे .....।

इस प्रकार माच में ढ़ोलक बजाने का विशिष्ट ढ़ंग होता है। ढ़ोलक पर कहरवा, दादरा, चांचर आदि के ठेके बजाऐ जाते है। स्वर वाद्य के रूप में सारंगी एवं हारमोनियम का उपयोग किया जाता है। आजकल कुछ मंडलिया वायलिन एवं शहनाई का प्रयोग करने लगे है। इस प्रकार माच को वाद्य संगीत उत्कष्ठ बनता है।

माच का नृत्य अभिनय – माच में नृत्य और अभिनय दोनों ही महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं, जो दर्शकों को अत्यधिक आकर्षित करते हैं। माच में नृत्य और अभिनय का ढ़ंग बड़ा सरल होता है। केवल कमर हिलाकर लटके – झटके वाला व्यक्ति अभिनेता के रूप में प्रवेश कर सकता है। इन लोक नाटयों में अभिनय आदि को प्रमुख महत्व नहीं दिया जाता। प्रदर्शन का आकर्षण तो केवल संगीत होता है। दूरी पर बैठे हुए दर्शकों को यदि अभिनेताओं के मुंह दिखाई भी नही पड़े, तो वे माच का आनंद उठाने से वंछित नही रहते। इसका कारण यह है कि दर्शक गीतों पर अधिक ध्यान नहीं देते हे। मंच के गायकों के बोल, संवाद एवं गीत प्रस्तुत करने की शैली ही दर्शकों के लिए रस प्रदान करने की कसोटी है। माच के रसास्वादन का माध्यम नेत्र नहीं, कान है। सामान्य नाटकों में ऑख और कान दोनों इंद्रियों से काम लेना पड़ता है, किन्तु माच की यह विशेषता है कि वह दृश्य–काव्य बनकर भी अन्य काव्य के रस की अनुभूति प्रदान करता है।

इस प्रकार सारी–सारी रात बुलंद आवाज में गाना, संवाद बोलना और नृत्य–अभिनय करना आसान काम नहीं हैं, अपितु बहुत श्रम साधना है। माच शैली के लिए राजस्थान के देवीलाल सामर लिखते है – माच के नृत्य की अदायगी इतनी कठिन व श्रमसाध्य है कि मामूली कार्य करने वालों के तो छक्के छूट जाते हैं। ढोलक की थापों पर पदों का द्रुत संचालन और भारीर की हदय विदारक उछलकूद बड़े बड़े बहादुरों को आश्यर्यचकित कर देती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची –

1. भरत मुनि – नाट्य शास्त्र – पृष्ठ 1/17–18
2. वृहद हिन्दी कोश, पृ 699
3. डॉ. चिन्तामणी उपाध्याय : मालवी लोकगीत – एक विवेचनात्मक, अध्ययन
4. डॉ. देवीलाल सामर – लोकधर्मी प्रदर्शनकारी कलाए पृ 271
5. डॉ. नगेन्द्र – भारतीय नाट्य साहित्य – नेशनल पब्लिशिंग हाउस
6. डॉ. महेन्द्र भानावत – लोकनाट्य : परम्परा और प्रवृतिया – भारतीय लोककला मण्डल, उदयपुर

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

जबलपुर नगर में औद्योगिक विकास विशेष संदर्भ में – शॉ वालेस जिलेटिन्स लिमिटेड फैक्टरी
NARMADA GELATINES LIMITED

डॉ. शिवपाल सिंह पटेल
अतिथि विद्वान, इतिहास विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

शॉ वालेस जिलेटिन्स लिमिटेड फैक्टरी की स्थापना स्वतंत्रता के पूर्व जबलपुर में हुई। इस फैक्टरी में जिलेटिन तैयार की जाती थी, जिलेटिन कुचली हड्डियों से तैयार की जाती है। जिसकी उस समय माँग अधिक थी। माँग को ध्यान में रखकर फैक्टरी की स्थापना के लिए जबलपुर भारत के मध्य में स्थित व कच्चे माल की उपलब्धता को ध्यान में रखकर की गई थी। लेकिन जबलपुर के नगरीयकरण के कारण शॉ वालेस जिलेटिन्स लिमिटेड फैक्टरी को स्थानांतरित करना पड़ा, क्योंकि जिलेटिन तैयार करने के लिए हड्डियों की आवश्यकता होती है। और उपलब्धता तो थी लेकिन देश आजाद होने के बाद जबलपुर का जो नगरीयकरण हुआ। इस फैक्टरी में जिलेटिन तैयार करते समय या जिलेटिन तैयार हो जाने के बाद जो गंदगी निकलती थी उससे जबलपुर नगर के जन–सामान्य को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था जैसे – वायु प्रदूषण, गंदे पानी का निकलना इत्यादि। नगर के जन–जीवन को ध्यान में रखते हुये नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड (पूर्व शॉ वालेस जिलेटिन्स लिमिटेड) फैक्टरी को सन् 1961 में स्थानान्तरित कर मीरगंज भेड़ाघाट जबलपुर के पास स्थापित की गयी। कुचल हड्डियों के अपने मुख्य और आवश्यक आदानों, एसिड, चूने और अच्छी गुणवत्ता वाले पानी के लिए सुविधाजनक स्थान है।

छाया चित्र क्रमांक– 01 नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड भेड़ाघाट, जबलपुर

नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड, भारत में **ेमपद** और जिलेटिन के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है और आज भारत विभिन्न उपयोगकर्ताओं को दुनिया भर के जिलेटिन उद्योग बैठक मानकों में माँग के दौर में सबसे आगे है।

नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड, ने नर्मदा पर अत्याधुनिक तकनीक के सफलतापूर्वक प्रयोग से जिलेटिन निर्माण की प्रक्रिया के हर चरण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया है। कम्पनी के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को पूरा और वाणिज्यिक गतिशील घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में Usage की एक व्यापक स्पेक्ट्रम के योग्य है। कम्पनी की निम्न बातें इस प्रकार हैं –

1. सरकार के घर में आर एण्ड डी सुविधा में मान्यता प्राप्त।
2. एक पेशेवर विपणन प्रमुख भारतीय महानगरों में स्टॉक अंक/गोदामों के साथ स्थापित।
3. अखिल भारतीय खरीद सेट अप पिछड़े एकीकृत इकाइयों के साथ करार किया।
4. घरेलू बाजार में एक प्रमुख स्थान है।

पुरस्कार

कम्पनी ने पुरस्कार प्राप्त किये जो निम्नलिखित हैं –

1. 1975 Ossein निर्यात के लिए Capexil द्वारा पुरस्कार
2. 1992 आयात के विकल्प के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार
3. 1994 मध्य–प्रदेश के औद्योगिक संगठन से निर्यात प्रदर्शन पुरस्कार
4. 1995 उच्चतम् Capexil द्वारा जिलेटिन निर्यात पुरस्कार
5. 1998 में एक कर्मचारी को पर्यावरण में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
6. 2001 में जिलेटिन निर्यात के लिए Capexil पुरस्कार
7. 2004 में जिलेटिन निर्यात के लिए Capexil पुरस्कार

प्रमाण–पत्र

1. BVCI द्वारा आईएसओ 9001–2008
2. DNV द्वारा आईएसओ 22000–2005
3. EDQM
4. ई – उलेमा हलाल – Jamait&
5. कोषेर
6. औषधि लाइसेंस–सरकार,
7. जीएमपी सरकार,

अग्रभूमि इंसान

नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड में एक उपयुक्त शैक्षिक पृष्ठभूमि है और नियमित रूप से घर में गहन प्रशिक्षण के साथ लोगों को तकनीकी विशेषज्ञता और व्यक्तिगत ग्राहक सेवा के लिए आधार है। कम्पनी अपने सभी सौदे में मानव स्पर्श Personifie उत्कृष्टता के लिए ग्राहक उन्मुख प्रतिबद्धता नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड में लोगों को इस कम्पनी के ग्राहक सेवा और ग्राहक संतुष्टि के उच्च स्तर में उदाहरण है कि लगातार ड्राइव किया गया है।

इस कारण कम्पनी सभी आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, एवं शेयर धारकों के साथ एक दीर्घकालिक व्यापार संघ का निर्माण सुरक्षित करता है। कम्पनी के उत्पादन, गुणवत्ता की ताकत कम्पनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को है।

छाया चित्र क्रमांक– 02 Gelatine – An Overview

जिलेटिन रेंज –

1. औषधि
2. खाद्य
3. औद्योगिक
4. फोटोग्राफिक

दवा

जिलेटिन रेंज – एक चिकित्सा सहायता

छाया चित्र क्रमांक– 03 दवा में उपयोग जिलेटिन

जिलेटिन चिकित्सा और दवा क्षेत्र में लगभग अपरिहार्य है एवं हार्ड कैप्सूल, मुलायम कैप्सूल, माइक्रो कैप्सूल, गोलियाँ और अन्य कोटिंग अनुप्रयोगों में व्यापक उपयोग के लिए विशेष रूप से तैयार की जाती है।

एक अनोखी प्रक्रिया भी जिलेटिन अंतःशिरा प्लाज्मा Extenders के निर्माण में उपयोग के लिए उपयुक्तः प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है। चरम जीवन जोखिम स्थितियों के दौरान अपने रक्त स्थानापन्न सुई लेनी के रूप में आवेदन अमूल्य है। इनमें इस्तेमाल जिलेटिन कम्पनी द्वारा तैयार की जा रही है। यह प्रशासन की अनुमति के बाद अपने अपघटन जगह किसी भी अवशेषों को छोड़ने के बिना किसी भी विशेष रूप से मानव को तनाव न हो पूरी तरह से ध्यान रखा जाता है।

छाया चित्र क्रमांक– 04 खाद्य पदार्थ में उपयोग जिलेटिन

जिलेटिन बहुत बड़े पैमाने पर दुनिया भर में खाद्य तैयारी में प्रयोग किया जाता है। यह उत्कृष्ट विशेषताओं, निम्नलिखित अद्वितीय बेजोड़ सेट प्रदान करता है, जो इस प्रकार हैं:–

1. जिलेटिन एक बहुत आसानी से पच प्रोटीन है। जिलेटिन एक शुद्ध प्राकृतिक भोजन मानव पोषण के लिए आवश्यक अमीनो एसिड की सबसे युक्त प्रोटीन है।
2. जिलेटिन अन्य खाद्य पदार्थों के लिए ज्यादा समय तक सुरक्षित रखता है, प्रोटीन सामग्री में समय की वृद्धि।
3. अपने ही अधिकार में एक खाद्य उत्पाद होने जिलेटिन, मानव उपभोग के लिए पूरी तरह सुरक्षित है।
4. जिलेटिन के लिए आहार की तैयारियों का समर्थन करने के लिए कार्य करता है।

छाया चित्र क्रमांक– 05 पेंट में उपयोग जिलेटिन

औद्योगिक पीस पहियों सहित कई लेपित और बन्धुओं Abrasive का निर्माण विशेष रूप से सिलिकॉन कार्बाइड और एल्युमीनियम ऑक्साइड अनाज के उच्च संबंधों के लिए उपयुक्त बनाया है। जिलेटिंस का उपयोग वर्तमान समय में अधिक किया जा रहा है।

अन्य व्यापक अनुप्रयोगों के अतिरिक्त, प्रिंटर रोलर्स, काग रचनाओं और पानी Dispersible कीटनाशकों के निर्माण में उपयोग में शामिल है। कम्पनी रक्षा के उपयोग– गेंद पाउडर बनाने के लिए प्रोटीन Colloid निर्माण करते है। जो आपको चित्र के माध्यम से बताया गया है।



छाया चित्र क्रमांक– 06 फोटोग्राफी

जिलेटिन का उपयोग फोटोग्राफी को साफ करने में किया जाता है। फोटोग्राफी लाखों लोगों के लिए एक शौक है। जिलेटिन सिर्फ प्रकाश के प्रति संवेदनशील है और इनके साथ–साथ हैं, यह Photographically सक्रिय पायस रूप में है। जिलेटिन फोटोग्राफी के लिए उपयोग में सबसे महत्वपूर्ण कारक है। नर्मदा जिलेटिंस लिमिटेड कम्पनी में शोधार्थी ने यह सुनिश्चित किया है कि निर्माता कम्पनी अच्छी है। जिलेटिन से फिल्मों और एक्से–रे रोल पर छवि के तीखेपन की स्पष्टता हो जाती है। अंधेरे कमरे में जिलेटिन अनुमति देता है कि रासायनिक पदार्थों फोटो पायस में पर्याप्त घुसना के विकास के लिए आवयश्क है, एक सामान्य तरीके से यह इन समाधानों को विकसित करने के बाद धुल की अनुमति देता है।

Production

जिलेटिन Acidulation, परिपक्वता, और धोने के बाद निकाला जाता है। यह विभिन्न चरणों में निकाला जाता है। प्रारम्भिक निष्कर्षों में कम तापमान पर प्राप्त कर रहे है और उच्चतम जेल ताकत है, बाद के अर्क उच्च तापमान के चरणों में बना रहे है। प्रक्रिया प्रौद्योगिकी कम्पनी द्वारा सिद्ध जिलेटिन की पूर्ण और कुल निकासी सुनिश्चित करता है।

छाया चित्र क्रमांक– 07 जिलेटिन का शुद्धीकरण

जिलेटिन निष्कर्षण प्रक्रिया से आयन एक्सचेंज के अधीन है। यह शारीरिक और रासायनिक दोष के प्रभाव को हटाना सुनिश्चित करता है।

छाया चित्र क्रमांक– 08 जिलेटिन का वाष्पीकरण

ऊर्जा के प्रभावी उपयोग के साथ, पानी शुद्ध समाधान से निकाल दिया जाता है और जिलेटिन धीरे–धीरे स्थिरता की ओर केंद्रित हो जाती है। यह अधिक चिपचिपा होता है, समाधान एक बार फिर से चमकाने व बेहतरीन निलंबित कण को हटाने के लिए सक्षम फिल्टर के माध्यम से पारित हो जाता है।

जिलेटिन सुखाना

जिलेटिन सुखाने की प्रक्रिया केंद्रित जिलेटिन समाधान को बढ़ाया और जेली नूडल्स की एक सतत् प्रवाह का उत्पादन कर, इन नूडल्स को समान रूप से एक सतत बैंड सुखाने की मशीन पर फैलाते हैं। सुखाने के आपरेशन व्यवस्थित फिल्टर्ड, धोया, पूर्व सूखे और निष्फल हवा के साथ नियंत्रित किया जाता है।

छाया चित्र क्रमांक– 09 पीस – Sifting और मिश्रण जिलेटिन

अंत का उपयोग करने की आवश्यकता और विनिर्देशन पर निर्भर करता है। सूखी जिलेटिंस लगातार Despatchable सामग्री में बदल रहें हैं। विभिन्न उच्च गति मिलों और बड़ी क्षमता Blenders इस स्तर पर विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है।

Quality Management & Control

जिलेटिन का नर्मदा जिलेटिंस लिमिटेड कम्पनी में उत्पादन कड़ाई से नियंत्रित और स्थिर स्थितियों में किया जाता है। गुणवत्ता नर्मदा जिलेटिंस लिमिटेड में एक लोकोक्ति है और बारीकी से प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर गुणवत्ता तकनीक लगातार सुधार कर रहे हैं। इन माँग गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली और मानकों के रूप में स्वाभाविक रूप से मान्यता और पुरस्कार में हुई है। कम्पनी के जिलेटिन उत्पादन की गुणवत्ता के कारण ग्राहक सबसे अच्छे न्यायधीश है। संयंत्र कर्मियों की एक अच्छी संख्या में कार्यात्मक एक या एक से अधिक निम्नलिखित गतिविधियों में शामिल हैं –

1. कच्चे माल की गुणवत्ता नियंत्रण
2. तैयार उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण
3. प्रक्रिया की निगरानी
4. आवेदन प्रौद्योगिकी
5. ग्राहक सेवा

छाया चित्र क्रमांक– 10 बन्धन एवं नियन्त्रण (जिलेटिन)

छाया चित्र क्रमांक– 11 जिलेटिन स्तर में सुधार एक सतत प्रक्रिया

जिलेटिन बनाने की प्रक्रिया (तालिका)



उच्चतम स्तर की गुणवत्ता के निर्माण की प्रक्रिया कठोर भौतिक, रासायनिक और जीवाणु नियंत्रण द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। हमारे गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला भी शामिल सभी सामग्री के लिए मापदंडों संरचना द्वारा कच्चे माल के प्रवेश करने से पहले हो जाता है। जाहिर है अंतिम जिलेटिन प्रक्रिया में सभी स्तरों पर कठोर मानकों कड़ाई से अनुपालन का परिणाम है। देखभाल करने के लिए सुनिश्चित करते कि **नर्मदा जिलेटिंस लिमिटेड** उत्पादों निर्धारित उद्योगों में खपत के लिए पूरी तरह से सुरक्षित हैं के लिए लिया जाता है। कम्पनी गुणवत्ता की अवधारणा भी हर ग्राहक की अद्वितीय आवश्यकता प्रोफाइल और जिलेटिन के गुणों, अपने उत्पाद फार्म और पैकेजिंग के प्रकार के लिए अनुकूल है। एक नियमित रूप से, लगातार नजर बाजार पर रखा है। सबसे ज्यादा माँग आदेश की शर्तों को पूरा कर रहे हैं।

नर्मदा जिलेटिंस लिमिटेड पर विशेष जोर देने के तरीके और तकनीकों के गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन के क्षेत्र में सुधार पर रखी है। गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली के सभी पहलुओं को समय–समय पर दोनों आंतरिक रूप में अच्छी तरह बाह्य लेखापरीक्षित हैं। कार्बनिक ठोस अपशिष्ट के लिए VERMICULTURE प्रौद्योगिकी के उपयोग के क्षेत्र में अग्रणी है। बायोगैस के प्रवाह जिलेटिन से उत्पादन में अग्रणी है।

Code of Conduct

छाया चित्र क्रमांक– 12 जिलेटिन का उपयोग

GMAP, GME, GMIA, SAGMA – आचार संहिता

चार स्वतंत्र जिलेटिन दुनिया भर के प्रमुख संघ हैं :–

यूरोप यूरोप (GME) **1974** में स्थापित जिलेटिन निर्माता।

उत्तरी अमेरिका जिलेटिन अमेरिका के संस्थान (GMIA) **1956** में स्थापित विनिर्माण।

दक्षिणी अमेरिका दक्षिण अमेरिकी जिलेटिन विनिर्माण एसोसिएशन est. (SAGMA) **1995**।

एशिया प्रशांत एशिया प्रशांत (GMAP) **1997** में स्थापित जिलेटिन निर्माता।

ऊपर संघ प्रमुख जिलेटिन निर्माताओं के रूप में शामिल कर रहे हैं क्षेत्रों और सामूहिक रूप से जिलेटिन उद्योग के दुनिया भर में विशाल बहुमत का प्रतिनिधित्व करते है। अपने सदस्यों के व्यक्तिगत और उनके जिलेटिन की गुणवत्ता और सुरक्षा की पुष्टि करते हैं। अपने कच्चे माल की गुणवत्ता हैं :–

1. स्वस्थ जानवरों की सक्षम प्राधिकारी द्वारा जिलेटिन जाँच किया गया है, मानव उपभोग के लिए फिट निर्धारित है।

2. कम्पनी निर्मित जिलेटिन के माध्यम से अपने स्त्रोत से मिल सावधानी बरती जाती है।

जिलेटिन के निर्माण और विपणन है :–

1. आईएसओ **9001–2008**, आईएसओ **22000–2005** और जीएमपी के रूप राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के उच्चतम् सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुपालन में।

2. नियमों, कानूनों और बिक्री के क्षेत्र या देश के लिए लागू अधिकारियों के साथ अनुपालन।

3. अनुपालन में और स्थानीय पर्यावरण, सामाजिक और नैतिक नियमों और मानकों के अनुरूप है।

उपरोक्त विवरण से यह स्पष्ट होता है कि जिलेटिन फैक्ट्री द्वारा निर्मित जिलेटिन से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं रख–रखाव में वृद्धि हुई तथा लघु व वृहद उद्योगों में अभूतपूर्व विकास हुआ।

सन्दर्भ–सूची –

1. साक्षात्कार, श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव, प्रबन्धक, शॉ वालेस जिलेटिन्स लिमिटेड फैक्टरी जबलपुर।
2. फील्डवर्क व इन्टरनेट से शॉ वालेस जिलेटिन्स लिमिटेड फैक्टरी का डाटा एकत्रित किया गया हैं।
3. लिस्ट ऑफ इंडस्ट्रीयल एस्टाब्लीसमेंट इन मध्यप्रदेश।
4. जबलपुर अतीत दर्शन, महेश चन्द्र चौबे, प्रकाशन– जिला योजना मंडल जबलपुर एवं भारतीय संस्कृति निधि, सुषमा साहित्य मन्दिर, जवाहरगंज जबलपुर, सन्–**1994**,

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation Volume : 4 Sep. 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति एवं समस्याओं का अध्ययन

डॉ. सुनीता मुर्डिया
सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय डबोक

प्रस्तावना :– ''विश्व तकनीकी दृष्टि से जो प्रगति हो रही है उसे ध्यान में रखकर शिक्षाविदों एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा जिन नवीन साधनों द्वारा शिक्षा में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है, उसे शैक्षिक नवाचार कहा जाता है।''

जो शिक्षा आज दी जा रही है, उसका प्रतिरूप बैंकिग मॉडल है जिसके अनुसार बालकों को ठोस वास्तविकताओं की बजाय सुहावने, लुभावने, दिखावटी नारे सुनाना और रटना सिखाया जाता है। जीवन के क्षेत्र मे जो वास्तविक परिस्थितियों है उनके बीच में बालकों को नहीं ले जाया जाता है। वास्तविक मौलिक लक्ष्यों से उसका आमना–सामना नहीं कराया जाता है। अपितु दूसरों के द्वारा कही सुनी लिखी हुई बातों या अवनतिपूर्ण और अपूर्ण सत्य प्रेक्षणों के आधार पर बालकों के भावी जीवन की तैयारी के लिए अपूर्ण है।

डॉ. डी.एस. कोठारी के अनुसार ''वर्तमान में भारत के भाग्य का निर्माण उसकी कक्षाओं में हो रहा है।'' विद्यालय शैक्षिक उत्पादन की एक एकाई है जिसमें प्रमुख घटक शिक्षक, छात्र, प्रबन्धक एवं भौतिक साधन है। इनमें शिक्षक की ही महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक, राष्ट्र का निर्माता है, कर्णधार है। शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन ढालने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। योग्य शिक्षक के प्रतिभावान छात्र ही देश की उन्नति तथा खुशहाली करने में समर्थ हो सकते हैं।

शिक्षण के बारे में 1952 के आयोग ने जो कमियाँ अनुभव की वे कुछ इस तरह की थी ''कोई भी विधि हो, वह छात्रों और शिक्षण के बीच परस्पर अन्तक्रिया के आत्मिक सम्बन्ध बनाती है। वह उनके केवल दिमाग पर असर नहीं करती, बल्कि उनके काम करने के ढंग और निर्णय पर, उनकी प्रतिभा भावनात्मक संगठन, अभिवृत्तियां और जीवन मूल्यों पर भी असर डालती है, हमारी स्कूल शिक्षा में ऐसा कही कुछ घटित होता दिखाई नहीं देता।''

नई शिक्षा नीति में शिक्षण स्थितियों में सुधार के स्थान पर सर्वत्र ही सीखने की स्थितियों में उत्तरोत्तर विकास की बात पर महत्व दिया गया है। नई शिक्षा नीति को जन–जीवन की यथार्थताओं पर वास्तविक आवश्यकताओं पर आधारित किये जाने का प्रयास किया गया है। शिक्षा को अधिक सार्थक प्रासंगिक व जन आकांक्षाओं के अनुकूल बनाने का संकल्प इसमें दिखाई देता है। ज्ञान–विज्ञान के अभूतपूर्व विस्फोट, जनसंख्या प्रसार की असमान वृद्धि व जनसंचार एवं सूचना माध्यमों सहित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रौद्योगिकी क्रान्ति में विश्व के सभी देशों का निःसन्देह बहुत गहराई में उद्वेलि किया है। सम्पूर्ण मानव जीवन का भविष्य चुनौतियों से भरा प्रतीत होने लगा है और शिक्षा इस नये परिवेश की परिवर्तित समस्याओं से मूह नहीं मोड़ कसती है। इसी क्रम में अध्ययन अध्यापन पद्धतियों के नये विकल्प खोजने भी आवश्यक हो गये है। प्रभावी रूप से सीखने की प्रक्रिया में अनेक घटकों की आवश्यकता हुआ करती है, जैसेः– अनुभव, अन्तर्दृष्टि रहन नियमों का सामान्यीकरण व उनकी दृष्टि वास्तविक जीवन में उन नियमों की प्रयुक्ति एवं सम्पूर्ण परिवेश का व्यापक परिदृश्य निर्माण किया जा सकता है।

भारतीय नियम के अनुसार उन लोगों को शिक्षित गिना जाता है जो अपने हस्ताक्षर कर सकते हैं तथा पैसे का हिसाब–किताब करना जानते हैं अथवा समझ सकते हैं अथवा दोनों।

मुक्त ज्ञानकोश विकिपीडिया (2010) पृ. स. 1 से साक्षरता का अर्थ है साक्षर होना अर्थात् पढ़ने और लिखने की क्षमता से सम्पन्न होना। अलग–अलग देशों में साक्षरता के अलग–अलग मानक है। भारत में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अनुसार अगर कोई व्यक्ति अपना नाम लिखने और पढ़ने की योग्यता हासिल कर लेता है तो उसे साक्षर माना जाता है।

आजादी के समय भारत की साक्षरता दर मात्र बारह (12%) थी जो बढ़ कर लगभग चोहत्तर (74%) हो गयी है परन्तु अब भी भारत संसार के सामान्य दर पिच्यासी (85%) से बहुत पीछे है। जब से भारत ने

शिक्षा का अधिकार लागू किया है, तब से भारत की साक्षरता दर बहुत अधिक बढ़ी है।

साक्षरता का अर्थ है साक्षर होना अर्थात् पढ़ने और लिखने की क्षमता से सम्पन्न होना। भारत में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के अनुसार अगर कोई व्यक्ति अपना नाम लिखने और पढ़ने की योग्यता हासिल कर लेता है तो उसे साक्षर माना जाता है।

साक्षरता के विभिन्न रूप

1. **डीज़िटल साक्षरता** :– डीजिटल साक्षरता से तात्पर्य उन संज्ञानात्मक कौशलों से है, जिसका प्रयोग व्यक्ति शैक्षिक वार्ताओं हेतु डीजिटल पर्यावरण में करता है।
2. **कम्प्यूटर साक्षरता** :– कम्प्यूटर साक्षरता का तात्पर्य व्यक्ति की उस योग्यता से है जिसके आधार पर वह ज्ञान प्राप्ति हेतु कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर सकता है।
3. **मीडिया साक्षरता** :– मीडिया साक्षरता का अर्थ है विभिन्न प्रकार के मीडिया के रूप के बारे में गहनता से सोचने की योग्यता।
4. **राजनीति साक्षरता** :– राजनीति साक्षरता का तात्पर्य व्यक्ति की उस ज्ञान एवं कौशल से है जिसके द्वारा वह राजनैतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सके।
5. **सांस्कृतिक साक्षरता** :– सांस्कृतिक साक्षरता से तात्पर्य है कि व्यक्ति को अपने देश की संस्कृति के बारे में कितना ज्ञान है।
6. **बहुसांस्कृतिक साक्षरता** :– बहुसांस्कृतिक साक्षरता का तात्पर्य व्यक्ति की उस ज्ञान से है जिसके द्वारा वह अपने देश के अलावा अन्य देश की संस्कृतिक के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता हो।
7. **दृश्य साक्षरता** :– दृश्य साक्षरता के माध्यम से व्यक्ति विभिन्न चित्रों के माध्यम से साक्षरता प्राप्त कर सकता है।
8. **सूचना साक्षरता** :– सूचना साक्षरता के माध्यम से व्यक्ति विभिन्न सूचनाओं के माध्यम से साक्षरता प्राप्त कर सकता है।

तकनीकी साक्षरता :– किसी भी सभ्य समाज में विकास का महत्वपूर्ण आधार – साक्षरता है। विभिन्न प्रकार की साक्षरता में तकनीकी साक्षरता का स्थान सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि यह साक्षरता देश की आधारभूत जरूरतों को पूरा करती है। तकनीकी साक्षरता में इंजीनियरिग, प्रौधोगिकी, प्रबंधन, शिल्प कला, वास्तु कला, फार्मेसी एवं नगर योजना आदि कार्यक्रम को लिया गया है। तकनीकी साक्षरता की शुरूआत स्वतन्त्रता से पूर्व अर्थात् ब्रिटिश शासकों के समय सार्वजनिक भवन, सड़क निर्माण आदि को लेकर हुई।

सन् 1990 (पृ.सं.42) में राजनीतिक एवं शिक्षाविदों ने तकनीकी साक्षरता के मानकों को तय किया जिसको एस.टी.ई.एम. (विज्ञान, तकनीकी, इंजीनियरिंग तथा गणितज्ञ) पुकारा गया। आस्ट्रेलिया एवं यू.एस.ए. में राजनीतिकों ने पॉलिसी दस्तावेज में स्कूल रूपान्तरण में विशेष रूप से तकनीकी साक्षरता पर जोर दिया। एस.टी.ई.एम. क्षेत्र का प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा में उतना ही उपयोग है जितना कि समाजीकरण में है।

तकनीकी साक्षरता में व्यक्ति विभिन्न प्रभावशाली तरीके से तकनीकी का प्रयोग करते हुए साक्षरता हासिल करता है। अन्तर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी शिक्षा संघ (प्ज्ब्।) के अनुसार तकनीकी को प्रबंधन, मूल्यांकन और प्रौद्योगिकी के परिपेक्ष्य में समझते हुए इसका उपयोग करना ही तकनीकी साक्षरता है।

अनुसंधान के उद्देश्य :– प्रस्तुत शोधकार्य हेतु निम्नलिखित उद्देश्यों का चयन किया गया है, जो इस प्रकार से है:–

1. एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति का पता लगाना।
2. महिला व पुरूष प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति का तुलनाात्मक अध्ययन करना।
3 एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता में वृद्धि करने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध परिकल्पनाएँ :– पुरूष और महिला एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

न्यादर्श चयन :– न्यादर्श प्रविधि शोधकार्य को व्यावहारिक तथा समय कथन शक्ति की दृष्टि से मितव्ययी बना देती है।

प्रस्तुत शोध में उदयपुर शहर के दो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों का चयन किया जहाँ पर सह शिक्षा के साथ एम.एड. पाठ्यक्रम कराया जाता हो। दोनो महाविद्यालयों से कुल 80 एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया है जिसमें प्रत्येक महाविद्यालय से 40 एम.एड. प्रशिक्षणार्थी का चयन किया गया है। न्यादर्श का स्वरूप इस प्रकार से है –

न्यादर्श का आकार



शाध में प्रयुक्त विधि :– प्रस्तुत शोध में एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति एवं समस्याओं का अध्ययन करना है जो कि वर्तमान से संबंधित है तथा स्थानीय सूचनाओं पर आधारित है अतः प्रस्तुत अध्ययन के लिए **सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया गया।

शोध में प्रयुक्त उपकरण :– प्रस्तुत शोध में मानकीकृत उपकरण नहीं होने से निम्नलिखित स्वनिर्मित उपकरण काम में लिए :–

1. स्वनिर्मित प्रमापनी – तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति के लिए।
2. तकनीकी साक्षरता में आने वाली समस्याओं का पता लगाने हेतु प्रमापनी।

समस्या का परिसीमन :– प्रस्तुत शोधकार्य को निम्नलिखित सीमाओं में आबद्ध किया गया :–

1. प्रस्तुत शोधकार्य राजस्थान के उदयपुर शहर तक सीमित रखा गया।
2. प्रस्तुत शोधकार्य दो शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय तक सीमित रखा गया है।
3. प्रस्तुत शोधकार्य को केवल तकनीकी साक्षरता के अध्ययन तक सीमित रखा गया।
4. प्रस्तुतु शोधकार्य को केवल एम.एड. प्रशिक्षणार्थियें तक सीमित रखा गया।

शोध हेतु सांख्यिकी :– प्रस्तुत लघु शोधकार्य हेतु दत्तों के विश्लेषण करने के लिए निम्नलिखित सांख्यिकी का उपयोग किया गया।

1. मध्यमान
2. मानक विचलन
3. टी–परीक्षण

शोध उद्देश्य –1

एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति का पता लगाना।

सारणी संख्या – 1.1

समग्र एम.एड. प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी साक्षरता की वस्तुस्थिति का मध्यमानवार विश्लेषण

क्र.सं.	क्षेत्र	कट पोइन्ट मध्यमान	मध्यमान
1.	तकनीकी साधनों का ज्ञान	9×2=18	20.20
2.	तकनीकी साधनों का उपयोग	15×2=30	35.40
